फाल्गुन शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 20 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -223, पृष्ठ -18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





ट्रंप मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा : कमला हैरिस 18

फिल्म बड़की माई में नजर आएंगी मणि और रक्षा 17


# गृह विभाग के भी प्रमुख बने दीपक कुमार



- दीपक कुमार के बाहर होने से नहीं सौंपा जा सका कार्यभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** अपर मुख्य सचिव वित्त एवं माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार अब गृह विभाग की बागडोर भी संभालेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकार की ओर से भेजे गए वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के नामों के पैनल में से उनके नाम पर मुहर लगा दी है। चुनाव आयोग ने मंगलवार आपरान्ह पांच बजे तक कार्यभार संभालने की रिपोर्ट मांगी थी, मगर दीपक कुमार दो दिन से बाहर होने के कारण अब उनके आते ही कार्यभार सौंपा जाएगा।

भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को ही चुनावी आचार संहिता के तहत उप्र समेत छह राज्यों के मुख्यमंत्री सचिवालय में तैनात वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों से गृह विभाग का दायित्व वापस लेने का आदेश दिया था। यह विभाग सौंपने के लिए मुख्य सचिव से तीन वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का पैनल मांगा गया था। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने सोमवार को ही चुनाव आयोग को अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार, प्रमुख सचिव खेल आलोक कुमार और प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी अजय चौहान के नाम का पैनल भेजा।

निर्वाचन आयोग के सचिव राकेश कुमार ने मंगलवार को मुख्य सचिव को पैनल में पहले स्थान पर शामिल दीपक कुमार को गृह विभाग का कार्यभार शाम पांच बजे तक सौंपने का आदेश देते हुए मुख्य सचिव और राज्य निर्वाचन अधिकारी से भी रिपोर्ट मांगी। आदेश के अनुपालन के लिए मुख्य सचिव ने नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग को निर्देश जारी किया। इसके बाद नियुक्ति विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

### पश्चिम बंगाल में फिर बदलाव, अब संजय मुखर्जी नए डीजीपी



**कोलकाता।** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी संजय मुखर्जी को तत्काल प्रभाव से पश्चिम बंगाल का पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त कर दिया। इससे पहले, सोमवार को डीजीपी राजीव कुमार को पद से हटाकर उनकी जगह विवेक सहाय को नया डीजीपी नियुक्त किया गया था लेकिन उन्हें भी 24 घंटे के भीतर पद से हटा दिया गया है। आयोग ने एक अधिसूचना में कहा कि उसने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिरीक्षक एवं महानिदेशक पद के लिए संजय मुखर्जी के नाम को मंजूरी दे दी है। आयोग ने मंगलवार को राज्य सरकार द्वारा भेजे गए तीन अधिकारियों के पैनल में से संजय मुखर्जी के नाम को मंजूरी दे दी।

# पशुपति पारस का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी



- भाजपा पर सीट बंटवारे में नाइंसाफी करने का आरोप

केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने मंगलवार को केंद्र सरकार से इस्तीफा दे दिया और आरोप लगाया कि भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए बिहार में सीट बंटवारे की बातचीत में शामिल नहीं करके उनकी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के साथ नाइंसाफी कर रही है। पारस ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। इससे एक दिन पहले ही भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने राज्य में अपने सीट-बंटवारा समझौते की घोषणा की थी और चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा (रामविलास) को पांच सीट देने का एलान किया था। पारस ने संवाददाता सम्मेलन में अपने इस्तीफे के बारे में संक्षिप्त बयान दिया, लेकिन अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में कुछ नहीं बताया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्रिमंडल में शामिल भाजपा के किसी सहयोगी दल के एकमात्र नेता पारस ने सीट-बंटवारे को लेकर नाखुशी जताने से पहले प्रधानमंत्री को बड़ा नेता बताते हुए उनका आभार जताया। पारस ने कहा कि उन्होंने ईमानदारी और निष्ठा के साथ राजग की सेवा की लेकिन उनके साथ नाइंसाफी हुई। पारस की पार्टी के प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल ने कहा कि पार्टी नेता जल्द मिलकर आगे की कार्रवाई के बारे में निर्णय लेंगे। उन्होंने साफ किया कि पारस चुनाव लड़ेंगे।

### झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल हुईं सीता सोरेन



**रांची/नई दिल्ली।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी और जामा से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की विधायक सीता सोरेन ने पार्टी को झटका देते हुए मंगलवार को इस्तीफा दे दिया और लोकसभा चुनाव से कुछ सप्ताह पहले भाजपा में शामिल हो गईं। उन्होंने नई दिल्ली में भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और झारखंड के चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली। पार्टी सुप्रीमो और अपने ससुर शिबू सोरेन को लिखे इस्तीफे में सीता ने कहा कि उनके पति दुर्गा सोरेन के निधन के बाद पार्टी ने उन्हें तथा उनके परिवार को पर्याप्त सहयोग नहीं दिया। उन्होंने कहा कि वह झामुमो में उपेक्षित महसूस कर रही थीं।









## एक नजर

### संजय सिंह ने राज्यसभा सदस्यता की ली शपथ

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने मंगलवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। सिंह दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े एक मामले में जेल में बंद हैं और शपथ लेने के लिए उन्हें जेल से लाया गया था। शपथ लेने के बाद उन्हें दोबारा जेल ले जाया गया। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संजय सिंह को उच्च सदन की सदस्यता की शपथ दिलायी।

# सुप्रीम कोर्ट का सीएए पर रोक से इनकार, केंद्र सरकार को नोटिस

- तीन सप्ताह में पक्ष रखने को कहा अगली सुनवाई नौ अप्रैल को
- 237 याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को केंद्र ने मांगे 4 सप्ताह

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए)-2019 और नागरिक संशोधन नियम- 2024 (11 मार्च 2024 को अधिसूचित) के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर मंगलवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई की तारीख नौ अप्रैल मुकर्रर की। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद तत्काल रोक लगाने से इनकार करते हुए केंद्र सरकार को जवाब देने का निर्देश दिया।

पीठ ने सीएए अधिनियम और नियमों के तहत नागरिकता देने से केंद्र सरकार को रोकने का निर्देश देने की याचिकाकर्ताओं की गुहार ठुकराते हुए कहा कि हम कोई प्रथम दृष्टया विचार व्यक्त नहीं कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने हालांकि, केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके उसे अपना पक्ष तीन सप्ताह के भीतर रखने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील देते हुए जबाव के लिए चार सप्ताह का समय देने की गुहार लगाई। उन्होंने पीठ के समक्ष कहा कि दो सौ 37 याचिकाएं हैं। रोक (सीएए पर) लगाने की मांग करते हुए 20 आवेदन हैं। मुझे जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए। कहा कि अधिनियम (सीएए) किसी की नागरिकता नहीं छीनता है। याचिकाकर्ताओं के प्रति कोई पूर्वाग्रह नहीं है।



### ..तो अपरिवर्तनीय हो जाएगी पूरी प्रक्रिया

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल, इंदिरा जयसिंह और विजय हंसारिया ने चार सप्ताह का समय देने की केंद्र के अनुरोध का विरोध किया। अधिवक्ताओं ने पीठ से बार –बार अनुरोध किया कि कहा कि वह सॉलीसीटर जनरल मेहता से बयान देने को कहें कि इस बीच (याचिकाओं पर फैसला होने तक) किसी को नागरिकता नहीं दी जाएगी, क्योंकि एक बार नागरिकता मिलने के बाद पूरी प्रक्रिया अपरिवर्तनीय हो जाएगी और मामला निरर्थक हो जाएगा। इस पर सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा कि ''मैं कोई बयान नहीं देने जा रहा हूं।

### मुस्लिम लीग व अन्य ने दायर की हैं याचिकाएं

याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनने के बाद पीठ ने केंद्र को नोटिस जारी करते हुए मामले को नौ अप्रैल के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। याचिकाएं इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और अन्य की ओर से दायर की गई थी। शीर्ष अदालत ने 15 मार्च को इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग का पक्ष रख रहे सिब्बल की शीघ्र सुनवाई की गुहार स्वीकार करते हुए मामले को 19 मार्च के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था। याचिका में अदालत से केंद्र सरकार को यह निर्देश देने की गुहार लगाई गई है कि मौजूदा रिट याचिका पर फैसला आने तक किसी भी धर्म या संप्रदाय के सदस्य के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं हो सकती।

पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन से संबंधित मामला

# मानहानि नोटिस का जवाब नहीं देने पर सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु को किया तलब

नई दिल्ली, एजेंसी



- अदालत ने कहा-बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से हाजिर होकर रखें अपना पक्ष

सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु बाबा रामदेव को पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापनों के मामले में उनके खिलाफ अदालत की अवमानना कार्रवाई के तहत जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब दाखिल नहीं करने पर व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने का मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के जवाब दाखिल करने में विफलता पर नाराजगी व्यक्त की और उनके बारे में कहा कि वे विज्ञापन के मामले में प्रथम दृष्ट्या दोषी करार दिए गए थे। इस पर उनका पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कड़ी आपत्ति जताई।

पीठ ने रोहतगी से कहा कि आप हमारे आदेशों की अवहेलना कैसे कर सकते हैं...पहले हमारे हाथ बंधे हुए थे। पीठ ने उनसे कहा कि आप नोटिस का जवाब नहीं दे रहे और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। शीर्ष अदालत ने रोहतगी की राहत देने संबंधी तमाम दलीलें खारिज करते हुए कहा कि आदेश में संशोधन का कोई सवाल ही नहीं है। शीर्ष अदालत ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर 29 फरवरी को सुनवाई करते हुए संबंधित कंपनी और उसके एमडी आचार्य बालकृष्ण को कारण बताओ अवमानना नोटिस जारी करते हुए कहा था कि पूरे देश को धोखा दिया जा रहा है। पीठ ने केंद्र सरकार को विज्ञापन मामले में कानून के अनुसार कार्रवाई नहीं करने लिए फटकार लगाई थी और कहा था कि चेतावनी के बावजूद भ्रामक विज्ञापनों के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने पतंजलि को बीपी, मधुमेह, अस्थमा और कुछ अन्य बीमारियों से संबंधित सभी विज्ञापन जारी करने पर अंतरिम रोक लगा दी थी। शीर्ष अदालत ने कथित तौर पर भ्रामक विज्ञापन जारी रखने के लिए पतंजलि आयुर्वेद और उसके प्रबंध निदेशक (एमडी) आचार्य बालकृष्ण को अदालत की अवमानना का कारण बताओ नोटिस जारी किया था। पीठ ने कहा था कि अदालत बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को अवमानना कार्रवाई मामले में पक्षकार बनाएगी, क्योंकि दोनों की तस्वीरें विज्ञापन में हैं। शीर्ष अदालत ने पतंजलि आयुर्वेद को कई बीमारियों के इलाज के लिए उसकी दवाओं के विज्ञापनों में झूठे और भ्रामक दावे करने के लिए पिछले साल नवंबर में आगाह किया था।

# पहले चरण के लिए आज जारी होगी अधिसूचना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- प्रदेश के 8 सीटों पर होगा नामांकन 19 अप्रैल को होगा मतदान

**अमृत विचार:** प्रदेश में पहले चरण चरण में 8 लोकसभा सीटों के लिए हो रहे चुनाव को लेकर 20 मार्च को अधिसूचना जारी की जाएगी। इस चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। लोकभवन में मंगलवार को पत्रकारवार्ता करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए 20 मार्च से चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो रही है। प्रथम चरण में 8 सीटों के लिए निर्वाचन की अधिसूचना जारी होगी। इसके साथ ही, इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। नामांकन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे के बीच किये जा सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पहले चरण के अंतर्गत जिन 8 लोकसभा क्षेत्रों के लिए चुनाव सम्पन्न किया जाना है, उनमें सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अनु जाति), मुरादाबाद, रामपुर व पीलीभीत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं। पहले चरण की 8 लोकसभा सीटों में 7 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और एक सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सीटों के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 27 मार्च निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को की जायेगी। 30 मार्च को नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा। उत्तर प्रदेश की सभी निवार्चन क्षेत्रों की 4 जून को मतगणना की जायेगी।

### 1.43 करोड़ मतदाता करेंगे भाग्य का फैसला

प्रथम चरण की आठ सीटों पर में 1.43 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 76 .23 लाख पु पुरुष, 67 .14 लाख महिला व 824 थर्ड जेंडर हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 7693 मतदान केन्द्र व 14842 मतदेय स्थल हैं।

## बारातियों की कार डंपर में घुसी, 3 की मौत

**कन्नौज।** छिबरामऊ-फर्रुखाबाद रोड पर काली नदी पुल के पास सोमवार रात बारातियों से भरी कार रोड के किनारे खड़े डंपर में पीछे से घुस गई। हादसे में दूल्हे के मामा व कार चालक समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक युवक घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम पलिया बूंचपुर से तिलक सिंह शाक्य के बेटे प्रवीण की बारात सोमवार की शाम फर्रुखाबाद के सातनपुर मंडी गांव में गई थी। देर रात कुछ बाराती कार से घर लौट रहे थे। फर्रुखाबाद-छिबरामऊ मार्ग पर काली नदी पुल के पास चालक को झपकी आने से एक कार रोड के किनारे खड़े डंपर में घुस गई।

# बदायूं में युवक ने की दो भाइयों की हत्या, बवाल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 10 और छह साल के हैं दोनों भाई, घटनास्थल पर ही रुका रहा हत्यारोपी, पुलिस ने पकड़ा
- गुस्साई भीड़ ने खोखों में लगाई आग, पुलिस से धक्का-मुक्की, नारेबाजी

**अमृत विचार :** नाई की दुकान करने वाले युवक ने घर में घुसकर 10 और छह साल के दो भाइयों की चाकू और उस्तरा से गला काटकर हत्या कर दी। तीसरे भाई को मारने का प्रयास किया लेकिन वह बचकर भाग आया। हत्या करने के बाद वह वहीं खड़ा रहा। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। दो बच्चों की हत्या से गुस्साये लोगों ने मंडी चौकी पर प्रदर्शन किया। पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की हुई। खोखों में आग लगा दी, पथराव किया। डीएम, एसएसपी मौके पर पहुंच गए। केंद्रीय पुलिस बल और पुलिस ने स्थिति संभाली। हत्या की वजह पता नहीं चल सकी है।

कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र की बाबा कॉलोनी नई बस्ती निवासी विनोद कुमार रुद्रपुर में रहकर ठेकेदारी करते हैं। उनकी पत्नी और तीन बेटे आयुष (10), आहन प्रताप (6) और पीयूष घर पर रहते हैं। मंगलवार देर शाम विनोद के घर के सामने नाई की दुकान करने वाला जावेद उनके घर पहुंचा। विनोद की पत्नी से कहा कि उसकी पत्नी गर्भवती है और अस्पताल में भर्ती है। उसका मन नहीं नहीं लग रहा। कुछ देर के लिए यहीं रुक जाता हूं। इसी बीच वह छत पर चला गया। वहां अचानक आयुष और आहन प्रताप की छुरे और उस्तरा से गला काटकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद वह वहीं खड़ा रहा। परिजनों ने दरवाजा बंद कर दिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार करके ले गई।

लोगों को दो बच्चों की हत्या की जानकारी हुई तो आक्रोश फैल गया। गुस्साई भीड़ मंडी चौकी पहुंची। गाड़ियों पर पेट्रोल डालने की कोशिश की। पुलिस ने पेट्रोल की केन छीन लीं और शांत करने का प्रयास किया। भीड़ मंडी चौराहे से हटकर हत्यारोपी की दुकान पर पहुंची। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी और धक्का-मुक्की की। इसके बाद मंडी चौराहा और आवास विकास के आसपास खोखों में आग लगा दी। केंद्रीय पुलिस बल ने स्थिति संभाली। उधर परिजन घर से शव नहीं उठाने दे रहे थे। डीएम मनोज कुमार, एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने समझाया। तब जाकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

> एक व्यक्ति द्वारा दो बच्चों की उनके घर में घुसकर गला काटकर हत्या कर दी गई। अभी हत्या के कारण की जानकारी नहीं हो सकी है। आक्रोशित भीड़ ने खोखों में आग लगाई थी। उन्हें समझा दिया गया है। स्थिति नियंत्रण में है।
>
> –मनोज कुमार, डीएम

# मोदी की गारंटी का हश्र इंडिया शाइनिंग वाला होगा : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीडब्ल्यूसी की बैठक में लोस चुनाव के घोषणा पत्र पर हुआ मंथन

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि देश बदलाव चाहता है तथा इस लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की गारंटी का वही हश्र होगा जो वर्ष 2004 में ''इंडिया शाइनिंग'' (भारत उदय) नारे का हुआ था। उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में यह भी कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस के घोषणापत्र को घर-घर तक ले जाना होगा। कार्य समिति ने खरगे को लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र को मंजूरी देने और इसे जारी करने की तिथि निर्धारित करने के लिए भी अधिकृत किया। पार्टी का कहना है कि यह उसका सिर्फ एक चुनावी घोषणापत्र नहीं, बल्कि न्याय पत्र होगा तथा वह घर-घर गारंटी लेकर जाएगी। कार्य समिति की बैठक में घोषणापत्र के उस मसौदे पर विस्तृत चर्चा की गई जिसे पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की अध्यक्षता वाली समिति ने तैयार किया है। कांग्रेस के अनुसार, उसका घोषणापत्र पार्टी के पांच न्याय-भागीदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित होगा।

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने गृहमंत्री अमित शाह से की मुलाकात

# एनडीए गठबंधन में शामिल हो सकती है मनसे

नई दिल्ली, एजेंसी



- भाजपा भी महाराष्ट्र में गठबंधन को मजबूत करने को इच्छुक

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता राज ठाकरे ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। यह मुलाकात इस बात का संकेत है कि भाजपा महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में अपने गठबंधन को मजबूत करने के लिए राज ठाकरे के साथ गठबंधन की इच्छुक है। ठाकरे सोमवार को यहां पहुंचे और जब वह शाह से मिले तब भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े भी मौजूद थे। अगर गठबंधन हो जाता है तो मनसे को मुंबई में एक सीट दी जा सकती है जहां उनके चचेरे भाई उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाले शिवसेना के गुट का कुछ प्रभाव है। जब शिवसेना एकजुट थी तब राज ठाकरे ने इससे नाता तोड़ लिया था। बाद में शिवसेना की अगुवाई उद्धव ठाकरे ने की। राज ठाकरे के अच्छा वक्ता होने के बावजूद उनकी मनसे खासा प्रभाव नहीं डाल सकी। राज ठाकरे की ओर से उत्तर भारतीयों को लेकर अतीत में दिए गए विवादित बयानों की भाजपा समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने तीखी आलोचना की थी।

महाराष्ट्र सरकार के मंत्री छगन भुजबल ने मंगलवार को कहा कि अगर राज ठाकरे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) भाजपा नेतृत्व की महायुति में शामिल हो जाती है तो इससे सत्तारूढ़ गठबंधन और मजबूत होगा और राज्य विधानसभा एवं स्थानीय निकाय चुनावों में उसकी संभावनाएं बढ़ जाएंगी। महायुति में सत्तारूढ़ भाजपा, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल हैं।

### राज ठाकरे-शाह की मुलाकात आश्चर्यजनक नहीं : राकांपा

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने कहा कि राज ठाकरे की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात आश्चर्यजनक नहीं है क्योंकि पहले से ही महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख की भाजपा से निकटता के संकेत थे। राकांपा प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने दावा किया कि मनसे नेता ठाकरे केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं और वह अपनी पार्टी को बचाने की कोशिश करते रहे हैं। दावा किया कि ठाकरे की मनसे लड़खड़ा रही है और बैठक उन्हें बचा सकती है।

# वाणिज्य कर के उपायुक्त घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सतर्कता अधिष्ठान ने की कार्रवाई, दो लाख मांगे थे

**अमृत विचार :** सतर्कता अधिष्ठान ने वाणिज्य कर उपायुक्त को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई अधिष्ठान द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर पर एक कंपनी की शिकायत पर की गई। जीएसटी में संसोधन कर लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से उपायुक्त पर दो लाख रुपये रिश्वत मांगने के आरोप था।

अधिकारियों ने बताया कि रिश्वत विरोधी हेल्प लाइन पर एक एक्पोर्ट कम्पनी के प्रतिनिधि ने कॉल करके बताया कि वाणिज्य कर के डिप्टी कमिश्नर (जीएसटी) धनेंद्र कुमार पांडेय द्वारा उनकी कम्पनी के जीएसटी रिफण्ड पास करने के एवज में दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है। शिकायतकर्ता को कार्यालय बुलाकर पुलिस अधीक्षक, अभिसूचना डॉ.अरविन्द चतुर्वेदी ने पूछताछ की, कंपनी प्रतिनिधि ने बताया कि उनकी कंपनी आर्डेम डेटा सर्विसेज प्रालि कई वर्षों से अमेरिका की कम्पनी से उपलब्ध कराए गए स्कैन्ड डाटा शीट्स को एक डैशबोर्ड में डिजिटल फार्म में तैयार कर वापस भेजती है। उक्त कार्य के लिए कंपनी ने जीएसटी में 20 लाख रिफण्ड क्लेम किया था।

अमृत विचार www.amritvichar.com

## एक नजर

### 22 से चलेंगी रोडवेज की होली स्पेशल बसें

अयोध्या, अमृत विचार : होली के त्योहार पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल बसें 22 मार्च से चलाई जाएंगी। इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है।



एआरएम रोडवेज आदित्य प्रकाश ने बताया कि बसों को अयोध्या से इलाहाबाद, गोरखपुर, बहराइच, लखनऊ, रायबरेली आदि रुटों पर चलाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। ये बसें एक अप्रैल तक चलाई जाएंगी।

### अवध विश्वविद्यालय में 23 से चार दिन का होली अवकाश

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में होली पर्व का अवकाश घोषित कर दिया गया है। कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र के अनुसार आगामी 24 से 26 मार्च तक होली का अवकाश रहेगा। डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विवि आवासीय परिसर और सम्बद्ध सभी महाविद्यालयों में चार दिवसीय अवकाश रहेगा।

# नहीं चल रहीं ई-पॉश मशीनें, राशन कार्ड धारक परेशान

## सर्वर डाउन होने के कारण खाद्यान का वितरण हुआ प्रभावित ◗ त्योहार में बचे हैं चार दिन, अभी 25 फीसदी लोगों को ही मिला राशन

अयोध्या कार्यालय



बछड़ा सुल्तानपुर स्थित सरकारी राशन की दुकान पर ई-पॉश मशीन में सर्वर आने का इंतजार करते राशन कार्ड धारक।

अमृत विचार : सरकारी गल्ले की दुकान पर घटतौली रोकने के लिए लगाई गईं ई-पॉश मशीनें अब कार्ड धारकों के लिए जी का जंजाल बन गई हैं। सर्वर डाउन होने के कारण खाद्यान वितरण का कार्य प्रभावित हो गया है। इस कारण आए दिन कोटेदारों व राशन कार्ड उपभोक्ताओं में झड़प होती है। जिले में चार लाख से भी अधिक कार्ड धारकों में से अभी 25 फीसदी लोगों को ही राशन मिल सका है। राशन में देरी व होली को देखते हुए कार्ड धारक परेशान हैं।

जिले के 11 विकास खंडों में 994 सरकारी गल्ले की दुकान है। 15 मार्च से 862 दुकानों पर खाद्यान का वितरण शुरू हो गया है। करीब चार लाख उपभोक्ताओं को 29 मार्च तक वितरण किया जाना है। खाद्यान में किसी प्रकार की बंटरबांट न हो इसके लिए आपूर्ति विभाग की ओर से कोटेदारों के यहां ई-पॉश मशीनें लगवाई गई हैं, लेकिन सर्वर न होने के चलते मशीनों का संचालन नहीं हो पा रहा है। आलम यह है कि कोटे की दुकान पर सुबह से शाम तक राशन के लिए लाइन में लगने के बाद कार्डधारक निराश होकर लौट जाते हैं।

पूराबाजार प्रतिनिधि के अनुसार यह समस्या 15 दिनों से है। सराय चैमल के कोटेदार रामकृपाल गुप्ता, मोहतशिमपुर की कोटेदार पुष्पा देवी, रामपुर सरधा के कोटेदार राम बहादुर सिंह, महेशपुर के कोटेदार अंजनी, देवापुर के कोटेदार द्वारिका दुबे ने बताया कि सर्वर की समस्या है। अंगूठा न लगने से राशन का वितरण नहीं हो पा रहा है। मोहतशिमपुर के राशन कार्ड धारक निर्मला, अनीश, सीमा, विजय कुमारी, नान्हू बताते हैं कि कई दिन से राशन की दुकान पर चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अंगूठा न लग पाने के कारण राशन नहीं मिल पा रहा है।

### दो बजे तक 1.28 लाख को खाद्यान वितरण

जिला आपूर्ति कार्यालय के इंजीनियर पवन के मुताबिक सर्वर की परेशानी जरूर सामने आ रही है। उनका दावा है कि मंगलवार को दोपहर दो बजे 1.28 लाख लोगों को खाद्यान का वितरण कराया जा चुका है।

### नेटवर्क आएगा तो फोन करके बुला लूंगा

नई व्यवस्था का दंश जिले के हर कोने में राशन कार्ड धारक झेल रहे हैं। रुदौली प्रतिनिधि के अनुसार मोहल्ला काशीपुर के शिव नारायण ने बताया कि घंटों बाद नेटवर्क आया। चार-पांच कार्ड धारकों को राशन मिलने के बाद नेटवर्क चला गया। कायस्थाना के हरीश मिश्र ने बताया कि नेटवर्क चला गया था अभी फिर से जाएंगे। ग्राम पंचायत अल्हवाना में मंगलवार को मशीन नहीं चली। सुबह से बैठी महिलाओं को व अन्य उपभोक्ताओं को कोटेदार वसीम अख्तर ने यह कहकर घर भेज दिया कि जब नेटवर्क आएगा तो फोन करके सबको बुलाया जाएगा। आपूर्ति निरीक्षक संजय चौधरी ने बताया कि कुछ दुकानों पर शिकायत प्राप्त हुई है। जल्द ही व्यवस्था सही हो जाएगी।

### सबसे अधिक रुदौली में पात्र गृहस्थी उपभोक्ता

| ब्लॉक | पात्र गृहस्थी | अंत्योदय |
|---|---|---|
| अमानीगंज | 28902 | 5405 |
| बीकापुर | 27429 | 4372 |
| हैरिंग्टनगंज | 24450 | 5361 |
| मसौधा | 33376 | 4374 |
| मवई | 26513 | 3423 |
| मयाबाजार | 25059 | 7119 |
| मिल्कीपुर | 29525 | 7276 |
| पूराबाजार | 26898 | 5591 |
| रुदौली | 42912 | 4294 |
| सोहावल | 31487 | 5259 |
| तारुन | 33057 | 4613 |

नोट-(इस महीने अंत्योदय कार्ड धारकों को चीनी का भी वितरण होना है।)

> ई-पॉश मशीनों से ही खाद्यान का वितरण होना सुनिश्चित कराया गया है। सर्वर की परेशानी की समस्या आ रही है। इसे लेकर शासन स्तर से बातचीत चल रही है। जल्द ही समस्या का समाधान निकाला जाएगा।
> – ब्रजेश मिश्रा, जिला आपूर्ति अधिकारी

### वसीम बरेलवी समेत 13 सुप्रसिद्ध शायर अयोध्या में करेंगे अदब-ए-श्रीराम

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : उ.प्र. संस्कृति एवं पर्यटन विभाग द्वारा अयोध्या में चल रहे रामोत्सव के तुलसी उद्यान मंच पर 22 मार्च को सायं 6 बजे से एक बड़ा मुशायरा होगा। इसमें देश के प्रसिद्ध शायर प्रभु राम द्वारा स्थापित आदर्शों को अपनी शायरी में प्रस्तुत करेंगे, अदब और मुशायरे की इस महफ़िल को अदब-ए-श्रीराम नाम दिया गया है। मशहूर शायर प्रोफेसर वसीम बरेलवी की अध्यक्षता में शायरा अंजुम रहबर, फ़हमी बदायूनी, फ़रहत एहसास, शकील आज़मी, मासूम ग़ाज़ियाबादी, मदन मोहन दानिश, शारिक़ कैफ़ी, दीक्षित दनकौरी, अज़हर इक़बाल, मनीष शुक्ल, चराग़ शर्मा और श्वेता श्रीवास्तव अज़ल अपनी प्रस्तुति से मंच की रौनक बढ़ाएंगे। शब्द और स्वर समागम कार्यक्रम में इसी मंच पर 21 मार्च को सायं 6 बजे जाने माने गीतकार आलोक श्रीवास्तव एकल काव्यपाठ करेंगे। उसके बाद प्रसिद्ध गायिका चिन्मयी त्रिपाठी और गायक जोएल मुखर्जी अपने स्वर का जादू चलाएंगे। आलोक श्रीवास्तव की कविताओं को अभिनेता अमिताभ बच्चन, अभिनेता आशुतोष राणा, गायक पंकज उदास सहित कई नामचीन हस्तियों का स्वर मिल चुका है।

# सात इंटर कॉलेजों को मान्यता समाप्ति की नोटिस जारी

अयोध्या कार्यालय

▸▸ यू डायस प्लस के तहत स्टूडेंट डाटा पोर्टल अपडेशन का प्रकरण


कार्यालय- जिला विद्यालय निरीक्षक अयोध्या।
मान्यता प्रत्याहरण नोटिस
प्रधानाचार्य,
श्री हंस इण्टर कालेज रुदौली
अयोध्या।

जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा जारी की गई नोटिस।

अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में समाप्त होने के बाद अब छदम छात्र संख्या के आधार पर संचालित होने वाले माध्यमिक विद्यालयों पर विभाग का शिकंजा कसने लगा है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या द्वारा जिले के सात कालेजों को मान्यता समाप्ति की नोटिस जारी की गई है। इसे लेकर अन्य कालेजों में खलबली मच गई है।

जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि संबंधित कालेजों द्वारा बार-बार मांगे जाने के बाद यू डायस प्लस वर्ष 2023-24 के तहत स्टुडेंट डाटा पोर्टल पर अपडेशन नहीं किया है। विभिन्न पत्रों के माध्यम से अपडेशन के निर्देश के बाद भी अभी तक पोर्टल पर ब्यौरा नहीं फीड किया गया है। चेतावनी दी गई है यदि दो दिन के भीतर यह कार्रवाई पूरी नहीं की गई तो माध्यमिक शिक्षा परिषद इंटरमीडिएट अधिनियम 1921 की धारा 9(4) के तहत मान्यता प्रत्याहरण के लिए बाध्य होना पड़ेगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संस्था प्रबंधक और प्रधानाचार्य की होगी।

### जिले के इन माध्यमिक विद्यालयों को जारी हुई नोटिस

सत्य प्यारा इंटर कॉलेज रुदौली, गयादत्त राजनारायण जन विकास शिक्षण संस्थान मीनापुर रुदौली, रामलखन यादव हायर सेकंडरी स्कूल रुदौली, गोर्वर इंटर कॉलेज मऊ यदुवंशपुर मसौधा, ज्ञान दीप इंटर कॉलेज अछौरा और हंस इंटर कॉलेज रुदौली शामिल हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार अभी एक दर्जन और कालेजों को मान्यता प्रत्याहरण की नोटिस भेजी जानी है।

## रमजान में सौ गुना बढ़ जाता है नेकी का सवाब

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रमजान के पाक महीने में रोजेदारों ने इबादत का सिलसिला और तेज कर दिया है। घरों से लेकर मस्जिदों तक सजदे किए जा रहे हैं। मरकजी अंजुमन तबलीग अहले सुन्नत के वाइस सेकेट्ररी मौलाना फैसल हाशमी ने मंगलवार को बातचीत में कहा कि रमजान का पाक महीना वह मौसमे बहार है, जिसमें नेकियों की फसल लहलहाती है। रोजा ऐसा अमल है जिसके बदल की इंतहा ही नहीं। अल्लाह फरमाता है कि रोजा मेरे लिए है और मैं इसका बदला देता हूं। मौलाना ने कहा कि हदीस पाक में है कि रोजे की हालत में आदमी को ज्यादा से ज्यादा नेक काम करने चाहिए। रब को अपने बंदों का त्याग इतना पसंद है कि रमजान में फैजान इलाही का समंदर जोश में रहता है और बरकत के खजाने खोल दिए जाते हैं। वहीं हाफिज निसार ने कहा कि मुसलमान पर लाजिम है कि वह रोजा रमजान की कद्र करे और अल्लाह को इबादत से राजी करे।



मौलाना फैसल हाशमी।

# ऋण खातेदार की पहचान करना शिक्षक को पड़ा महंगा

मिल्कीपुर, अयोध्या

▸▸ शाखा प्रबंधक ने सेवानिवृत शिक्षक के बैंक खाते के संचालन पर लगाई रोक

अमृत विचार : हैरिंग्टनगंज ब्लॉक में स्थित बडौदा यूपी बैंक शाखा पलिया लोहानी के एक किसान क्रेडिट कार्ड खाते में खाता धारक की पहचान करना एक सेवानिवृत्त शिक्षक को महंगा पड़ गया। शाखा प्रबन्धक ने शिक्षक के बैंक खाते में प्राप्त पेंशन के भुगतान पर ही रोक लगा दी है। जिसके लिए सेवानिवृत शिक्षक तहसील से लेकर बैंक के उच्चाधिकारियों के कार्यालयों का चक्कर लगा रहा है।



पीड़ित शिक्षक दल बहादुर सिंह।

सेवानिवृत्त शिक्षक दल बहादुर सिंह(70) ने मंगलवार को बताया कि उनका 40 वर्ष पुराना बैंक खाता बडौदा यूपी बैंक शाखा पलिया लोहानी हैरिंग्टनगंज में है। उनकी पेंशन इसी बैंक खाते में आती है। उन्होंने बताया कि रनापुर निवासी एक विधवा द्वारा अपने खाते की नौ बीघा भूमि पर किसान क्रेडिट कार्ड बनवाते समय बैंक में खाता खुलवाया था। जिस पर उन्होंने खाताधारक की पहचान की थी। महिला खातेदार का बैंक की ओर से दो लाख 49 हजार रुपये का किसान क्रेडिट कार्ड बनाया गया था। जिसमें से कृषक महिला द्वारा एक लाख 47 हजार रुपये आहरित कर लिया गया था। उक्त पैसा जमा न होने से ब्याज समेत तीन लाख से अधिक के देनदारी हो गई। उक्त खाता अब एनपीए हो गया है। शिक्षक का आरोप है कि उन्होंने खाता खुलते समय खाताधारक की पहचान की थी। इसलिए शाखा प्रबंधक अंकित श्रीवास्तव ने नवंबर 2023 में उनके बैंक खाते के संचालन पर रोक लगा दी। जिससे आज तक उन्हें पेंयान का एक रुपया भी नहीं मिला। वहीं बैंक शाखा प्रबंधक अंकित श्रीवास्तव का कहना है कि बैंक की ओर से विधिक प्रक्रिया के तहत कार्यवाही की गई है। मेरे द्वारा जानबूझकर कुछ भी ऐसा नहीं किया गया है।

## सार-संक्षेप

### एमबीबीएस की अंतिम प्रयोगात्मक परीक्षा आज



मेडिकल कॉलेज में प्रयोगात्मक परीक्षा देते एमबीबीएस के विद्यार्थी।

अयोध्या, अमृत विचार : राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस के विद्यार्थियों की अंतिम प्रयोगात्मक परीक्षा आज बुधवार को होगी। सभी का 31 मार्च से पहले ही रिजल्ट आ जाएगा। मेडिकल कॉलेज के पहले बैच से 100 एमबीबीएस विद्यार्थी निकलेंगे। मेडिसिन विभाग में मंगलवार को 34 विद्यार्थियों का प्रेक्टिकल हुआ। इस दौरान एग्जामनर के रूप में डॉ. आरके राही, डॉ. नीलेश कुमार, डॉ.अरविंद कुमार, डॉ.विमलेश कुमार व डॉ. वीरेंद्र वर्मा मौजूद रहे। फिजिशियन डॉ.वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि सर्जरी का प्रेक्टिकल हो चुका है। रिजल्ट आने के बाद सभी विद्यार्थियों को इंटर्नशिप करनी होगी, अगर कोई फेल होता है तो उसे 45 दिन में सप्लीमेंट्री देने का मौका मिलेगा।

### बैठक में न पहुंचने वाले चिकित्सकों को नोटिस

अयोध्या, अमृत विचार : जिला चिकित्सालय में प्रभारी सीएमएस का चार्ज लेने के बाद डॉ. अरुण प्रकाश द्वारा बुलाई गई बैठक में चिकित्सकों के नदारद रहने पर नोटिस जारी किया गया है। डॉ. अरुण प्रकाश ने बताया कि पांच चिकित्सकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

### नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का किया गया स्वागत

अयोध्या। राष्ट्रीय लोकदल के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेशनाथ मिश्रा (सुड्डू मिश्रा) का कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को फूल-मालाओं से स्वागत किया। सुड्डू मिश्र ने कहा कि कहा कि जो पद दिया गया है। पूरी निष्ठा और ईमानदारी से उसका निर्वहन करूंगा। आनंद नगर गौहनिया चौराहा पर आयोजित कार्यक्रम में जिला महासचिव रामशंकर वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने प्रदेश महासचिव रहे विश्वेशनाथ मिश्र को पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते हुए उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बलराम यादव ने की। कार्यक्रम में अवध जोन अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल, दलित प्रकोष्ठ अवध जोन अध्यक्ष बेचूलाल ज्ञान, अवध जोन सचिव नेतराम वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, संगठन महासचिव रामशंकर वर्मा सहित अन्य लोग थे।

### रोडवेज यूनियन की चार शाखाओं की कार्यकारिणी घोषित

अयोध्या अमृत विचार : यूपी रोडवेज इंप्लाइज यूनियन अयोध्या की चार शाखाओं का चुनाव मंगलवार को संपन्न हो गया। इनकी कार्यकारिणी की सूची जारी कर दी गई। सभी कार्यकारिणी में पदाधिकारी और सदस्यों की संख्या 15-15 है। यूनियन के प्रदेश के महामंत्री तेज बहादुर शर्मा की ओर से इनकी सूची जारी कर गई है। क्षेत्रीय कार्यशाला अयोध्या इकाई का अध्यक्ष कृष्ण देव पांडेय और महामंत्री गणेशदत्त पांडेय को बनाया गया है। क्षेत्रीय कार्यालय की प्रशासनिक शाखा का अध्यक्ष जितेंद्र कुमार और मंत्री संतोष कुमार अचारी को, अयोध्या डिपो कार्यशाला का अध्यक्ष जयकरन यादव, मंत्री चंद्र देव को बनाया गया है। अयोध्या डिपो शाखा का अध्यक्ष अशोक जायसवाल और मंत्री हरिकांत द्विवेदी को बनाया गया है।

### पेटिका में महिलाओं ने डाले अपने सुझाव




भाजपा चुनाव कायार्लय पर महिला मोर्चा की बैठक को संबोधित करतीं पदाधिकारी।

अयोध्या। महानगर महिला मोर्चा के देवकाली व करियप्पा मंडल की बैठक मंगलवार को हुई। इसमें लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। सांगठनिक ढांचा मजबूत करने और व्यापक जनसम्पर्क अभियान चलाने की रणनीति बनाई। महिलाओं ने संकल्प पत्र सुझाव अभियान के तहत चुनाव को लेकर पेटिका में अपने सुझाव दिए। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा आशा गौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति का उत्थान हुआ। महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। नारी शक्ति अयोध्या से पिछली बार से अधिक वोटों से जीत दिलाएंगी। महिलाओं से कहा कि छोटी-छोटी टोलियां बनाएं। घर-घर जा कर सरकार की योजनाओं की चर्चा करें। महानगर महामंत्री प्रतिमा शुक्ला ने कहा कि सरकार की महिला उत्थान की नीति से महिलाओं में सरकार के प्रति उत्साह है। चार जून चार सौ पार के लक्ष्य पर अयोध्या से सर्वाधिक अंतर से विजय प्राप्त की जाएगी। महानगर मंत्री स्वाति सिंह ने कहा सरकार की महिला उत्थान की चर्चा घर-घर सम्पर्क कर करें। बैठक में नीलम जायसवाल, माया सिंह, नीता शर्मा, यमुनोत्री केसरवानी, रेखा शर्मा सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

# वाराणसी, बस्ती, बलिया व श्रावस्ती सेमीफाइनल में

अयोध्या कार्यालय



प्रदेशीय सीनियर खो-खो प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मैच में अंकों की होड़ में खिलाड़ी। अमृत विचार

▸▸ प्रदेशीय सीनियर महिला पुरुष खो-खो प्रतियोगिता, आज फाइनल के बाद होगा समापन

अमृत विचार : उप्र खो-खो एसोसिएशन व जिला खो-खो संघ के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. भीमराव आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही 85 वीं प्रदेशीय सीनियर महिला-पुरुष खो-खो प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को पुरुष वर्ग के क्वार्टर फाइनल में वाराणसी, बस्ती, बलिया व श्रावस्ती टीमों ने जीत दर्ज कर अंतिम चार में प्रवेश कर लिया।

महिला वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में प्रयागराज, गोरखपुर, वाराणसी, बहराइच, श्रावस्ती, बस्ती टीमों ने जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया। आयोजन सचिव अभिषेक सिंह ने बताया कि बुधवार को फाइनल मुकाबले के बाद समारोहपूर्वक पुरस्कार वितरण के साथ समापन होगा।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को पुरुष वर्ग क्वार्टर फाइनल में वाराणसी ने गोरखपुर को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 19-18 से हरा कर सेमी फाइनल में जगह बनाई। बस्ती ने बहराइच को 18-7 से, बलिया ने बिजनौर को 12-6 से व श्रावस्ती ने प्रयागराज को 15-14 से पराजित कर अंतिम चार में स्थान बनाया। इसके पूर्व खेले गए प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में प्रयागराज ने देवरिया को 11-7 से, गोरखपुर ने अयोध्या को 14-4 से, वाराणसी ने गाजीपुर को 13-7 से, श्रावस्ती ने जौनपुर को 16-6 से, बिजनौर ने फतेहपुर को 11-4 से, बलिया ने आगरा को 11-7 से पराजित कर और बहराइच ने औरैया से वाक ओवर लेकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था।

वहीं महिला वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में बहराइच ने आगरा को 10-0 से, प्रयागराज ने कुशीनगर को 16-0 से, सहारनपुर में अयोध्या को 9-7 से, गोरखपुर ने जौनपुर को 10-1 से, देवरिया ने बलिया को 14-2 से, वाराणसी ने अंबेडकरनगर को 5-1 से, श्रावस्ती ने गाजीपुर को 12-6 से हराया। बस्ती ने फिरोजाबाद से वाक ओवर लेकर अंतिम आठ में स्थान सुरक्षित कर लिया। इस अवसर पर उप्र खो-खो संघ के चेयरमैन धर्मेन्द्र सिंह, आयोजन सचिव अभिषेक सिंह, सचिव उप्र खो-खो संघ चन्द्रभानु सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष कनक चक्रधर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विनोद सिंह, प्रधानाचार्य परिषद के पूर्व महामंत्री रामप्रिय शरण सिंह सहित खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# सावधान रहें : होली की उमंग को न बनाएं हुड़दंग

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : होली पर्व विशेष पर जन मानस के मस्तिस्क में खुशमिज़ाजी के हार्मोन एंडोर्फिन व सामाजिक मेल मिलाप वाले हार्मोन ऑक्सीटोसिन में वृद्धि होती है। यह सक्रियता म्यूजिक व डांस आदि एक्टिविटी को प्रेरित करती है। यह स्वस्थ मन रंजन होता है परन्तु इस उत्साह के अतिरेक में भी जाने की प्रबल संभावना होती है। जिसके अमर्यादित, अश्लील व आक्रामक दुष्प्रभाव दिख सकते है।

ज़िला चिकित्सालय के मनोरोग विभाग में मंगलवार को आयोजित होली पर्व जनित मनोअग़वापन विषयक कार्यशाला मे यह बातें मनोपरामर्शदाता डॉ. बी कुमार व डॉ. आलोक मनदर्शन ने कहीं। दोनों ने कहा कि इस मनोदशा की चपेट में आने की सम्भावना उन किशोर व युवाओ में प्रबल होती है जो पहले से ही बॉर्डर लाइन पर्सनालिटी डिसऑर्डर, पैरानॉयड पर्सनालिटी डिसऑर्डर, ऐंटी सोशल पर्सनालिटी डिसऑर्डर या अवसाद व उन्माद की मनोदशा से ग्रसित होते है।रही सही कसर नशे या मादक पदार्थो का सेवन पूरी कर देता है।



जिला अस्पताल में लोगों को जानकारी देते मनो चिकित्सक।

ऐसे में परिजन व अभिभावकों का अहम रोल है। अभिभावक रोल मॉडलिंग करते हुए पाल्य के व्यवहार पर पैनी नज़र रखें तथा उनसे मैत्री पूर्ण सामंजस्य इस तरह बनाएं। यदि असामान्य व उद्दण्ड व्यवहार व नशा खोरी लगातार दिखे तो मनोपरामर्श अवश्य लें।

शौर्य पर्व | मौजूद रही वर्ल्ड रिकाड्र्स बुक आफ इंडिया की टीम, लोक कलाकारों ने रच दिया विश्व कीर्तिमान

# तुलसी के मंच पर 11 प्रदेशों के 200 कलाकारों का अद्भुत प्रदर्शन

अयोध्या कार्यालय





कार्यशाला में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान करते मुख्य अतिथि एवं शौर्य पर्व पर गतका की प्रस्तुति देते पंजाब के कलाकार। अमृत विचार

अमृत विचार : लोक एवम जनजाति संस्कृति संस्थान द्वारा आयोजित शौर्य पर्व में 11 प्रदेशों से आए 250 लोक कलाकारों ने पारंपरिक लोक नृत्य जिसमें शस्त्र, योग या युद्ध कौशल का प्रदर्शन एक ही मंच पर कर विश्व कीर्तिमान बना दिया।

इस विश्व कीर्तिमान का आंकलन करने और कीर्तिमानों के समस्त मानकों की पूर्णता की जांच करने के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड्स बुक आफ़ इंडिया की चीफ एडिटर सुषमा नार्वेकर अपनी टीम के साथ उपस्थित रहीं। विश्व कीर्तिमान के समस्त मानकों की पूर्णता से सन्तुष्ट होने पर लोक एवम जनजाति संस्कृति संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी को प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किया गया।

इस अवसर पर अतुल द्विवेदी ने भावुक होते हुए कहा भगवान राम ने धर्म की रक्षा हेतु समाज के हर वर्ग के लोगों से सहयोग लेकर उन्हें पहचान दिलाई उसी प्रेरणा का परिणाम है कि लोक कलाकार अपनी संस्कृति और परंपरा को संरक्षित करके पीढ़ियों तक पहुंचाने में लगे है। यह सम्मान उन सभी का है। तीन दिवसीय 18,19 व 20 मार्च को आयोजित शौर्य पर्व में अपनी संस्कृति और पहचान को बचाए रखने के लिए शस्त्र विद्या को अंगीकार रखने की लोक विधाओ का प्रदर्शन तुलसी उद्यान में आयोजित किया गया है। जिसमें केरल से लेकर मणिपुर, गुजरात से लेकर पश्चिम बंगाल, तेलंगाना से लेकर झारखंड तक यानी पूरे भारतवर्ष से कलाकारों ने आकर अपनी समृद्ध विरासत को दिखाया। कलाकारों के प्रदर्शन देखकर खचाखच भरे पांडाल में लोग हतप्रभ थे। किशोरियों और महिलाओं द्वारा प्रस्तुत गुजरात के तलवार रास और महाराष्ट्र के मर्दानी खेल पर पूरे पांडाल में तालियां गूंज रही थी। पंजाब का गतका गुरु गोविंद सिंह जी की युद्ध शैली का स्मरण दिला रहा था तो केरल का कलरिपट्टू अपने अद्भुत संतुलन और कौशल से जमीनी युद्ध शैली का प्रतिनिधित्व कर रहा था। ओडिसा के कलाकारों का पिरामिड बनाकर शंख वादन जहां सभी को रोमांचित कर रहा था वहीं उत्तर प्रदेश का मल्लखंब शारीरिक दक्षता और कुशलता से सभी को विस्मित कर रहा था। इस मौके पर प्रो ओम प्रकाश भारती, डॉ देवेन्द्र कुमार त्रिपाठी सचिव केंद्रीय ललित कला अकादमी, सुधीर श्रीवास्तव, रामायण कॉन्क्लेव के समन्वयक आशुतोष द्विवेदी समेत भारी संख्या में जन समूह उपस्थित थे।

### दीपोत्सव के बाद अयोध्या में बना दूसरा विश्व कीर्तिमान

वर्ल्ड रिकाड्र्स बुक आफ इंडिया की चीफ एडिटर सुषमा नार्वेकर द्वारा शौर्य पर्व को विश्व कीर्तिमान का प्रमाण पत्र दिया गया है। यह अयोध्या में दीपोत्सव के बाद बनने वाला दूसरा विश्व रिकॉर्ड है। इसे लेकर चीफ एडिटर ने पूरे कार्यक्रम और कलाकारों की सराहना की।

### साकेत महाविद्यालय का वार्षिक खेलकूद समारोह आज से

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : कामता प्रसाद सुंदर लाल साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय का वार्षिक खेलकूद समारोह 20 और 21 मार्च को महाविद्यालय के खेल प्रांगण में होगा। इसमें अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स खिलाड़ी व अर्जुन पुरस्कार विजेता गुलाब चंद्र बतौर मुख्य अतिथि पहुंचेंगे। प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि समारोह का उद्घाटन सुबह 9.30 बजे होगा। महाविद्यालय का कोई भी इच्छुक छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर सकता है।

### कई दुकानों से लिए नमूने, जांच को भेजे

अयोध्या, अमृत विचार: होली पर लोगों को स्वस्थ्य व सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए गठित सचल दल ने मंगलवार को लगभग 10 खाद्य प्रतिष्ठानों से 12 नमूने संग्रहित किए। टीम ने पनीर, मावा, दही, छेना रसगुल्ला, बूंदी का लड्डू, देसी घी की सोनपापड़ी, फावरा नट नमकीन आदि का नमूना भर कर जांच के लिए भेजा है।

आवश्यकता है
अमृत विचार डिजिटल को
अयोध्या ऑफिस के लिए
एक वेबसाइट रिपोर्टर की
अनुभव :-किसी प्रमुख अखबार/वेबसाइट में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg
Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open



Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)

Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849




**रोजा**

शिया
सहरी : 04.46 बजे
इफ्तार : 06.25 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.41 बजे
इफ्तार : 06.11 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### एलएलबी परीक्षा : 59 और नकलची धरे गए

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एलएलबी त्रि-वर्षीय व पंचवर्षीय प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा के दूसरे दिन मंगलवार को



सचलदल की सघन तलाशी अभियान में बाराबंकी जिले में 59 परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गए। जिसमें अवध लॉ कॉलेज में 51 एवं टीआरसी लॉ कॉलेज में आठ परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए धरे गए। वहीं अवासीय परिसर के केन्द्र पर नौ महाविद्यालयों की मंगलवार को बीपीएड व एमपीएड की परीक्षा दो पालियों में शुरू हुई। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने आवासीय केन्द्र का निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

### परिषदीय विद्यालयों में एमडीएम की हुई जांच

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का एमडीएम बनता है राशन की सही उठान हो रहा है या नही इसे परखने के लिए मंगलवार को आपूर्ति विभाग ने कई विद्यालयों की पड़ताल किया। जांच पड़ताल के बाद दिशा निर्देश जारी किया। आपूर्ति निरीक्षक शशांक सिंह ने बताया कटरौली, खिरौनी, गोपीनाथ पुर, निमैचा, उचितपुर आदि के परिषदीय विद्यालयों की जांच की गई। लगभग सब कुछ ठीक मिला थोड़ी बहुत कमी दिखाई पड़ी तो इसके लिए दिशा निर्देश प्रधानाध्यापक को दिए गए हैं।

# करेंसी चेस्ट से सड़क तक सख्त निगरानी शुरू

## 50 हजार या उससे अधिक रुपये लेकर जा रहे तो कागजात रखिए दुरुस्त

## जांच के लिए रोक सकती आयोग की प्रवर्तन टीम



## चुनाव में धन का दुरुपयोग रोकने को नई व्यवस्था

राजेंद्र कुमार पांडेय

**अयोध्या।** आप 50 हजार या उससे अधिक रुपये नकद लेकर कहीं जा रहे हैं तो कागजात दुरुस्त रखिए। निर्वाचन आयोग का प्रवर्तन दल कहीं भी आप को रोककर रकम के संबंध में विस्तृत जानकारी मांग सकता है। पैसे का प्रमाण होनी जरूरी है। अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई भी की जा सकती है। यह कार्रवाई चुनाव में धन के दुरुपयोग को रोकने के लिए आयोग के निर्देश पर शुरू की गई है। इस बार कुछ नई व्यवस्था भी लागू की गई है।

लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई। आचार संहिता लागू हो गई। जिले में प्रवर्तन दल ने निगरानी शुरू कर दी है। कहीं पर अगर संदिग्ध हालात में कैश पकड़ा जाता है तो प्रशासन इसकी रिपोर्ट आयोग को भेजेगा।

### नई व्यवस्था : क्यूआर कोड बता देगा पैसे की असलियत

आयोग ने कैश का दुरुपयोग रोकने के लिए सामान्य व्यक्ति के साथ-साथ विभागों को भी दायरे में रखा है। इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) पोर्टल बनाया है। बैंक शाखाओं को करेंसी इसी के जरिए दिया जा सकेगा। कैश भेजने से पहले पोर्टल में बैंक का नाम, कैश कितना है, यदि एटीएम के लिए भेजा जा रहा हो तो संबंधित आटोमैटिक ट्रांजेक्शन मशीन की जानकारी, ले जाने वाले वाहन का पंजीकरण संख्या, चालक का नाम व मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। कैश भेजने का कारण भी पोर्टल में स्पष्ट करना होगा। पोर्टल में जानकारी दर्ज करने के बाद क्यूआर कोड मिलेगा। इस कोड के माध्यम से कैश का स्थानांतरण हो सकेगा। इसको लेकर प्रशासन के अफसरों की बैंक अधकारियों के साथ बैठक भी हुई है।

### जिले में जांच के लिए 15 प्रवर्तन टीमें

-चुनाव में धन का दुरुपयोग रोकने और नजर रखने के लिए जिले में 15 उड़न दस्ता टीमें बनाई गई है। प्रत्येक टीम में एक मजिस्ट्रेट, एक दारोगा के साथ पर्याप्त पुलिस बल रहेगा। निर्धारित 50 हजार रुपये या उससे अधिक की नकदी लेकर चलने वालों की प्रवर्तन टीम जांच करेगी। इसके अलावा आयकर, पुलिस विभाग, आबकारी, राज्यकर, केंद्रीय राज्यकर के कर्मचारी व अधिकारी की टीम भी जांच कर सकती है। ये आपस में समन्वय बनाकर छापा भी मार सकते हैं। यह अपनी रिपोर्ट मुख्य कोषाधिकारी को देंगे।

### गूगल-पे, फोन-पे सहित ऑनलाइन माध्यमों पर भी नजर



धन के दुरुपयोग को रोकने के लिए बैंक खातों पर भी नजर रहेगी। सीमित राशि वाले काफी समय से संचालित न होने वाले खातों में यदि अचानक बड़ी राशि जमा अथवा निकासी होगी तो जांच होगी। एक साथ कई खातों में ऑनलाइन गूगल-पे, फोन-पे से राशि के स्थानांतरण पर भी प्रवर्तन टीम नजर रखेगी। खाते से स्थानांतरित 10 लाख से अधिक राशि के मामले को आयकर विभाग देखेगा।



> आयोग के नियमों के अनुसार धन के दुरुपयोग को रोकने और दूसरी व्यवस्था के लिए उड़न दस्ता टीमों से जांच की व्यवस्था की गई है। 50 हजार या उससे अधिक रुपये लेकर चलने वालों को पूछताछ के दौराम इसका प्रमाण देना होगा। इसके साथ ही अन्य कार्रवाई भी की जा रही है। **-ममता सिंह, मुख्य कोषाधिकारी, अयोध्या**

> आयोग के निर्देश के मुताबिक उड़न दस्ता सहित अन्य टीमें गठित कर जांच के लिए सक्रिय कर दिया गया है। टीमें विधानसभा वार जांच में लग गई हैं। अब तक ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है। चुनाव में धन के दुरुपयोग को रोकने के लिए सभी माध्यमों पर नजर है। **-महेंद्र कुमार सिंह, नोडल अफसर व एडीएम वित्त एवं राजस्व**

**लोकसभा चुनाव-2024**

## जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय कक्ष में होगा नामांकन

**अयोध्या अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में होगी। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने मंगलवार को चुनाव में सहायक निर्वाचन अधिकारियों की तैनाती भी कर दी है। फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए रिटर्निंग अफसर डीएम नतीश कुमार होंगे। चुनाव की अधिसूचना 26 अप्रैल को जारी होगी। उसी दिन से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि तीन मई है। नामांकन पत्रों की जांच चार मई को होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि छह मई होगी। मतदान 20 मई और मतगणना का चार जून को होगी। छह जून के पहले निर्वाचन पूर्ण की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि फैजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में उप जिलाधिकारी दरियाबाद राम आसरे वर्मा, उपजिलाधिकारी रूदौली अंशिका दीक्षित, उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह, उपजिलाधिकारी सोहावल अशोक कुमार सैनी और उपजिलाधिकारी सदर राजकुमार पांडेय समेत पांच सहायक रिटर्निंग अफसर होंगे। उन्होंने कहा कि सकुशल, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से चुनाव कराए के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

# नाबालिगों के हाथ में श्रद्धालुओं की जिंदगी

सत्य प्रकाश, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ते ही नाबालिगों ने ई-रिक्शा थाम लिया है। ये नाबालिग चालक सवारियां बैठाकर तेज रफ्तार में ई-रिक्शा चलाते हैं। नतीजतन आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिसका खामियाजा श्रद्धालुओं को उठाना पड़ता है। एक माह में ही 24 से अधिक दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी में यात्रियों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जिसे देखते हुए ई-रिक्शा की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ है। हाईवे से लेकर मंदिर तक पहुंचने वाले हर मार्ग पर लगभग 10 हजार ई-रिक्शे दौड़ रहे हैं। गोंडा, बहराइच, बस्ती व अन्य जनपदों से भी लोगों ने अयोध्या आकर ई-रिक्शा चलाना शुरू कर दिया हैं। इनमें अधिकतर नाबालिक या फिर बिना लाइसेंस के चालक हैं। जो यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। प्रसाशन द्वारा अभी तक न तो ई-रिक्शा चालकों का सत्यापन कराया गया और न ही नाबालिग ड्राइवरों पर रोक लगाने के लिए कोई निर्देश जारी किया गया।

**तेज रफ्तार में चला रहे ई-रिक्शा, एक माह में 24 दुर्घटनाएं**



कारसेवकपुरम जाने वाले मार्ग से श्रद्धालुओं को ई-रिक्शे पर ले जाता नाबालिग चालक। अमृत विचार

### मुझे डर लग रहा था सफर के दौरान

उत्तराखंड से आए महेश शर्मा ने बताया कि मंगलवार को उन्होंने ई-रिक्शे से सफर किया। यात्रा के दौरान डर लग रहा था कि कहीं रिक्शा पलट न जाए। नाबालिगों के हाथ में ई-रिक्शा नहीं देना चाहिए। प्रशासन को अभियान चलाकर ऐसे चालकों पर कार्रवाई करनी चाहिए।

### ई-रिक्शे होंगे सीज, मालिक पर भी होगी कार्रवाई : सीओ

यातायात सीओ राजेश तिवारी ने बताया कि ई-रिक्शों को मानकों के तहत चलाए जाने की योजना बनाई गई है। जिनके पास लाइसेंस नहीं है। उन्हें चिह्नित किया जाएगा। नाबालिग चलाते मिले तो ई-रिक्शा सीज करने के साथ ही मालिकों पर भी कार्रवाई की जाएगी। अयोध्या के अलग-अलग मार्गों पर इन्हें डायवर्ट करके स्थान दिया जाएगा। भीड़ के कारण योजना लागू करने में देरी हुई है।

## राजनेताओं की फोटो सरकारी दफ्तरों से हटाने के निर्देश

**अयोध्या, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता के चलते सरकारी दफ्तरों से राजनेताओं की फोटो हटाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। अपर मुख्य सचिव जितेन्द्र कुमार की ओर से जारी आदेश के अनुसार लोकसभा चुनाव 2024 की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आदर्श आचार संहिता प्रभावी रहने और निर्वाचन अवधि में समस्त शासकीय कार्यालयों से राष्ट्रपति, राज्यपाल के अतिरिक्त समेत समस्त राजनेताओं की फोटो हटाई जानी है। अपर मुख्य सचिव ने समस्त जिला अधिकारियों को निर्देश दिया है शासकीय कार्यालयों से राजनेताओं की तस्वीरें हटवाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। अधिकतर सरकारी कार्यालयों में राजनेताओं के चित्र लगे रहते हैं। जहां रोजाना तमाम फरियादी आते हैं। जिसके चलते आदर्श आचार संहिता प्रभावित न हो इसे लेकर यह निर्देश दिए गए हैं।

## सार-संक्षेप

### दवा की शीशियों के ऐंठ रहे ढाई रुपए

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय में मरीजों का खुलेआम शोषण हो रहा है। होम्योपैथिक चिकित्सालय रामपुर भगन में तैनात चिकित्सक डॉ. आर के वर्मा द्वारा ओपीडी में प्रतिदिन लगभग 80 से 100 मरीजों को दवा दी जाती है, लेकिन फार्मासिस्ट दवा देने के नाम पर 2.50 रुपये प्रति शीशी बतौर शुल्क लिया जा रहा है। मरीज अंश सिंह, अनीता, ललित, भग्गूराम आदि का आरोप है कि यदि पुरानी शीशी लेकर आते हैं तो उसमें दवा नहीं दी जाती है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुकई परेशान मरीजों से बिना शीशी का दाम लिए जाने नहीं देता है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आरके. वर्मा का कहना है कि विभाग से शीशी उपलब्ध नहीं है। इसलिए मजबूरन शीशी के नाम पर शुल्क लिया जाता है।

### निर्वाचन में अनुमति के लिए सिंगल विंडो सिस्टम व्यवस्था

**अयोध्या, अमृत विचार :** निर्वाचन में विभिन्न प्रकार की अनुमति के लिए इस बार सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया गया है। इसके लिए एक स्थान पर सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को तैनात किया गया है। राजनैतिक दलों और प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार के लिए विभिन्न प्रकार की अनुमति ली जाती है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था लागू है। अनुमति जारी करने से पहले संबंधित विभागों से अनापत्ति/आख्या प्राप्त की जाती है। अब कलक्ट्रेट स्थित एसडीएम सदर के न्यायालय पर सिंगल विन्डो/अनुमति सेल, बना दिया गया है। अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यह संबंधित विभाग से अनापत्ति/आख्या प्राप्त कर अनुमति निर्गत कराएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि सभी नामित नोडल अधिकारी-कर्मचारी, अग्रिम आदेश तक एकल विंडो केंद्र पर मौजूद रहेंगे। नोडल अधिकारी/एडीएम सिटी, सहायक नोडल अधिकारी/एसडीएम सदर के निर्देशन में काम करेंगे।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी गठित



चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के गठन का पत्र देते पदाधिकारी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग की उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। मंगलवार को नई कार्यकारिणी का गठन पत्र सौंपा गया। प्रदेश अध्यक्ष हरिकेश प्रसाद और महामंत्री अशफाक हुसैन की ओर से अनुमोदन कार्यकारिणी में शेषमणि को मंडल अध्यक्ष और हनुमान प्रसाद को मंडल महामंत्री बनाया गया है। इसके अलावा सूरज प्रसाद को संरक्षक, शेषमणि को जिलाध्यक्ष, फूलचंद और संतोष कुमार को उपाध्यक्ष, हनुमान प्रसाद व शिव कुमार संयुक्त मंत्री, पवन कुमार संगठन मंत्री और लल्लन वर्मा को प्रचार मंत्री बनाया गया है। संतोष कुमार कोषाध्यक्ष व शत्रुघ्न मौर्य सम्प्रेक्षक बने हैं। वहीं जिला कार्यकारिणी में प्रभावती, निर्मला, मंजू, सुनीता और इंद्रावती शामिल हैं।

### हादसों में छात्र समेत तीन घायल, दो रेफर

**अयोध्या, अमृत विचार :** शहर क्षेत्र में हुए दो हादसों में इंटरमीडिएट बोर्ड का एक छात्र और अधिवक्ता समेत तीन लोग घायल हो गए। इनमें से दो को हायर सेंटर रेफर किया है। नगर कोतवाली के रामनगर मोहल्ले का रहने वाला मोहित शर्मा (18) पुत्र अशोक शर्मा हैदरगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास बस्ती से प्रयागराज जा रही मनवर संगम ट्रेन पर चढ़ने के दौरान हादसे का शिकार हो गया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया है। वह लालबाग स्थित ग्रामर स्कूल में इंटरमीडिएट का छात्र है। उधर रोडवेज बस स्टेशन के पास दो बाइकों की आपस में टक्कर में कैंट थाना क्षेत्र के हसनू कटरा निवासी अधिवक्ता कृष्ण कुमार चतुर्वेदी (52) पुत्र सच्चिदानंद व रौनाही थाना क्षेत्र के करेलू गांव निवासी शैलेंद्र तिवारी (25) पुत्र राजेश तिवारी घायल हो गया। दोनों को सिपाही मनजीत सिंह ने जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से अधिवक्ता को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया है।

### खाते में पैसा पहुंचने की पुष्टि करता है पीएफएमएस : सिंह



कार्यशाला में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान करते मुख्य अतिथि।

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में मानव संसाधन विकास अंतर्गत पीएफएमएस सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली एवं कार्यालय प्रबंधन पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। अपर निदेशक प्रसार डॉ आरआर सिंह ने बताया पीएफएमएस लाभार्थियों के बैंक एवं डाकघर के साथ-साथ खाते के विवरण की पुष्टि करता है। इस एप्लीकेशन से पैसा सीधे लाभार्थियों के खाते में जाने की पुष्टि करता है और गलत भुगतान का खतरा कम हो जाता है। संचालन डॉ अनिल कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ केएम सिंह, डॉ. सौरभ वर्मा, डॉ. एलसी वर्मा, डॉ आरपीएस रघुवंशी, एसपी, आलोक पांडेय, बीएस अजय, ज्वलंत कुमार मौजूद रहे।

# वीआईपी दर्शन कराने के मामले में कई हिरासत में

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सुविधा शुल्क लेकर रामलला के वीआईपी दर्शन कराने के आरोप में पुलिस ने कुछ लोगों को मंगलवार को हिरासत में लिया है। कई दिनों से सोशल मीडिया पर वीआईपी दर्शन के नाम पर सुविधा शुल्क लिए जाने की खबरें सामने आने के बाद ट्रैप लगाकर कुछ लोगों को उठाया गया है। खबर लिखे जाने तक हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ जारी थी। हालांकि इस पूरे मामले पर पुलिस और ट्रस्ट ने चुप्पी साध रखी है।

काफी दिनों से इस बात की चर्चा और भीतरखाने शिकायत चल रही थी कि श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट की ओर से वीआईपी दर्शन की कोई व्यवस्था न होने के बावजूद मंदिर परिसर के आसपास सक्रिय काकस की ओर से सुविधा शुल्क लेकर श्रद्धालुओं को बाईपास एंट्री और मोबाइल के साथ वीआईपी दर्शन कराए जा रहे हैं। मामला पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के संज्ञान में भी लाया गया और इसी के चलते कुछ दिन पूर्व ट्रस्ट को सफाई भी जारी करनी पड़ी थी। हालांकि ट्रस्ट की सफाई और भीतरखाने अधिकारियों की हिदायत के बावजूद मंदिर परिसर के आसपास सक्रिय काकस की कारस्तानी थमी नहीं।

### ट्रस्ट ने मामले में कुछ भी बोलने से किया इन्कार

इस बाबत राम जन्मभूमि थाने के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडेय का कहना है कि अभी ऐसा कोई मामला पुलिस के संज्ञान में नहीं है। वहीं श्रीराम जन्म भूमि ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने इस विषय में कोई बात करने से इंकार करते हुए कहा कि ट्रस्ट ने कुछ दिन पहले भी समाचार पत्रों व सोशल मीडिया के माध्यम से स्पष्ट किया था कि विशिष्ट दर्शन हेतु कुछ निर्धारित शुल्क लेकर अथवा किसी विशेष पास की व्यवस्था श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में नहीं है। यदि भक्तों को कभी पैसा लेकर दर्शन करवाने का समाचार सुनने को मिलता है, तो वह धोखाधड़ी का प्रयास हो सकता है। मंदिर प्रबंधन का इससे कोई संबंध नहीं है।

**सादी वर्दी में पहुंची एसओजी से दर्शन कराने की कही थी बात**

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आए दिन मिल रही शिकायतों को लेकर सुरागरसी और कार्रवाई के लिए जिले की एसओजी को लगाया गया। सादी वर्दी में श्रद्धालु बनकर पहुंचे एसओजी के जवानों से भी इस काकस से जुड़े लोगों से सुविधा शुल्क लेकर वीआईपी दर्शन कराने की बात कही। इसके बाद जवानों ने सुविधा शुल्क की वसूली करते हुए कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया। जिनको किसी अज्ञात स्थान पर रखकर पूछताछ की जा रही है।

# बेसिक विद्यालयों की परीक्षाएं आज से, 31 को आएगा परिणाम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद के तहत कक्षा एक से आठ तक के विद्यालयों के शैक्षिक सत्र 2023/24 की वार्षिक परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो रहीं हैं। 1792 परिषदीय विद्यालयों के साढ़े चार लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा परिणाम 31 मार्च को जारी किए जाएंगे। एक अप्रैल से नए शिक्षा सत्र 2024/25 की शुरुआत हो जायेगी।

बीएसए संतोष कुमार राय ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जायेगी। प्रथम पाली 9:15 बजे से 11:45 बजे तक तथा दूसरी पाली की परीक्षा 12:15 बजे से 2:45 बजे तक चलेगी। उन्होंने बताया कक्षा एक की परीक्षा मौखिक होगी। कक्षा दो व तीन में लिखित व

**दो पालियों में होगी परीक्षा, न्याय पंचायत स्तर पर होगा मूल्यांकन**

मौखिक परीक्षा होगी। इसमें अंकों का अधिभार 50/50 प्रतिशत रखा गया है। कक्षा चार व पांच की भी परीक्षा लिखित एवं मौखिक होगी। इसमें अंकों का अधिभार 70 एवं 30 प्रतिशत रहेगा। कक्षा छह से आठ तक की 50 अंकों की लिखित परीक्षा होगी। मौखिक परीक्षा की अवधि प्रधानाध्यापक निर्धारित करेंगे। कक्षा पांच की वार्षिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन संकुल (न्याय पंचायत) स्तर पर अन्य विद्यालय के अध्यापकों से कराया जाएगा। कक्षा आठ की उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन विकास खंड स्तर पर अन्य संकुल के अध्यापकों से कराने के निर्देश परिषद सचिव द्वारा जारी किए गए हैं। परीक्षाफल के आधार पर छात्र-छात्राओं को 31 मार्च को परीक्षा परिणाम वितरित किया जाएगा।

**पहल** | सभी परिषदीय विद्यालयों में होगी मतदाताओं की चौपाल, शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य

# चाचा चौधरी-सांप सीढ़ी का खेल करेंगे मतदाताओं को जागरूक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लोकतंत्र के महापर्व पर इस बार भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए इस बार एक और अभिनव प्रयोग किया जा रहा है। इसे परिषदीय विद्यालयों से जोड़ते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने की कवायद शुरू कर दी गई है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस बार शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के माध्यम से अनोखे ढंग से जागरूकता का मैप तैयार किया गया है। आयोग के निर्देश पर महानिदेशक स्कूल शिक्षा की ओर निर्देश जारी किए गए हैं। शिक्षकों और अभिभावकों




मतदाता जागरूकता के लिए सांप-सीढ़ी का लेआउट।

को जागरूक करने के लिए एक रोचक कार्यक्रम तैयार किया गया है जिसमें चाचा चौधरी की कॉमिक्स और सांप-सीढ़ी के खेल के जरिए ग्रामीण मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा जारी की गई चाचा चौधरी की सॉफ्ट कॉपी सभी स्कूलों में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस कॉमिक्स में भारत सरकार द्वारा मतदाता जागरूकता को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। जिससे कि मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए तैयार हों। इतना ही नहीं प्रत्येक परिषदीय विद्यालयों में होने वाली मतदाता पंचायत में भी सांप-सीढ़ी के खेल के जरिए भी जागरूक किया जाएगा। छात्रों को मेरे प्यारे मम्मी पापा नाम से एक संकल्प पत्र प्रदान किया जायेगा। जो अपने अभिभावकों से भरवाएंगे। संकल्प पत्र की भाषा भी भावनात्मक रखी गई है। इसके अलावा मतदाता वर्णमाला और जागरूकता गीत भी परिषदीय विद्यालयों को उपलब्ध कराए जाएंगे। अभिभावकों से संकल्प पत्र भरवा कर पांच मई तक निदेशालय को हर हाल में उपलब्ध कराने के आदेश हैं।

### स्कूलों में गठित होंगी बुलावा टीमें

लोकसभा चुनाव में बेहतर मतदान प्रतिशत के लिए सभी परिषदीय विद्यालयों में बुलावा टीमों का गठन भी किया जाएगा। छात्र-छात्राओं को शामिल कर मतदान दिवस पर मतदान के लिए मतदाताओं को घर से बुलाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। बुलावा टीम में एक शिक्षिका और मेधावी छात्र-छात्राओं को शामिल किया जाएगा। शिक्षा निदेशक बेसिक प्रताप सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार स्वीप योजना के तहत शिक्षक संकुल की बैठकों में भी जागरूकता का प्रयास किया जाए।

> आयोग और निदेशक द्वारा जारी आदेश का पालन कराया जा रहा है। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को इसके लिए निर्देश दे दिए गए हैं। जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित होंगे। **-संतोष कुमार राय, बीएसए**

## बस की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की हुई मौत

**सोहावल, अयोध्या।** रौनाही थाना के सब्जी बाजार जुबेरगंज के पास मंगलवार की भोर में बालू लाद कर आ रही ट्रैक्टर-ट्राली को पीछे से आ रही चारबाग डिपो की बस ने टक्कर मार कर दी। टक्कर से ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए ट्रैक्टर चालक को पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। जहां उसकी मौत हो गई। चालक की शिनाख्त विनोद कुमार सिंह (40) पुत्र प्रेमनाथ सिंह निवासी बेउंदा गोंडा के रूप में हुई है। थाना प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर छानबीन कराई जा रही है। मृतक के शव का पोस्ट मार्टम कराया जा रहा है, तहरीर मिलने पर केस पंजीकृत किया जाएगा।

# धर्मशास्त्र और वेंदात प्रतिस्पर्धा में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

## अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा के दूसरे दिन हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं, उत्कृष्ट प्रतिभागी होंगे पुरस्कृत

अयोध्या कार्यालय



प्रो . सदाशिव द्विवेदी, प्रो . केशवंत, प्रो . पराग जोशी का सम्मान करते हुए डॉ . प्रफुल्ल गडपाल।



संस्कृत विद्वान शिक्षिका को सम्मानित करते निदेशक।

**अमृत विचार :** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की 61वीं अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा के दूसरे दिन मंगलवार को मणिराम दास छावनी का श्रीराम सत्संग भवन 28 राज्यों से आए 600 प्रतिभागियों की प्रतिभा का गवाह बना। विश्वविद्यालय के कुलपति श्रीनिवास वरखेडी के निर्देशन में शुरु हुई शास्त्रीय प्रतिस्पर्धाओं का शुभारंभ मंगल आरती और और मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि से हुआ।

पहले दिन की प्रतिस्पर्धाओं में सुबह साढ़े आठ बजे मीमांसा भाषण, व्याकरण भाषण, धर्मशास्त्र समेत ज्योतिष और न्याय भाषण पर प्रतिस्पर्धा हुई। इन प्रतिस्पर्धाओं में विभिन्न प्रदेशों से आए 100 से अधिक संस्कृत छात्रों ने प्रतिभाग किया। छात्रों ने आधारित विषयों पर अपनी प्रस्तुति देते हुए कंठस्थ वेद पाठों का उच्चारण किया। इसके बाद दोपहर अर्थशास्त्र शलाका, वेदांत शलाका, न्याय शलाका, ज्योति शलाका पर प्रतिस्पर्धा हुई। पहले दिन रामनगरी के विभिन्न स्थानों पर तृतीय सोपान में अष्टाध्यायी कण्ठ पाठ, धातु रुप कण्ठ पाठ और शास्त्रार्थ विचार विषयों पर प्रतिस्पर्धा हुई। प्रथम दिवस की इन प्रतिस्पर्धाओं में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति से निर्णायक मंडल को भी अच्मभित कर दिया। प्रतिस्पर्धा का संयोजन वेद शास्त्री प्रो लोकमान्य मिश्र द्वारा किया गया।

### कुलपति ने निर्णायक मंडल के साथ किए रामलला के दर्शन

अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा को लेकर अयोध्या में प्रवास कर रहे केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति श्रीनिवास ने विभिन्न प्रदेशों से आए संस्कृत के विद्वानों के साथ मंगलवार को रामलला का दर्शन पूजन किया। रामलला के प्रति श्रद्धा निवेदित करते हुए शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा और छात्र - छात्राओं की मंगल कामना की। इसके साथ ही हनुमानगढ़ी के दर्शन के बाद अन्य मठ-मंदिरों का भ्रमण किया। संस्कृत विश्वविद्यालय की ओर से बुधवार को द्वितीय सोपान में शाम पांच बजे सरयू आरती का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसमें 28 प्रदेशों से आए संस्कृत के छात्र - छात्राओं के साथ निर्णायक मंडल के 99 सदस्य भी शामिल होंगे।

### आज के कार्यक्रम

20 मार्च को को सुबह 8.30 बजे से 11.30 बजे तक मीमांसा भाषण, जैनबौद्ध भाषण, सांख्ययोग भाषण, वेदभाष्यभाषण, आयुर्वेद भाषण, भारतीय विज्ञान भाषण का आयोजन। पूर्वाह्न 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक पुराणेहितास शलाका, साहित्य शलाका, काव्य शलाका, भारतीय गणित शलाका, शास्त्रार्थविचार (द्वितीय सोपान) का आयोजन। दोपहर 2.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक भगवद्गीता कण्ठपाठ, सुभाषित कण्ठपाठ, शास्त्रार्थ विचार (अन्तिम सोपान)। शाम 5:00 बजे से सरयू आरती।

### संस्कृत के साथ संस्कृति और परंपराओं का भी आदान-प्रदान

अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा में यहां पहुंचे गुरुकुल और संस्कृत महाविद्यालयों के विद्यार्थी संस्कृत के संग सांस्कृतिक विरासतों का भी आदान-प्रदान कर रहे हैं। विभिन्न 28 प्रदेशों से पहुंचे छात्र - छात्राओं द्वारा ज्ञान साझा करने के साथ अपनी परंपराओं का भी आदान-प्रदान किया जा रहा है। उड़ीसा, केरल, राजस्थान, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, गुजरात, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश की परम्पराओं को भी सहेजा जा रहा है।

### शास्त्रीय प्रतिस्पर्धाओं के यह विद्वान बने साक्षी

प्रतिस्पर्धाओं में मंगलवार को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, कुलपति प्रो . श्री निवास वरखेडी, कार्यक्रम अधिकारी प्रो . मधुकेश्वर भट्ट, लखनऊ परिसर के निदेशक एवं वरिष्ठत आचार्य प्रो . सर्वनारायण झा, लोकमान्य मिश्र, प्रो . मदनमोहन पाठक और आचार्य प्रो . देवी प्रसाद द्विवेदी, आचार्य भारतभषण त्रिपाठी, आचार्य धनीन्द्र कुमार झा, आचार्य गुरुचरण सिंह नेगी, आचार्य गणेश शंकर विद्यार्थी, डॉ . प्रफुल्ल गडपाल, डॉ . एस . पी सिंह, डॉ . चन्द्रश्री पाण्डेय, डॉ . हीरा पाण्डेय, डॉ . स्वाति माजटा साक्षी बने। बताया गया देश के विभिन्न राज्यों से आए सभी छात्र-छात्राओं को स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक, रजत पदक, कास्य पदक प्राप्त छात्र-छात्राओं को मोमेण्ट्रों, नगद राशि दी जायगी। निदेशक प्रो . सर्वनारायण झा ने कहा कि यह शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा देश में संस्कृत के संवर्धन के लिए मील का पत्थर प्रमाणित होगी।

## एक नजर

### कोतवाली में हुई शांति कमेटी की बैठक

**गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली में होली पर्व को लेकर एसडीएम सदर रामकुमार पांडेय व एएसपी अरुणकुमार सिंह की अगुवाई में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में लोगों से होली को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई। एसडीएम सदर ने कहाकि इस समय होली,रमजान के साथ आचार संहिता चल रही है।कोई भी गलत हरकत आपको मुसीबत में डाल सकती है। एएसपी अरुणकुमार सिंह ने कहा कि कोई नई परम्परा किसी को नही डालने दी जाएगी। एसएचओ परशुराम ओझा ने कहा नशे से दूरी बनाकर रखे,क्योकि नशा ही सबका जड़ है। ईओ इंद्रभान, सभासद आलोक, अवधेश, रविन्द्र, हनुमान सोनी, हेमंत गुप्ता, शशिकुमार अँगियार, शिवशंकर वर्मा, इकबाल अहमद आदि मौजूद रहे।

### मारपीट में तीन लोगों पर मुकदमा, एक गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** कुछ दिन पहले गांव में भैस चरा रहे व्यक्ति की तीन लोगों ने पिटाई कर दी गई थी, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने एक नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कटका थानाक्षेत्र के मसोढा गांव निवासिनी माया देवी पत्नी सुरेंद्र सिंह ने पुलिस से शिकायत किया है कि उसके पति रविवार को गांव स्थित शुभम यादव के भट्ठे के करीब अपनी भैंस चरा रहे थे। इसी बीच रंजिशन राज कुमार निवासी एक डंगा और दो अन्य अज्ञात लोगों ने पिटाई करते हुए सिर पर लाठी से वार कर दिया। भट्ठा मालिक ने घायल सुरेंद्र सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भियांव भर्ती कराया। स्थिति नाजुक देख चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल और वहां से फिर पीजीआई लखनऊ रेफर कर दिया था।

# युवक का अधजला शव मिलने से हड़कंप

▸▸ एएसपी ने मामले के खुलासे के लिए चार टीमों का किया गठन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



घटना की सूचना के बाद मौके पर मौजूद पुलिस बल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मीरानपुर में लाल ब्रदर्स पेट्रोल पंप के पास मंदिर के बगल युवक का अधजला शव मिलने से सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अकबरपुर नगर के मीरानपुर में लाल ब्रदर्स पेट्रोल पंप के पास मंदिर के बगल खंडहर में करीब 30 वर्षीय अज्ञात युवक का स्थानीय लोगों ने अधजला शव देखा। जिसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस शव के शिनाख्त के प्रयास में जुटी हुई है। युवक का चेहरा झुलसा होने से शव की पहचान नहीं हो सकी है। घटना की सूचना के बाद अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पांडेय ने मौके का निरीक्षण किया। एएसपी ने बताया कि फॉरेंसिक टीम व स्थानीय पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। घटना के अनावरण के लिए चार टीमों का गठन किया गया है।

# जलभराव से निजात दिलाने को कमेटी का गठन

▸▸ नगर आयुक्त ने रामपथ के आस-पास के नालों का निरीक्षण करने के दिए निर्देश

अयोध्या कार्यालय



कम्युनिटी सेंटर का निरीक्षण करते नगर आयुक्त संतोष शर्मा।

**अमृत विचार:** अवधपुरी कॉलोनी के महात्मा गांधी वार्ड में जलभराव की समस्या को लेकर आंदोलित हुए लोगों को देखकर नगर आयुक्त एक्शन में आ गए हैं। मंगलवार को नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने रामपथ के आस-पास स्थित नालों का संयुक्त निरीक्षण करने व मौके पर आ रही समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त कार्यालय में मंगलवार को संतोष शर्मा ने जलभराव की समस्या के निराकरण के लिए विभागीय अधिकारी व लोक निर्माण विभाग खंड-3 के अभियन्ताओं के साथ. बैठक की। उन्होंने कहा कि रामपथ के निर्माण के दौरान मार्ग पर पड़ने वाले नालों के क्षतिग्रस्त होने व निर्माण सामाग्री आदि के कारण जल प्रवाह अवरुद्ध होने की समस्याएं सामने आ रही है। इस संबंध में उपस्थित अभियंताओं व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को टीम गठित करते हुए रामपथ स्थित नालों का संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, वागीश कुमार शुक्ला, अनिल कुमार सिंह, मुख्य अभियन्ता राजवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### कम्युनिटी सेंटर का किया निरीक्षण

नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा ने परियोजना अधिकारी के साथ मलिकपुर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवास व निराश्रित महिलाओं और बच्चों के लिए निर्मित कम्युनिटी सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिए।

# गेंहू खरीद के लिए समय पर नहीं हो रहा सत्यापन

अयोध्या

**अमृत विचार:** गेंहू खरीद के आवेदन करने वाले किसानों का सत्यापन समय पर नहीं हो पा रहा है। इसको लेकर जिलाधिकारी नितीश कुमार ने मंगलवार को सभी उपजिलाधिकारियों को पत्र भेजा है। जिले में 54 हजार मीट्रिक टन गेंहू खरीद का लक्ष्य है। छह खरीद एजेंसियों को अलग-अलग लक्ष्य दे दिया गया।

किसानों से गेहूं खरीदने के लिए कुल 68 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। गेंहू बेंचने के लिए अब तक 1982 किसानों का पंजीकरण किया गया है। गेंहू खरीद के लिए व्यवस्था यह है कि किसान से बोए गए गेंहू के रकबे के आधार पर उसका सत्यापन 24 घंटे के अंदर किया जाए। जिससे किसानों को तहसील न आना पड़े। पोर्टल पर अब तक केवल 1472 किसानों का सत्यापन किया जा सका है। 510 किसानों के रकबे का सत्यापन अब तक नहीं किया जा सका है। ऐसे में यदि किसान बेचना भी चाहेगा तो उसे तहसील का चक्कर लगाना पड़ेगा। डीएम ने सभी उपजिलाधिकारियों को पत्र भेजा है। कहा है कि इसका सत्यान पूर्ण किया जाए। साथ ही प्रतिदिन इसकी समीक्षा की जाए।

### गैस सिलेंडर फटने से घर में लगी आग, बाल-बाल बचे लोग

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** खंडासा थाने के ग्राम मटेरा में गैस सिलेंडर फटने से आग लग गई। जिसमें किसान का घर जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से मकान मालिक का लाखों का नुकसान हुआ है। खंडासा थाना अंतर्गत बहादुरगंज चौराहा के निकट ग्राम मटेरा मौजा कौराह में सोमवार रात करीब साढ़े दस बजे ग्रामवासी सुरेश महरा के घर में अचानक गैस सिलेंडर फटने से आग लग गई। जिसमें लाखों रुपए का नुक़सान हुआ है। सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि गैस सिलेंडर फटने से घर में भीषण आग लग गई। हालांकि अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुआ है, लेकिन घर का सामान जलकर राख हो गया। हल्का लेखपाल विजेंद्र मिश्रा ने बताया कि मौके का जायजा लेकर रिपोर्ट तहसील कार्यालय को प्रेषित की जायेगी।

# युवती से किया दुष्कर्म का प्रयास

▸▸ पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** दुष्कर्म के प्रयास के मामले में पीड़ित युवती न्याय पाने के लिए घंटों थाने में बैठी रही। मामला क्षेत्राधिकारी के संज्ञान में आने के बाद पुलिस पीड़िता को रात में प्राथमिक उपचार और मेडिकल के लिए भेजा। वहीं पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

बता दें कि युवती रविवार की देर रात वाथरुम के लिए घर से बाहर निकली थी तभी रिश्तेदारी में रह रहा एक युवक घात लगाकर बैठा था। जो पकड़ कर जबरिया संबंध बनाने का प्रयास करने लगा। आरोपी युवक ने युवती को पटक दिया, जिससे युवती को चोट भी आई। इसके बावजूद भी आरोपी युवक द्वारा युवती के गले में गमझा लगाकर कस दिया गया, जिससे युवती बेहोश हो गई। होश आने घर पहुंची और अपनी मां को सारी बात बताई। परिजन घटना को सुनकर आहत हो गए। घटना के बारे में ग्राम प्रधान व रिश्तेदारों से समझ बूझ कर परिजन पीड़िता को लेकर मालीपुर थाने पहुंची। कई घंटे बाद थानाध्यक्ष आईं और बिना कुछ पूछताछ के अपने कमरे पर चली गई। देर रात अचानक क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य पहुंचे। जहां युवती को बैठा देख पूछताछ किया। युवती ने सीओ को सारी बात बताई जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए तुरंत युवती का उपचार कराकर कार्यवाही का निर्देश दिया। मालीपुर पुलिस हरकत में आते हुए उपचार और मेडिकल परीक्षण के लिए जलालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रात में लेकर पहुंची। जहां उपचार तो हुआ लेकिन मेडिकल परीक्षण नहीं किया गया। पुलिस ने आरोपी दुर्गेश निवासी डौडीपुर थाना अखंडनगर जिला सुलतानपुर को गिरफ्तार कर लिया है। इसके विरुद्ध छेड़खानी प्राण घातक हमला समेत मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### सम्मेलन के जरिये लोगों को किया गया जागरूक



सम्मेलन में बेटा और बहू को उपहार प्रदान करती सीएचओ। अमृत विचार

**मवई,अयोध्या। अमृत विचार :** मवई ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवई अंतर्गत उपकेंद्र दुल्लापुर मानापुर में सास-बहू, बेटा सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राइमरी स्कूल मानापुर प्रधानाचार्य कपिलदेव वर्मा, दुल्लापुर प्रधान भोला यादव रहे। सीएचओ डॉ . यशी अग्निहोत्री व एएनएम गीता द्वारा बेटों को प्रेरित किया गया की अपने माता-पिता का ख्याल रखना चाहिए। बहू को समझाया गया कि सास का ख्याल रखना और सेवा करना चाहिए। सभी सास बहू को उपहार भेंट किया गया। इस मौके पर संदीप यादव, एएनएम गीता, आशा शैल कुमारी, आशा राजवती, आशा मंजू देवी, आशा गुड़िया देवी, आशा नीलम आदि मौजूद रहीं।

### धूमधाम से मनाया गया प्राथमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव



वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र - छात्राएं।

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र पूराबाजार के प्राथमिक विद्यालय सूखापुर इटौरा में मंगलवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से बनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री चक्रवर्ती सिंह, विशिष्ट अतिथि अंबिकेश त्रिपाठी व ग्राम प्रधान श्याम सती ने किया। बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, देश भक्ति गीत, भाव नृत्य, एकांकी व नाटक प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि ज्ञान के साथ-साथ अनुशासन और संस्कार बहुत आवश्यक है। इसके बगैर बच्चों का समुचित विकास संभव नहीं होता है। प्राथमिक शिक्षक संघ पूरा के अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता, पूर्व प्रमुख सतीश चंद्र पांडेय, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संगठन मंत्री संचराज वर्मा ने भी संबोधित किया। संचालन दीपा ने किया। ग्राम पंचायत अधिकारी ज्योति, अंजनी सिंह, अनिल सिंह, प्रभुदीन आदि मौजूद रहे।

### मनरेगा कर्मियों की होली फीकी रहने के आसार

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** मनरेगा में काम करने वाले कर्मचारियों को लगभग साल भर से मानदेय नहीं मिला। होली के त्योहार में चार दिन रह गए हैं। अब इन कर्मचारियों की होली फीकी रहने के आसार हैं। जिले में मनरेगा कर्मियों की संख्या लगभग छह सौ है। इनमें एपीओ, अकाउंटेंट, टीए और रोजगार सेवक शामिल है। मनरेगा कर्मियों की माने तो इनमें कुछ को साल भर से तो कुछ लगभग नौ महीने से मानदेय ही नहीं मिला। अभी कुछ दिन पहले टीए को मानदेय का भुगतान जरूर हुआ लेकिन उनको भुगतान इसलिए हो गया कि उसके लिए अलग से बजट का आवंटन नहीं करना होता है। मैटेरियल के मद में आवंटित होने वाले 40 फीसदी रकम से ही ही उनको भुगतान की व्यवस्था है। ऐसे में इस मद में पैसा आवंटित होने पर टीए को पैसे का भुगतान हो जाता है। अन्य कर्मियों के लिए अलग से बजट आवंटित होने पर ही भुगतान हो सकता है। होली निकट होने के बावजूद सैकड़ों कर्मचारियों को अब तक मानदेय नहीं मिला। मानदेय भुगतान की मांग को लेकर मनरेगा कर्मियों ने जले के अफसरों को मांग पत्र सौंपा था। आश्वासन भी मिला था लेकिन अब तक पैसा तो नहीं मिला। कर्मचारियों का कहना है कि यदि 20 मार्च तक मानदेय भुगतान का कोई आदेश नहीं आ जाता तो इसके मिलने की उम्मीद न के बराबर हो जाएगी।

### बीज खरीद के लिए किसानों को मौके पर ही मिलेगा अनुदान

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** किसानों को बीज खरीदने पर उन्हें अनुदान के लिए लंबा इंतजार नहीं करना होगा। अब मौके पर ही उन्हें अनुदान का सीधा लाभ दिया जाएगा। जिला कृषि अधिकारी ओ पी मिश्र के अनुसार राजकीय बीज गोदामों से बीज खरीदने के लिए पूरा मूल्य नहीं चुकाना होगा। पीओएस प्वाइंट आफ सेल मशीन पर अंगूठा लगाकर किसान अनुदान पर बीज ले सकेंगे। किसानों को राजकीय बीज गोदामों से अनुदान पर धान, मक्का, अरहर, ढैचा, गेहूं, चना, मटर, सरसों, जौ सहित अन्य बीज अनुदान पर उपलब्ध कराए जाते हैं। बीज की कालाबाजारी रोकने के लिए शासन ने 2015 में नई व्यस्था लागू की थी। इसके तहत किसानों को बीज का पूरा मूल्य चुकाना होता था। अनुदान की राशि किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाती है। डीबीटी के लिए किसानों को लंबा इंतजार करना होता था। कभी-कभी उनके बैंक खाता में अनुदान की राशि नहीं पहुंचती थी। अब शासन ने किसानों की यह परेशानी दूर कर दी है। उन्हें अनुदान पर सीधे बीज उपलब्ध हो जाएगा। बीज का पूरा मूल्य नहीं चुकाना होगा।कृषि विभाग ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है।

# प्लांट के लिए अफसरों ने देखी जमीन

▸▸ जनपद में गेल इंडिया लिमिटेड लगाएगा बायो एनर्जी प्लांट

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



भीटी तहसील क्षेत्र में जमीन देखते गेल इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिध व एसडीएम।

**अमृत विचार।** निदेशक यूपी नेडा द्वारा जिलाधिकारी अविनाश सिंह को जनपद में गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा बायो एनर्जी प्लांट के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए आग्रह किया गया। जिसके बाद मंगलवार को गेल इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधि जनपद आए। उन्होंने उद्योग विभाग सहित जिलाधिकारी से मुलाकात किया। जिलाधिकारी ने उन्हें जमीन उपलब्ध कराने के लिए अस्वस्थ किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

गेल इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने जमीन के लिए जिलाधिकारी से आग्रह किया। जिसके बाद जिलाधिकारी ने उद्योग विभाग और राजस्व विभाग के टीम को निर्देशित किया और 20 एकड़ या इससे अधिक जमीन जो भी तहसील में उपलब्ध है उसको दिखाने के लिए कहा। जिसके बाद उद्योग विभाग और तहसील भीटी के अधिकारी और गेल इंडिया लिमिटेड के आए हुए प्रतिनिधि द्वारा ग्राम विकवाजीतपुर यादव नगर को दिखाया गया। इसके साथ ही उपलब्ध अन्य जमीनों को भी दिखाया जा रहा है। इनके द्वारा एग्रीकल्चर वेस्ट मटेरियल से सीएनजी और पीएनजी बनाया जाएगा। पीएनजी घर में खाने बनाने के लिए और सीएनजी गाड़ियों में ईंधन के रूप मे उपयोग होगा। अवगत कराना है की एग्रीकल्चर के वेस्ट मटेरियल से बायो एनर्जी के लिए रिलायंस लिमिटेड और जैनी केमिकल के भी प्रोजेक्ट जनपद में लगाए जा रहे हैं।

### सूखेगा हलक, न ही पांव में पड़ेंगे छाले

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** रामनगरी में इस वर्ष चैत्र रामनवमी बड़ी ही उत्साह के साथ मनाई जाएगी। लगातार तीन दिन तक श्रद्धालुओं को रामलला का दर्शन कराए जाने की योजना पर मंथन चल रहा है। गर्मी और तेज धूप के बीच रामलला के दर्शन के लिए लाइनों में लगे राम भक्तों के पैर को कोई जलन न हो इसके लिए जूट की मैट बिछाए जाने की योजना है। यही नहीं लाइन में ही खड़े रहने वाले भक्तों को पानी उनके पास तक पहुंचाने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट समाजसेवी संगठन और एनजीओ से संपर्क कर रहा है। ट्रस्ट के सदस्य डॉ . अनिल मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि जल्द ही संगठनों के द्वारा पानी के वितरण का कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। उन्होंने कहा रामलला के दर्शन मार्ग पर मैटी बिछी हुई है। ट्रस्ट की योजना है कि आगामी दिनों में दर्शन मार्ग पर जूट की मैटिंग बिछाई जाए, ताकि राम भक्तों को किसी तरह का कष्ट न हो।

# लेखपाल और कानूनगो पर फर्जीवाड़े का आरोप

▸▸ पीड़ित ने मामले की एसडीएम से की शिकायत

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** अभी लेखपाल का घूस लेने का मामला थमा नहीं था कि इसी बीच उक्त लेखपाल का एक और कारनामा सामने आया है। जहां न्यायालय के आदेश को दर किनार कर लेखपाल और कानूनगो की मिलीभगत से पंजीकृत वसीयत के अनुसार खतौनी में नामांतरण के बजाय दूसरे के नाम वरासत कर दिया गया है। मामला संज्ञान में आने के बाद तहसीलदार हुबलाल ने लेखपाल और कानूनगो के खिलाफ जांच का आदेश दिया है। मामला तहसील के भियांव ब्लॉक रामगढ़ अंगराघाट गांव का है। गांव निवासिनी लखराजी देवी ने मौत से पूर्व अपने पोते संजय कुमार के नाम वसीयत दर्ज कर दिया था। दादी की मौत के बाद संजय कुमार ने नायब तहसीलदार अदालत में दादी के वसीयत के अनुसार जमीन अपने नाम करने का वाद दायर किया। दायर मुकदमा में कोई आपत्ति दाखिल नहीं थी। कोर्ट ने 20 दिसंबर 2023 को मृतका लाखराजी की संपत्ति पोते के नाम दर्ज करने का आदेश पारित कर दिया। कोर्ट के आदेश पर लिपिक नामांतरण की प्रक्रिया कर रहा था। उधर, लेखपाल और कानूनगो ने कोर्ट के आदेश को धता बताते हुए नियम के खिलाफ वरासत दर्ज कर लिया। नकल खतौनी पर वसीयत के आदेश के बजाय वरासत द्वारा नामांतरण होने से व्यथित पीड़ित संजय कुमार ने एसडीएम को शिकायती पत्र दिया और लेखपाल और कानूनगो पर मिलीभगत का आरोप लगाकर फर्जीवाड़ा किए जाने का आरोप लगाया।

### पति समेत नौ लोगों पर मुकदमा दर्ज

**फतेहपुर, बाराबंकी :** विवाह के सात वर्ष बाद विवाहिता में ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज के लालच में घर से भगा दिया। महिला के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धरौली निवासी शंभू ने अपनी पुत्री रेनू का विवाह 2016 में थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के ग्राम तुलसीपुर मजरे पर्वतपुर निवासी राजेश के साथ किया था। आरोप है कि विवाह के बाद ही ससुराल पक्ष के लोग उसकी पुत्री को दो लाख रूपए लाने के लिए आए दिन प्रताड़ित करने लगे। सितम्बर 2023 में उसकी पुत्री को घर से भाग दिया, धमकी दी कि जब तक दहेज नही लाओगी तब तक वापस नहीं आना। महिला के पिता ने इसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने पति राजेश, ससुर राम मिलन, सांस रामकली, देवर कुलदीप, दिलीप, प्रहलाद, धनंजय, ननद रीता व सीमा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल डीके सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

**जलालपुर नगर पालिका** वार्ड नंबर 22 में दूषित पानी की सप्लाई होने से लोगों को हो रही है परेशानी, जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे हैं ध्यान

# चार माह से वार्डवासियों को नहीं मिल रहा है शुद्ध जल

जलालपुर, अंबेडकरनगर।



जलालपुर के वार्ड नं . 22 में दूषित पानी के साथ मौजूद लोग।

**अमृत विचार।** नगर पालिका के मनमानी के चलते कई वार्डों में दूषित पानी की सप्लाई होने के कारण पेयजल का संकट उत्पन्न होने के कगार पर है। जिससे स्थानीय लोगों में नगर पालिका के प्रति काफी आक्रोश है। सूचना के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

बता दें कि जलालपुर नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 22 में बीते चार महीने से दूषित पानी की सप्लाई लगातार हो रहा है। जिसको लेकर स्थानीय लोगों द्वारा कई बार प्रार्थनापत्र देकर दुरुस्त कराए जाने की मांग की है। स्थानीय लोगों द्वारा घरों में आ रहे दूषित पानी को बोतल में भरकर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी कार्यालय पहुंचे, लेकिन लगभग एक घंटे इंतजार के बाद भी अधिशासी अधिकारी यदुनाथ से लोगों की मुलाकात नहीं हो सकी। जिसके कारण ईओ से मिलने आए हुए स्थानीय लोग वापस चले गए। इससे पहले भी जलालपुर नगर के मोहल्ला छाछू, पश्चिम की तरफ में दूषित जल के सप्लाई होने के कारण लोग पीलिया, हेपेटाइटिस जैसी जानलेवा बीमारी के शिकार हुए थे। बड़ी संख्या में इस गम्भीर बीमारी के फैलाने से डाक्टरों की एक टीम प्रभावित लोगों का ब्लड सैंपल व दूषित पानी का सैंपल लेकर जांच भी किया था। जिसका इलाज लोग आज भी करवा रहे है। इसके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी क्षेत्रवासियों के जीवन से लगातार खिलवाड़ कर रहे है। जबकि इस गंभीर बीमारी के चपेट मे आने की वजह से लोग अपनी जान भी गवां चुके हैं। इसके बावजूद भी पालिका प्रशासन मौन धारण किए हुए है।

### ईओ बोले-जल्द किया जाएगा समस्या का समाधान

वहीं इस संबंध में जब अधिशासी अधिकारी यदुनाथ से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि उसमापुर वार्ड में लगे पंप के बोरिंग खराब हो जाने के कारण उसे बंद करवाया जा रहा था। लेकिन स्थानीय लोगों ने यह कहते हुए बंद न करने की अपील किया कि पंप बंद हो जाने से लोगों को और भी समस्याएं उत्पन्न हो जाएगी। जबकि पीने का पानी तो अन्य जगह से व्यवस्था हो जाएगी। जिस पर पंप को बंद नहीं किया गया। लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराने के लिए उस्मापुर क्षेत्र में लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से बोरिंग करवाकर पंप लगाई जा रही है। बोरिंग का कार्य पूरा होते ही लोगों को शुद्ध जल की सप्लाई मिला शुरू हो जाएगा।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैंसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर: 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112



# पारदर्शी व शांतिपूर्ण तरीके से हो लोकसभा चुनाव

## जिलाधिकारी ने एनआईसी कक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक, दिए अहम निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी।

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एनआईसी कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी व मुख्य कोषाधिकारी द्वारा विस्तार पूर्वक निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में राजनीतिक दलों के लिए निर्गत अनुदेशों की प्रस्तावना, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का उद्देश्य, निर्वाचन के दौरान प्रत्याशियों द्वारा व्यय की सीमा और अन्य निर्देशों को विस्तार से बताया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संचालित किया जाए।

आयोग का प्रयास है कि अभ्यर्थियों और राजनीतिक दलों समेत सभी हितधारकों के लिए एक समान अवसर दिए जाने के सिद्धांत को न बिगाड़ा जाए। निर्वाचन प्रक्रिया को धन शक्ति के दुरुपयोग सहित किसी भी साधन से दूषित नहीं होने दिया जाए। निर्वाचन व्यय के लिए सहूलियत देने और इसका अनुवीक्षण करने के लिए एक सुव्यवस्थित तंत्र अपनाया जाए। धन और बल के खतरे पर अंकुश लगाते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने यह सुनिश्चित किया की आम जनता को किसी और असुविधा का सामना न करना पड़े। निर्वाचन व्यय की पहली श्रेणी विधिक व्यय है, जिसकी निर्वाचन-प्रचार के लिए कानून के अंतर्गत अनुमति दी गई है। बशर्ते वह अनुमेय सीमा के भीतर हो। निर्वाचन व्यय की दूसरी श्रेणी में उन मदों पर किए गए खर्च शामिल हैं, जिनकी कानून के तहत अनुमति नहीं दी जाती है, जैसे कि धन, शराब का वितरण या निर्वाचकों को प्रभावित करने के प्रयोजन से वितरित की गई या दी गई कोई अन्य वस्तु। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अभ्यर्थी को सभी व्ययों का पृथक और सही लेखा रखना अनिवार्य है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियमए 1951 की धारा 78 के अनुसार निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को निर्वाचनों के परिणाम घोषित होने के 30 दिन के अंदर जिला निर्वाचन अधिकारी के पास अपने निर्वाचन व्ययों के लेखे की सही प्रतिलिपि दाखिल करनी होती है। इसके अतिरिक्त मुख्य कोषाधिकारी द्वारा अन्य बिंदुओं के बारे में भी जानकारी दी गई। बैठक के दौरान प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को किया गया प्रशिक्षित

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की घोषणा के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी और सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। प्रथम पाली का प्रशिक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में विधानसभा क्षेत्र अकबरपुर के जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस को दिलाया गया। इस दौरान प्रशिक्षकों द्वारा विस्तार पूर्वक भारत निर्वाचन आयोग के दिए गए निर्देशों को अवगत कराया गया साथ ही साथ कंट्रोल यूनिट, वैलिड यूनिट और वीवी पैट को सुचारू रूप से संचालित करने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही डेमो करके दिखाया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से इसके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी ली गई और द्वितीय पाली का प्रशिक्षण विधानसभा क्षेत्र जलालपुर के जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक, परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर, डीसी मनरेगा, डीसीएनआरएलएम, जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस मौके उपस्थित रही।

# चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करें अधिकारी



अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित करते डीएम और साथ में एडीएम।

- लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों को किया गया प्रशिक्षित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थिति में लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पोस्ट बैलेट, ईटीपीबीएस के संपूर्ण प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें समस्त उप जिलाधिकारी, कंप्यूटर ऑपरेटर, सहायक नोडल प्रभारी अधिकारी और सहायक प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट सभागार में मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता और सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. महेश चंद द्विवेदी ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों को विस्तारपूर्वक प्रक्रिया समझाई गई और प्रेक्टिकल करके दिखाया भी गया। उन्होंने समस्त प्रोफार्मा 13ए, 13बी, 13सी, 13डी, लिफाफा और मतदान प्रक्रिया को विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान एफएसटी और वीएसटी टीम भी उपस्थित रही। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग के दिए गए निर्देशों को बताया और उसका पालन करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, उप जिलाधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला विकास अधिकारी सुनील तिवारी, डीसी मनरेगा, परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर, जिला सूचना अधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी और निर्वाचन में लगाए गए अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई–निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/यांत्रिक (समाडि)/पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई–निविदा सूचना संख्या या/समाडि/10/2023-24 दिनांक 16-03-2024 के माध्यम से एक पैकेट सिस्टम पर आधारित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** गाजीपुर स्टेशन–टर्न की आधार पर 03 साल के एएमओसी के साथ 100 केएलडी क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेट प्लांट का डिजाइन, डेवलपमेंट, इरेक्शन, टेस्टिंग और कमिशनिंग का कार्य। कार्य की अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 1,07,93,210.13 (रूपये एक करोड़ सात लाख तिरानवे हजार दो सौ दस व तेरह पैसे मात्र), बिड सिक्योरिटी राशि: ₹ 2,04,000/- (रूपये दो लाख चार हजार मात्र), निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य (प्राधिकार एसजीसीसी- वर्क्स, अपैल-2022, (रेलवे बोर्ड द्वारा अपने पत्रांक 2022/सीई-I/सीटी/जीसीसी-2022/पालिसी नयी दिल्ली दिनांक 27-04-2022 के माध्यम से जारी), कार्य की अवधि: सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग आफ मशीन आन टर्नकी बेसिस के लिये-स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 180 दिन। वारंटी अवधि: कमीशनिंग तिथि से न्यूनतम दो वर्ष। एएमओसी आफ प्लांट: वारंटी अवधि के समाप्ति के उपरान्त से 03 वर्ष तक।
• ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय: दिनांक 15-04-2024 को समय 14:30 बजे।
• ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय: दिनांक 15-04-2024 को समय 15:00 बजे।
• निविदाकार निविदा को दिनांक 15-04-2024 को समय 14:30 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेगें। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुत करने के लिये भारतीय रेलवे के वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखें।
मुजाधि/यांत्रिक–138
वमयाइ/समाडि/वाराणसी
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



**9वां रोजा**

| | |
|---|---|
| **शिया** | |
| सहरी : | 04.41 बजे |
| इफ्तार : | 06.21 बजे |
| **सुन्नी** | |
| सहरी : | 04.40 बजे |
| इफ्तार : | 06.15 बजे |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एसडीएम ने लेखपाल से मांगा स्पष्टीकरण

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** लेखपाल का घूस लेने का वीडियो वायरल होने के पश्चात उप जिलाधिकारी ने उक्त लेखपाल से स्पष्टीकरण मांगा है। बता दें कि विकासखंड भियांव के ग्राम सभा मुस्कुराई के हल्का लेखपाल का पैमाइश के नाम पर रुपया लेने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत कर कार्यवाही की मांग किया था। जिसमें ग्राम प्रधान मुस्कुरायी, मीरा देवी समेत दर्जनों ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि गांव के लेखपाल मुरलीधर अपनी काली कमाई के लिए जमीन विवाद को गांव में बढ़ावा दे रहे हैं और पैमाइश के नाम पर मोटी रकम वसूल कर रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद जलालपुर उप जिलाधिकारी सुभाष सिंह ने लेखपाल मुरलीधर से एक हफ्ते के अंदर स्पष्टीकरण देने को कहा है।

# झोलाछाप के ऑपरेशन से महिला की मौत

- परिजनों ने डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप
- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा, अस्पताल बंद कर संचालक फरार

आलापुर/जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** गुर्दे की पथरी से पीड़ित महिला का झोलाछाप ने ऑपरेशन कर अपनी क्लीनिक पर भर्ती किए रखा। हालत बिगड़ने पर उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद चिकित्सक क्लीनिक बंद कर फरार हो गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बता दें कि जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के शहाबुद्दीनपुर गांव निवासी बुद्धिराम की पत्नी शोभा देवी उम्र करीब 40 वर्ष गुर्दे की पथरी से पीड़ित थी। बताया जाता है परेशानी बढ़ी तो किसी के माध्यम से शोभा को जहांगीरगंज के माडरमऊ बाजार में स्थित झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक पर भर्ती कराया गया और महिला का ऑपरेशन भी कर दिया गया। ऑपरेशन के बाद डॉक्टर क्लीनिक में ही भर्ती कर महिला का इलाज करता रहा। इस दौरान महिला की हालत गंभीर होती गई तो आखिरकार सोमवार को डाक्टर ने परिवार के लोगों को महिला को दूसरी जगह ले जाने को कहा। जिसके बाद परिजन महिला को जिला अस्पताल ले गए। जिला अस्पताल से डॉक्टरों ने महिला को मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के लिए रेफर कर दिया। वहां से महिला की गंभीर हालत को देख डॉक्टरों ने उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दिया। परिवार के लोग शव को घर ले आए और अंतिम संस्कार की तैयारी कर ही रहे थे। तभी सूचना पाकर पहुंची पुलिस टीम ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुस्साएं परिजनों ने झोलाछाप डॉक्टर और उनके कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया और अस्पताल में जमकर हंगामा किया। इस घटना से अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल रहा। जिसके बाद अस्पताल में ताला लटका कर संचालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित परिजनों को मामले में त्वरित कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें समझा बुझाकर मामला शांत कराया।

### पति ने दी संचालक के खिलाफ थाने में तहरीर

थानाध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक महिला के पति ने अवैध क्लीनिक संचालक के खिलाफ तहरीर दिया है, मामले में कार्रवाई की जा रही है।

## साथ रहने को राजी हुआ जोड़ा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत कराए जा रहे सुलह समझौते के क्रम में मंगलवार को महिला सहायता प्रकोष्ठ 1090 महिला उप निरीक्षक देविका सिंह और महिला आरक्षी पूनम शर्मा व सोनी गौतम के अथक प्रयास से पति–पत्नी के एक वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया और उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए समझाया गया। पति–पत्नी आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हो गए।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

## 20 लीटर अवैध शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** कटका थाना क्षेत्र में पुलिस ने 20 लीटर अवैध शराब के साथ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। कटका थाना क्षेत्र में हर माह लगभग आधा दर्जन से अधिक लोगों के विरुद्ध अवैध गांजा और शराब आदि में कार्यवाही की जाती है। बीते 18 मार्च को कटका थाने के उप निरीक्षक चंद्रभान सिंह अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र की देखभाल के लिए निकले थे। तभी मुखबिर ने सूचना दिया कि एक व्यक्ति अवैध कच्ची शराब के साथ लखनऊ, गोरखपुर हाईवे पुलिया की तरफ जा रहा है, जिसे पुलिस वालों ने घेर कर पकड़ लिया। जिसकी पहचान संतलाल निवासी नसीराबाद अजमलपुर थाना कटका के रूप में हुई और तलाशी के दौरान 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुआ। वहीं हेड कांस्टेबल योगेंद्र सिंह व आबकारी विभाग के सिपाही द्वारा मुखबिर की सूचना पर अनिल निवासी बहादुरपुर नूरपुर कला को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया इन दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई है।

# दबंगों ने छात्रा के अपहरण का किया प्रयास

- छात्रा ने पुलिस को तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग, मामा के घर रहकर पढ़ाई करती है छात्रा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को महाविद्यालय से घर लौट रही छात्रा का दबंग मनचलों द्वारा अपहरण का प्रयास किया गया। पीड़िता ने अकबरपुर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता छात्रा अपने मामा के घर पर रहकर स्नातक की पढ़ाई कर रही है।

बता दें कि दबंग किस्म का साधू यादव और शुभम यादव रामनगर जोगापुर के निवासी है। आरोपी पिछले छह माह से महाविद्यालय आते-जाते छात्रा के साथ छेड़खानी करते हुए फब्बितयां कसते थे। मंगलवार को रोज की तरह युवती महाविद्यालय से घर आ रही थी तभी दबंग मनचलों ने शराब के नशे में युवती को रास्ते में जबरन रोक लिया और अपहरण करने की नीयत से हाथ पकड़कर व मुंह दबोच कर युवती को गाड़ी पर बैठाने का प्रयास किया। युवती के शोर मचाने के बाद लोगों ने दोनों युवकों को पकड़ लिया और जमकर धुनाई कर दिया। मामले की जानकारी पीड़िता ने अपने भाई को दी। भाई ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवकों को अकबरपुर कोतवाली लायी। पीड़िता का आरोप है कि दबंगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। इसके बाद से पीड़िता व उसका परिवार डरा-सहमा है। अकबरपुर कोतवाली प्रभारी विरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि मामले में पीड़ित छात्रा की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### मीडिया कर्मियों से भिड़े एसएसआई

अकबरपुर कोतवाली में तैनात एसएसआई अशोक कुमार मीडिया कर्मियों से भिड़ गए और थाने से बाहर खबर बनाने के लिए कहते हुए अपना आपा खो बैठे और मीडिया कर्मियों पर मुकदमा दर्ज कराने की भी धमकी दे डाले। जिसके बाद उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जेo वीo फार्मा, मोo: 9452245400,
केo एसo फार्मा, मोo: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

आगाज

राजकीय एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रतियोगिता का सीडीओ ने किया शुभारंभ

# हैंडबाल में प्रदेश की 10 टीमों ने किया प्रतिभाग

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते सीडीओ अनुराज जैन व साथ में जिला ओलम्पिक एवं हैंडबाल संघ के सचिव डॉ. हनुमान प्रताप सिंह।

**अमृत विचार।** राजकीय एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय ओपन स्टेट आमंत्रण महिला हैंडबाल प्रतियोगिता का भव्य शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन के उपरान्त खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्या द्वारा पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

राज्य स्तरीय महिला हैंडबाल प्रतियोगिता जिला ओलम्पिक एवं हैंडबाल संघ के सचिव डॉ. हनुमान प्रताप सिंह के अनुरोध पर जिला खेल कार्यालय अंबेडकरनगर को आवंटित किया गया है। इसी क्रम में यह प्रतियोगिता संचालित की जा रही है। उक्त प्रतियोगिता में प्रदेश की 09 मंडल और मेजबान जनपद की टीम प्रतिभाग कर रहीं हैं। जिसमें गोरखपुर, लखनऊ, बस्ती, प्रयाराज, वाराणसी, सहारनपुर, अयोध्या, बागपत (मेरठ मंडल), सोनभद्र (मिर्जापुर), अंबेडकरनगर की टीमें शामिल हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन उद्घाटन मैच लखनऊ और प्रयागराज के बीच हुआ, जिसमें लखनऊ ने प्रयागराज को 17-15 के अन्तर से हराया। प्रतियोगिता में सहारनपुर व अंबेडकरनगर के मैच में 8-8 से बराबरी पर रहा। अयोध्या ने 19-4 के अन्तर से सोनभद्र को हराया। उसके बाद मैच में बागपत ने 20-2 के अन्तर से बस्ती को हराया। वाराणसी ने प्रयागराज को 13-11 के कड़े अन्तर से हराया। गोरखपुर ने 20-4 के अन्तर से सहारनपुर का हराया। अंबेडकरनगर और सोनभद्र के मैच में सोनभद्र ने जीत हासिल की। इस अवसर पर डॉ. विजय तिवारी, जिला व्यायाम शिक्षक मो. हसन, जिला हैंडबाल संघ के कोषाध्यक्ष आशाराम, बेसिक शिक्षा विभाग की अध्यापिकाएं और कार्यालय सहायक अनुपम प्रजापति, एथलेटिक्स प्रशिक्षिका सुमेधा यादव, भारोत्तोलन प्रशिक्षक सत्यम सिंह व अन्य खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### ये रहे निर्णायक की भूमिका में

प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में परमेन्द्र सिंह, अजय श्रीवास्तव, सचिन, नफीस अहमद, हीना खातून, सीमा, नीलम कुमारी, पंकज यादव, पायल, प्रेम प्रकाश सिंह, संदीप पाल और विजय रहे। कार्यक्रम का संचालन विजय चन्द मिश्र द्वारा किया गया।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे चार पुत्र हैं। मेरा तीसरे नंबर का बेटा राम बहादुर सिंह का चाल चलन ठीक नहीं है। वह घर पर भी नहीं रहता है। मेरे कहने सुनने में नहीं है। पैतृक संपत्ति बेच डाला है। अपनी पत्नी व बच्चों से भी कोई वास्ता नहीं रखता है। यदि राम बहादुर सिंह के द्वारा कोई लेनदेन या अनैतिक कृत्य/आपराधिक कृत्य किया जाता है, तो मुझसे व मेरे अन्य बेटों से कोई लेना देना नहीं है। मैं उसे अपनी संपत्ति से बेदखल करती हूं। **–पारसपती पत्नी स्वर्गीय कालीचरन सिंह, निवासी– ग्राम–मलेथू बुजुर्ग मजरे जगदीशपुर, थाना इनायत नगर, तहसील–मिल्कीपुर, जिला– अयोध्या**

सूचना
सूचित हो कि मैं वीरेन्द्र प्रसाद शुक्ला एवं सुरेन्द्र प्रसाद शुक्ला पुत्रगण स्व0 श्री रामेश्वर प्रसाद शुक्ला, निवासी– 536/265क, मदेहगंज, सीतापुर रोड, लखनऊ, मकान सं0 एम.एस.– 102, सेक्टर–डी, अलीगंज, लखनऊ को श्री विजय कुमार पुत्र स्व0 श्री रामेश्वर सहाय एवं श्रीमती ऊषा पत्नी श्री विजय कुमार से दिनांक 19.01.2013 को बजरिये बैनामा क्रय किया था। उक्त मकान का मूल आवंटन पत्र वास्तव में खो गया है।

सूचना
सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मुकेश रावत और पुत्रवधू प्रीति रावत को उनके गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल और अचल संपत्ति बेदखल कर दिया भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरा व मेरे परिवार का कोई लेनदेन नहीं होगा। **– जुगरा पत्नी भगवानदीन, निवासी– 307, उत्तरधोना, तिवारीगंज, लखनऊ**

सूचना
सूचित हो कि मैं **अश्वनी कुमार, पता–107, बलुआ घाट, प्रयागराज,** मेरी पुत्री का घर में पुकराने वाला नाम (Nitya Kasera) है। जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक व सही नाम (Anushree Kasera) है जो कि पुत्री के आधार कार्ड में भी अंकित है। अत: मेरी पुत्री को आज से (Nitya Kasera) के स्थान पर (Anushree Kasera) के नाम से जाना व पहचाना जाय।

सूचना
सूचित हो कि मैं **चांदनी त्रिपाठी पत्नी अभय कुमार त्रिपाठी, निवासी– ग्राम व पोस्ट–जगतापुर, थाना– हुजूरपुर जनपद बहराइच** का आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से 5 लाख रूपया कर्जा हो रहा है। अभय कुमार त्रिपाठी की गाटा संख्या 159 को गारंटी के तौर पर लिया जा रहा है। यदि किसी भी बैंक को आपत्ति हो तो 7 दिन के अंदर प्रस्तुत कर सकता है। **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड बहराइच**

सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल वर्ष 2007 अनुक्रमांक 1917304 अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **– शंशाक शेखर अवस्थी पुत्र चन्द्र शेखर अवस्थी, निवासी– धन्नी पुरवा नेवादा, थाना– राम गांव, जिला– बहराइच**

सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रिलाइन्स निपान लाइफ एन्श्योरेंश को लि. पालिसी संख्या 19798957 में रफीक अहमद पुत्र कुदरत अली दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम शफीक अहमद पुत्र कुदरत अली है। अत: मेरा सही नाम शफीक अहमद ही पढ़ा व समझा जाये। **– शफीक अहमद पुत्र कुदरत अली, पता – 438 गुल्लावीर रोड पानी टंकी सलारगंज, बहराइच**

# आधुनिकता में विलुप्त हो रही ढोलक की थाप और फगुवा गीत

**इतिहास**

▶▶ **मर्मस्पर्शी कर्णप्रिय गीत की जगह ले रहे कान फोड़ू डीजे**

तारकेश्वर गुप्ता, परसपुर, गोंडा



होली का दृश्य। फाइल फोटो

**अमृत विचार :** बदलते परिवेश के साथ सदाबहार पुराने परंपरागत होली गीतों एवं ढोलक की थाप का लोप होता जा रहा है। एक समय था होली शुरू होते ही गांव में गलियां, चौराहे गुलजार हो जाते थे। ढोलक की थाप पर मजीरा, झांझ के साथ कर्णप्रिय गीत होली के महीने भर पहले से आमद करा देते थे।

यह गीत नसीहत भरे व प्राकृतिक वातावरण को समेटे मर्मस्पर्शी और झंकार पैदा करने वाले होते थे। पूरे गांव के लोग एक जगह बैठकर शाम को नसीहत व मिठास भरे पुरातन गीतों को गाते व सुनते थे। सभी महिलाएं, पुरुष व बच्चे एक स्थान पर जुटकर गीत का आनंद उठाते थे, लेकिन अब बदलते समय के साथ धूम-धड़ाके वाले कानफोड़ू अश्लील गीतों के आगे सुमधुर आवाज वाले पुराने गीत गुम होते जा रहे हैं। फागुन की मिठास लिए फगुआ, चैता गीत गाने वाले की भी अब कमी हो गई है। अब वह पुराने गीत व गायक दोनों का लोप होता जा रहा है। अब आधुनिकता का पुट लिए अश्लील गीत उनका स्थान ले रहे हैं। वर्ग विशेष के सार्वजनिक उत्सव के नृत्य के साथ गाए जाने वाले गीत जैसे धोबिया, कहरवा, मल्हार आदि का भी उठान होता जा रहा है। पुराने गीतों की धार्मिकता भाव वाले गीत नहीं सुनाई पड़ते, गीतों के गायक भी अब कम ही बचे हैं। इस संबंध में ताले पुरवा परसपुर निवासी 70 वर्षीय वासुदेव सिंह व अन्दूपुर निवासी 92 वर्षीय बुजुर्ग चंद्रपाल शाह ने बताया कि पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। अब वह पुराने गीत खत्म होते जा रहे हैं। होली के एक महीने पहले से ही शाम को गायक आते व गीत गाते तो वहां पर पूरा गांव इकट्ठा होकर सुनता था। सभी के बीच आपस में प्रेम रहता था, लेकिन वह सब गुजरे जमाने की बात हो गई है। पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव अधिक होने के कारण परंपरा खत्म होने लगी है। जैसे आज बिरज में होली रे रसिया, अवध में होली खेले रघुवीरा, की गूंज उठती थी तो पैर अपने आप थिरकने को मजबूर हो जाते थे। मनोरंजन के अधिक संसाधन विकसित होने और युवा पीढ़ी में रुचि न होने से फाग की दुर्दशा हो रही है। स्थिति यह है कि अब होली पर फाग की जगह फिल्मी गीतों की गूंज डीजे पर सुनाई देती है।

# गांव-गांव मार-पिटाई चार महिलाएं घायल

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर मारपीट की घटनाओं में चार महिलाएं घायल हुई हैं। पुलिस ने दो महिला सहित नौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

थाना अंतर्गत तीन स्थानों पर जमीन व रास्ता विवाद को लेकर ग्राम विशुनापुर बेलभरिया में मारपीट में रेशमा पत्नी शाजिद अली घायल हो गई। खताब अली के विरुद्ध मुकदमा किया गया है। ग्राम अनंतवापुर में रास्ते के विवाद में हुई मारपीट में राम छवि, प्रिंस व विजय पाल को चोटें आईं। राम छवि ने राम चंदर, रामपाल, रामदीन व रामनिवास की पत्नी के विरुद्ध मुकदमा कराया है। ग्राम असिधा में जमीन विवाद में उमा देवी पत्नी रामकिशोर घायल हो गई। घायल महिला की तहरीर पर गांव के ही श्याम किशोर, पवन तिवारी, साधना देवी पत्नी श्याम किशोर के विरुद्ध मुकदमा किया गया है।

**एक नजर**

### बच्चों के विवाद में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, 7 घायल

रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार : बच्चों के झगड़े को लेकर कौड़िया के सेहरिया कला गांव में दो पक्षों में हुई मारपीट में महिला समेत 7 लोग जख्मी हो गए। मंगलवार सुबह गांव निवासी शहजाद व भोले में कल हुए बच्चों के झगड़े को लेकर मारपीट शुरू हो गई। घटना में शहजाद, सबीना, शकीना, भोले, सलीम मैथू व जाकिर घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट दोनों तरफ से 4-4 लोगों के विरुद्ध दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह भेजा गया है। उन्होंने बताया कि मामले की विवेचना पुलिस चौकी दुबहा बाजार के प्रभारी गोपाल सिंह को सौंपी गई है।

### मैसेज करने से रोका तो युवक को पीटा

गोंडा, अमृत विचार : वजीरगंज थानाक्षेत्र के करदा निवासी अमरेश पांडेय के मोबाइल पर मैसेज करने से मना करने पर चढ़ौवा निवासी रवि मौर्य, रजनीश, आदित्य व शिवा मौर्य ने भद्दी भद्दी गाली देकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। आरोपियों को करदा स्थित दुकान पर जाकर बार-बार फोन व मैसेज न करने के लिए कहा तो उसकी पिटाई कर जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### घर में घुसकर मारपीट करने पर केस दर्ज

गोंडा, अमृत विचार : वजीरगंज थानाक्षेत्र के चंदापुर निवासिनी हमीदुलनिशा पत्नी मुनव्वर अली ने जमीन विवाद को लेकर मंगलवार सुबह घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। गांव के सिकंदर अली, रहमत, किस्मत अली व जकरुन्निशा पत्नी छेद्दन हुसैन ने धारदार हथियारों से उसे व बेटे तसव्वर और शखर को मारापीटा, जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया है।

# मेडिकल स्टोर्स पर नहीं बिकेंगी लिव 52 समेत 22 दवाएं, बिक्री पर रोक

## आयुर्वेद दवाओं में एलोपैथ के रसायन की मिलावट के धंधे का हुआ भंडाफोड़

गोंडा कार्यालय



**अमृत विचार :** आयुर्वेद को बढ़ावा देने के नाम पर कई कंपनियों ने लूट-खसोट का धंधा अपना लिया है। मुकम्मल व स्थाई इलाज के नाम पर लाखों लोगों को लूटने के लिए तैयार आयुर्वेदिक दवाओं में एलोपैथ के रसायन मिलाकर धंधा चोखा करने वाली कंपनियों के कई दवाएं नकली मिलीं हैं। आयुर्वेद निदेशालय ने जांच में पाया कि देश भर की अलग-अलग कंपनियां जो प्रोडक्ट बाजार में बेच रही हैं, उनमें अभी तक 22 दवाएं नकली पाई गई हैं। इनमें लिवर की दवा हिमालया की लिव-52 भी हैं, इनकी बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इससे आयुर्वेद के नाम पर करोड़ों का मुनाफा कमाने वाली कंपनियों को भारी झटका लगने वाला है।

आयुर्वेदिक एवं यूनानी निदेशालय ने 2022 से लेकर अब तक कराई गई जांच व लिए गए सैंपल में बड़ा गड़बड़झाला मिला है। निदेशक आयुर्वेदिक सेवाएं पीसी सक्सेना ने बीते 12 मार्च को जारी सूची में बताया है कि क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी निरीक्षकों, अधिकारियों व अन्य तरह की जांच की गई। इस दौरान लिए गए सैंपल को राजकीय विष्लेषण प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा गया। रिपोर्ट में 22 आयुर्वेदिक दवाओं में एलोपैथ के रसायन का भारी मात्रा में अपमिश्रण पाया गया। निदेशक ने इन सभी दवाओं को नकली व अपमिश्रित घोषित करते हुए इनकी बिक्री पर रोक लगा दी है।

| दवाएं | बनाने वाली कंपनी का नाम | अपमिश्रित एलोपैथ रसायन |
|---|---|---|
| विश्वास गुड हेल्थ | कैप्सूल मेसर्स विश्वास, अंबाला | बीटामेथासोन |
| पेननिल चूर्ण | गोपाल हर्बल्स फरीदाबाद | आइब्रोफेन |
| एटफिट चूर्ण | उपरोक्त | बीटामेथासोन |
| अमृत आर्यवेदिक चूर्ण | उपरोक्त | प्रेडनिसोलोन |
| स्लीमेक्स चूर्ण | उपरोक्त | प्रेडनिसोलोन |
| दर्दमुक्ति चूर्ण | जेडी स्वामी आयुर्वेदा | डाइक्लोफेनिक |
| आर्थोनिल चूर्ण | बाला जी हर्बल पंजाब | डाइक्लोफेनिक/आइब्रोफेन |
| योगीकेयर | योगी केयर हर्बल हिमाचल | बीटामेथासोन |
| माइकान गोल्ड कैप्सूल | जमना हर्बल एमपी | प्रेडनिसोलोन |
| डाइबियंट शुगरकेयर | एंबिक आयुर्वेद मेरठ | ग्लिम्पराइड |
| हाईपावर मूसली कैप्सूल | रिनोविजन एक्सपोर्ट झारखंड | सिलिनाडिलफिल |
| डाइबीयोग केयर | अमृत आयुर्वेद फार्मेसी राजस्थान | ग्लिम्पराइड |
| झंडू लालिमा | ब्लड एंड स्किन प्यूरीफायर ईमामी गुजरात | फ्लेवरेड सीरप |
| हेल्थ गुड सीरप | हाइटो हर्बल मेरठ | सैक्रीन |
| हेपलिव डीएस | अफलाटस फार्मास्युटिकल सैक्रीन | शुगर |
| सिस्टोन सीरप | हिमालय वेलनेस कर्नाटक | शुगर मात्रा 40 प्रतिशत |
| बायना प्लस आयल | अक्षय आयुर्वेद भवन फरुखाबाद | शास्त्री औषधि |
| वातारिन आयल | यूनाइटेड फार्मास्युटिकल | शास्त्री औषधि |
| लिव-52 | हिमालया वेलनेस मंडूर भस्म | दारू हरिद्रा |
| न्यू रिविल | एचपीआर फार्मूलेशन हैदराबाद | वंग भस्म |
| बोस्टा एमआर टैबलेज | स्टारमड फार्मूलेशन फरीदाबाद | कैल्सियम कार्बोनेट व आयरन |

# बुजुर्ग पर मधुमक्खियों के झुंड का हमला, मौत

मनकापुर, गोंडा



**अमृत विचार :** शौच के लिए गांव के बाहर गए एक बुजुर्ग पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला बोल दिया। इस हमले में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ देर बाद उनकी मौत हो गयी। परिजन जब उनकी तलाश करते हुए खेत की तरफ गए तो बुजुर्ग का शव पड़ा मिला। बुजुर्ग की मौत से परिवार में मातम पसरा है। मंगलवार को अयोध्या के सरयू तट पर मृतक का अंतिम संस्कार किया गया।

मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बक्सरा आज्ञाराम के सोनबरसा गांव के रहने राम अधार मौर्य (90) सोमवार की शाम को अपने घर के पीछे शौच के लिए गए थे। बगल में ही झाड़ियों के बीच मधुमक्खियों ने छत्ता लगा रखा था। इसी बीच मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला बोल दिया और काट-काटकर अधमरा कर दिया। कुछ देर बाद बुजुर्ग की मौत हो गई। देर शाम तक जब राम आधार घर नही लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू की। जब वह घर के पीछे पहुंचे तो उनका शव पड़ा था।

### पहले भी जा चुकी दो सगे भाइयों की जान

मधुमक्खियों के हमले में पहले भी दो सगे भाइयों की जान जा चुकी है। बीते साल सितंबर में मोतीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मदनापुर भान निवासी विश्वनाथ शुक्ला के बेटों योगेश (7) व युग (5) की मधुमक्खियों के काटने से मौत हो गयी थी। दोनो भाई अपनी दादी उत्तम शुक्ला (65) के साथ राशन लाने कोटेदार के घर जा रहे थे, तभी रास्ते में मधुमक्खियों ने हमला कर दिया।

## चार महिलाओं से मारपीट केस दर्ज

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** स्थानीय थाना अंतर्गत जमीन विवाद को लेकर एक दिन पहले हुए मारपीट के मामले में दूसरे पक्ष ने भी चार लोगों के विरुद्ध दलित उत्पीड़न सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है। परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नयापुरवा झाली परसपुर गिर्द निवासी भगवाने कोरी ने बताया कि जमीन विवाद में गांव निवासी ननकू लोध, राजकुमार लोध, पंकज लोध तथा थाना उमरी बेगमगंज के ग्राम खेम पुरवा निवासी कुन्ने पुत्र हरीराम ने मिलकर सोमवार को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली- गलौज कर मारपीट की। शोर करने पर सीता, रेशमा, बैष्णवी व चांदनी बचाने दौड़ी तो उन्हें भी मारा-पीटा। धमकी देते हुए चले गउ। बताते चलें कि एक दिन पहले आरोपियों ने वादी के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज कराया था। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि केस दर्ज कर जांच सीओ कर्नलगंज को प्रेषित की गई है।

# परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षाएं आज से

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षाएं बुधवार से प्रारंभ होंगी। इस परीक्षा में 3.60 लाख बच्चे प्रतिभाग करेंगे। विभाग का दावा है कि परीक्षा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है।

बेसिक शिक्षा विभाग के 2609 परिषदीय स्कूलों में 3.60 लाख बच्चे पढाई कर रहे हैं। इन बच्चों की वार्षिक परीक्षा के लिए विभाग ने समय सारिणी घोषित कर दी है। परीक्षाएं बुधवार से प्रारंभ होंगी। दो पालियों में परीक्षा करायी जायेगी। पहली कक्षा के बच्चों की मौखिक परीक्षा होगी। जबकि दूसरी कक्षा से आठवीं तक के विद्यार्थी लिखित परीक्षा देंगे। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9.15 बजे से 11.45 बजे तक होगी, जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 12.15 बजे से 2.45 बजे तक करायी जायेगी। परीक्षा की जिम्मेदारी देख रहे जिला समन्वयक प्रशिक्षण हरि गोविंद यादव ने बताया कि परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गयी है। 27 मार्च को परीक्षा खत्म होने के बाद 28 मार्च को उत्तर पुस्तिकाओं की जांच होगी और 31 मार्च को परीक्षाफल का वितरण किया जायेगा।

### पहले 16 मार्च से होनी थी

बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय स्कूलों की परीक्षा पहले 16 मार्च से प्रस्तावित थी। बेसिक शिक्षा परिषद ने वार्षिक परीक्षा के लिए समय सारिणी भी जारी कर दी थी लेकिन ऐन वक्त पर इसे संशोधित करना पड़ा था। अब नई समय सारिणी के मुताबिक 20 मार्च से वार्षिक परीक्षा कराए जाने का फैसला किया गया है और संशोधित समय सारिणी जारी कर दी गई है।

## निपुण एप के जरिए आकलन पर जोर

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार:** न्याय पंचायत के संकुल शिक्षकों की बैठक प्राथमिक विद्यालय रूपईडीह द्वितीय में मुख्य संकुल शिक्षक अनिल कुमार चौरसिया की देखरेख में आयोजित की गई। इस बैठक में उन्होंने सभी स्कूलों के अध्यापकों से निपुण भारत अभियान के तहत निपुण एप के माध्यम से बच्चों का आकलन कराए जाने, छात्र-छात्राओं की यू डायस फीडिंग, ऑपरेशन कायाकल्प के तहत कराए के निर्माण कार्यों व मतदान कक्ष में सभी मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की। देव प्रकाश पांडेय, दिवाकर तिवारी, राम कुमारी, दुर्गेश पाठक, जितेंद्र कुमार मिश्र, चंदन शर्मा आदि रहे।

**सार-संक्षेप**

### मतदाता जागरूकता व पंजीकरण अभियान चलाया




मनकापुर में मतदाता जागरूकता रैली निकालते बच्चे। अमृत विचार

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में विकास खंड मनकापुर अंतर्गत छत्रपति शिवाजी शिक्षा सदन वीरपुर मनकापुर में मतदाता जागरूकता एवं पंजीकरण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम समन्वयक सूरज गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य संत कुमार वर्मा व संचालन गीता वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि ने स्वच्छ लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए निर्भीक होकर बिना किसी प्रलोभन के मतदान के लिए जागरूक किया। प्रेम राज सिंह ने कहा कि बेहतर समाज का निर्माण तभी संभव है जब प्रत्येक मतदाता अपने मत का प्रयोग करे। अंकित पांडेय ने कहा कि सभी शत-प्रतिशत मतदान कर बेहतर समाज का निर्माण करें। शपथ ग्रहण के साथ रैली भी निकाली गई। संजू वर्मा, शिव दीप सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### कार्यशाला में बच्चों को पूर्व शिक्षा से जोड़ने की कवायद



आंगनबाड़ी केंद्र पर कार्यशाला में मौजूद कार्यकर्त्री। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** वजीरगंज क्षेत्र के विद्यालय परिसर में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों को प्रथमिक पूर्व शिक्षा से जोड़ने के लिए कार्यकत्रियों की क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला का आयोजन कस्बे के दयानंद इंटर कॉलेज में हुआ। संदर्भदाता नरेंद्र कुमार कौशल व अजय कुमार सुपरवाइजर पूनम त्रिपाठी तथा दीपाली सिंह ने गतिविधियों के माध्यम से नौनिहालों को भावनात्मकरुप से जोड़ कर प्राथमिक शिक्षा की मुख्यधारा जुड़ने की विधा समझाई। बीइओ हर्षित पांडेय ने कार्यशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संवाद करते हुए प्रशिक्षण में प्राप्त अनुभव का सद्पयोग कर विभागीय मंशा को फलीभूत करने पर बल दिया। कार्यशाला में दीपा तिवारी, मिथलेश विश्वकर्मा, राज्यश्री सिंह, प्रीति श्रीवास्तव, रिंकू सिंह, कमलेश सहित 97 कार्यकत्रियों व प्रभारी सहायिकाओं ने भाग लिया।

### शिक्षक नेता का निधन, अफसरों व संगठनों ने जताया शोक



**गोंडा, अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षक संघ के हलधरमऊ ब्लॉक के अध्यक्ष रहे वरिष्ठ शिक्षक दिलीप सिंह का मंगलवार को आसामायिक निधन हो गया। वह पिछले कुछ महीनों से बीमार थे और लखनऊ में इलाज चल रहा था। उनके निधन की खबर से बेसिक शिक्षा विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। अफसरों, शिक्षकों व शिक्षक संगठनों ने शोक जताया है। परसपुर के निहालपुरवा गांव के रहने वाले शिक्षक दिलीप सिंह (52) हलधरमऊ ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय बालपुर में तैनात थे। वह पिछले दो महीने से बीमार थे। उनके निधन पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय, नरेंद्र कुमार सिंह, यशवंत पांडेय, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विनय तिवारी, बलवंत सिंह, शरद सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उदयभान वर्मा, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष किरन सिंह अन्य ने शोक जताया है। मंगलवार को आयोजित उन्मुखीकरण कार्यशाला में भी दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

# जगदंबा प्रसाद को संस्कृत में मिली पीएचडी की उपाधि

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** गोंडा जनपद के प्रतिभाशाली छात्र जगदम्बा प्रसाद सिंह को रांची विश्वविद्यालय से संस्कृत में पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है।



कुलपति, रांची विश्वविद्यालय के आदेशानुसार बालपुर के धानी गांव निवासी जगदम्बा प्रसाद पुत्र श्याम नारायण सिंह को मानविकी संकाय, संस्कृत विभाग द्वारा जनवरी-2024 में आयोजित पीएचडी. की मौखिकी परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित किया गया।

उन्होंने डॉ. ब्रजेश कुमार मिश्र, (सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक, संस्कृत विभाग, रांची विश्वविद्यालय के निर्देशन में 'स्वातन्त्र्योत्तर संस्कृत गीतिकाव्यों में आधुनिकता' विषय पर अपना शोध-प्रबंध प्रस्तुत किया। स्नातक की परीक्षा लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा से उत्तीर्ण की। जगदम्बा प्रसाद ने करीब एक वर्ष तक श्री लालबहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में अध्यापन कार्य भी किया था। उनकी इस उपलब्धि पर श्री लालबहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर शैलेंद्र नाथ मिश्र, प्रोफेसर राम समुझ सिंह, प्रोफेसर जयशंकर तिवारी, संस्कृत विभागाध्यक्ष मंशाराम वर्मा, शिवशरण शुक्ल, रंजन शर्मा सहित अन्य प्राध्यापकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# नगर पालिका में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी

करनैलगंज, गोंडा



प्रदर्शन करते सफाईकर्मी। फोटो : अमृत विचार

**अमृत विचारः** मंगलवार को सफाई कर्मचारियों ने नगर पालिका परिषद कार्यालय में हड़ताल पर बैठ गए। जिससे सफाई कार्य बाधित रहा।

नगर पालिका में कार्यरत सफाई कर्मी अरुन का आरोप है कि सोमवार को दोपहर के ड्यूटी पर वह मोहल्ला बालूगंज में सफाई कर रहा था। इसी बीच ब्रह्मचारी के पास रहने वाले शिवा भट्ट पुत्र शिव नारायन भट्ट उसे देखकर अधिशासी अधिकारी और नगर पालिका में कार्यरत कर्मचारी रहमान व फारूक को भद्दी भद्दी गाली देने लगे जब उसने मना किया तो उसे भी जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज व मारपीट पर आमादा हो गए। जिससे नाराज सफाई कर्मियों ने मंगलवार को अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ उत्तर प्रदेश के महामंत्री महेश बाल्मीकि की अगुवाई में नगर पालिका परिसर में सफाई कार्य बंद कर हड़ताल पर बैठ गए। और मांग पर अड़ गए कि जबतक आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी नहीं होती तबतक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा यदि कोई कार्यवाही नहीं की जाती है तो जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक सफाईकर्मी हड़ताल करने को बाध्य होंगे। दूसरी तरफ नगर के बालूगंज निवासी शिव शंकर भट्ट ने पुलिस अधीक्षक समेत जिले के उच्च अधिकारियों को पत्र भेज कर फर्जी मुकदमे में फसाए जाने से बचाने व प्रार्थना पत्र की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने पत्र में कहा है कि उसके पिता ने नगर पालिका परिषद करनैलगंज में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत किया था। जिस पर आयुक्त व अपर पुलिस अधीक्षक के द्वारा एक जांच एसडीएम व एंटी फ्राड सेल से कराई जा रही है। आरोप है जिसके पेशबंदी में नगर पालिका द्वारा सफाई कर्मियों के आड़ में उसे फर्जी मुकदमे में फसाने की साजिश की गई है। जिसकी जांच होनी चाहिए। कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया कि तहरीर मिली जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**आयोजन** स्कूल के बच्चे अब ऑडियो विजुअल के माध्यम से कर करेंगे पढ़ाई

# स्मार्ट हुआ प्राथमिक विद्यालय महेशपुर, बीएसए ने किया उद्घाटन

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार :** नवाबगंज शिक्षा क्षेत्र का प्राथमिक विद्यालय महेशपुर मंगलवार को स्मार्ट स्कूल बन गया है। मंगलवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद यादव ने फीता काटकर स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया।

नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय महेशपुर की गिनती जिले के बेहतरीन स्कूलों में होती है। यहां का परिवेश दूसरे स्कूलों के लिए उदाहरण हैं। स्कूल की शिक्षिका वंदना पटेल ने बताया कि काफी समय से स्कूल में स्मार्ट क्लास के संचालन की योजना बनाई जा रही थी। अभिभावकों की बैठक में भी इस पर चर्चा हुई थी। इसकी जानकारी होने पर क्षेत्र के समाजसेवी मनीष यादव आगे आए और उन्होंने स्कूल को प्रोजेक्टर भेंट कर इस मुश्किल को आसान कर दिया। सिस्टम इंस्टॉल होने के बाद मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद यादव ने फीता काटकर इस स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया। बीएसए ने कहा अब महेशपुर स्कूल भी स्मार्ट हो गया है। स्मार्ट क्लास के संचालन के बाद स्कूल में पंजीकृत 178 बच्चों को इसका लाभ मिल सकेगा। अब वह भी प्रोजेक्टर पर आडियो विजुअल के माध्यम से पढाई कर सकेंगे। इससे न सिर्फ उनकी रोचकता बढेगी बल्कि पाठ्यक्रम को भी वह आसानी से समझ सकेंगे। बीएसए ने स्कूल की शिक्षिका वंदना पटेल व समाजसेवी मनीष यादव को इसके लिए बधाई भी दी और कहा कि समुदाय के सहयोग से सरकारी स्कूलों को और भी बेहतर बनाया जा सकता है। इस दौरान स्कूल की प्रधानाध्यापक वंदना पटेल, सहायक अध्यापक माधवी सिंह, कल्पना तिवारी, अनिल कुमार प्रजापति, वर्षा त्रिपाठी, रिंकू यादव, पूनम यादव समेत अन्य भी मौजूद रहे।



स्मार्ट स्कूल का उद्घाटन करने के बाद बीएसए प्रेमचंद यादव व स्कूल की शिक्षिकाएं। अमृत विचार

# रील बनाएं और बन जाएं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के ब्रांड एम्बेसडर

**स्वीप रील प्रतियोगिता**

- गोंडा वोट्स–2024 के आयोजन की डीएम ने की घोषणा

गोंडा कार्यालय


डीएम नेहा शर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार :** गोंडा में आगामी 20 मई को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान प्रस्तावित है। इस चुनाव में 100 प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन मतदान प्रतिशत बढ़ाने की पहल शुरू की है।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के युवाओं को गोंडा का ब्रांड एम्बेसडर बनने का अवसर दिया है। जिलाधिकारी ने स्वीप रील प्रतियोगिता गोंडा वोट्स – 2024 का आयोजन करने की घोषणा की है। इसके तहत, प्रतिभागी को मतदाता जागरूकता और मतदाताओं से वोट करने की अपील की थीम पर रील बनाकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड करनी होगी। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा श्रेष्ठ रील को व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (स्वीप) के अन्तर्गत आधिकारिक रूप से प्रचार प्रसार के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। रील को अपलोड करने की अन्तिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के साथ ही जिलाधिकारी गोंडा के सोशल मीडिया अकाउंट (फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम) पर टैग करना होगा। टैग करने के साथ ही चार हैशटैग ( #मैं_हूं_ना, #GondaVote4sure, DeshKaGarv, #Elections2024) भी अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करना होगा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि सभी चयनित प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। जनवरी माह में स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इनमें जनपद स्तर करीब 350 लोगों ने प्रतिभाग किया था। जिलाधिकारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं।

## सरकारी कार्यालयों से हटेंगी राजनेताओं की फोटो

**गोंडा, अमृत विचार :** निर्वाचन आयोग ने मंडलआयुक्त, जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र में कहा है कि सरकारी दफ्तरों में लगी राजनेताओं की फोटो तत्काल हटा दी जांए। आचार संहिता के पालन को लेकर अपर मुख्य सचिव जितेंद्र कुमार ने पत्र में कहा है कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए सरकारी दफ्तरों में लगी राजनेताओं की फोटो हटा दी जाए। राष्ट्रपति व राज्यपाल की फोटो न हटाए। शासन की ओर से आए पत्र को लेकर सभी कार्यालयों में हलचल देखी जा रही है। कुछ कार्यालयों में तो नेताओं की फोटो हटा दी गई हैं।

## मीडिया में आने वाली खबरों पर रखें नजर: डीएम

**गोंडा, अमृत विचार :** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, सिटी मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने यातायात प्रबंधन को लेकर एआरटीओ को निर्देश दिए कि पहले से ही सभी वाहनों की व्यवस्था कर ली जाए ताकि पोलिंग पार्टियों को रवाना करने में कोई परेशानी ना आए। साथ ही कहा कि विपरीत परिस्थितियों में वाहन के माध्यम से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने हेतु पर्याप्त निर्देश दे दिए जाए। इसके अलावा उन्होंने मीडिया को लेकर निर्देश दिए कि एमसीएमसी कमेटी द्वारा प्रतिदिन मीडिया में छपने वाली खबरों एवं विज्ञापनों का अनुश्रवण किया जाए। प्रसारित होने वाली पेड न्यूज़ पर भी निगरानी रखी जाए। साथ ही सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जाए। आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले किसी भी कंटेंट के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए इसके अलावा उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वह सभी बूथों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं को उपलब्ध करायें। जिन बूथों पर साइनेज ना बने हो वहां पर साइनेज बनवाया जाए। इसके अलावा उन्होंने स्पेशल बूथ बनाने, फार्म के डिस्पोजल, स्वीप कार्यक्रम आदि को लेकर अधिकारियों का निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य विभाग, दुग्ध विभाग, युवा कल्याण विभाग एवं अन्य विभागों को अपने स्तर से मतदाताओं को जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि जनपद के सभी प्रिंटिंग प्रेस अपने यहां छपने वाले राजनीतिक हैंडबिल पम्पलेट आदि की सूचना जिला प्रशासन को जरूर उपलब्ध कराएं। राजनीतिक हैंड बिल और पंफलेट पर उनकी संख्या, नाम और पता आदि जरूर होना चाहिए।

**एक नजर**

### रंगदारी मांगने के आरोपी के घर चस्पा की नोटिस

**बभनजोत, गोंडा, अमृत विचार :** खोड़ारे थाना पुलिस ने मंगलवार को ग्राम पंचायत कोल्हुई गरीब मजरा रघुनंदनपुर निवासी मो इरफान पुत्र मो उमर रंगदारी के मामले में काफी दिनों से फरार चल रहे थे। हाजिर न होने पर न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अभियुक्त के घर पर धारा 82 की नोटिस चस्पा कर गांव में डुग्गी मुनादी कराकर कार्रवाई की है। गौरा चौकी प्रभारी दिनेश राय ने बताया कि मो इरफान पुत्र मो उमर के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तारी के लिए कई बार दबिश दी गई, लेकिन वह हाथ नहीं लग सका। वारंट के बाद पुलिस फरार चल रहे मुकदमे के इस आरोपी के घर व उसके संभावित ठिकानों पर कई बार दबिश दी लेकिन वह नहीं मिला। इसके गिरफ्तारी के लिए पुलिस कई महीनों से हाथ पैर मार रही है। लेकिन नतीजा अब तक सिफर रहा। धारा 82 का नोटिस चस्पा होने के बाद भी आरोपी ने सरेंडर नहीं किया तो संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी।

### जर्जर सड़क के निर्माण की उठाई मांग

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत भटपी में आर्य नगर महाराजगंज पक्की सड़क से मुख्य गांव तक जाने वाली सड़क जर्जर हो गई है। इससे ग्रामीणों को गमनागमन के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है। ग्राम प्रधान काली प्रसाद शुक्ल ने बताया कि सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से की गई है।

### पंचायत भवन निर्माण का कार्य हुआ पूरा

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत भवनियापुर उपाध्याय में पंचायत सचिवालय का निर्माण पूरा हो गया है। प्रधान संजय सोनी ने बताया कि चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद विधायक विनय कुमार द्विवेदी पंचायत भवन का उद्घाटन करेंगे।

# साथी की हत्या से नाराज शिक्षकों ने मूल्यांकन कार्य का किया बहिष्कार

## मुजफ्फरनगर की घटना के विरोध में केंद्र पर नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

गोंडा कार्यालय


राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुजफ्फरनगर में राजकीय इंटर कॉलेज महगांव, वाराणसी के शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की पुलिसकर्मी द्वारा गोली मारकर हत्या किए जाने के विरोध में गोंडा जनपद के चारों मूल्यांकन केंद्रों फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज व शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज में शिक्षकों ने मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार किया। इस दौरान जनपद के चारों मूल्यांकन केंद्रों में सभा का आयोजन कर शिक्षकों ने विरोध दर्ज कराया।

फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह ने सरकार से मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता, किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी व उनके पूरे सेवाकाल तक परिवार को पूरा वेतन दिए जाने के साथ हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग की। राजकीय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष गंगा प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि भविष्य में कोई भी शिक्षक कॉपियों को लेकर नहीं जाएगा और यदि मांगें पूरी न हुई तो बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने कहा कि शिक्षकों से भविष्य में केवल पठन-पाठन का कार्य कराया जाए, शेष शासकीय कार्यों से उन्हें दूर रखा जाए। जिला मंत्री सहदेव सिंह ने कहा कि दोषी पुलिस कर्मी पर गैंगस्टर लगाया जाए जिससे इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति भविष्य में न हो। सभा को अन्य शिक्षक संगठनों ने भी संबोधित किया। सभा के बाद शिक्षकों ने अपनी मांगों के समर्थन में जिलाधिकारी को ज्ञापन भी दिया। इस अवसर पर सुरेश कुमार सिंह, शैलेश पटेल, गीता त्रिपाठी, अमित पांडेय, राजकरण वर्मा, हंसराज भारती, ऋषि कुमार शुक्ला, विनय कुमार, अभिजीत कुमार सिंह, श्रीनारायण दुबे, सुधीर कुमार, माध्यमिक शिक्षक संघ के संरक्षक बृजेश द्विवेदी, उपाध्यक्ष डॉ. एस. नंदू, संयुक्त मंत्री राजेश सिंह, डॉ. मनमोहन सिंह, दिलीप कुमार सिंह, बंशीधर तिवारी, विष्णु जीत सिंह, अफजाल अंसारी, प्रधानाचार्य परिषद प्रदेश सचिव शिवेंद्र सिंह, सुनीता श्रीवास्तव आदि रहे।

## आज निकलेगी भव्य निशान शोभायात्रा

**गोंडा, अमृत विचार :** बुधवार फागुन सुदी एकादशी पर रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला से प्रातः 9 बजे से निशान की भव्य निशान शोभायात्रा इत्र के मिश्रण वाले रंग-अबीर-गुलाल की होली पर निकाली जाएगी।

चंग-ढप की धमाल पर प्रेमियों को थिरकाने रतनगढ़ राजस्थान से आमंत्रित कलाकारों की टीम पहली बार इस वर्ष निशान यात्रा की शोभा बढ़ाएगी और सायंकाल 6 बजे से श्री ददुआ बाजार स्थित श्याम मंदिर के प्रांगण में फागुन स्पेशल संकीर्तन, फूलों की होली के साथ आमंत्रित भजन प्रवाहक अमोल-शुभम कोलकाता की सुंदर जुगलबंदी द्वारा किया जाएगा। यह आयोजन श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट गोंड द्वारा किया जाएगा। मंगलवार को बैठक में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी पूरी हो गई है और सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान अनिल मित्तल, विमलेश सिंघल सुशील पचेरिया, गोविंद जालूका आदि मौजूद रहे।

**सार-संक्षेप**

### श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण जन्म पर झूमे श्रद्धालु


कथा कहते मुक्तामणि शास्त्री।

**मसकनवा, गोंडा, अमृत विचार :** कस्बे में राजा फॉर्म के पास चल रही श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार देर शाम श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान लोग झूमने–नाचने रहे। मुख्य यजमान सुरेश चंद्र त्रिपाठी ने श्रीकृष्ण के जन्म पर कथा व्यास जी महाराज मुक्तामणि शास्त्री को अंगूठी पहनाकर उनका आशीर्वाद लिया। अयोध्या धाम से आए कथा व्यास मुक्तामणि शास्त्री महाराज ने कहा कि कलयुग में कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है। उन्होंने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। आयोजक आनंद मणि त्रिपाठी ने परिवार के साथ आरती व पूजा–पाठ किया। डॉ. अनिरुद्ध त्रिपाठी, पहलवान तिवारी, विक्की मिश्रा, ज्ञान प्रकाश पांडेय, संजय यादव, राजीव गुप्ता, अरिदमन तिवारी, आनंद शंकर त्रिपाठी, सुधीर शुक्ला, देवी गुप्ता, हेमंत पांडेय आदि मौजूद रहे।

### संगीतमयी श्रीराम कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** ग्राम मधईपुर खाण्डेराय के बरवन पुरवा मार्ग स्थित बैरिहा बाबा ब्रह्मचारी देवस्थान पर आयोजित संगीतमयी श्रीराम कथा में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ रही है। अयोध्या धाम से आए कथा प्रवक्ता पंडित ललित कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से प्रभु श्रीराम की अमृतमयी कथा सुनने के लिए आसपास क्षेत्र के लोग काफी भीड़ जुट रहेहैं। जय सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष 13 से 20 मार्च तक 8 दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा व ज्ञान यज्ञ आयोजित की जाती है। बुधवार को हवन पूर्णाहुति व भंडारे के बाद कार्यक्रम का समापन होगा। ग्रामीणों के आर्थिक सहयोग व अन्नू सिंह की अगुवाई में यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है।

### छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली


मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग करतीं छात्राएं। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में स्वयं सेवकों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। स्वयं सेवकों ने अमर शहीद राजेन्द्र लाहिड़ी की समाधि स्थल से चयनित ग्राम परेड सरकार तक रैली निकालकर ग्रामवासियों को शत–प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के मुख्य नियंता प्रोफेसर आर बी एस बघेल एवं विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर शिव शरण शुक्ल, विभागाध्यक्ष शिक्षा शास्त्र ने बौद्धिक सत्र की शुरुआत की। मुख्य अतिथि ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक समाज के कर्णधार हैं। सेवाभाव ही हमारे जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। इस दौरान पवन कुमार सिंह, वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी, डॉ. चमन कौर, कार्यक्रमाधिकारी, डॉ.परवेज आलम, कार्यक्रमाधिकारी डॉ.दिलीप शुक्ला आदि रहे।

### श्रीकृष्ण की बाल लीला की कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रोता

**धानेपुर, गोंडा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गौरीपुरवा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन कथा व्यास सुरेंद्रनाथ शास्त्री जी महराज ने गोविंद भगवान के बाल स्वरूप की कथा सुनाई। भगवान कृष्ण की बाला लीला की कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन की भगवान श्री कृष्ण के बाल लीलाओं की कथा सुनाके हुए कथा व्यास सुरेंद्रनाथ शास्त्री ने कहा कि भगवान कृष्ण ने अपने बाल्यकाल में कई पतितों का उद्धार किया। कथा में मौजूद श्रद्धालु भगवान कृष्ण की बाल लीला को सुनकर भावविभोर हो गए। इस दौरान गोपाल शरण शुक्ल, प्रिंस शुक्ला, इंद्रकांत, दद्दन शुक्ला, पवन शुक्ला समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### महिला अस्पताल पहुंचते ही प्रसूता ने तोड़ा दम

**गोंडा, अमृत विचार :** बलरामपुर जिले के सादुल्लाह नगर थाना क्षेत्र के मदनपुरवा गांव के भेलावां की रहने वाली गर्भवती कंचन की मंगलवार को महिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। परिजनों ने सादुल्लाह नगर के कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि डॉक्टरों ने उसे अनावश्यक रूप से रोके रखा। जब उसकी हालत बिगड़ गई तो बड़े अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। उसे लेकर जिले के महिला अस्पताल पहुंचे लेकिन कंचन ने दम तोड़ दिया।

### पर्याप्त खंभे न होने से बिजली आपूर्ति बाधित

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत निबिहा परसपुर में पर्याप्त बिजली की खंभों के न लगा होने की शिकायत ग्राम प्रधान अनूप कुमार तिवारी ने क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से की है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा ग्राम पंचायत में उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराए जाने के लिए पर्याप्त संख्या में खंभे नहीं लगाए गए है। इससे अधिकांश उपभोक्ताओं को नियमित रूप से बिजली नहीं मिल पा रही है। उनकी इस मांग पर विधायक ने उन्हें शीघ्र आवश्यक कार्रवाई कराए जाने का आश्वासन दिया है।

# नदारद मिले बीएलओ, वेतन रोकने का आदेश

**सीडीओ ने किया निरीक्षण**

रुपईडीह, गोंडा

**अमृत विचार :** मतदान केंद्रों का निरीक्षण किए जाने क्रम में मुख्य विकास अधिकारी एम अरुन्मौली ने दूसरे दिन मंगलवार को ब्लॉक रुपईडीह के दस मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। कौड़िया के मतदान केंद्र में बीएलओ के विलंब से आने पर एक दिन का वेतन अवरुद्ध किए जाने का निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिए।

सोमवार से मुख्य विकास अधिकारी एम अरुन्मौली ने खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव के साथ ब्लॉक रुपईडीह की ग्राम पंचायत में लोकसभा चुनाव के लिए स्थापित मतदान केंद्रों का भ्रमण शुरू किया है। मंगलवार को उन्होंने ब्लॉक की ग्राम पंचायत उसरैना, कौड़िया, जेठपुरवा, बेलवाभान, बिछूड़ी, तेलिया कोट, भैरमपुर, कोचवा, सहजनवा तथा बनगाई का भ्रमण किया। इस भ्रमण के दौरान उन्होंने सभी मतदान केंद्रों पर प्रकाश, बिजली, शौचालय, फर्नीचर, रैंप, छाया व मतदान केंद्र तक पहुंचने वाले संपर्क मार्गों के बारे में जानकारी हासिल की। साथ ही अफसरों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। ग्राम पंचायत कौड़िया में स्थापित मतदान केंद्र जनता इंटर कॉलेज में नियुक्त बीएलओ सफाई कर्मी संतोष कुमार श्रीवास्तव के विलंब से आने पर खंड विकास अधिकारी को एक दिन का वेतन रोके जाने का आदेश दिया। प्रधान रिंकू मिश्र, विवेक शुक्ल, अनिल कुमार पांडेय, क्रांति कुमार शुक्ल, एडीओ पंचायत महेंद्र प्रताप सिंह, पंचायत सचिव यमुना प्रसाद, राजेश कुमार चौधरी व अजीत कुमार भी उपस्थित रहे।

# होली व रमजान पर शांति बनाए रखने की अपील

**मसकनवा, गोंडा, अमृत विचार :** मसकनवा चौकी में एक बैठक एसओ कृष्ण गोपाल राय की अध्यक्षता में की गई। उन्होंने लोगों से क्षेत्र में शांति बनाए रखने की अपील की।

उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में कानून का राज स्थापित करना प्राथमिकता है। शासक बनकर नहीं, सेवक बनकर पीड़ितों को न्याय दिलाना है। महिला सुरक्षा को लेकर उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सरकार के साथ- साथ पुलिस के उच्चाधिकारियों की प्राथमिकता में शामिल है। क्षेत्र में कोई अप्रिय घटना न घटे, इसे लेकर उनका पूरा प्रयास रहेगा। क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाना व उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है, अराजकता फैलाने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। चौकी प्रभारी मसकनवा दिलीप सिंह, निरीक्षक घनश्याम वर्मा, श्याम बाबू कमल, दिलीप कुमार, गोल्डेन, अभिषेक सिंह, कुंदन गौड़, मनोज पासवान, जितेंद्र यादव, विजय आदि रहे।

# किसी भी धर्म या जाति के खिलाफ न करें गलत कमेंट


शांति कमेटी की बैठक में बोलतीं डीएम व मौजूद एसपी। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** मंगलवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के साथ जनपद के समस्त प्रशासनिक, पुलिस अधिकारियों व संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक की। इसमें आगामी त्योहारों व लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित इस बैठक में संभ्रांत व्यक्तियों से त्योहारों के संबंध में संवाद कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की गई और त्योहारों को सकुशल व शांतिपूर्ण संपन्न कराने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। डीएम नेहा शर्मा ने कहा कि त्योहारों के समय कोई भी व्यक्ति किसी भी धर्म-जाति को लेकर कोई भी गलत कमेंट न करें। एक गलत कमेंट से पूरे समुदाय में सौहार्दपूर्ण माहौल बिगड़ सकता है। सभी धर्मों के लोग अपने-अपने त्योहारों को पूरे उत्साह व जोश के साथ मनाएं। त्योहारों के समय हर संभव मदद की जाएगी। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने भी आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम, क्षेत्राधिकारी व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# 50 हजार से ज्यादा की नकदी लेकर चलने पर रोक

**लोकसभा चुनाव**

- राजनीतिक गतिविधियों के लिए धार्मिक स्थल का प्रयोग रहेगा प्रतिबंधित: उप जिलाधिकारी

गोंडा कार्यालय



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के कारण 50 हजार रुपये से अधिक की धनराशि साथ लेकर चलने पर रोक लगा दी गई है। 50 हजार से अधिक की धनराशि साथ रखने पर इसके लिए साक्ष्य दिखाना आवश्यक होगा। इसी तरह कोई भी राजनीतिक दल चुनाव प्रचार के लिए किसी धार्मिक स्थल का प्रयोग नहीं कर सकेगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के तहत जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनावी अवधि तक कोई भी नागरिक 50 हजार रूपये से ज्यादा नगद लेकर यात्रा नहीं कर सकेगें। नकद धनराशि बरामद होने पर व्यक्ति को उसके सम्बन्ध में साक्ष्य प्रस्तुत करने होगें। कोई भी सरकारी कर्मचारी राजनैतिक गतिविधि में शामिल नही हो सकता है । अगर ऐसा होता है तो इस आदर्श आचार सहिता का उल्लंघन माना जायेगा और कड़ी कार्रवाई की जायेगी। सरकार के मंत्री आफिशियल वाहनों का राजनैतिक कार्यों के लिये उपयोग नहीं कर सकेंगे। वाहनों व बैठकों में लाउडस्पीकर का प्रयोग करने की अनुमति सुबह 6 बजे से लेकर रात 10 बजे तक ही दी जायेगी। इसके बाद आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा। किसी भी वाहन पर किसी भी पार्टी का झण्डा नहीं लगाया जा सकेगा। केवल राजनैतिक दलों के पदाधिकारी आरओ से अनुमति लेकर वाहनों पर झण्डे का प्रयोग कर सकेंगे। किसी भी धार्मिक स्थल का प्रयोग चुनाव प्रचार जैसे भाषणों, पोस्टरों, बैनरों के लिये नहीं किया जायेगा। सरकारी कार्यालय के परिसर में किसी भी प्रकार का राजनैतिक गतिविधि की अनुमति नहीं दी जायेगी। सरकारी गेस्ट हाउस में किसी भी प्रकार की राजनैतिक गतिविधि नही की जायेगी। किसी दशा में बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग निषेध किया गया है। वहीं किसी भी जुलुस व रैली के लिये जगह, समय व रूट चार्ट का निर्धारण पहले से करके आरओ से अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना किसी पूर्व सूचना के जुलुस व रैलियों की अनुमति नहीं दी जायेगी। मतदान स्थलों के 100 मीटर के दायरों के अन्दर किसी भी प्रकार की चुनावी मीटिंग , प्रचार करने की अनुमति नहीं होगी। नामांकन के दौरान केवल 3 वाहनों को ही नामांकन स्थल से 100 मीटर के दायरे में आने की अनुमति होगी। मतदाता का किसी विशेष पक्ष को मतदान करने हेतु किसी भी प्रकार का प्रलोभन चाहे आर्थिक अथवा किसी और तरह का हो, अपराध है। किसी भी प्रकार की जाति या साम्प्रदायिक अपील वर्जित है। उनके द्वारा समस्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारी को भी आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

**कार्यक्रम** | निपुण लक्ष्य हासिल करने वाले अकादमिक रिसोर्स पर्सन को किया गया सम्मानित

# कार्यशाला में प्राथमिक शिक्षा के सुधार पर हुआ मंथन

गोंडा कार्यालय


कार्यशाला में एआरपी को सम्मानित करते एडी बेसिक रामसागर पति त्रिपाठी।

**अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षा में सुधार को लेकर मंगलवार को जनपद स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में अफसरों व शिक्षकों ने अपने विचार साझा किए। निपुण भारत मिशन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एआरपी को सम्मानित भी किया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ देवीपाटन मंडल के सहायक शिक्षा निदेशक राम सागर पति त्रिपाठी, डॉयट प्राचार्य अतुल तिवारी व बीएसए प्रेमचंद यादव ने किया। कार्यशाला में सभी ब्लॉकों के खंड शिक्षा अधिकारी, एसआरजी व एआरपी उपस्थित रहे। कार्यशाला में प्राथमिक शिक्षा के सुधार पर मंथन हुआ। अफसरों ने शिक्षा व्यवस्था में सामुदायिक सहभागिता पर जोर दिया। झंझरी के खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. समय प्रकाश पाठक ने कहा कि शिक्षक बनना महत्वपूर्ण नहीं है, महत्वपूर्ण है बच्चों के बीच विश्वास जगाना और अपने उत्तरदायित्व का सम्यक निर्वहन करना। शिक्षक के प्रयास से बच्चे का भविष्य संवर जाए तो समझें कि शिक्षक बनना सार्थक हो गया। मानवीय मूल्यों की शिक्षा देने वाला ही कुशल शिक्षक है। एसआरजी कमलेश पांडेय ने टीएलएम व शिक्षक संदर्शिका के उपयोग पर प्रकाश डाला। इस दौरान निपुण लक्ष्य हासिल करने वाले ब्लॉकों के 18 अकादमिक रिसोर्स पर्सन को सम्मानित किया गया। यहां खंड शिक्षा अधिकारी सीमा रानी, हेमलता त्रिपाठी, नूतन जायसवाल, आरके वर्मा, कोमल यादव, डीसी सामुदायिक शिक्षा प्रेम शंकर मिश्रा, डीसी एमडीएम गणेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105

Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

## एक नजर

### 10 बदमाशों पर पुलिस ने की गैंगस्टर की कार्रवाई

**बहराइच, अमृत विचार :** रूपईडीहा, मटेरा और नानपारा पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की है। रूपईडीहा थानाध्यक्ष शमसेर बहादुर सिंह ने घसियारन मोहल्ले निवासी अनवर खान, कस्बे निवासी राजू रायनी के विरूद्ध गैंगस्टर ऐक्ट की कार्यवाई की है। नानपारा कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने लुटेरे गैंग के सरगना ऊंचवा धतौलिया निवासी दीवान सिंह, राजस्थान के सीकर जिले के सीएलसी चौक वार्ड नंबर-39 निवासी अंकित कुमावत, जगदम्बा कॉलोनी वार्ड नंबर-40 के कमलेश कुमावत, आरटीओ दफ्तर निकट सरोज नगर निवासी मोहम्मद हमराज पर गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाई की है। मटेरा के प्रभारी निरीक्षक ने मदारगढ़ी के मजरे मटेरा बहादुर सिंह निवासी तिलक राम, उसके गुर्गों इसी गांव के कमालुद्दीन उर्फ कोयला, कलीम उर्फ भुरूऊ, कमरुद्दीन पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है।

### बालक गंभीर रूप से झुलसा, लखनऊ रेफर

**बहराइच :** हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम देव रायपुर गांव निवासी प्रकाश के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने से सौरभ (डेढ़) झुलस गया। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

### कढ़ाही भरे तेल में गिरकर बालक झुलसा

**बहराइच :** महसी तहसील क्षेत्र के गलकारा सीतापुरवा गांव निवासी विशाल (4) पुत्र नवमी लाल का सोमवार को मुंडन कार्यक्रम भगवानपुर के पास स्थित देवस्थान पर था नवमी लाल ने बताया कि बेटा भंडारे कार्यक्रम में बना रहे पकवान के पास खड़ा था। वहीं पर अनियंत्रित होकर कढ़ाही में गिर गया जिससे वह झुलस गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाज के दौरान हालत में सुधार है।

### छात्र को जमकर पीटा

**बहराइच :** कोतवाली नानपारा के भावनियापुर गांव निवासी सलमान पुत्र अब्दुल रहमान नानपारा नगर क्षेत्र में संचालित लखनऊ पब्लिक मोंटेसरी स्कूल में पढ़ाई करता है। आरोप है कि मंगलवार को पेंसिल लाने से इनकार करने पर दूसरे साथी छात्रों ने उसकी जमकर दो पिटाई कर दी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# छात्रों ने मिल संचालन की ली जानकारी

जरवलरोड, बहराइच



चीनी मिल में भ्रमण के लिए आए परिषदीय विद्यालय के छात्र। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकास खण्ड जरवल की बीआरसी पर सम्पन्न हुई राष्ट्रीय अविष्कार अभियान आधारित क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों के दल को खंड शिक्षा अधिकारी जरवल अरविंद बहादुर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसके तहत बच्चों ने जरवल रोड में स्थापित आईपीएल शुगर मिल का भ्रमण कर यहां के चीनी उत्पादन की क्रियाकलाप के बारे में प्रत्यक्ष रूप से देखकर जाना व समझा।

छात्रों ने भ्रमण के दौरान जाना कि किसानों द्वारा लाये गये गन्ने को मिल में कटर से छोटे छोटे टुकड़ों में काटकर पेराई से रस निकाला जाता है, इसके बाद रस को बॉयलर में भेजकर चीनी के क्रिस्टल रूप की प्रक्रिया अपनाई जाती है, इस दौरान जो वेस्ट मैटेरियल निकलता है उसका उपयोग मिल के अंदर ही अन्य सहउत्पाद बनाने में किया जाताहै। भ्रमण पर जाने से पहले बच्चो को बीईओ जरवल की ओर से नोटबुक पेन, चॉकलेट और पानी की बोतले देकर रवाना किया गया तथा आईपीएल शुगर मिल प्रबंधतंत्र की तरफ से बच्चों को लंच पैकेट दिया गया। बीईओ सिंह ने बताया की बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास के साथ ही स्थायी ज्ञान प्राप्त करने के लिए विभाग द्वारा एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया जाता है। इससे बच्चों के मन मे किताबी ज्ञान के साथ ही व्यवहारिक ज्ञान व वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है। शैक्षिक भ्रमण में शामिल एआरपी अब्दुल मोमिन ने बताया की बच्चो के लिए यह भ्रमण ज्ञानवर्धक व यादगार रहेगा। इस अवसर पर मिल के मुख्य प्रबंधक टीएस राणा, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष आसिफ अली, एआरपी कल्पना मिश्रा, मोहम्मद अहमद, रियाज अहमद, समेत कई वरिष्ठ शिक्षक मौजूद रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने पर 10 वर्ष का कारावास

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** कोतवाली नानपारा के किशुनपुर माफी गांव निवासी अभियुक्त को विशेष न्यायाधीश पाक्सों की कोर्ट ने नाबालिग बिटिया का अपहरण व दुष्कर्म करने के मामले में मंगलवार को दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश पाक्सों की कोर्ट ने अभियुक्त को 75 हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है। अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्त को एक वर्ष के अधिक का करावास भुगतना होगा।

विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संत प्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक संतोष सिंह ने बताया कि वादी मुकदमा ने चार मई 2013 को नानपारा पुलिस क्षेत्राधिकारी को तहरीर देकर कहा था कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बिटिया 30 अप्रैल 2013 को फीस जमा करने के लिए घर से स्कूल गई थी। लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। बिटिया की खोजबीन के दौरान थाना क्षेत्र के बिबियापुर गांव निवासी रहीश व छब्बन ने बताया कि उसकी बिटिया को मटेरा स्थित एक होटल के पास देखा था। उसके साथ किशुनपुर गांव के सुभाष व खेलावन आदि थे। जबकि महेश नाम के लड़के पास उसकी बिटिया का स्कूल बैग था। शासकीय अधिवक्ताओं ने बताया कि सीओ के निर्देश के बाद नानपारा पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी के खिलाफ के अपहर व दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज विवेचना रिपोर्ट सक्षम न्यायालय में सौंपा था। शासकीय अधिवक्ताओं ने मंगलवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो वरूण मोहित निगम ने मुकदमें सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद सबूतों व गवाहों के आधार पर महेश मुकदमें दोषसिद्ध किया। जबकि अन्य अरोपियों को साक्ष्य के आभाव में दोषमुक्त कर दिया। शासकीय अधिवक्ताओं ने बताया कि विशेष न्यायाधीश पाक्सो की कोर्ट ने दोषसिद्ध अभियुक्त महेश को अलग-अलग धाराओं में सजा सुनाते हुए अधिकतम दस वर्ष के करावास की सजा सुनाते हुए 75 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की धनराशि अदा न करने पर अभियुक्त को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। शासकीय अधिवक्ताओं ने बताया कि कोर्ट ने अर्थदंड की धनराशि पीड़िता को देने के भी निर्देश दिए है।

# दबंगों के हमले में वृद्ध की मौत, पिता और पुत्र घायल

## पुलिस ने मारपीट की धाराओं में गैर इरादतन हत्या की धारा बढ़ाई

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** जनपद के करीमबख्शपुरवा में विवादित भूमि पर जबरन शौचालय निर्माण के प्रयास पर विरोध करने पर लाठी डंडों से लैस हमलावरों ने जमकर लाठियां भांजी। जिसके चलते वृद्ध, उसके बेटे व पौत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। वृद्ध की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि पिता-पुत्र का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतक वृद्ध के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हत्या की धारा बढ़ाने की बात कह रही है।

खैरीघाट थाना क्षेत्र के करीमबख्शपुरवा गांव मे लगभग 24 वर्ष से भूमि को लेकर विवाद कोर्ट में लंबित है। रविवार शाम इसी विवादित भूमि पर शौचालय निर्माण को लेकर गड्ढे की खुदाई शुरू हुई तो गांव निवासी 45 वर्षीय इसरार पुत्र माशूक अली ने इसको रोकने का विरोध किया तो लाठी डंडों व धारदार हथियार से लैस हमलावरों ने उसे घेर कर मारपीट की। उसे बचाने दौड़े वृद्ध पिता 65 वर्षीय मासूक अली पुत्र समद, बेटा 24 वर्षीय मुन्नन पुत्र इसरार को हमलावरों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को थाने लाए जाने पर उन्हे बेहड़ा सीएचसी मेडिकल को भेज दिया गया। सीएचसी में हालत गंभीर होने पर वृद्ध को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान हालत में सुधार न होने पर वृद्ध को लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ में मंगलवार को इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। काफी जद्दोजहद के बाद पुलिस ने मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक एसके सिंह ने बताया कि मारपीट की धाराओं को गैर इरादतन हत्या में तरमीम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे।



वृद्ध की मौत के बाद गमगीन परिवार के लोग। अमृत विचार

### पुलिस पर शिथिलता बरतने का आरोप

घायल वृद्ध के पोते मुन्नन का कहना है कि जब रात में उसके पिता और बाबा पर हमला हुआ तो वह सभी को थाने लेकर पहुंचा। यहां पर थाने के बड़े साहब ने बार बार विवाद करने की बात कहते हुए थाने से भगा दिया। जिसके चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। सभी ने सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### रास्ते की जमीन पर बने मकान पर चला बुलडोजर

**जरवल, बहराइच, अमृत विचार :** रास्ते की जमीन पर मकान बनाकर अवैध कब्जा करना भारी पड़ गया। हाई कोर्ट के आदेश पर तहसीलदार कोर्ट ने बेदखली का आदेश पारित कर दिया। अतिक्रमण न हटने पर तहसील दिवस में शिकायत करते हुए कोर्ट के आदेश के पालन की मांग की गई। जरवलरोड थाना क्षेत्र के अटवा गांव में रास्ते की जमीन गाटा संख्या 74 के आंशिक भाग पर गांव के मोलहे पुत्र परसादी ने पिलर बनाकर दीवार खड़ी कर दी। गांव के ही भरथरी ने रास्ते की भूमि से अवैध कब्जा हटाने के लिए हाइकोर्ट में याचिका दायर कर दी।हाइकोर्ट ने 24 मई 23 को आदेश पारित कर रास्ते की जमीन से अवैध कब्जा हटाने का निर्देश राजस्व विभाग को दिया। हाइकोर्ट के आदेश पर तहसीलदार कैसरगंज न्यायालय ने अवैध कब्जा हटाने के लिए बेदखली का आदेश 31 अक्टूबर 23 को जारी कर दिया। सोमवार को नायब तहसीलदार जरवल पीपीगिरी, राजस्व निरीक्षक वाहिद कमाल, लेखपाल राम किशुन और पंकज कुमार सिंह, उपनिरीक्षक दिनेश कुमार सिंह, राम कृपाल, श्रवण कुमार गौतम, आरक्षी राहुल यादव, शिवम मिश्रा, सारांश, महिला आरक्षी श्रद्धा यादव, रुची पाण्डेय के साथ रास्ते की भूमि से अवैध निर्माण हटाने के लिए पहुंच गए। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से रास्ते की जमीन पर बने अवैध पक्के निर्माण को ढहा दिया गया। नायब तहसीलदार ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश पर तहसीलदार कोर्ट ने बेदखली का आदेश पारित किया था, जिसके क्रम में अवैध कब्जा हटाया गया है।भविष्य में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# निडर होकर करें मतदान, पुलिस मुस्तैद है

जरवलरोड, बहराइच



लखनऊ-बहराइच मार्ग पर एसपी के निर्देश पर मार्च करते जवान।

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में आचार संहिता लागू होने पर जरवलरोड पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया।

पुलिस उपाधीक्षक रूपेन्द्र गौड़ एवं नायब तहसीलदार जरवल पीपी गिरी के नेतृत्व में पुलिस और अर्धसैनिक संयुक्त बल के द्वारा घनी आबादी और संवेदनशील इलाकों में भ्रमण कर शांतिपूर्ण मतदान करने का संदेश दिया। थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरो, असामाजिक तत्वों के घर दबिश देकर चेतावनी दी गई कि अगर चुनाव और शांति व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास किया तो खैर नहीं है। साथ ही आमजन को यह विश्वास दिलाया कि निडर होकर मतदान करें। लोकसभा चुनाव में पुलिस को सहयोग करने के लिए लोगों से अपील की। सोमवार को थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बंभौरा के जरवल रोड बाजार अलीपुर पकड़ी करीमुल्लापुर मुस्तफाबाद जरवल क्षेत्र के दर्जनों गांवों में फ्लैग मार्च के दौरान ने लोगों को बिना किसी भय के शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने, मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। थानाध्यक्ष बृजराज प्रसाद ने बताया कि केंद्रीय सशस्त्र बल के 150 सैनिकों की टुकड़ी जरवलरोड थाने पर आ चुकी है। पुलिसकर्मियों के साथ अर्धसैनिक बल के संयुक्त टीम को विशेष रूप संवेदनशील इलाकों में पैदल मार्च करने के अलावा क्षेत्रों में गस्त करने और सघन चेकिंग अभियान में तैनात किया जाएगा। फलैग मार्च के दौरान थानाध्यक्ष के साथ उप निरीक्षक लव कुमार, उप निरीक्षक राम सहोदर तिवारी, उप निरीक्षक दीपेंद्र सिंह, एसआई अनुरोध यादव, उपनिरीक्षक प्रभु नाथ सिंह, प्रमोद यादव, रामकृपाल हेड कांस्टेबल शकील अहमद प्रदीप सिंह प्रदीप यादव, राजस्व निरीक्षक वाहिद कमाल जरवल, लेखपाल रामकिशुन बंभौरा, लेखपाल पंकज कुमार मौजूद मौजूद रहे।

# हिरन के शिकार में लगी थी जुबेर को गोली

श्रावस्ती

**अमृत विचार:** जिले के भिनगा जंगल मे 17 मार्च को हुए गोली कांड का खुलासा पुलिस ने मंगलवार को कर दिया। कोतवाली भिनगा क्षेत्र के भिनगा रेंज में रविवार को जुबेर नाम के व्यक्ति की गोली लग जाने पर घायल होने तथा इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो जाने की घटना हुई थी।

जिसपर मृतक के भाई तौफिक रजा पुत्र मो मेराज खाँ निवासी मजरा चौबेपुरवा ग्राम रानीपुर भेला थाना सिरसिया ने कोतवाली भिनगा में अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था।

मामले की जांच के लिए एसपी घनश्याम चौरसिया ने प्रभारी निरीक्षक भिनगा महिमनाथ उपाध्याय व स्वाट टीम/सर्विलांस टीम को लगाया था। फील्ड यूनिट को भी घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित करने के निर्देश दिए थे। इसपर पुलिस ने घटना का खुलासा कर दिया।

### इस तरह हुआ मामले का खुलासा

पुलिस की फील्ड यूनिट ने मौके से तथा मृतक के शरीर से साक्ष्य एकत्रित किये थे। फील्ड यूनिट द्वारा प्रेषित की गयी रिपोर्ट तथा मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार मृतक के हाथ में चोटे आयी थी। जिससे घटना संदिग्ध लग रही थी। प्रभारी निरीक्षक भिनगा महिमानाथ उपाध्याय तथा पुलिस टीम द्वारा मृतक के भाई मुकदमा तौफीक रजा से कडाई से पूछताछ की। तो उसने बताया कि मै तथा मेरा भाई जुबेर तथा उसके साथ कुद्दुस पुत्र नियामत, गौसमुहम्मद पुत्र मो0 मेराज जुमई पुत्र नूर मोहम्मद निवासीगण चौबेपुरवा रानीपुर भेला थाना सिरसिया 17 मार्च को जंगल में हिरन का शिकार करने गये थे। जहाँ पर मेरे भाई जुबेर नें अपने साथ लिये हुए भरुही बन्दूक से हिरन पर निशाना लगाया किन्तु बन्दूक से पीछे से फायर हो गयी तथा गोली मेरे भाई जुबेर के आँख व सर में लग गयी। बारूद लगने से मेरे भाई का हाथ भी जल गया। मेरा भाई जमीन पर गिर गया। हम लोगो ने अपनी बचत के लिए योजना बनायी। उसी योजना के अन्तर्गत बन्दूक को कुद्दस ने कही ले जाकर छिपा दिया। तब मैने घर पर फोन कर बताया कि मेरे भाई को किसी ने गोली मार दिया है। चूकि हम लोग जंगली जानवर का शिकार कर रहे थे। जानकारी होने पर हम लोग फंस जाते इसीलिए अपने आप को बचाने के लिए योजना के तहत थाने जाकर मुकदमा लिखा दिया गया। घटना में तौफिक रजा पुत्र मेराज खाँ, जुबेर खाँ पुत्र मेराज खाँ (मृतक), गौसमुहम्मद पुत्र मेराज, जुमई पुत्र नूर मोहम्मद निवासी चौबेपुरवा रानीपुर भेला थाना सिरसिया व कुद्दुस पुत्र नियामत ग्राम नन्दनगर भेला थाना सिरसिया शामिल किया गया। आर्म्स एक्ट व वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत पुलिस टीम कुद्दस पुत्र नियामत को उसके घर से गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर भरुही बन्दूक को भी बरामद किया गया।

# 3 किलो 555 ग्राम चरस के साथ 3 अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** जिले के विभिन्न स्थानों की पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर जांच के दौरान 3 किलो 555 ग्राम नाजायज चरस के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा सभी थानों की पुलिस को शक्त निर्देश जारी करते हुए कहा था कि जिले में अमन चैन और शांति व्यवस्था बनाए रखें और नगरीय इलाकों तथा ग्रामीण अंचलों होटल और बॉर्डर पर लगातार भ्रमणशील रहे। क्षेत्र भ्रमण के दौरान सिरसिया थाना की पुलिस तथा सब की संयुक्त टीम ने तौफीक पुत्र लाल मोहम्मद निवासी चहलवा थाना कोतवाली भिनगा को एक किलो 274 ग्राम चरस के साथ तथा सोनू पुत्र भलर निवासी सोनपुर हरिया के पास से गिरफ्तार कर उसके पास एक किलो 656 ग्राम चरस बरामद किया। वही इकौना थाने की पुलिस ने अली शेर पुत्र अब्दुल खालिक निवासी पटेल नगर थाना इकौना को नाजायज चरस के साथ रानी पूर्व मोड़ के पास से गिरफ्तार किया तलाशी के दौरान अली शेर के पास से 625 ग्राम अवैध चरस बरामद किया। तीनों अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें जेल रवाना कर दिया।

### तमंचा, दो कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** नवीन मॉडर्न थाना श्रावस्ती क्षेत्र में चोरी के आरोप में थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद ने पुलिस टीम से साथ अंगुलीमाल गुफा मार्ग सम्भवनाथ मन्दिर के पास से एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से चोरी का सामान व एक तमंचा 2 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना परिचय रमेश कुमार यादव उर्फ चिनकू पुत्र कन्धई लाल यादव निवासी अमेरिका प्रधानपुरवा ग्राम जोगिया थाना ललिया जनपद बलरामपुर के रूप में बताया। बरामद समान में 920 रुपये नकद व 2 अदद बटुली, 1 अदद परात, 2 अदद थाली शामिल है। आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज की गई है।

## वर्ग पहेली-15

**बाएं से दाएं**

1. एक वजनी धातु जो मटमैले रंग की होती है, (लेड)।
3. 1. (पुराण) दुर्गा का एक रूप
6. काशी की परिक्रमा जिसमें पांच पड़ाव हैं- कंदवा
7. 1. मकड़ी द्वारा बनाया गया जाला 2. जाल, जंजाल 3. किसी के द्वारा किया गया षड्यंत्र, साजिश, फ़रेब।
9. 1. पंथ, संप्रदाय 2. जमात, समुदाय 3. वर्ग 4. गुट, दल, गिरोह, जत्था 5. जाति।
10. 1. शनि नामक ग्रह, शनैश्चर 2. (ज्योतिष) एक देवता 3. शनिवार 4. जिसके आने से कार्य में व्यवधान उत्पन्न होता हो।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. (काव्यशास्त्र) आर्या छंद का तेइसवां भेद जिसमें पांच गुरु और अड़तालीस लघु मात्राएं होती हैं 2. मादा सारस पक्षी।
4. 1. चमकीला, जिसमें ख़ूब चमक-दमक हो, भड़कीला 2. अलंकृत, शब्दाडंबरपूर्ण।
5. 1. जो चलायमान या गतिशील हो, चपल, जिसमें स्थायित्व न हो 2. जो किसी एक स्थिति या एक स्थान पर न रहता हो, जो स्थिर न हो
6. पंजाब राज्य की भाषा।
8. 1. पूछने वाला व्यक्ति 2. आदर करने वाला व्यक्ति 3. देखरेख या ख़ोज-ख़बर लेने वाला व्यक्ति।



## वर्ग पहेली -14 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 रो | 2 मि | 3 ल | ■ | 4 ब | ■ |
| 5 रू | ■ | 6 स | ट | क | ना | ■ |
| ह | ■ | ■ | के | ■ | ना | ■ |
| ■ | 7 स | 8 ज़ी | दा | ■ | ■ | 9 घ |
| ■ | ■ | 10 न | र | मा | ह | ट |
| 11 पू | जि | त | ■ | ■ | ■ | वा |
| ■ | ■ | ■ | 12 ब | रा | ब | र |

## सुडोकू-94

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 9 | | 2 | | 3 | |
| | 3 | | | | | | | 9 |
| | | 8 | | | | 5 | 4 | |
| 6 | | 2 | | 8 | | 3 | | |
| | | 1 | | | 3 | 9 | | |
| | | 4 | | 7 | | | | 2 |
| 5 | 8 | | | | | 2 | | |
| 7 | | | | | | | 1 | |
| | 1 | | 3 | | 6 | 4 | | |

## सुडोकू -93 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 2 | 6 | 9 | 5 | 4 | 7 | 8 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 3 | 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 2 | 1 | 7 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 1 | 7 | 9 | 8 | 5 | 6 |
| 5 | 9 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 मार्च, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 21 मार्च 02.22 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग

| स्थान | ग्रह |
|---|---|
| 1 | गु. |
| 2 | |
| 3 | |
| 4 | चं. |
| 5 | |
| 6 | के. |
| 7 | |
| 8 | |
| 9 | |
| 10 | |
| 11 | श. मं. शु. |
| 12 | बु. रा. सू. |

दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 22.38 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष:** आज अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। किसी काम को करने में जल्दबाज़ी न करें। आपकी योजनाओं में अचानक बदलाव आने से काम बिगड़ सकते हैं। शरीर में कोई समस्या या कमजोरी महसूस हों तो चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लें।

**वृष:** आज आपको व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। आपका आत्मविश्वास पहले से मजबूत होगा। अपने बुद्धि-विवेक और कौशल का परिचय देंगे। अनावश्यक खर्चों में नियंत्रण पा लेंगे।

**मिथुन:** आज प्रशासन से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। फाइनेन्स को लेकर स्थिति मजबूत होगी। घर-परिवार के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। लोग पीठ-पीछे आपकी आलोचना करेंगे। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें।

**कर्क:** आज कार्यशैली में सार्थक बदलाव ला सकते हैं। ऑफिस में आपको सीनियर्स का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आ रही परेशानी दूर होगी। आज समस्याओं का समाधान होने से आपका तनाव दूर होगा। कार्यक्षेत्र में आपको बहुत अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**सिंह:** आज का दिन आपको काफी परेशान कर सकता है। अपने काम पर आपको काफी ध्यान देने की आवश्यकता है। लंबी दूरी की यात्रा आज न करें। लवमेट्स से किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। अपने खानपान को लेकर सावधानी रखें।

**कन्या:** आज संपत्ति प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। आपको शरीर को काफी आराम देने की आवश्यकता है। लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित रहेंगे। बच्चों की सफलता से आपको गौरव की अनुभूति होगी। दोस्तों की सलाह आपके लिए काफी काम आने वाली है।

**तुला:** आज आपको पिता के साथ अच्छे संबंध रखने चाहिए। अपने काम की गुणवत्ता पर सुधार करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। अपने कारोबार को लेकर बड़ा लक्ष्य बनायेंगे। उच्च शिक्षा संस्थान के प्रवेश में आ रही बाधा दूर होगी।

**वृश्चिक:** आज धार्मिक यात्राओं की प्लानिंग कर सकते हैं। आज अपने प्रेमी से दिल की बात कह सकते हैं। यदि आप नौकरी बदलना चाह रहे हैं तो यह दिन बहुत ही अच्छा है। बॉस से आपके संबंध अच्छे रहेंगे। आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे।

**धनु:** आज नई संपत्ति में बड़ा निवेश करने से आपको बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपके काम के बिगड़ने कि संभावना है। आपके विचारों में नकारात्मकता जगह ले सकती है। सेहत में थोड़ी खराबी आने की आशंका है। अपनी गलतियों को लेकर पछतावा हो सकता है।

**मकर:** आज आप अपने कार्यों को तय समय पर पूरा कर लेंगे। जीवनसाथी आपसे काफी आकर्षित रहेगा। अविवाहित जातकों का विवाह तय हो सकता है। व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** आज पुराना कर्ज चुकाने के लिए दिन अनुकूल है। रक्त विकार उत्पन्न हो सकते हैं। जॉब में आपको नयी टीम के साथ काम करना पड़ सकता है। धैर्यवान होकर अपना काम करें फिलहाल ज्यादा अपेक्षा रखना उचित नहीं है।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में आपके रचनात्मक विचारों और सुझाव की प्रशन्सा होगी। शाम के समय परिजनों की किसी बात पर आपको गुस्सा आ सकता है। किसी भी तरह के व्यसन व बुरी आदत से दूर रहें। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
देवता — दोपहर : 12.00
धड़कन — शाम : 06.59

**Sony Max**
बाटला हाउस — सुबह : 11.06
फैंटम — रात : 09.23

**Sony Pix**
जुमांजी : द नेक्स्ट लेवल — सुबह : 11.26
जस्टिस लीग — शाम : 06.54

**Zee Cinema**
अपहरण — सुबह : 10.30
अनजाना अनजानी — रात : 07.30

**Colors Cineplex**
चमत्कार — सुबह : 08.24
आर राजकुमार — रात : 09.36

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात : 09.23 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- आज ये रोटियां जली हुई कैसी हैं?
पत्नी- क्योंकि मैं आजकल खूबसूरत होती जा रही हूं।
पति- तुम्हारे खूबसूरत होने से रोटी जलने का क्या लेना-देना है?
पत्नी- रोटियां भी मेरी खूबसूरती को देखकर जलने लगी हैं।
पत्नी की बात सुनकर पति रह गया दंग।

अध्यापक ने एक छात्र से पूछा - बताओ, शाहजहां कौन था?
छात्र- जी, वह एक मजदूर था...
अध्यापक- कैसे?
छात्र- आपने ही तो कहा था कि शाहजहां ने कई इमारतों का निर्माण किया था...



नवां रोजा

शिया
सहरी : 04.37बजे
इफ्तार : 06.26बजे

सुन्नी
सहरी : 04.50बजे
इफ्तार : 06.15 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## पचदेवरी मतदान केंद्र का सीडीओ ने किया निरीक्षण

**बहराइच :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने विधानसभा क्षेत्र महसी अन्तर्गत मतदान केन्द्र पचदेवरी के बूथ संख्या 70, 71, 72 व 73 का निरीक्षण कर मतदान केन्द्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायज़ा लेते हुए मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान, कोटेदार, आशा, एएनएम, रोजगार सेवक, पंचायत सहायकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मतदान केन्द्र के निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने विगत लोकसभा सामान्य निर्वाचन में 40 प्रतिशत से कम मतदान के कारणों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए ग्रामवासियों को शपथ दिलायी कि हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# अब हमारे घर के आंगन में नहीं दिख रही गौरैया

**विश्व गौरैया दिवस पर विशेष**

- पर्यावरण प्रेमी संरक्षण पर दे रहे जोर, चला रहे अभियान
- आधुनिक चकाचौंध में गुम हो गई आंगन में चहचहाने वाली चिड़िया

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** लोगों के घरों में दिखने वाली गौरैया धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है। इसका मुख्य कारण आधुनिकता की दौड़ में पेड़ों की अंधाधुंध कटान और मोबाइल टावरों से निकलने वाला खतरनाक विकिरण बताया जा रहा है। लेकिन हम सभी की सजकता से ही इसके संरक्षण पर बल दिया जा सकता है।



बहराइच के सीके गार्डन में लगा घोंसला।

प्रतिवर्ष 20 मार्च को पूरे विश्व में गौरैया दिवस मनाया जाता है। लेकिन इसके संरक्षण के लिए धरातल पर कोई काम नहीं दिख रहा है। जबकि गौरैया हमारी प्राकृतिक साथी है। कभी वह पेड़ से आंगन तो आंगन से पेड़ में कुदरती रहती थी। लेकिन बदलते प्रवेश में गौरैया पूरी तरह से विलुप्त होती जा रही है। इसका मुख्य कारण ग्रामीण और शहर क्षेत्र में पेड़ों के अंधाधुंध कटान है। गौरैया पेड़ पर ही अपना घोंसला बनाती है और वह ग्रामीणों के बीच रहना चाहती है, लेकिन पेड़ों की हो रही कटान से गौरैया अपने घर नहीं बन पा रही है। यही कारण है कि दो दशक पहले हमारे और आपके घरों के आंगन में चहचहाने वाली गौरैया अब नहीं दिखती है।

इसे संरक्षित करने के लिए सरकार की ओर से भी कोई बेहतर कदम नहीं उठाया जा रहा है। ऐसे में अपने घर के मेहमान और आंगन में चहचहाने वाली गौरैया को हम सभी मिलकर ही संरक्षित रख सकते हैं। आइए हम सभी मिलकर घर के आंगन में चहचहाने वाली गौरैया को बचाने का प्रयास करें। क्योंकि गौरैया पर्यावरण हितैषी होने के साथ ही खेतों में लगे कीड़ों को खत्म करने में भी उपयोगी है।

### हमारे बीच रहना चाहती है गौरैया



गौरैया हम सभी की तरह परिवार के बीच में ही रहना चाहती है लेकिन आधुनिकता की दौड़ में जंगल और पेड़ काटे जा रहे हैं जिसके चलते गौरैया भी विलुप्त होती जा रही है इसके संरक्षण के लिए घोंसले बनाए हैं, जिसके परिणाम भी सुखद मिल रहे हैं, उसमें गौरैया आ रही हैं आज भी लोगों को निशुल्क घोसला वितरित किया जाएगा।

–मुकेश जायसवाल, पर्यावरण प्रेमी

### 15 वर्ष से लोगों को कर रहे जागरूक



गौरैया को संरक्षित करने और लोगों को जागरूक करने के लिए कतर्निया घाट फ्रेंड्स क्लब का संचालन 15 वर्षों से करते हैं। गौरैया संरक्षण के लिए आम लोगों को घोसला बनवा कर देते हैं स्कूलों के साथ गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते हैं हम सभी के जागरूक होने और पेड़ों पर घोंसला रखने के साथ उसमें दाना रखने पर ही गौरैया को वापस लाया जा सकता है।

–भगवान दास ,लखमानी अध्यक्ष

## गौरैया दिवस पर कार्यक्रम आज

**बहराइचः** विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब बहराइच की ओर से शहर हुजूरपुर रोड पर कतर्नियाघाट व बहराइच वन विभाग कार्यालय के निकट स्थित विहान बालिका आवासीय विद्यालय में 12 बजे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं को गौरैया संरक्षण की जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा। स्कूल को 5 गौरया बॉक्स प्रदान किए जाएंगे। साथ ही सभी 100 बालिकाओं को ब्लैक-ब्लू कलर के डॉट पेन व चॉकलेट दी जाएगी। अंत में ताइक्वांडो खेलने वाली छह छात्राओं को व्हॉइट टी शर्ट का वितरण किया जाएगा।

**एक नजर**

### प्रधान प्रतिनिधि समेत 4 पर केस दर्ज

जरवल, बहराइच, अमृत विचार : जमीन के विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर अकेली महिला की पिटाई कर दी। पुलिस ने प्रधान प्रतिनिधि समेत 4 लोगों पर केस दर्ज किया है। जरवल विकास खंड के ग्राम पंचायत गण्डारा निवासी तरीकुन निशा ने कैसरगंज थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है वह घर पर अकेली थी। घर का विवाद चल रहा है जिसका मुकदमा सिविल जज न्यायालय में विचाराधीन है। गण्डारा प्रधान प्रतिनिधि हसनैन कमाल, सहरुन निशा, लैलतुन व शहरुख खान उसके घर मे रविवार रात घुस आए। गाली गलौज करते हुए उसे मारने–पीटने लगे। शोर मचाने पर पति अब्दुल मुतालिब आ गए। दबंगों ने उसे भी पीटा और धमकी दी।

### पासी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बने तरुन

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के जरवलरोड निवासी तरुन कुमार राव को एक बार फिर से अखिल भारतीय पासी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है। तरुन ने बताया की जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है, मै अपने समाज के लोगों को एकजुट कर समाजिक व आर्थिक शैक्षिक रूप से मजबूत करूंगा।



### भाजपा के जिलाध्यक्ष ने किया जनसंपर्क

**बहराइच, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे मंडल चित्तौरा में बूथ संख्या 232 असरौरा में घर–घर जाकर लाभार्थियों से संपर्क किया और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। साथ ही वोट डालने के लिए निवेदन किया। इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी भाजपा देवेंद्र कुमार मिश्र, मनीष दुबे, अभिषेक गुप्ता, जिला सोशल मीडिया संयोजक अलकक्षेंद्र सिंह, मनीष दुबे, किसान मोर्चा जिला मंत्री सोनेलाल पटेल, मनीष आदि रहे।

# बैंकों से एक लाख रुपये निकालने पर होगी जांच

## 10 लाख से अधिक की निकासी पर आयकर टीम करेगी कार्रवाई

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी या उनके समर्थक बैंक से एक लाख की नकदी निकलेंगे तो इसकी जांच की जाएगी। यदि यह पैसा मतदाताओं में बांटने के लिए निकाला गया है तो उसके विरुद्ध केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में आम लोग एक लाख की निकासी के लिए पुख्ता कागजात जरूर रखें। जिससे कि वह प्रशासन की कार्रवाई से बच सकें।

आम लोगों की आंड में अब प्रत्याशी या उनके समर्थक मतदाताओं में पैसे का खर्च नहीं कर पाएंगे। इसके लिए चुनाव आयोग के दिशा निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने जिले के आम से लेकर खास लोगों के लिए नियम बताया है। जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि जिले के किसी भी बैंक से यदि एक लाख से ऊपर की निकासी और बैंक में पैसा जमा की जाती है तो उसकी जानकारी संबंधित बैंक द्वारा दी जाएगी। अगर पैसे का लेखा जोखा सही न मिला तो उसे जब्त कर केस भी दर्ज हो सकता है। जिलाधिकारी ने बताया कि 10 लाख के लेनदेन के मामले में आयकर विभाग की टीम से जांच कराई जायेगी। उन्होंने बताया कि लेनदेन की राशि का लिखा पढ़ी होना जरूरी है। जिससे कि लोगों को कार्यवाई से बचा जा सके।



जिलाधिकारी मोनिका रानी।

### बैनर -पोस्टर उतारने का चला अभियान

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव आचार संहिता लागू होते ही पूरे जिले में पोस्टर बैनर उतारने का अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि प्राइवेट प्रॉपर्टी पर लगे 6599 और सरकारी विभाग में लगे 13811 बैनर और पोस्टर हटाए गए हैं। उन्होंने बताया कि यदि कहीं और बैनर पोस्टर मिले तो उनके विरुद्ध कार्यवाई की जायेगी।

### एक और गेट बनेगा

जिलाधिकारी ने बताया कि गल्ला मंडी में एक गेट होने के चलते जाम और अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसको देखते हुए गल्ला मंडी के दूसरे हिस्से में इस बार एक और गेट बनाया जायेगा। जिससे कि आम लोगों को जाम की समस्या न हो।

# होली के लिए तैनात किए गए मजिस्ट्रेट

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचारः** होली के त्योहार को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट की ओर से जिले को सेक्टर में विभाजित किया गया है। शहर क्षेत्र को भी कई सेक्टर में विभाजित कर मजिस्ट्रेट ने अधिकारी तैनात किए हैं। जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी ने बताया कि तहसील स्तरीय शान्ति समिति की बैठक कराने के निर्देश गए हैं।

आसन्न त्यौहारों होलिका दहन एवं होली पर्व के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी द्वारा उप जिलाधिकारियों व पुलिस क्षेत्राधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर सर्तकता बरतने के निर्देश दिये गये है। बहराइच नगर क्षेत्र को सेक्टरों में विभाजित कर सेक्टरवार मजिस्ट्रेट तैनात किये गये है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में खण्ड विकास अधिकारियों को अपने-अपने विकास खण्ड क्षेत्र में मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई, जलापूर्ति, प्रकाश व्यवस्था इत्यादि के लिए निकायों के अधिशाषी अधिकारियों व जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये गये है। त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष नम्बर 05252-232815 है जो 23 से 25 मार्च तक क्रियाशील रहेगा। उन्होनें नगर मजिस्ट्रेट को शहरी क्षेत्रों में, उप जिलाधिकारियों को अपने-अपने तहसील क्षेत्रों में शान्ति समितियों की बैठक कर त्यौहारो को सम्पन्न कराएंगे।

**सार-संक्षेप**

### आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को बेहतर बनाना उद्देश्य



कार्यक्रम में बच्चियों को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र जरवल रोड में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्र पर पढ़ने वाले बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाना है। बीआरसी परिसर में आयोजित कार्यक्रम के आयोजक बीईओ अरविंद बहादुर सिंह ने मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, शिक्षकों व बच्चों के अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार गांव के प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षित कर अज्ञानता का अन्धेरा मिटाने के लिए कृत संकल्पित है। सभी का प्रयास हो कि आंगनबाड़ी से बच्चा जब बेसिक के प्राइमरी स्कूल में कक्षा एक मे पढ़ने आये तब वो कोरा कागज न हो। यानी उसे बुनियादी पूर्वज्ञान रहे। कार्यक्रम में बीआरसी कैम्पस प्राथमिक विद्यालय जरवल रोड प्रथम के प्रधानाध्यापक संतोष वर्मा के निर्देशन में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पर प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। इस अवसर पर सभी ब्लॉक एआरपी, शिक्षक संगठन के अध्यक्ष व मंत्री, बीआरसी स्टाफ, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, मौजूद रहे।

### सरकारी उर्वरक का उपयोग करें किसान



जरवल विकास खंड क्षेत्र में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते अधिकारी।

**जरवल, बहराइच, अमृत विचार :** इफको बहराइच व गन्ना विकास समिति जरवल रोड द्वारा संयुक्त नैनो उर्वरकों की जागरूकता किसान गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें किसानों को विभिन्न जानकारियां दी गई। जरवल विकास खंड के ग्रामसभा धनराजपुर में इफको द्वारा नैनो उर्वरकों पर आधारित किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें उप क्षेत्र प्रबंधक इफको सर्वजीत वर्मा के द्वारा किसानों को नैनो उर्वरकों व जल विलेय उर्वरकों, जैव उर्वरकों के बारे विस्तार रुप से जानकारी दी इस मौके पर गन्ना विकास समिति जरवल रोड के सचिव दीपक कुमार वर्मा, एससीडीआई राजेश कुमार विश्वकर्मा, एसपीओ बलरामपुर ललित कुमार मौर्य, गन्ना किसान संस्थान सज्जनपुर गोण्डा सुनील कुमार सागर, योगेश वर्मा एसएफए इफको, प्रगतिशील किसान राजितराम कश्यप, मनीष यादव राम प्रताप सत्यपाल वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, रंजीत कुमार, माधवराज वर्मा सहित लगभग 150 किसानों ने भाग लिया।

### रोजा नफस की तरबियत का बेहतरीन जरिया हैः मौलाना मेहंदी



**बहराइच, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला सैय्यदवाडा में शिया आलिमे दीन इमाम –ए जुमा मौलाना सैय्यद मोहम्मद मेंहदी ने रमजान की फजीलत ब्यान करते हुए कहा कि इस्लाम में नमाज के बाद सबसे अहम इबादत रोजा है और इसे परवर दिगार–ए– आलम ने तमाम मुसलमानों के ऊपर माहे मुबारक रमजान में वाजिब करार दिया है। रोजा नफस की तरबियत का बेहतरीन जरिया है और इसके जरिए हर मुसलमान अपने बातिन और क्लब ओ दिमाग को पाक व पाकीजा अपने इरादे को मजबूत और मुसतहकम बना सकता है और हैवानी खुवाहिशात से निजात हासिल करके रूहानी बुलंदियों तक पहुंच सकता है।

### भुगतान करवा लिया, लेकिन नहीं हुआ नाली निर्माण

**बहराइच, अमृत विचार :** शिवपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत गिरदा में मनरेगा योजना के तहत सड़क निर्माण और नाली निर्माण के लिए ग्राम प्रधान ने ग्राम विकास अधिकारी के साथ मिलकर भुगतान करवाया। लेकिन मनरेगा के तहत सड़क निर्माण तो हो गया, लेकिन नाली निर्माण नहीं हुआ। इसकी शिकायत मंगलवार को गांव के लोगों ने जिलाधिकारी से की। शिवपुर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गिरदा मनरेगा के तहत सड़क निर्माण हुआ है। वर्ष 2021 और 2022 में हुए कार्य में ग्राम प्रधान रीना देवी और ग्राम विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा द्वारा सड़क निर्माण कराया। लेकिन इंटर लॉकिंग के साथ नाली निर्माण नहीं कराया। गांव निवासी लल्लन पुत्र मगरे ने मंगलवार को डीएम को शिकायती पत्र देकर कहा है कि ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी ने नाली निर्माण नहीं करवाया है। जबकि नाली निर्माण का भुगतान करवा लिया है। ऐसे में डीएम से इसकी टीम द्वारा जांच करवाकर कार्यवाई की मांग की।

# आंचलिक विज्ञान केंद्र पहुंचा छात्रों का दल

**रिसिया, बहराइचः** रिसिया विकास क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय के करीबएक सौ बच्चो का जत्था आंचलिक विज्ञान नगरी केंद्र लखनऊ पहुंच गया है।

रिसिया मोड़ से दो बसों के जरिए परिषदीय विद्यालय के करीब एक सौ बच्चो कोएक दिन के टूर पर आंचलिक विज्ञान केंद्र पर भेजा गया है, इनका चयन राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के कार्यक्रम के दौरान किया गया। इस जत्थे को प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह नेहरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। और जत्थे का नेतृत्व रण जीत कुमार बी ई ओ रिसिया ने किया है।यह जत्था सकुशल केंद्र पर पहुंचकर भ्रमण भी किया है।



लखनऊ में भ्रमण करते छात्र। अमृत विचार

# हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा

**रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचारः** नगर पंचायत रूपईडीहा में मंगलवार को भगवान खाटू श्याम की निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा में भक्त खाटू श्याम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।भारत नेपाल सीमा पर स्थित नगर पंचायत रुपईडीहा में श्याम निशान नगर पैदल यात्रा रेलवे स्टेशन रोड धर्मशाला से शुरू हुआ। मंगलवार शाम को निशान यात्रा माल गोदाम रोड, रामलीला चौराहा, बजाज मार्केट से होते हुए सेंट्रल बैंक चौराहा नेपाल बॉर्डर से होते हुए वापस रेलवे स्टेशन धर्मशाला में आकर समाप्त हुआ। यहां पर सभी के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। बाबा श्याम खाटू नरेश की निशानपैदल यात्रा बुधवार सुबह पांच बजे नानपारा के लिए प्रस्थान करेगी। जिसमें सैकड़ो लोग रुपईडीहा से पैदल चलकर नानपारा पहुंचेंगे। इसमें महिलाएं पुरुष हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे।



नगर पंचायत में निकली खाटू श्याम की निशान यात्रा।

# कृष्ण जन्म की कथा सुन झूमे श्रद्धालु



कृष्ण जन्म कथा में सजी झांकी। अमृत विचार

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार :** कोतवाली नानपारा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चंदेला कला में श्री मद भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथा के चौथे दिन कथा व्यास प्यारे मोहन महाराज मुखारविंद से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा में सुंदर सुंदर झांकी की प्रस्तुति की गई। चौथे दिन कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। कथा व्यास प्यारे मोहन महाराज ने कहा की व्यक्ति को अहंकार नही करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। व्यास जी ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उन्हें अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और कृष्ण गोकुल पहुंच गए। व्यास ने कहा कि जब–जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब–तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान कृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। इस दौरान यजमान संजय शर्मा, कृष्ण गोपाल पांडेय, पंडित सुनील महराज, सहित अन्य भक्त मौजूद रहे।

## नए क्लेवर में दिखेंगे आंगनबाड़ी केंद्र

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** प्री प्राईमरी शिक्षा से सम्बंधित गतिविधि आधारित मैनुअल पर आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के क्षमता समवर्द्धन हेतु तीन दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला का उद्घाटन हुआ। ब्लाक संसाधन केंद्र पर आयोजित तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का उद्घाटन खण्ड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र नाथ द्विवेदी ने दीप प्रज्जवलन कर किया। प्रशिक्षण में सभी प्रतिभागियो का रजिस्ट्रेशन कर उन्हें स्टेशनरी प्रदान किया गया। प्रशिक्षक राजेश मिश्र के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। सहयोगी प्रशिक्षक राजेन्द्र नाथ शर्मा ने 3से 4आयु वयवर्ग, 04 से 05आयुवर्ग, 05 से 06 आयुवर्ग के बच्चो को 52 सप्ताह के कार्य योजना पर प्रतिभागियो से चर्चा परिचर्चा की। प्रशिक्षण में मुख्य सेविका शिवकुमारी सिह, ममता तिवारी ,नीरज सिह व सावित्री ने विस्तार से चर्चा की।

# तिरंगे का कफन सबको नसीब नहीं होता

रिसिया, बहराइच

**अमृत विचार :** रिसिया के गायत्री पीजी कालेज की ओर से जहानचक गांव में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन हो गया। सप्त दिवस चले इस शिविर में बालिकाओं ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए है।

गायत्री विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय रिसिया की ओर से सात दिवसीय शिविर के समापन मेंमुख्य अतिथिकृष्ण लाल श्रीवास्तव प्रबंधक गायत्री विद्यापीठ इंटर कॉलेज रिसिया, विशिष्ट अतिथि डॉ सोहन लाल श्रीवास्तव अध्यक्ष प्रबंध समिति एवं डॉ विश्वनाथ श्रीवास्तव प्रबंधक रहे। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रा राजनंदिनी, प्रेमलता ,सहाना, शक्ति वर्मा, तमन्ना अंसारी ने स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरार्थी शक्ति वर्मा कोमल गुप्ता तमन्ना अंसारी द्वारा बृहद स्तर पर बेटी बेटा समानता के प्रति नाटक प्रस्तुत किया। शिविरार्थी जवेरिया ने तिरंगा का कफन सबको नसीब नहीं होता पर मुशायरा सुनाया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो दिव्य दर्शन तिवारी ने इन सात दिवसीय शिविर के सफल आयोजन के लिए शिविरथियो और कार्यक्रमधिकारी को बधाई के साथ ही अच्छा प्रदर्शन करने वाले शिविरथियो को पुरस्कृत करने की बात कही। इस अवसर डॉ मुरारी लाल श्रीवास्तव, डॉ सुभाष चंद, प्रो मिथिलेश कुमार चौबे, प्रो दयाराम यादव, डॉ भावना श्रीवास्तव, डॉ. आशुतोष त्रिपाठी डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव, ईडीपी प्रमुख धर्मेन्द्र श्रीवास्तव आदि रहे।



एनएसएस के समापन समारोह को संबोधित करती छात्रा। अमृत विचार

**बैठक** डीएम ने चुनाव आयोग के विपरीत जाने पर कार्रवाई की दी चेतावनी

# चुनाव में प्रत्याशी 95 लाख तक कर सकते हैं खर्च

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों निर्वाचन व्यय लेखा प्रक्रिया की जानकारी देने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा व्यय की अधिकतम सीमा रू 95 लाख निर्धारित की गई है। डीएम ने बताया कि प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए उसके नामांकन की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख तक उसके निर्वाचन एजेन्ट द्वारा उपगत या प्राधिकृत किये गये सभी व्ययों का पृथक एवं सही लेखा रखना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन व्यय के प्रयोजनार्थ प्रत्येक अभ्यर्थी को नाम निर्देशन दाखिल करने के कम से कम एक दिन पहले पृथक बैंक खाता खोला जाएगा। नाम-निर्देशन दाखिल करते समय अभ्यर्थी द्वारा रिटर्निंग अधिकारी को लिखित रूप में इस बैंक खाते का विवरण देना होगा। निर्वाचन व्यय के प्रयोजनार्थ अभ्यर्थी चाहे तो स्वयं के नाम से या अपने निर्वाचन एजेण्ट के साथ संयुक्त रूप से बैंक खाता खोल सकता है। डीएम ने बताया कि निर्वाचन व्यय से सम्बन्धित सभी भुगतान एकाउन्ट पेयी चेक के माध्यम से किया जाना व्यवहारिक न हो तो अभ्यर्थी/निर्वाचन एजेन्ट द्वारा रू. 10,000 रूपये की सीमा तक बैंक से आहरण करके नगद भुगतान किया जा सकता है, लेकिन नगद भुगतान मात्र के उद्देश्य से किसी कार्य/मद की भुगतान की जाने वाली धनराशि को टुकडों में बांटना नहीं किया जायेगा।। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, सीआरओ देवेन्द्र पाल सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण, प्रशिक्षु पीसीएस ज्योति चौरसिया सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी, भाजपा से सुनील श्रीवास्तव, बसपा अजय कुमार गौतम, व धमेन्द्र चौधरी व सुनील निषाद मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में जन प्रतिनिधियों को जानकारी प्रदान करती डीएम। अमृत विचार

# दिव्यांग बच्चों को मुख्य शिक्षा से जोड़ें शिक्षक

विशेश्वरगंज

**बहराइच, अमृत विचारः** समेकेति शिक्षा के अंतर्गत बीआरसी पर चल रहे पांच दिवसीय सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण नोडल टीचर्स के द्वितीय चरण का समापन मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र नाथ द्विवेदी द्वारा समापन किया गया। प्रशिक्षण में शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए परिषदीय विद्यालयों के 100 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण दाता के रूप में स्नेहलता पांडे स्पेशल एजुकेटर, महेंद्र प्रताप सिंह, दिनेश कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह एआरपी मौजूद रहे, जिसमें 21 प्रकार की दिव्यांगताओं के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें दृष्टि बाधित बच्चों के लिए, ब्रेल लिप, बौद्धिक दिव्यांगता, मूक बधिर दिव्यांगता एवं सांकेतिक भाषा आदि दिव्यांगता के बारे में प्रशिक्षित किया। स्नेहलता पांडे ने बताया कि विद्यालय में पढ़ रहे ऐसे बच्चे जो किसी प्रकार की दिव्यांगता है, उन्हें चिन्हित करके अलग से शिक्षा दिए जाने के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर अखिलेश मिश्रा, उमाकांत तिवारी, अमित मिश्रा, अशोक कुमार मिश्र, विनोद वर्मा, हाशिम राजा, बच्छराज मिश्रा, देवी प्रसाद तिवारी, विमला देवी, अमरजीत कौर सहित तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## दुकान खोलने से पहले युवक को लगा करंट, मौत

**मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार :** जनपद के भगड़िया चौराहे पर किराए पर दुकान संचालन के लिए एक युवक सोमवार शाम को सफाई कर रहा था। तभी वह करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से उसकी मौत हो गई। कोतवाली मुर्तिहा अंतर्गत ग्राम पंचायत ककरहा निवासी दिलीप कुमार (28) पुत्र गुड्डू बेरोजगार था। ऐसे में उसने तीन लोगों के साझे में क्षेत्र के भगड़िया चौराहे पर एक किराए का दुकान लिया। जिसमें सभी वेज बिरियानी की दुकान का संचालन का करना चाहते थे। इसके लिए दिलीप सोमवार शाम को दुकान की सफाई कर रहा था। सफाई के दौरान हरा बांस एचटी लाइन की चपेट में आ गया। जिससे करंट की चपेट में दिलीप कुमार आ गया। मौके पर ही करंट लगने से युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक अमितेंद्र कुमार ने बताया कि करंट लगने से युवक की मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पूर्वोत्तर रेलवे
शुद्धि पत्र सं.-01
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/ वाराणसी खुली ई–निविदा सूचना सं.-NER-BSB-2023-244, Dated 13-03-2024, बन्द होने की तिथि 04-04-2024 के अन्तर्गत Special Technical Criteria में New Items Add किया जाता है।
क्रम सं.-1, Description: Special eligibility conditions-(1) Three completion/ performance certificate of different Department/Ministries (from where the firm has worked for 10 years continually) duly obtained from Head of Department/Ministries. Confirmation Required: No, Remarks Allowed: No, Docs. upload: Allowed (Mandatory). क्रम सं.-2, Description: Special eligibility conditions-(2) The nursery shall be registered with Govt. Authorities for as last Five years under Department of Labour and must submit/upload the copy of registration certificate and documentary proof for ownership of nursery. Confirmation Required: No, Remarks Allowed: No, Docs. upload: Allowed (Mandatory).
नोटः निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी। उपरोक्त शुद्धि पत्र भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है।
मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), वाराणसी
मुजाधि / डब्लू–592
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्य पुत्रो वशीभूतो भार्या छन्दानुगामिनी।
विभवे यस्य सन्तुष्टिस्तस्य स्वर्ग इहैव हि ॥

जिसका पुत्र वशीभूत हो, पत्नी वेदों के मार्ग पर चलने वाली हो और जो वैभव से सन्तुष्ट हो, उसके लिए यहीं स्वर्ग है।

## संपादकीय

# भारत-रूस संबंध

चुनाव में मिली जीत के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूस यूक्रेन में अपने आक्रमण से पीछे नहीं हटेगा और उसकी सीमा पार हमलों से रक्षा करने के लिए एक 'बफर जोन' बनाने की योजना है। उन्होंने चेताया कि रूस और नाटो के बीच संभावित संघर्ष से दुनिया तीसरे विश्व युद्ध से महज 'एक कदम दूर' रह जाएगी। यानि अपनी व्यापक जीत के साथ पुतिन संभवतः और अधिक ताकत का प्रदर्शन करेंगे और यथास्थिति बनाए रखेंगे। यह निर्विवाद है कि दो वर्ष पूर्व यूक्रेन युद्ध शुरू करने के चलते पूरी दुनिया के निशाने पर आने वाले पुतिन का अपने देश रूस में एकछत्र राज है। पुतिन ने यूक्रेन में युद्ध का घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने आलोचकों की अपेक्षा से बेहतर मुकाबला किया है। पश्चिमी देशों की सुविधा के अनुरूप लाई गई उदारीकरण व खुलेपन की वैश्विक नीतियों से सोवियत संघ के बिखराव के बाद आहत रूसी राष्ट्रवाद को पुतिन ने अपने तरीके से सींचा। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुतिन को पुनः निर्वाचित होने पर बधाई देते हुए कहा कि भारत और रूस के बीच समय की कसौटी पर खरी उतरी, विशेष और विशिष्ट रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए आने वाले वर्षों में वे एक साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। वास्तव में भारत के लिए पुतिन का पुनः चुना जाना एक महत्वपूर्ण रिश्ते की स्थिरता सुनिश्चित करेगा। रूसी नेता ने भारत के स्वतंत्र इतिहास के लगभग एक तिहाई समय तक उसके साथ संबंध बनाए रखा है और अभी तक उसका काम पूरा नहीं हुआ है। जानकारों का कहना है कि पश्चिमी देश रूस को लेकर चाहे कितना ही सख्त रुख अपना लें लेकिन भारत दोस्ती के बाद भी उनका पिछलग्गू नहीं बनने जा रहा है।

2010 से भारत-रूस के बीच खास और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी मजबूत इतिहास की ठोस बुनियाद पर विकसित हुई है और ये राजनीतिक जरूरत के माध्यमों से ही बनी हुई है। रूस ने शंघाई सहयोग संगठन में भारत की सदस्यता का समर्थन किया और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और इसमें भारत को शामिल करने की अपील की। इस तरह रूस ने व्यापक रूप से अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्षेत्र में भारत की बढ़ती भूमिका को स्वीकार किया। तकनीकी संकीर्णता की तरफ अमेरिका के धीरे-धीरे लेकिन साफ झुकाव के बीच भारत की कंपनियां रूस के साथ सहयोग को लेकर सावधानी बरत रही हैं। इसके अलावा रूस से आयात में बढ़ोतरी के साथ-साथ भारतीय निर्यात में बढ़ोतरी नहीं हुई। इसलिए दोनों देशों के संबंधों को विक्रेता-खरीदार रिश्तों के रूप से हटकर अधिक रणनीतिक बुनियाद पर एक आदर्श बदलाव की आवश्यकता है।

# विज्ञान कथाओं की कोख से ही निकलेगी स्पेस-शब्दावली



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

विज्ञान लेखन की लोकप्रिय शैली में नई शब्दावली का प्रयोग अच्छी बात है। हिंदीतर और विदेशी भाषाओं से शब्द उधार लेने या भावार्थिक हाइब्रिड शब्द बनाने में दिक्कत नहीं है, खासतौर से जब भारत के बहुभाषी लोग 'एस्ट्रोनॉट' और 'कॉस्मोनॉट' दोनों ही शब्दों से अच्छे से परिचित हैं।

इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाइजेशन (इसरो) की कार्य प्रणालियों की रिपोर्टिंग और इसकी उपलब्धियों और इतिहास के बारे में हिंदी मीडिया में लेखन के विविध पाठ पढ़ने से टर्मिनोलॉजी को लेकर कुछ सवाल उठने स्वाभाविक हैं। शब्द सामर्थ्य के अनुसार अपनी शैली में विषय से संबंधित सामग्री का प्रस्तुतिकरण आमजन के लिए एक लेखक जब करता है तब भारतीय भाषाओं में लिखी हुई इबारत में तद्भव वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दों के प्रयोग करने को कितनी उदारता से प्रयोग करना चाहिए? साइंस एंड टेक्नोलॉजी से संबंधित शब्दावली से सामना होने पर लोकरुचि लेखन के लिए अतिरिक्त जागरूकता से काम लेने की जरूरत महसूस होने लगी है। विज्ञान की समझ को आमजन में बनाए रखने के लिए यह जरूरी है कि एकाधिक शब्द एक ख़ास संदर्भ में वाक्य रचना के लिए वर्नाक्यूलार स्क्रिप्ट्स में इस्तेमाल किए जाएं। जैसे कि स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी की गूढ़तम बातों को लोकशैली में समझाने के लिए जब अपरिहार्य कारण मौजूद हैं तब नए शब्द गढ़ने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। उदाहरण के लिए अमरीका ने अपने अंतरिक्ष यात्रियों के लिए 'एस्ट्रोनॉट' टर्म गढ़ी थी और पूर्ववर्ती सोवियत संघ ने कॉस्मोनॉट। सन 1905 में रूसी साम्राज्य में पैदा हुए एक पोलिश इंजीनियर एरी स्टर्नफेल्ड ने 'कॉस्मोनॉटिका' शब्द गढ़ा था जो कि रूसी भाषा के उपयुक्त शब्द का अंग्रेजी में निकटतम विकल्प है जबकि कुछ विज्ञान इतिहासकारों के कहना है कि 'कॉस्मोनॉट' शब्द को निकिता ख्रुश्चेव ने गढ़ा था। एक रूसी शब्द 'ज्वेदोप्लावनी' है जिसका अर्थ एस्ट्रोनॉमी है। भारत के हिंदी भाषा के एक समाचार पत्र में एक लेखक ने 'गगननॉट' शब्द इस्तेमाल किया है जिसने मुझे इस आशय के अन्य शब्द ढूंढने के लिए प्रेरित किया। भारतीय लोग ही क्यों अंतरिक्ष अध्ययन और अंतरिक्ष में टेक्नोलॉजिकल उपस्थिति दर्ज करने वाले सभी समर्थ देश अपनी सांस्कृतिक विरासत में प्रत्येक नए कार्य के लिए ऐसे शब्दों की तलाश करते हैं जो इनके सांस्कृतिक परिवेश के अनुकूल प्रतीत होते हैं।

**साइंस फिक्शन या विज्ञान कथानकों के ताने-बाने में कुछेक ऐसी अपरिचित और जटिल-सी प्रतीत होने वाली शब्दावली जैसे कि 'क्वांटम जंप', 'लूप जंप', 'टेक्यान', 'हाइपरक्यूब', 'पॉज़िट्रान ब्रेन' एवं बहुत से अन्य शब्द जो पात्रों के अजीब से नाम रखने के लिए और ऐसे शब्द-युग्म जो किसी घटना या परिस्थिति विशेष के बारे में बताने के लिए, गढ़े गए का इस्तेमाल किया जाता रहा है। पाठकों का इन अजीबोगरीब शब्दों से परिचय नहीं होता। न ही ये आम प्रचलित शब्दकोष में मिलते हैं।**

विज्ञान लेखन की लोकप्रिय शैली में नई शब्दावली का प्रयोग अच्छी बात है। हिंदीतर और विदेशी भाषाओं से शब्द उधार लेने या भावार्थिक हाइब्रिड शब्द बनाने में दिक्कत नहीं है, खासतौर से जब भारत के बहुभाषी लोग 'एस्ट्रोनॉट' और 'कॉस्मोनॉट' दोनों ही शब्दों से अच्छे से परिचित हैं। इसरो द्वारा प्रस्तुत स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी से संबधित एक 'ग्लोसरी' में विज्ञान कथा साहित्य से कोई शब्द लिया गया है, मुझे नहीं लगा। एस्ट्रोनॉट्स के भारतीय नामकरण के लिए 'गगननॉट' एक नवीन और हाइब्रिड शब्द है। एक सम-ध्वन्यात्मक शब्द की स्वीकार्यता तब तक नहीं बनेगी जब तक यह लोकप्रचलन में न आए। हमारे एस्ट्रोनॉट्स के लिए 'गगनदेव' या '-देवी' और 'व्योमबाला' या'- पुरुष' शब्द भी हो सकते हैं। समुद्र और आकाश में दो बिंदुओं के बीच की दूरी को नापने की इकाई 'नॉट' है जिसका मूल ग्रीक भाषा में है। यह नॉटिकल की शार्ट फॉर्म है अर्थात, नेविगेशन करने वाला व्यक्ति या नाविक। स्पेस ट्रेवलर के लिए नाविक शब्द हम इस्तेमाल कर सकते हैं क्योंकि एस्ट्रोनॉट की भूमिका में वे नेविगेटर अर्थात स्पेस शिप के चालक और मार्गदर्शक की भूमिका में होने के अलावा अन्य कार्य भी करते हैं। एक समुद्री मील और अन्तरिक्षीय मील का नाप का नाप धरती के मील के नाप से हमेशा अधिक लंबाई का होता है जिसे 'नॉट' में नापा जाता है। 'कॉसमॉस' या ब्रह्माण्ड में विचरण करते हुए स्पेस शिप के लिए दूरी नापने हेतु 'नॉट' शब्द का प्रयोग होता है। थ्योरेटिकल फिजिसिस्ट अलबर्ट आइंस्टीन के भौतिकी विषय में दर्शन से जो व्यक्ति परिचित हैं और वे जिन्होंने स्टीवन हॉकिन्ग रचित 'अ ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ़ टाइम' पढ़ी है, स्पेस स्पेस ट्रेवल और समय और प्रकाश की गति के आशय को शीघ्र समझ लेंगे।

सन 1979 में प्रोग्रेस पब्लिशर्स मास्को से प्रकाशित 'इंग्लिश एंड अमरीकन शार्ट स्टोरीज' नाम से विज्ञान कथा संग्रह दिल्ली के पीपल्ज़ पब्लिशिंग हाउस से मैंने खरीदा था जिसमें सत्रह लेखकों की कहानियों की कथा-वस्तु नवीनतम आइडियाज से सराबोर और अत्यंत रोमांचक प्रतीत हुई थी। संग्रहकर्ता ने 16 पेज में रूसी भाषा में इसके लिए भूमिका लिखी। रूसी मैं नहीं पढ़ पाया। इस समस्या को आईआईटी दिल्ली के प्रो. वागीश शुक्ल ने दो साल बाद, 13 दिसंबर सन 1981 के, साप्ताहिक हिन्दुस्तान के अंक में अपने लेख -'विज्ञान, विज्ञान कथाओं का', प्रकाशन से सुलझाया और बताया कि रूसी भाषा में लिखी गई भूमिका का आशय क्या है।

साइंस फिक्शन या विज्ञान कथानकों के ताने-बाने में कुछेक ऐसी अपरिचित और जटिल-सी प्रतीत होने वाली शब्दावली जैसे कि 'क्वांटम जंप', 'लूप जंप', 'टेक्यान', 'हाइपरक्यूब', 'पॉज़िट्रान ब्रेन' एवं बहुत से अन्य शब्द जो पात्रों के अजीब से नाम रखने के लिए और ऐसे शब्द-युग्म जो किसी घटना या परिस्थिति विशेष के बारे में बताने के लिए, गढ़े गए का इस्तेमाल किया जाता रहा है। पाठकों का इन अजीबोगरीब शब्दों से परिचय नहीं होता। न ही ये आम प्रचलित शब्दकोष में मिलते हैं। इनके बेहतरीन उदाहरण आईज़क एसिमौफ़ जैसे लेखकों की कथाओं और उपन्यासों के अलावा यूनाइटेड किंग्डम के ख्यात लेखन फिलिप के. डिक की कथाओं में तो मिलेंगे ही, रशियन साइंस फिक्शन लेखक के बहुपठनीय उपन्यास 'एंड्रोमेडा स्ट्रेन' के अलावा पोलिश साइंस फिक्शन लेखकों की कहानियों और उपन्यासों में भी मिलेंगे। आकाश शब्द के लिए क्षुद्र या तात्कालिक अर्थरूप में ब्रह्मांड का प्रयोग असावधानीवश ही सही, अनुपयुक्त है। भारत में संस्कृत, हिंदी में अधिक उपयुक्त शब्द अंतरिक्ष, ब्रह्मांड और आकाश ही हैं जिनकी वर्तनी अलग तरीके से है। 'एस्ट्रो' और 'कॉस्मो' के पर्याय बनाने के लिए नए शब्द निर्माण का सामर्थ्य अन्य भारतीय भाषाओं में या फिर हिंदू वांग्मय में कहीं हो सकता है, लेकिन हमें अभी मालूम नहीं। गगनयान के कवचयुक्त पैसेंजर मॉडयूल को धरती के ऊपर के आकाश में 450 किलोमीटर के उच्चतम बिंदु (एपोजी) पर स्थापित किए जाने की योजना है। निकट अंतरिक्ष में धरती की परिक्रमा करने वाले एक स्पेस स्टेशन की ऊंचाई धरती के ज्योग्राफिकल ध्रुवों (पेरिजी) पर घट कर 175-250 किलोमीटर ही रह जाती है। अंतरिक्ष नाविकों का स्पेस शिप हमारे सोलर सिस्टम से बाहर अगर जाता है तब उसमें बैठे हुए मानव को आकाशयात्री नहीं अपितु ब्रह्मांड यात्री कहेंगे। पृथ्वी की कक्षा में 400-500 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक अपेक्षाकृत-स्थिर प्रतीत होने वाले स्पेश स्टेशन में से जो मानव सुरक्षित कवच पहन कर मॉडयूल से बाहर आकर आकाश विचरण करता है तभी इसे अंतरिक्ष विचरण कहेंगे। हमारे सोलर सिस्टम से परे गहन या सुदूर अंतरिक्ष में यात्रा करने वाले को हम ब्रह्माण्ड यात्री कह सकते हैं, परन्तु अंतरिक्ष में रहकर मंगल गृह तक की दूरस्थ यात्रा को भी अभी संभव नहीं बनाया जा सकता है। धरती से दूर की यात्रा की समयावधि को प्रकाशवर्ष में मापने वाले विज्ञान कथाकार हमारा सामना अद्भुत स्थितियों से करवाते रहे हैं। यह भी मानव अपनी और नित विकसित होते अद्भुत बौद्धिक क्षमताओं से अनजानी और अद्भुत समस्यायों से कैसे निपटता है।

## प्रसंगवश

# बैलट में बुराई क्या

चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। मतदान ईवीएम मशीनों से ही होने जा रहा है। इस पद्धति पर ऊंगलियां उठती रही हैं। यहां तक कि 2019 के लोकसभा चुनाव परिणामों को एक वर्ग ने शंकास्पद दृष्टि से देखा था। परिणाम घोषित हो जाने पर जनता किसी की सुनती नहीं है, इसलिए विपक्ष ने मौन रहना ही श्रेयस्कर समझा था। हां! दबी जुबान शत्रुघ्न सिन्हा कुछ यों बोले थे, 'कुछ है तो जरूर लेकिन अब तो!' बात आई गई हो गई थी। संप्रति इस मुद्दे पर विपक्ष पस्त है। चुनाव आयोग पर सरकारी शिकंजा इस कदर है कि पिछले आठ मास से विपक्ष उससे मिलने का समय मांगता रहा, जो नहीं दिया गया, तब फिर नीतिगत मामले में उनकी क्या चलेगी। ऐसे में यह चुनाव अब विवादास्पद ईवीएम से ही होना है। लालू यादव बिहार के प्रादेशिक चुनाव अधिकारियों से बार-बार यह कह रहे हैं कि मतगणना पहले पोस्टल बैलटों की करा ली जाय, फिर मशीन के वोटों की। लेकिन अभी तक उनकी यह बात भी नहीं मानी गई है। जमीनी सच्चाई उपर्युक्तानुसार होते हुए भी, मैं समझता हूं बैलट पेपर से चुनाव कराना श्रेयस्कर रहता। दुनियां में लगभग सौ देशों में वोट पद्धति से चुनाव होते हैं, जिनमें केवल 25 में ही मशीनों का प्रयोग होता है। शेष बैलट का ही प्रयोग करते हैं। अमेरिका विश्व का सर्वाधिक समृद्ध लोकतांत्रिक देश है, जहां आधुनिकतम तकनीक विद्यमान है, किंतु चुनाव बैलट से ही होते हैं। एक बात यह भी है कि जब ऊंगली उठ जाय, और पद्धति संदेह के घेरे में हो, तो निर्विवाद पद्धति अपनाने में हर्ज क्या है? न्याय की दुनियां का एक मशहूर सिद्धांत है कि 'न्याय न सिर्फ किया जाना चाहिए, बल्कि ऐसी प्रतीति भी कराई जानी चाहिए कि न्याय किया जा रहा है'। भगवान कृष्ण पर भी जब सत्राजित की स्यमंतक मणि के अपहृत करने का मिथ्या आरोप लगा था,तो उन्होंने उस आवाज़ का दमन नहीं किया था, बल्कि सच्चाई का पता लगाकर समाज के सामने रख दिया था। जब वर्तमान सरकार परंपराओं और पुरातन संस्कृति को सहेजने वाले कार्य कर रही है और सिंगोल(प्राचीन राजदंड) को नए संसद भवन भें स्थापित कर चुकी है, तो बैलट वाली मतदान की पारंपरिक पद्धति अपनाने में क्या हर्ज है? शंका और विवाद की कोई गुंजाइश ही क्यों रखा जाए।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# आज के दौर में पूंजी का एक बड़ा हिस्सा बांझ



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

**किसी देश की विकास दर का अधिकतम हिस्सा कुछ खास मुट्ठियों में कैद हो जाए तो यह सिर्फ शोषण से संभव नहीं, इसके लिए ठगी की भी जरूरत है।**

मोबाइल या लैपटॉप के कुछ बटन टीपिये, पलक झपकते लाखों करोड़ों रुपये इधर से उधर। तकनीक में आई इस क्रांति ने अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां दी तो वित्तीय शक्तियों और राजनीति के अनैतिक गठजोड़ ने इसी क्रांति के गहरे अंधेरों में नई रहस्यमयी दुनिया का सृजन भी किया। अब तो ऐसा है कि न जाने कितनी कंपनियां लैपटॉप में ही जन्म लेती हैं, करोड़ों, अरबों का वारा न्यारा करती हैं और फिर लैपटॉप में ही खत्म हो जाती हैं। गीता में वर्णित आत्मा की तरह पूंजी किसी नई कंपनी के रूप में पुनर्जन्म ले लेती है।

कंपनी... अब के दौर में इसका अर्थ व्यापक हो गया है। पहले के जमाने में, जिसे औद्योगिक दौर कहा जाता था, कंपनी का मतलब था कोई भौतिक ढांचा, जिसमें लोग काम करते थे, रोजी रोजगार पाते थे। लोग-बाग उस कंपनी को जानते थे। वह जन्म लेती थी तो कितने घर रोशन होते थे, मरती थी तो कितने घरों में अंधेरा छा जाता था। अब उत्तर औद्योगिक दौर है। विश्लेषक कहते हैं कि यह "फाइनांसियलाइजेशन" का दौर है। वित्त का असीमित और अबाध प्रवाह है। सत्ता और कारपोरेट की जुगलबंदी हो जाए तो वित्त का यह प्रवाह कानून की आंखों में धूल झोंकते पल भर में जाने कहां से कहां तक की यात्रा कर लेता है। अब ऐसी कंपनियां भी हैं जो नजर ही नहीं आती, लेकिन हैं। वे हैं और अरबों की पूंजी के साथ हैं। लेकिन न वे देश के लिए हैं, न मानवता के लिए हैं। वित्तीय शक्तियां अपने छद्म के साथ नए रूप में सामने आई हैं। अलग स्वभाव, अलग चरित्र के साथ। अब के दौर में पूंजी का एक बड़ा हिस्सा बांझ है। वह रोजगार पैदा नहीं करती। वह किसी कंपनी का रूप लेती है लेकिन किसी को रोजगार नहीं देती। उसका होना रहस्य को जन्म देता है, उसका मरना अगले रहस्य की ओर ले जाता है।

बटन की टीप पर जन्म लेने वाली कंपनियों में पूंजी का यह रहस्यमय प्रवाह न जाने कितने गोरखधंधों की राह आसान करता है। ऐसी ऐसी कंपनियां, जिनमें पूंजी तो हजारों करोड़ है, लेकिन कर्मचारी एक भी नहीं। ऐसी अधिकतर कंपनियां अक्सर किसी फ्रॉड अरबपति की उंगलियों पर चलती हैं, नाचती हैं और फिर खत्म कर दी जाती हैं। टैक्स की चोरी और अवैध पूंजी को वैध का कुर्ता पहनाने में ऐसी कंपनियां बहुत काम आती हैं। कई बड़े कारपोरेट घराने ऐसी कंपनियों का खेल खेलते हैं और संस्थाओं की आंखों में धूल झोंक कर, या उन्हें बेबस करके जनता के पैसों की लूट करते हैं। टीवी पर एक किसान नेता एक हाथ में आलू और दूसरे हाथ में किसी ब्रांडेड चिप्स का रैपर लिए बोल रहे थे, 'हमसे चार रुपये किलो आलू खरीद कर कंपनियां उसके कई गुने दाम पर मुनाफा कमाती हैं।' बड़ी आबादी की आहों को समेटते इस मुनाफे का अर्थशास्त्र कोई जटिल मामला नहीं है। सब समझते हैं लेकिन जैसे किसी जकड़बंदी में यह सभ्यता बेबस सी नजर आ रही है। सारे आलम को आंदोलन विरोधी, बौद्धिक विमर्श विरोधी बना देने की साजिशों का पहला शिकार भारत का मिडिल क्लास है, दूसरा शिकार रील्स में डूबा हाशिए के तबकों का बेरोजगार युवा वर्ग है। ये मिल कर सुनिश्चित करते हैं कि कारपोरेट और राजनीति की जुगलबंदी से अमानवीय बनते जा रहे सिस्टम के खिलाफ कोई आंदोलन जोर न पकड़े। चंद बटनों पर उंगलियों के स्पर्श से जन्म लेने वाली और तिरोहित होने वाली कंपनियों से सिर्फ अरबों की टैक्स चोरी ही नहीं होती, वैध को अवैध और अवैध को वैध बनाने का खुला खेल ही नहीं होता, ये कंपनियां राजनीतिक दलों को करोड़ों का चंदा भी देती हैं। अब तो आरोप लग रहे हैं कि गोरखधंधा बदस्तूर चलता रहे, इसके लिए भी इलेक्टोरल बांड के माध्यम से हजारों करोड़ इधर उधर किए गए। ऊपर के लेवल पर वित्त का यह तीव्र और सघन प्रवाह नीचे के लेवल पर घोर शोषण और ठगी से ऊर्जा प्राप्त करता है। अब शोषण ही पर्याप्त शब्द नहीं है। यह शब्द औद्योगिक दौर में केंद्र में था। उत्तर औद्योगिक दौर में तो शोषण के साथ ठगी भी अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा में आ चुकी है। यह संगठित ठगी का दौर है।

किसी देश की विकास दर का अधिकतम हिस्सा कुछ खास मुट्ठियों में कैद हो जाए तो यह सिर्फ शोषण से संभव नहीं, इसके लिए ठगी की भी जरूरत है। तकनीकी क्रांति और तीव्र वित्तीय प्रवाह ने इस ठगी को बेहद आसान बना दिया है। पूंजी और राजनीति की जुगलबंदी अगर नापाक होने पर उतारू हो जाए तो शोषण और ठगी, दोनों अर्थव्यवस्था के केंद्रीय कारक बन ही जाएंगे। तभी तो, इस देश के किसान, श्रमिक से लेकर बेरोजगार युवाओं के साथ ठगी इस दौर की एक मुख्य प्रवृत्ति बन गई है। और, खुद को सयाना समझ रहा मिडिल क्लास भी इस शोषण और ठगी का कितना बड़ा शिकार है, यह आंखें और दिमाग खोलते ही समझ में आने लगता है। तभी तो, आंखों पर पर्दा और दिमाग पर कब्जा करने का खेल सांस्थानिक रूप अख्तियार कर चुका है।

## सोशल फोरम

# धोखा

कभी-कभी लोग धोखा शब्द का अर्थ समझने में भी धोखा खा जाते हैं। इसलिए नहीं कि धोखा का अर्थ कठिन है। इसलिए कि अपना अर्थ समझना कठिन है। अपने को समझना कठिन है। धोखा शब्द के प्रयोक्ता अपने को समझने में चूक जाते हैं, इसलिए धोखा का सही अर्थ नहीं समझ पाते हैं। धोखा का सीधा अर्थ है, जो दिखाई पड़ रहा है, वह सच नहीं है। जो छिपा है, वही सच है। जब उचित समय पर छिपा प्रकट हो जाता है, तब एहसास होता है कि जा.. मैं तो धोखा खा गया।

धोखा वहीं होता है, जहां किसी न किसी प्रकार का संबंध होता है। जहां संबंध नहीं, वहां धोखा भी नहीं। व्यापारिक और प्रेम संबंधों में धोखे की चर्चा ज्यादा होती है। व्यापार से भी ज्यादा प्रेम में धोखे की संभावना रहती है, क्योंकि प्रेम के नशे में हम अंदरूनी सच नहीं देख पाते। व्यापारिक संबंध में हम जब प्रेम को घुसा देते हैं तो धोखे का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रेम के कारण आप उनके सामने रुपए नहीं गिनेंगे, बाद में गिनेंगे, हो सकता है वह कम निकले। प्रेम के कारण आप वस्तु तो दे देंगे, लेकिन पैसे मांगने में संकोच कर जाएंगे। हो सकता है बाद में वह पैसा आपको न मिले। तो व्यापारिक संबंध और प्रेम संबंध को अलग कर देना चाहिए।

नकली प्रेम में धोखे पाए जाते हैं, असली प्रेम में धोखे का नामोनिशान नहीं होता। टिकाऊ होना असली प्रेम की पहचान नहीं है। असली प्रेम की पहचान है बेशर्त होना। एक-दूसरे को पूरी स्वतंत्रता देना। जहां शर्त है, वहां धोखे की संभावना है।

कल्पना कर लीजिए कि स्त्री-पुरुष आपस में प्रेम कर रहे हैं। यह प्रेम दो प्रकार से हो सकता है। एक बंधन वाला प्रेम, दूसरा स्वतंत्रता देने वाला प्रेम। बंधन वाले प्रेम में धोखे की संभावना है। दोनों में से कोई एक दूसरे की तरफ आकृष्ट होकर पहले को छोड़ सकता है। यहां कहा जाएगा कि एक ने दूसरे के साथ धोखा किया। लेकिन जहां स्वतंत्रता है, कभी भी कोई किसी के साथ जा सकता है, इस तरह की अंडरस्टैंडिंग है, वहां धोखा कहां? हां, यह बात अलग है कि इस तरह का प्रेम करने वाला विरला ही होता है। इसलिए ऐसे प्रेम के अलगाव को जन सामान्य धोखा ही नाम देते हैं, क्योंकि उन्हें इस तरह के प्रेम का अनुभव नहीं होता।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

-फेसबुक वॉल से

# काशी में शिव की रंगभरी यात्रा



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

**भक्तगण खुद भी रंगों में रंग जाते हैं। नगाड़े बजाते हैं। हर-हर महादेव का जयघोष करते हैं। वे डमरू बजाते हैं। तरह-तरह के वाद्य यंत्र बजाते हैं। इनकी धुनों पर भक्त खूब थिरकते और झूमते हैं।**

काशी में रंगभरी एकादशी का विशेष महत्व है। जिस तरह होलाष्टक से ब्रज में होली उत्सव शुरू होता है, उसी तरह काशी में रंगभरी एकादशी से होली पर्व की शुरुआत होती है, जो लगातार छह दिनों तक चलता है। रंगभरी एकादशी शिव के स्वागत में ही मनाई जाती है। यह वह दिन है, जब वाराणसी की सड़कों पर गुलाल बरसते हैं। शिव इसी दिन माता पार्वती को विदा कराकर ले जाने के लिए शादी के बाद पहली बार बनारस आए थे।

पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक जब माता सती ने आत्मदाह कर लिया था, तो उसके बाद शिव क्रुद्ध हो गए थे और वे बड़े दुखी भी हुए थे। यही वजह थी कि इसके बाद उन्होंने चिर साधना शुरू कर दी थी। उनकी यह साधना तब तक जारी रही, जब तक कि माता पार्वती के रूप में माता सती ने फिर से जन्म नहीं ले लिया। शिव जिस दिन उन्हें विदा कराकर ले जाने के लिए यानी कि गौने की रस्म करवाने के लिए पहली बार वाराणसी पहुंचे थे, उसी दिन से रंगभरी एकादशी मनाने की शुरुआत हुई थी। रंगभरी एकादशी काशी के लोगों के लिए बड़ी मायने रखती है, क्योंकि वाराणसी में होली के उत्सव का आरंभ इसी दिन से हो जाता है। माता पार्वती के गौने की वजह से इस दिन का वाराणसी के लोगों के लिए खास महत्व है और इस दिन व्रत करके और उत्सव मनाकर लोग अपने जीवन में न केवल अपने घरों में खुशियां और समृद्धि के आगमन को निमंत्रण देते हैं, बल्कि पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ इसे मना कर शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद भी प्राप्त करते हैं। खासकर शादीशुदा जोड़े रंगभरी एकादशी को विशेष रुप से मनाते हैं, क्योंकि ऐसी मान्यता है कि पूरी श्रद्धा के साथ इस त्योहार को मनाने से उनकी जिंदगी प्यार से भर जाती है और शिव एवं माता पार्वती की कृपा हमेशा उन पर बनी रहती है।

शुरुआत काशी विश्वनाथ मंदिर के महंत के घर से होती है और शिव की रजत यानी चांदी वाली मूर्ति को त्योहार के एक दिन पहले शाम को महंत के घर पहुंचा दिया जाता है और रात भर शिव यही महंत के घर में विराजमान रहते हैं। इसके बाद सूर्योदय से पहले भगवान शिव और माता पार्वती की मूर्तियों का पुजारियों द्वारा दूध से अभिषेक किया जाता है। इनकी मूर्तियों का पंचामृत से भी अभिषेक होता है और इस तरह से रुद्राभिषेक का कार्यक्रम चलता है। इसके बाद फूलों और आभूषणों से दोनों मूर्तियों का श्रृंगार किया जाता है बाबा विश्वनाथ को विशेष पोशाक पहनाई जाती है और श्रृंगार किया जाता है। बाबा विश्वनाथ की रजत प्रतिमा को राजशाही पगड़ी और धोती-कुर्ता एवं दुपट्टा पहनाया जाता है। इस दौरान परंपरागत गीत भी महिलाओं द्वारा गाए जाते हैं।

जैसे-जैसे दोपहर का वक्त आता है, बारात निकालने की तैयारी पूरी हो जाती है। एक पालकी पर शिव और माता पार्वती की मूर्तियों को सजा कर रखा जाता है और इस बारात की शुरुआत महंत के घर से होती है, जो कि काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचकर समाप्त होती है। इस पालकी को शिव के भक्त उठाते हैं, जिन्हें कि बम के नाम से हम जानते हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचने से पहले यह पालकी शहर के कई हिस्सों में घूमती है और इस दौरान पूरे रास्ते में भक्तगण गीत गाते हैं। शिव और माता पार्वती पर लोग खूब अबीर-गुलाल उड़ाते हैं।

भक्तगण खुद भी रंगों में रंग जाते हैं। नगाड़े बजाते हैं। हर-हर महादेव का जयघोष करते हैं। वे डमरू बजाते हैं। तरह-तरह के वाद्य यंत्र बजाते हैं। इनकी धुनों पर भक्त खूब थिरकते और झूमते हैं। इस दौरान पूरा वातावरण खुशी से सराबोर हो जाता है। हर-हर महादेव के जयकारे से काशी नगरी गूंज उठती है। कुंवारी महिलाएं इस दौरान खासकर भगवान शिव को रंग लगाने की कोशिश करती हैं और वे उन्हीं के जैसा वर प्राप्त करने का आशीर्वाद भी उनसे मांगती हैं। वाराणसी में होली की यह न केवल धमाकेदार, बल्कि बेहद पवित्र शुरुआत होती है, जिसका साक्षी बनने के लिए केवल अपने देश से ही नहीं, बल्कि दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालु वाराणसी पहुंचते हैं। यह उत्सव धुलंडी तक जारी रहता है।

# लड़कियों की नौकरी : मुसीबत का सबब

इन दिनों एक नई सामाजिक समस्या उत्पन्न होने लगी है जिसकी घुटन अब अधिकांश घरों में देखने को मिलने लगी है। बेटी को विवाह पूर्व नौकरी करवाना माता-पिता व बेटियां दोनों के लिए ही अब एक बड़ी मुसीबत का सबब बनता जा रहा है। आज अधिकांश लोग अपनी पुत्रियों से विवाह पूर्व बहुराष्ट्रीय कंपनियों में उनसे नौकरी करवाकर अपने लिए एक समस्या तैयार कर रहे हैं। ऐसा करने के कारण ऐसी लड़कियों के विवाह में जो समस्याएं आती हैं, उसका हल निकालना उनके लिए अब दुष्कर होने जा रहा है। नौकरियों में उनका वेतन अधिक होने से उनसे कम वेतन वाले लड़के प्रायः उन्हें पसन्द नहीं आते हैं। अन्य शहर में नौकरी कर अकेले रहने के कारण, घर से दूर होने के कारण उन्हें लोक-लाज़ का भय भी नहीं रह जाता है।

एक बार नौकरी करने पर वे नौकरी छोड़ने को तैयार नहीं होती। वह जिस शहर में नौकरी करती हैं, उन्हें उसी शहर में ही कार्यरत उनसे अधिक पैकेज वाला सजातीय वर चाहिए जिसे ढूंढ़ पाना माता-पिता के लिए एक जटिल समस्या है। शादी से पहले पढ़-लिखकर, नौकरी पकड़ने की मानसिकता के कारण ऐसे ही विवाह में देरी हो जाती है, ऐसे वरों की तलाश में उनकी विवाह की उम्र ही निकल जाती है।

फिर होती है बेमेल शादियां जिस कारण गृहस्थी बसने से पहले उजड़ने की संभावना रहती है। अगर शादी टिक भी गई तो अधिक उम्र के कारण गर्भ धारण व संतानोत्पत्ति में भी समस्याएं आने लगती हैं और मातृत्व सुख से वंचित रहने के आसार बढ़ जाते हैं। उम्र का तकाजा कहें या शारीरिक बदलाव, बच्चियों में हुए हार्मोनल परिवर्तन और समय पर शादी नहीं होना उसे पुरुषों की ओर आकर्षित करते हैं। उसके साथ घर का कोई सदस्य नहीं होने से उन पर कोई रोक-टोक नहीं रहती जिससे वे अक्सर गलत मार्ग पर चल पड़ती हैं। ये उचित और अनुचित मार्ग का निर्णय नहीं ले पाती। आज के माता-पिता, जो यह सोचते हैं कि कन्या को कुछ वर्ष नौकरी करा लेते हैं, फिर उनकी शादी कर देंगे, उनकी यह सोच उन पर आगे चलकर भारी पड़ने लगती है। मेरा मानना है कि लड़कियों को पढ़ाने-लिखाने में कोई बुराई नहीं है पर शादी से पहले उन्हें नौकरी करने से रोकना चाहिए। अगर लड़की को कोई सरकारी नौकरी मिल गई है तब तो उस पर जरूर विचार किया जा सकता है।

अतः लड़कियों को खूब पढ़ाएं-लिखाएं, उन्हें खूब स्किल फुल बनाएं पर शादी से पहले नौकरी को यथासंभव टालें। डिग्री के साथ ही अगर नॉलेज व स्किल भी होगा तो नौकरी तो जरूरत पड़ने पर शादी के बाद भी की जा सकती है। इसलिए बेटियों का विवाह स्वयं के विवेक से सही समय (21 से 25) पर करें और भविष्य में आने वाली समस्याओं से बचें। विवाह के उपरांत जॉब करने व पढ़ाई जारी रखने में कोई समस्या नहीं आती।



शिवनाथ भारती
सदस्य, वरिष्ठ नागरिक सलाहकार परिषद



**नौवां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.35 बजे
इफ्तार : 06.26 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.45 बजे
इफ्तार : 06.20 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# चाचा ने भतीजी से किया दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

## रिश्ते हुए कलंकित: पीड़िता की मां ने दर्ज कराया केस, आरोपित चाचा को पकड़ने को पुलिस दे रही दबिश

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** रिश्तों को कलंकित करने वाला एक मामला सामने आया है। हवस में अंधे एक चाचा ने अपनी भतीजी से ही दुष्कर्म कर डाला। साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए, संबंध बनाता रहा। डर के मारे किशोरी खामोश रही, लेकिन गर्भवती हो जाने पर उसने अपनी मां को सारी बात बताई। किशोरी की मां ने आरोपी चाचा के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। मुकदमा दर्ज होने की भनक लगते हैं चाचा फरार हो गया। वहीं अब पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

रिश्ते को कलंकित करने वाली यह घटना कोतवाली कादीपुर कोतवाली के एक गांव में हुई है। दो सगे भाईयों के बीच बंटवारा हो गया है। करीब चार माह पहले चाचा ने अपनी 14 साल की भतीजी को बहला फुसलाकर कर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस घटना की किसी को खबर नहीं हुई। जान से मारने की धमकी देते हुए जब भी मौका मिलता भतीजी से संबंध बना लेता। इसी दौरान किशोरी जब गर्भवती हो गई तो वह अपनी मां के पास पहुंची और रो-रोकर उसने अपने गर्भवती होने की बात बताई। यह सुनकर मां के होश उड़ गए। उसने जब चाचा से पूछा तो आरोप है कि चाचा ने उसे भी जान से मारने की धमकी दी। ऐसे में मां ने कोतवाली पहुंचकर रात करीब आठ बजे चाचा के खिलाफ तहरीर दे दी। पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और जान से मारने की धमकी आदि धाराओं में चाचा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी चाचा अपने घर से फरार है। उसकी तलाश के लिए पुलिस टीमें लगा दी गई हैं। दबिश दी जा रही है।

### पॉक्सो कोर्ट ने दोषी को सुनाई सात साल की सजा

▸▸ न्यायालय ने सात माह 19 दिन में फैसला कर पीड़ित परिवार को दिया न्याय

**विधि संवाददाता, सुलतानपुर :** कादीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन साल पूर्व आठ साल की मासूम बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने के दोषी दिनेश को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश पवन शर्मा ने मंगलवार को सात साल की कठोर कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर 11 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। एडीजीसी रमेश चन्द्र सिंह के मुताबिक आरोपी दिनेश ने मासूम आठ मई 2021 को टॉफी बिस्कुट का लालच देकर अपने घर ले गया तथा छेड़छाड़ करने लगा। छेड़छाड़ से बचकर किसी प्रकार मासूम घर पहुंचकर घटना की जानकारी दी। पीड़िता की माता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल होने के बाद कोर्ट में अभियोजन पक्ष से मुकदमे के दौरान पेश किए गये चार गवाहों के साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने मुकदमे का फैसला सात माह 19 दिन में कर पीड़ित परिवार को न्याय दिया। वहीं कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के एक गांव में चार साल पूर्व 17 वर्षीय किशोरी के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने के दोषी प्रदीप यादव को पॉक्सो कोर्ट ने दो वर्ष की परिवीछा पर छोड़ते हुए 30 हजार रुपए का अर्थदण्ड लगाया। कोर्ट ने सशर्त परिवीछा पर छोड़ते हुए आदेश दिया कि परिवीछा की शर्तों के उल्लंघन पर उसे पॉक्सो एक्ट की तहत तीन साल की सजा भुगतनी होगी।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की छापेमारी से हड़कंप

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार:** होली का पर्व नजदीक आते ही मिलावटखोरों की संख्या बढ़ गई है। ऐसे में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने भी आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने को लेकर छापेमारी शुरु कर दी है।

> खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा आगामी होली पर्व तक विशेष प्रवर्तन कार्यवाही जारी रहेगी। किसी भी दशा में मिलावटी सामान नहीं बिकने पायेगा। - अमर सिंह, सहायक खाद्य आयुक्त

आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए, सहायक खाद्यआयुक्त अमर सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजीव मिश्रा के नेतृत्व मे खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ छापेमारी की जा रही है। टीम द्वारा हलियापुर बाजार में दशरथ किराना स्टोर से बेसन,कचरी एवं खाद्य तेल का नमूना एकत्रित किया। वही भवानीगढ़ से केक का नमूना, लम्भुआ तहसील से दो नमूने दूध के संग्रहीत किए। अमन ट्रेडर्स के गोदाम व बेसन फैक्ट्री पर छापेमारी करते हुए बेसन का नमूना लिया गया। 23 बोरी बेसन भी सीज किया। साथ ही अन्य छह नमूने भी एकत्रित किए। इस मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार, हीरालाल, संदीप कुमार, संजय यादव, अभय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### हनुमान मंदिर परिसर में हुआ पौधरोपण

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** दीवानी के वकीलों ने अरविन्द सिंह राजा की अगुवाई में कुड़वार क्षेत्र के हसनपुर हनुमान मंदिर प्रांगण में मंगलवार को पौधरोपण किया। मंदिर परिसर की सफाई व पूजा अर्चना करने के बाद कई छायादार वृक्षों के पौधे लगाए गए। वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने कहा वृक्ष ही एकमात्र हमारे जीवन को निशुल्क आक्सीजन देते है। उन्होंने आम जनमानस से वृक्षों की संरक्षण की बात कही। इस मौके पर कौशलेंद्र सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शेखर सिंह डिंपल, मृत्युंजय सिंह, प्रशांत सिंह, अरुण पांडेय, अमित सिंह, प्रशांत पांडेय, शुभम श्रीवास्तव समेत कई अधिवक्ता और कार्यकर्ता रहे।

### बच्चों की प्रस्तुति ने मोहा मन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** विकासखंड दुबेपुर के पलहीपुर प्राथमिक विद्यालय प्रथम में वार्षिक उत्सव पर अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों ने स्वागत गीत से की। इसके बाद गणेश वंदना और फिर गीत, संगीत और नृत्य की मोहक प्रस्तुतियों से दिल जीत लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य शिखा यादव, शिक्षक अनमोल वर्मा, कामना बरनवाल शबाना बनो, रेनू यादव,यशमती आदि मौजूद रहे।

### असहाय व निर्धन को समय पर दिलाएं न्याय: पासवान

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नोडल अधिकारी त्रिभुवन नाथ पासवान तथा सचिव अभिषेक सिन्हा ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ, डिप्टी व सहायक अधिवक्ताओं के साथ मॉनिटरिंग सेल की बैठक की। कहा कि प्राधिकरण के निर्देशों का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। जिससे असहाय तथा निर्धन व्यक्तियों को समय पर न्याय मिल सके। इस दौरान उन्होंने लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ताओं को जेल में बंद अभियुक्तों के मुकदमों के बारे में भी जानकारी हासिल कर समय पर उन्हें न्याय दिलाने की निर्देश दिए।

# एंबुलेंस चालक ने सुपरवाइजर से की मारपीट, मुकदमा दर्ज

▸▸ दोनों तरफ से पुलिस को मिली तहरीर, मामले की जांच-पड़ताल शुरू

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार:** एंबुलेंस चालक ने सुपरवाइजर के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की। सुपरवाइजर ने चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने एंबुलेंस चालक के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू की। उधर एंबुलेंस चालक ने भी सुपरवाइजर पर गाली गलौज, मानसिक प्रताड़ना करने तथा अवैध वसूली करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी।

जनपद में 102 तथा 108 एम्बुलेंस के सुपरवाइजर दुर्गेश कुमार पाठक ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि तारुन अयोध्या निवासी नरेंद्र कुमार शर्मा जो लंभुआ सीएचसी में 102 एम्बुलेंस चालाक है, वह आए दिन अभद्रता करता रहता है। आरोप है कि सोमवार की शाम चालक ने मारपीट की और अभद्रता की। सुपरवाइजर ने बताया कि लोगों के बीच बचाव करने के बाद मामला शांत हुआ। मैंने अपने उच्च अधिकारियों को तत्काल सूचना दी और पुलिस को भी मामले से अवगत करवाया। कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा ने बताया कि सुपरवाइजर की तहरीर पर पुलिस ने चालक नरेंद्र कुमार शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। उधर, एंबुलेंस चालक नरेंद्र कुमार शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि सुपरवाइजर अवैध वसूली कर मानसिक प्रताड़ना करते हैं तथा ऐसा न करने पर गाली-गलौज व नौकरी से निकलवा देने की धमकी देते हैं।

# गृहमंत्री अमित शाह के मामले में सुनवाई टली



▸▸ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला

सुलतानपुर

**अमृत विचार:** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में मंगलवार वकीलों के प्रस्ताव के कारण तलबी बहस नहीं हो सकी। कोर्ट में अगली नियत तारीख पर मामले में तलबी बहस होगी। दायर परिवाद में परिवादी व उसके दो गवाहों की गवाही हो चुकी है।

यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह , पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इससे परिवादी की भावनाएं आहत हुईं।

### जानलेवा हमले के तीन आरोपी दोषी करार

**सुलतानपुर :** थाना क्षेत्र मोतिगरपुर के ढेमा गांव में 11 साल पूर्व फिरतू घर में घुसकर जानलेवा हमला करने, अपमानित व हत्या की धमकी देने के तीन आरोपियों को न्यायाधीश अनुपम शौर्य ने मंगलवार को दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया। दोषियों को बुधवार को जेल से तलब कर सजा सुनाए जाएगी। एडीसी संजय सिंह के मुताबिक जमीनी विवाद को लेकर 2 जून 2013 को आरोपियों आरोपी शंकर रविंद्र, महेंद्र ने लाठी डंडे वा टेगारी से हमला कर दिया था जिसमें वादी को गंभीर चोटें आई थी। अदालत ने अभियोजन के पक्ष से पेश साक्ष्यों के आधार पर शंकर, रवींद्र व महेंद्र को मंगलवार को दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया। बुधवार को दोषियों को जेल से तलब कर कोर्ट सजा के बिन्दु पर सुनवाई करेगी।

### कोर्ट ने मारपीट के तीन दोषियों को सुनाई सजा

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** होली खेलने गये ससुराल में दलित दम्पत्ति से मारपीट करने के तीन दोषियों को विशेष कोर्ट न्यायाधीश त्रिभुवन नाथ पासवान ने मंगलवार को तीन साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने तीनों पर 16 हजार रुपए अर्थदण्ड भी लगाया है। एडीजीसी गोरखनाथ शुक्ल के मुताबिक 24 साल पूर्व हलियापुर निवासी छविलाल अपनी ससुराल अमेठी जिले के जगदीशपुर थानाक्षेत्र स्थित गांव गया था। रास्ते में 20 मार्च 2000 को मटियारीकला गांव के अमर बहादुर, रोहित व सरदार सिंह ने दम्पति पर जातिसूचक शब्द कहते हुए मारपीट कर चोटें पहुंचाई थी। आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न, मारपीट के दर्ज केस में पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय भेजा। दौरान विचारण अभियोजन की तरफ से पेश साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने तीनों को दोषी पाते हुए तीन साल की सजा व 16 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

# प्रकाशक की पहचान बिना न करें मुद्रण

● डीएम ने प्रिंटिंग प्रेस स्वामियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

संवाददाता ,सुलतानपुर



प्रिंटिंग प्रेस स्वामियों के साथ बैठक करतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता व एसपी सोमेन बर्मा की मौजूदगी में प्रिंटिंग प्रेस स्वामियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में एक बैठक हुई। बैठक में स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से लोकसभा संपन्न कराने हेतु प्रिंटिंग प्रेस स्वामियों को निर्देश दिया गया कि प्रकाशक की पहचान के बिना किसी प्रकार का मुद्रण न करें, पोस्टर, पैम्पलेट पर मुद्रक प्रकाशक का नाम, मोबाइल नंबर व प्रतियों की संख्या लिखना अनिवार्य है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 16 मार्च से 06 जून, 2024 तक एमसीसी लागू रहेगी। इसके लिए निर्देशित किया कि किसी धर्म, वंश, जाति, समुदाय या भाषा या विरोधी चरित्र हनन के आधार पर अपील जैसे किसी ऐसे दस्तावेज, जिसमें कोई ऐसा मामला या सामग्री शामिल हो, जो अवैध/अपराधिक या आपत्ति जनक हो, ऐसी प्रतियों का मुद्रण नहीं किया जाय। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने कहा कि मुद्रक मुद्रित सामग्री के प्रकाशित होने के तीन दिनों के अन्दर प्रतियां एवं प्रकाशक से घोषणा पत्र प्राप्त कर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी प्रिंटिंग प्रेस स्वामियों से निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंटिंग प्रेस के संबंध में जारी गाइडलाइन का अनुपालन करने की अपील की गई।

# बाग में मिला अधेड़ का शव, हत्या की आशंका

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार:** मंगलवार की सुबह स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव के बाग में एक अधेड़ का शव देख सनसनी फ़ैल गई। ग्रामीणों ने शव की सूचना परिजनों को देते हुए पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं।

शौच के लिए निकले ग्रामीणों को अलमापुर गांव के बाग में बगल के ही गांव कोडरी थाना क्षेत्र गोसाईगंज निवासी कृष्ण देव यादव (54) का शव पड़ा दिखा। तो ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना मृतक के परिजनों को देते हुए स्थानीय पुलिस को सूचित किया। सूचना पर पहुंची कूरेभार पुलिस ने अधेड़ के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक इरुल चौराहे पर पान की दुकान करता था। सोमवार की देर शाम दुकान बंद कर घर के लिए निकला, लेकिन घर नही पहुंचा, परिजन देर रात तक इंतजार करते रहे। मंगलवार की सुबह परिजनों को उसका शव पड़ा मिला। कूरेभार थाने के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मिश्र ने बताया शरीर पर कहीं कोई चोट के निशान नहीं मिला है।

## सार-संक्षेप



जयसिंहपुर में एसडीएम को ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार

### व्यापारियों ने एसडीएम जयसिंहपुर को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला प्रभारी रमेश अग्रहरि व जयसिंहपुर तहसील अध्यक्ष अरविंद गुप्ता के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने एसडीएम जयसिंहपुर को मांग पत्र सौंपा। मांगपत्र में आरोप लगाया गया कि फूड इंस्पेक्टर द्वारा निजी व्यक्ति से व्यापारियों से अवैध वसूली करवाई जाती हैं और पैसा न देने वाले व्यापारियों को चिन्हित कर सैंपलिग करवाई जाती हैं। वर्षो से बगिया चौराहा बिरसिंहपुर मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है, अब तक इस मार्ग पर दर्जनों लोग सड़क दुर्घटना में काल के काल में समा गए हैं। अविलंब सड़क को ठीक कराई जाये। तहसील के अंतर्गत आने वाले सभी बाजारों में तैनात सफाईकर्मियों से सफाई कराई जाये साथ ही सभी बाजारों में सार्वजनिक शौचालय बनवाया जायें। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष विनोद अग्रहरि, तहसील प्रभारी केदारनाथ मिश्र, युवा तहसील अध्यक्ष विनोद मोदनवाल, ठाकुर प्रसाद, बरौसा बाजार अध्यक्ष उदय प्रताप शुक्ला, प्रमोद शुक्ला मुकेश महाजन,मीडिया प्रभारी विकास सोनी मौजूद रहे। एसडीएम जयसिंहपुर ने बताया कि व्यापारियों के मांग पत्र को संबंधित विभागों के पास भेज निस्तारण के निर्देश के साथ दिया गया है।

### पशुशाला में लटकता मिला युवक का शव

**धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के चंदौर के पूरे तिवारीपुर में मंगलवार को सुबह घर के बाहर पशुशाला में युवक की लाश छप्पर में लटकती मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सोमवार की रात राम बक्श ( 24 ) पुत्र गया प्रसाद खाना खा कर घर के बाहर स्थित पशुशाला में सोने चला गया। देर सुबह जब वापस नहीं लौटा तो उसके चाचा अजय तिवारी पशुशाला पहुंचे तो अंदर बडेर से लटका हुआ शव देखा। जिसकी सूचना परिवार वालों ने पुलिस को दी। घटना स्थल पर पहुंची थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिय भेज दिया। थाना प्रभारी पंडित त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। कोई तहरीर अभी नहीं मिली है।

### ओवरलोड ट्रक, पिकअप से वसूला गया दो लाख जुर्माना

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को चेकिंग के दौरान एआरटीओ टीम ने ओवरलोडिंग में पांच माल वाहनों का दो लाख का जुर्माना किया। वही सवारी वाहनों का फिटनेस और टैक्स जमा न होने पर कार्यवाही करते हुए 10 वाहनों को सीज कर दिया। लखनऊ बलिया हाईवे पर मोतिगरपुर थाने के सामने यात्री कर अधिकारी अश्वनी उपाध्याय ने चेकिंग के दौरान ओवरलोड में एक ट्रक, चार पिकअप का दो लाख जुर्माना कर दिया। साथ ही तीन ई रिक्शा, दो ऑटो रिक्शा का जांच में फिटनेस और टैक्स न जमा होने पर कार्यवाही कर थाने में सीज कर दिया। परिवहन विभाग की बड़ी कार्यवाही से गाड़ी चालकों में अफरा तफरी का माहौल रहा। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा अनुरूप अभियान के तहत चेकिंग अभियान चलाकर मोतिगरपुर में ओवरलोड वाहनों पर दो लाख का जुर्माना किया गया। फिटनेस व टैक्स जमा होने पर सवारी गाड़ी सहित 10 वाहनों विधि संगत कार्रवाई की गई है।

### त्योहारों को लेकर अर्धसैनिक बल ने किया पैदल मार्च



लंभुआ में रूट मार्च करते अर्द्धसैनिक बल व पुलिस।

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** लोक सभा के आम चुनाव के चलते अब जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। ऐसे में यदि होली या ईद जैसे त्योहारों पर राजनीति करने की कोशिश की गई तो चुनाव आयोग का डंडा चलेगा और आचार संहिता के तहत कार्रवाई की जाएगी। लोगो को जागरूक करने व भय मुक्त करने के लिए अर्ध सैनिक बलों व स्थानीय पुलिस ने पैदल मार्च निकाला। मंगलवार को आदर्श आचार संहिता के अनुपालन व लोगों को जागरूक करने के लिए एसपी सोमेन बर्मा के निर्देश पर लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस व अर्ध सैनिक बलों द्वारा पैदल मार्च निकाला गया। साथ ही लोगो को जागरूक किया गया कि होली व ईद के पर्व पर कोई भी राजनैतिक कार्य न करें। जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो। अगर पर्वो की आड़ में गलत कार्य करता है तो विधिक कार्यवाही की जायेगी।आदर्श आचार संहिता के पालन के साथ लोकसभा चुनाव शांति पूर्ण व निष्पक्ष कराने के लिए लोगो को भय मुक्त करने को लेकर पैदल मार्च निकाला गया।

# घूर गड्ढे के विवाद में मारपीट महिला समेत तीन घायल

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** घूर गड्ढे में गोबर रखने के विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को लाठियों से जमकर पीटा। मारपीट में गंभीर रूप से घायल महिला व दो किशोरियों को सीएचसी मोतिगरपुर लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार किया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के कैथवारा गांव निवासी निर्मला पाल की 18 वर्षीय पुत्री प्रतिमा पाल मंगलवार सुबह गांव के राघवेंद्र सिंह की बाग में बने घूर गड्ढे में गोबर डाल रही थी। तभी पड़ोस की मनोजा देवी गोबर डालने से मना करने लगी। आरोप है कि तभी पंकज पाल आकर प्रतिमा को धक्का देकर गिरा दिया। इसी बीच प्रतिमा की मां निर्मला पाल और बड़ी बहन शिवानी पाल भी मौके पर पहुंच गई। दोनों पक्षों कहासुनी चल ही रही थी कि मनोजा के ससुर रामकृपाल, सुरेश पाल और पंकज लाठी से दोनों बेटियों सहित मां की पिटाई शुरू कर दिए। मारपीट में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर लाया गया। जहां पर तीनों का प्राथमिक उपचार किया। पिता ने घटना की लिखित शिकायत पुलिस को दी है।

# प्लग लगाते समय छात्र झुलसा, मौत

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** मंगलवार की सुबह घर में लगे विद्युत बोर्ड में प्लग लगाते समय एक किशोर करंट से झुलस गया। आनन फानन में परिजन उसे चिकित्सक के ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के सराय जेहली गांव निवासी मेंहीलाल का 15 वर्षीय पुत्र रवि प्रकाश मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे घर में लगे विद्युत बोर्ड में नंगे पैर विद्युत तार लगा रहा था। इसी बीच वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। आनन फानन में परिजन उसे चिकित्सक के पास ले गए, चिकित्सक ने रवि प्रकाश को मृत घोषित कर दिया। किशोर के मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# खुली बैठक में वकील बनाएंगे रणनीति

● ज्यूडिशियरी ट्रांसफर से नाराज वकीलों ने ठप रखा कामकाज

संवाददाता, सुलतानपुर



अधिवक्ता संघ भवन में आयोजित बैठक में शामिल वकील। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कादीपुर की कोर्ट में अखंड नगर और कादीपुर थानों से संबंधित चालानी और परिवाद के मुकदमों को ट्रांसफर किए जाने को लेकर आंदोलित अधिवक्ताओं ने मंगलवार को बार अध्यक्ष अरविंद पांडेय के नेतृत्व में बैठक कर आगे की रणनीति तय की।

हंगामेदार बैठक को पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र बहादुर सिंह, नागेंद्र सिंह, रामविशाल तिवारी, रायसाहब सिंह, शिवमंगल शुक्ल, गिरिजाप्रसाद शुक्ल, अशोक मिश्र, व्यास नारायण दूबे, अशोक यादव,राजकुमार सिंह, अखिलेव शुक्ल आदि ने संबोधित कर ज्युडीशरी ट्रांसफर पर नाराजगी जताते हुए वापस कराने की मांग की। बार अध्यक्ष ने कहा बुधवार को भी हड़ताल जारी रहेगी तथा बार के सामने अधिवक्ताओं की खुली बैठक कर आगे की रणनीति तय की जेयेगी। प्रस्ताव के कारण न्यायिक कामकाज ठप रहा। बैठक का संचालन महासचिव आर्तमणि मिश्र ने किया । इस मौके पर मुकेश पांडेय, श्रवण पांडेय, वीर विक्रम सिंह, महेशचन्द्र तिवारो , दिनेश दूबे, अमित रावत, प्रदीप यादव, अजय त्रिपाठी, देवी प्रसाद पाण्डेय, समेत सैकड़ों वकील मौजूद रहे।

## फूटा गुस्सा

कैंडल मार्च निकालकर जताया विरोध, मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा

# शिक्षकों ने मूल्यांकन बहिष्कार कर साथी को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, सुलतानपुर




दिवंगत शिक्षक की याद में शहर में निकाला गया कैंडल मार्च। अमृत विचार

**अमृत विचार:** दिवंगत धर्मेंद्र कुमार शिक्षक राजकीय हाई स्कूल महगांव वाराणसी की हुई हत्या के विरोध में जिले के शिक्षकों ने यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का बहिष्कार कर शोकसभा आयोजित किया। शाम को कैंडल मार्च निकालकर साथी को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन राजकीय शिक्षक संघ एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों और शिक्षकों की उपस्थिति में जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर को सौंपा गया। शिक्षक संगठनों के विरोध प्रदर्शन से चारों मूल्यांकन केन्द्र राजकीय इंटर कॉलेज सुलतानपुर, केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सुलतानपुर, महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज उतुरी एवं नेशनल इंटर कॉलेज कादीपुर में मूल्यांकन कार्य स्थगित रहा। शिक्षक नेताओं ने कहा कि इस प्रकार के जीवन संकट युक्त ड्यूटी से हमें मुक्त रखा जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं सह जिला विद्यालय निरीक्षक ने आश्वस्त किया कि हम आपके मांग पत्र को अपनी संस्तुति के साथ मुख्यमंत्री को प्रेषित कर शिक्षक हित में अनुरोध करेंगे। ज्ञापन के दौरान राजकीय शिक्षक संघ की समस्त कार्यकारिणी उपस्थित रही और प्रत्येक स्तर पर माध्यमिक शिक्षक संघ के संगठनों ने एकता का प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारियों में केशव प्रसाद सिंह, रामेश्वर यादव, शिवनंदन यादव, डॉ. अजय कुमार सिंह जिला मंत्री माशिसं (ठकुराई गुट), राजेंद्र प्रसाद मिश्र, अरुण कुमार सिंह, विजय प्रकाश मिश्र, डॉ अरविन्द कुमार सिंह, अब्दुल कादिर आदि मौजूद रहे।

### शोकसभा कर दी श्रद्धांजलि

**धनपतगंज, सुलतानपुर।** स्थानीय विकास खंड के महमंदीपुर ग्राम पंचायत में तैनात रहे सफाई कर्मी राम तेज की सोमवार को मौत हो गई थी। मंगलवार को खंड विकास कार्यालय पर सफाई कर्मियों शोक सभा का आयोजन मृतक सफाई कर्मी को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर श्याम सुंदर यादव, राम करण, अमित यादव, हरी करन चौहान, सुरजीत कुमार, सविता, संदीप कुमार, राम चरित्र आदि मौजूद रहे।

# नौनिहालों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार:** शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय हरना के वार्षिकोत्सव में नौनिहालों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के बाद हुआ। मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि इंद्र पाल सिंह ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा बेहतर हो तो नौनिहालों का भविष्य सुंदर और बेहतर बनता है। कार्यक्रम को प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पांडेय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के अंश यादव, मंगलदीप, शिवागी पाल, शमा बानो, मनु आदि ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

अमृत विचार www.amritvichar.com

## एक नजर

### जिले के वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन को पितृ शोक

सिद्धार्थनगर। जनपद में नाम चिन ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ विमल द्विवेदी के पिता रामविलास द्विवेदी का चिकित्सा के दौरान मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर क्षेत्र के लोगों ने उनके आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। सांसद जगदंबिका पाल, शोहरतगढ़ के विधायक विनय वर्मा सहित वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर सच्चिदानंद मिश्रा ने भी श्री द्विवेदी को ढांढस बंधाया। डॉक्टर विमल द्विवेदी के पिता 87 वर्षीय रामविलास द्विवेदी कई दिनों से बीमार थे। उनकी चिकित्सा गोरखपुर के सिटी हॉस्पिटल में चल रही थी। सोमवार सुबह तड़के उनका पार्थिव शरीर पंचतत्व विलन हो गया। उनका दाह संस्कार बड़े सुपुत्र डॉक्टर विमल द्विवेदी ने अयोध्या में सरजू के तट पर किया।

### आज मनाई जाएगी एकादशी

उसका बाजार। हिंदू धर्म में एकादशी व्रत को बहुत ही शुभ माना जाता है। फाल्गुन मास की आमलकी एकादशी इस बार 20 मार्च दिन बुधवार को मनाई जायेगी। इस संबंध में श्रीपयोहारी आश्रम उसका राजा के पुजारी पंडित रमाकांत शुक्ल ने बताया कि फाल्गुन मास की आमलकी एकादशी पर आंवला वृक्ष की पूजा जाती है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु का वास आंवले वृक्ष पर होता है। इसे रंगभरी या आंवला एकादशी भी कहा जाता है।

### अवैध ई-टिकट के साथ दुकानदार को पकड़ा

गोरखपुर। रेलवे सुरक्षा बल वाराणसी सिटी एवं अपराध आसूचना शाखा, वाराणसी द्वारा निगरानी के दौरान दामोदर बाजार सारनाथ, वाराणसी स्थित एक दुकान से ई-टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त एक व्यक्ति को 10 ई-टिकटों के साथ गिरफ्तार किया गया। रेलवे सुरक्षा बल, देवरिया सदर ने यात्रियों का छूटा दो बैग एवं सामान बरामद किया। यात्रियों के उपस्थित होने पर बैग एंव सामान को उन्हें सुपुर्द किया गया। रेलवे सुरक्षा बल, काशीपुर ने यात्री का छूटा मोबाइल बरामद किया। यात्री के उपस्थित होने पर सुपुर्द किया। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# अति संवेदनशील बूथों पर सुरक्षा के हों पुख्ता इंतजाम

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर


अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी पवन अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के शोहरतगढ़ व ढ़ेबरुआ थानाक्षेत्र में बने अति संवेदनशील बूथों का मंगलवार को जिलाधिकारी व एसपी ने निरीक्षण किया। बूथों का स्थान ठीक होने पर डीएम ने व्यवस्थाएं पूर्ण कराने के निर्देश दिए। सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए।

लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद चुनाव की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। मतदान केन्द्र व बूथ भी चयनित हो चुके हैं। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने एसपी प्राची सिंह, तहसीलदार अशोक कुमार के साथ शोहरतगढ़ थानाक्षेत्र के बढ़नी ब्लाक के धनौरा मुस्तकहम के प्राथमिक विद्यालय व ढ़ेबरुआ थानाक्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ढ़ेकहरी में बने अति संवेदनशील बूथ देखा। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने लगभग 35 वर्ष पहले धनौरा मुस्तकहम में हुए विवाद के बारे में जानकारी प्राप्त किया।

डीएम ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नसीम अहमद से प्राथमिक विद्यालय परिसर में जर्जर भवन को ध्वस्त करवाने व बाउण्ड्रीवॉल को ऊंचा करने के लिए कहा। एसपी प्राची सिंह ने मौजूद ग्रामीणों से गांव के माहौल के बारे में जानकारी प्राप्त किया। इस दौरान तहसीलदार अशोक कुमार, लेखपाल सुरेन्द्र यादव, झरुआ ग्राम प्रधान वीरेन्द्र जायसवाल, प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार, भरत किशोर चौधरी, भोला शर्मा, खेदू, राजाराम आदि मौजूद रहे।

### सुरक्षा बलों के ठहरने की व्यवस्था का लिया जायजा

गोरखपुर, अमृत विचार। लोक सभा चुनाव 2024 के मतदान की तैयारियों को लेकर पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को मतदान ड्यूटी के लिए उत्तरी क्षेत्र में आने वाले अर्द्धसैनिक बलों के अधिकारियों, टैंक हैडक्वार्टर में आने वाले अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों व अर्द्धसैनिक बल, पुलिस बल और होमगार्ड के ठहरने के लिए चिन्हित किए गए स्थानों का स्थलीय निरीक्षण कर पुलिस व सुरक्षा बलों के ठहरने की पर्याप्त व्यवस्था, पानी, बिजली, स्नानागार, शौचालय एवं वाहनों को खड़ा करने के स्थान आदि व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए साथ ही अर्द्धसैनिक बल, पुलिस बल, पीएसी और होमगार्ड के जवानों के लिए मतदान से पहले और मतदान के दिन अच्छी गुणता का भोजन तैयार कराने के निर्देश दिए और कहा कि मतदान के दिन जवानों को समय से लंच के पैकेट उपलब्ध करा दिए जाएं।

### डीएम ने बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में बैंक अधिकारियों एवं प्रिन्टिंग प्रेस के मुद्रक/प्रकाशक के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पवन अग्रवाल ने बैंक अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जो प्रत्याशी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 का चुनाव लड़ रहे है उनका बैंक खाता खोलने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा प्रत्याशियों को 200 पेज की चेक बुक जारी करें। जिकहा कि यदि कोई प्रत्याशी दस लाख से अधिक का लेन-देन करता है तो उसकी सूचना आयकर विभाग के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी को भी दे। संदेहात्मक बैंक खातों के विषय में जानकारी निर्वाचन कार्यालय को दें।

# कॉपी मूल्यांकन में लगे शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** शिवपति इंटर कॉलेज शोहरतगढ़ व रतनसेन इंटर कॉलेज व तिलक इंटर कॉलेज बांसी में यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन कर रहे करीब 500 शिक्षकों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों को लेकर शिक्षक के साथ गए सिपाही ने मुजफ्फरनगर में गोली मारकर हत्या करने के मामले में नाराजगी जाहिर की। इस दौरान उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन बहिष्कार कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन घोर निंदा की।


मुजफ्फरनगर में साथी की हत्या के विरोध में प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

संघ के जिलाध्यक्ष रामविलास यादव व संघ के शिक्षकों ने शिक्षक को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षक धर्मेंद्र कुमार, संतोष कुमार, दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों जितेंद्र मौर्य और कृष्ण प्रताप के साथ वाहन से यूपी बोर्ड की कॉपियां प्रदेश के विभिन्न जिलों में जमा कराने के लिए वाराणसी से 14 मार्च को निकले थे। उनके साथ उपनिरीक्षक नागेंद्र चौहान व मुख्य आरक्षी चंद्रप्रकाश को भेजा गया था। रास्ते में प्रयागराज, शाहजहांपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद, बिजनौर में कॉपियां जमा कराते हुए 17 मार्च की रात मुजफ्फरनगर पहुंचे थे।

मुख्य आरक्षी बार-बार तंबाकू मांग रहा था और किसी को आराम नहीं करने दे रहा था। इस पर धर्मेंद्र कुमार ने आपत्ति की तो उसने नशे में धुत सिपाही ने कार्बाइन की पूरी मैगजीन शिक्षक पर खाली कर दी। उन्हें कई गोलियां लगीं थी। शिक्षक को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसने दम तोड़ दिया था।

संघ के जिलाध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस में इस तरह के सनकी पुलिस पर कठोर कार्रवाई हो और मृतक शिक्षक धर्मेंद्र कुमार के परिजन को एक करोड़ रुपए का मुवावजा और उनके परिजन उनके कार्यकाल का पूरा वेतन व परिवार नौकरी की सरकार से मांग करते हुए प्रदर्शन किया।

# बीएसए सहित चार के खिलाफ केस

सिद्धार्थनगर

**कार्रवाई**

**फर्जी नियुक्ति एवं फर्जी विद्यालय की मान्यता देने के मामले में जांच पड़ताल शुरू**

**अमृत विचार।** बीएसए एवं अन्य चार के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जनपद में आए दिन सुर्खियों में रहने वाला बीएसए कार्यालय एक बार पुनः फर्जी नियुक्ति एवं फर्जी विद्यालय की मान्यता देने में बीएसए सहित कर के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया।

जानकारी के अनुसार विनोद कुमार सिंह निवासी बिलबनवा थाना मेहदावल जनपद संतकबीरनगर ने आरोप लगाया है कि बीएसए देवेंद्र कुमार पांडे, बाबू मुकुल मिश्रा, शिवसागर चौबे और कुंवर विक्रम पांडे ने जनपद में 15 विद्यालय को फर्जी मान्यता एवं उर्दू शिक्षकों की फर्जी नियुक्ति कर करोड़ों के धन का बंदर बांट किया गया है। इस संबंध में धारा 419 420 467 468 471 120 बी 201 आईपीसी के तहत मुकुल मिश्रा देवेंद्र पांडे शिवसागर चौबे कुंवर विक्रम पांडे के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया मुकदमा पंजीकृत होते ही बीएसए कार्यालय में हड़काम मचा हुआ है तथा बीएसए आप इसमें ऑफिस में सन्नाटा का माहौल कायम है। इस संबंध में जब उनके कार्यालय में पहुंच गया की असलियत क्या है तो अनुपस्थित मिले साथ ही जब उनके मोबाइल नंबर पर जानकारी लेना चाहा गया तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ मिला कुल मिलाकर जनपद में फर्जीवाड़ा मामला बहुत दिनों से चल रहा है फर्जी नियुक्ति में दर्जनों शिक्षक जेल भी जा चुके हैं और कुछ के खिलाफ जांच भी चल रहा है।

सूत्र बताते हैं कि अभी और जांच किया जाए तो जनपद में दर्जनों फर्जी नियुक्तियां सामने खुलकर आई हैं आएंगे फिलहाल बीएसए ऑफिस से गायब हैं और मामले को दबाने के फिराक में लगे हुए हैं इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने बताया कि मामले की मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना किया जा रहे हैं।

# ग्राम पंचायत सचिव पर फर्जी हस्ताक्षर बनाने का आरोप

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ अन्तर्गत ग्राम पंचायत महली के ग्राम पंचायत सदस्य एवं निर्माण समिति के अध्यक्ष ने ग्राम पंचायत सचिव के खिलाफ ग्राम पंचायत के कार्यों में फर्जी हस्ताक्षर बनाकर कार्य किये जाने को लेकर डीएम से शिकायत की है।

महली गांव के निवासी संजय पाण्डेय ने ग्राम पंचायत सचिव रामस्वरूप गुप्ता के ऊपर आरोप लगाया है कि मैं ग्राम पंचायत का सदस्य एवं निर्माण समिति का अध्यक्ष हूं। ग्राम पंचायत के कार्यों में मुझे कभी नहीं बुलाया जाता है, बल्कि मेरा फर्जी हस्ताक्षर कर कोरम पूरा कर लिया जाता है। कई बार शिकायतकर्ता द्वारा सचिव को भी बताया गया कि फर्जी सिग्नेचर न करें। वहीं सचिव द्वारा शिकायतकर्ता के बातों को नजर अंदाज कर दिया जाता है, जिस पर शिकायतकर्ता संजय पाण्डेय ने डीएम को लिखित रूप से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। जिसमे ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में फर्जीवाड़ा ना हो सकें। इसके साथ ही सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं में खर्च किये जा रहे धन का दुरूपयोग ना हो। ज्ञातव्य हो कि ग्राम पंचायत में विकास कार्यों में निर्माण समिति के अध्यक्ष की भी अहम भूमिका होती है।

# ट्रेनों के प्रायोगिक ठहराव में किया परिवर्तन

गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा के लिए विभिन्न एक्सप्रेस गाड़ियों का प्रायोगिक आधार पर दक्षिण पूर्व रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर पूर्व में दिये गये 01 मिनट का ठहराव समय में परिवर्तन किया गया हैं। 15027 सम्बलपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस नामकोम स्टेशन पर परिवर्तित समायानुसार 17.23 बजे पहुंचकर 17.24 बजे तथा टाटीसिलवे स्टेशन 17.36 बजे पहुंचकर 17.37 बजे प्रस्थान करेगी। 15028 गोरखपुर-सम्बलपुर एक्सप्रेस टाटीसिलवे स्टेशन पर परिवर्तित समायानुसार 06.18 बजे पहुंचकर 06.19 बजे तथा नामकोम स्टेशन पर 06.29 बजे पहुंचकर 06.30 बजे प्रस्थान करेगी। इसके अलावा रेलवे प्रशासन द्वारा होली त्यौहार पर यात्री जनता की सुविधा



हेतु 05012/05011 गोमतीनगर-छपरा-गोमतीनगर होली विशेष गाड़ी का संचालन गोमतीनगर से 21, 23, 25 एवं 27 मार्च को तथा छपरा से 22, 24, 26 एवं 28 मार्च को चार फेरों के लिये पूर्व में जारी किया गया था। इस गाड़ी का ठहराव रतनसराय स्टेशन पर प्रदान किया गया हैं। फलस्वरूप 05012 गोमतीनगर-छपरा होली विशेष गाड़ी रतनसराय स्टेशन पर 22.12 बजे पहुंचकर 22.14 बजे छूटेगी। वापसी यात्रा में 05011 छपरा-गोमतीनगर होली विशेष गाड़ी रतनसराय स्टेशन पर 07.23 बजे पहुंचकर 07.25 बजे छूटेगी। वहीं 18181 टाटानगर-थावे एक्सप्रेस का बराभूम स्टेशन पर पूर्व में दिये गये आगमन/प्रस्थान समय मे संशोधन किया गया है। यह गाड़ी बराभूम स्टेशन से 22.53 बजे के स्थान पर 22.43 बजे पहुंचकर कर 22.44 बजे छूटेगी।

### ट्रेनों में सीटों की उपलब्धता का चार्ट जारी

गोरखपुर, अमृत विचार। होली पर्व पर यात्री जनता की सुविधा के लिये रेलवे प्रशासन द्वारा विशेष गाड़ियों का संचलन किया जा रहा है। विशेष गाड़ियों में बर्थ/सीट की उपलब्धता का चार्ट रेलवे द्वारा मंगलवार को जारी कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने कहा कि यात्रीगण इन विशेष गाड़ियों में बर्थ/सीट आरक्षित कराकर अपनी यात्रा को सुखद एवं आरामदेह बनाएं।

### रेल संरक्षा आयुक्त कल करेंगे निरीक्षण

गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के मऊ-शाहगंज खंड पर खुरहट-सठियांव स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण (विद्युतीकरण सहित) का कार्य पूर्ण हो चुका है। 21 मार्च को रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्व सर्किल इस नई दोहरीकृत (विद्युतीकरण सहित) रेल खंड का निरीक्षण करेंगे तथा स्पीड ट्रायल किया जायेगा। रेल प्रशासन ने अनुरोध है कि इस दौरान रेल लाइन पर न तो स्वयं जायें और न ही पशुओं को जाने दें।

## सार-संक्षेप


कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान।

### चुनाव में पुनः प्रचंड बहुमत हासिल कर खिलाएं कमल

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर आगामी लोकसभा चुनाव निमित्त लोकसभा 60 डुमरियागंज के विधानसभा कपिलवस्तु के चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न हुई। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज चुका है, इस बार पुन: हम सब को मिलकर प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलाना है और नरेंद्र मोदी को अभूतपूर्व बहुमत से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। कहा कि मोदी के संकल्प अबकी बार 400 पार को हम सब कार्यकर्ता मित्रों को पूरा करना है। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी केशभान राय, विधानसभा संयोजक हेमंत जायसवाल, पूर्व जिला संयोजक रामनेवास यादव, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्या, मुन्नी देवी, जिला महामंत्री विपिन सिंह, विजयकांत चतुर्वेदी, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, बिंदुमती मिश्र, विस्तारक राम जी कसेरा, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय, नगर अध्यक्ष महेश वर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्र, जिला संयोजक निर्वाचन सचिदानंद चौबे आदि पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मूक बधिर बच्चों का हुआ परीक्षण, 25 की होगी सर्जरी

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जिला अस्पताल में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत 0-5 वर्ष तक के मूक बधिर बच्चों का शिविर लगाकर परीक्षण किया गया। शिविर में जिले के सिविल सर्जन, पोडियाट्रिक मेडिसिन के डॉक्टर, डीईआईसी प्रबंधक एवं स्व. डॉ. एसएन मेहरोत्रा इ.एन. टी फाउंडेशन के जिला समन्वयक अभिषेक सरकार और ऑयडियोलॉजिस्ट आशुतोष कमल मौजूद रहे। इस कैंप में लगभग 40 (0 से 5 वर्ष तक के) मूक बाधिर बच्चों का परीक्षण किया गया। परीक्षण के बाद लगभग 25 बच्चों को सर्जरी की आवश्यकता हुई उनकी आरबीएसके के अंतर्गत मुफ्त सर्जरी कानपुर में कराई जाएगी। शिविर की जानकारी देते हुए आरबीएसके के नोडल अधिकारी डॉ. वीएन चतुर्वेदी ने बताया कि मूक बधिर श्रेणी में वह बच्चे आते हैं जो बोलने और सुनने में असमर्थ होते हैं। जिन बच्चों में ऐसी समस्या है वह अपना पंजीकरण मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में करा सकते हैं। इस शिविर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीके चौधरी एवं डीईआईसी प्रबंधक अनंत प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### महापौर ने नाला निर्माण का किया निरीक्षण

गोरखपुर। महापौर डॉक्टर मंगलेश श्रीवास्तव नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल गोरखनाथ मंदिर के पीछे लगन पैलेस मैरिज हाउस से बसियाडीह तक निर्माण कराए जा रहे नाले का निरीक्षण किया गया। महापौर एवं नगर आयुक्त ने लगन पैलेस मैरिज हाउस से दशहरी बाग, रसूलपुर चौराहा से हरियाली मैरिज हाउस मोड़ होते हुए सूर्य विहार पुलिस चौकी होकर सूरजकुंड ओवर ब्रिज तक पैदल भ्रमण कर बन रहे नाले का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने लगन पैलेस मैरिज हाउस से हरियाली मैरिज हाउस तक नाले के सेक्शन को कम करने, विद्युत पोल शिफ्टिंग आदि के बारे में निर्देश दिए।

# महाप्रबंधक ने महिला रेल कर्मचारियों को किया सम्मानित

गोरखपुर

**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन (नरवो), गोरखपुर द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को रेलवे प्रेक्षागृह, गोरखपुर में आयोजित एक समारोह में पूर्वोत्तर रेलवे, मुख्यालय एवं मंडल स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली 28 महिला रेल कर्मचारियों को नरवो की संरक्षक एवं महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर ने प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर नरवो की संरक्षक माथुर ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।



सम्मानित महिला रेलकर्मियों के साथ महाप्रबंधक सौम्या माथुर।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में सौम्या माथुर ने कहा कि पूर्वोत्तर रेलवे पर सभी विभागों एवं सभी क्षेत्रों में महिलाएं अपना योगदान दे रही हैं। अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को उनके उत्साहवर्धन हेतु चुनी गई महिला कर्मियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जा रहा है। इस अवसर पर नरवो की उपाध्यक्ष हेमलता सिंह, सचिव सुमा नाज, संयुक्त सचिव पूजा खरे, कोषाध्यक्ष नीना राय एवं अन्य सदस्यायें उपस्थित थीं। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

**प्रोत्साहन** ब्लॉक संसाधन केंद्र नौगढ़ में आयोजित हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम में पहुंचे बीईओ ने कहा-

# परिवार होता है बच्चों की पहली पाठशाला : धर्मेन्द्र कुमार

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** बच्चों के लिए पहला स्कूल उसका घर परिवार ही होता है, जहां बच्चे हंसने-रोने, बोलने के साथ ढेर सारे संस्कार भी सीखते हैं। अतः माता-पिता और परिजनों को घर को ही प्राथमिक पाठशाला मानते हुए बच्चों को स्कूली शिक्षा के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से तैयार करना चाहिए।

ब्लॉक संसाधन केंद्र नौगढ़ में आयोजित हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार पाल ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, नोडल शिक्षकों तथा अभिभावकों को संबोधित करते हुए यह बातें कही। बीईओ ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्राथमिक विद्यालयों में प्री प्राइमरी एवं बाल वाटिका के अन्तर्गत तीन से छः वर्ष तक के बच्चों को कक्षा एक में दाखिले से पूर्व की तैयारी पूर्ण मनोयोग से करने हेतु अभिप्रेरित किया।


कार्यक्रम में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते बीईओ। अमृत विचार

कार्यक्रम में कंपोजिट स्कूल नौगढ़ की बालिकाओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। आदवे पाल, गौरी, सागर चौहान, आकाश, ज्योति, अभिषेक मणि एवं नन्हे फौजी सत्यम कसौधन की बाल प्रस्तुतियों को भी खूब सराहा गया।

नियाज़ कपिलवस्तुवी एवं डाक्टर विनय कांत मिश्र के संचालन में संपन्न कार्यक्रम को एआरपी सुरेन्द्र भारती एवं सुभाष पांडेय तथा मनोज कुमार पांडेय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अन्त में विभिन्न विद्यालयों के निपुण बच्चों को बीईओ धर्मेन्द्र पाल द्वारा उपहार स्वरूप लेखन सामग्री किट प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में धर्मेन्द्र सिंह, राजेश कुमार, आलोक आनंद, राकेश पांडेय, सत्येंद्र गुप्ता, राजेश कुमार, मदनलाल, दीपक श्रीवास्तव, विजय बहादुर यादव, रामकृष्ण चौरसिया, संजय कुमार, राजेश यादव, सुनील, सूरज आदि सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# दूसरे की आईडी पर बैंक खाते खोलकर चला रहे थे सट्टे का धंधा, दो गिरफ्तार

गोरखपुर

**अमृत विचार।** धोखाधड़ी कर लालच देकर बैंक में खाते खुलवाकर और फिर उन खातों का प्रयोग रेड्डी अन्ना आनलाईन पोर्टल के माध्यम से सट्टा का धंधा चलाने में पैसों का लेनदेन करने के आरोप में दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से विभिन्न बैंक की चेकबुक, मोबाईल, लैपटाप तथा 11,03,000 रुपए नकद बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अभियुक्त संजय चौरसिया निवासी पुर्दिलपुर निकट ओम आर्किड थाना कोतवाली जनपद गोरखपुर वर्तमान पता ब्लॉक ए, जेमिनी रेसिडेंसी, मेडिकल रोड, थाना शाहपुर, जनपद गोरखपुर व अजय ठाकुर निवासी ग्राम कड़जा निकट शिव मन्दिर थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर वर्तमान पता वर्तमान पता ब्लॉक ए, जेमिनी रेसिडेंसी, मेडिकल रोड, थाना शाहपुर, गोरखपुर के रूप में हुई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया किआवेदिका द्वारा सूचना दिया गया कि आवेदिका, अभियुक्त संजय चौरसिया उपरोक्त के घर पर काम करती थी। आवेदिका एवं उसके परिवार वालों को सरकारी योजनाओं का लाभ व अनुदान दिलाने के नाम पर अभियुक्त संजय चौरसिया उपरोक्त द्वारा मेडिकल रोड स्थित इण्ड्सइण्ड बैंक में खाता खुलवाया गया था। जब आवेदिका ने मेडिकल रोड स्थित इण्ड्सइण्ड बैंक में अपने खाते के बारे में जानकारी प्राप्त किया तो पता चला कि उसके तथा उसके परिजनों के खाते से करोड़ों रूपयों का लेनदेन हो रहा है। जब आवेदिका ने अभियुक्त संजय चौरसिया उपरोक्त से बैंक खाते के सम्बन्ध में पूछा तो उसने आवेदिका तथा उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी देते हुए डरा धमका कर घर से भगा दिया।

# प्रत्याशियों को प्रतिदिन देना होगा चुनावी खर्च का ब्यौरा

## बैनर पोस्टर पर लिखना होगा मुद्रक प्रकाशक का नाम तथा संख्या

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर



बलरामपुर कलेक्ट्रेट में चुनावी खर्च की बैठक में मौजूद डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा निर्वाचन एवं गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव में निर्वाचन ब्यय को लेकर डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, प्रिंटिंग प्रेस एवं होटल एवं मैरिज हॉल संचालकों के साथ बैठक की गई।

डीएम ने निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से लोकसभा निर्वाचन संपन्न कराए जाने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन ब्यय लेकर गाइडलाइन से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विस्तारपूर्वक अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सीट के उम्मीदवार के लिए चुनावी खर्च की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपये तथा विधानसभा सीट के उम्मीदवार के लिए चुनावी खर्च की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये तय की गई है। कोई भी उम्मीदवार तय किए गए सीमा से अधिक खर्च नहीं करेगा।

उम्मीदवार को नामांकन से पहले बैंक अथवा डाकघर या कोऑपरेटिव बैंक में चुनावी खर्च के लिए अलग से खाता खुलवाना होगा। इसके लिए बैंकों को निर्देश दे दिए गए हैं कि उम्मीदवारों के लिए अलग से डेडीकेटेड काउंटर बनाया जाए। चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवारों को चुनावी खर्च रजिस्टर दिया जाएगा, जिसे प्रतिदिन मेंटेन करना होगा। व्यय रजिस्टर में नामांकन से लेकर परिणाम तक हुए खर्च को उम्मीदवार द्वारा दर्ज किया जाएगा। उम्मीदवार सभी खर्च/ लेनदेन बैंक खाते से ही करेंगे। उम्मीदवार 10 हजार से अधिक का लेनदेन चेक या एनईएफटी से ही करेंगे। उन्होंने कहा की सभी राजनैतिक दलों के उम्मीदवार निर्वाचन व्यय को लेकर आयोग के सभी गाइडलाइन का पालन करेंगे।

प्रिंटिंग प्रेस के संचालकों को निर्देश दिया की सभी राजनीतिक पोस्टर, पंपलेट पर प्रेस का नाम, संख्या आदि जरूर अंकित करेंगे तथा कोई भी राजनीतिक प्रचार सामग्री छापने से पूर्व तीन प्रतियों में उसे जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करेंगे। होटल/मैरिज हॉल संचालकों को निर्देश दिए की होटल/मैरिज हॉल में राजनीतिक दलों के बुकिंग का पूरा विवरण रखेंगे। इसका पूरा रिकार्ड रखकर होटल मालिक को चलना होगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार, एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर, एसडीएम उतरौला अवधेश कुमार, एसडीएम तुलसीपुर अभय कुमार व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### बारीकी से ईवीएम की ट्रेनिंग लें मास्टर ट्रेनर : डीएम

लोकसभा एवं गैसड़ी विधानसभा उपचुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कर जाने हेतु प्रशासन की सभी तैयारियां पूरे जोरों के साथ आगे बढ़ रही है। इसी के क्रम में डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में 60 मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण विकास भवन सभागार में संपन्न हुआ। सभी मास्टर ट्रेनर द्वारा पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय को वोटिंग की बारीकियां के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इस दौरान डीएम ने कहा कि सभी मास्टरट्रेनर पूरे मनोयोग एवं बारीकी से प्रशिक्षण प्राप्त करें। यदि किसी प्रकार का कंफ्यूजन है तो बिना किसी संकोच के उसे दूर कर ले। उन्होंने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर हैंड बुक का कम से कम 2 से 3 बार भली-भांति अध्ययन कर लें। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरते। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी की भूमिका चुनाव में सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। मास्टर ट्रेनर द्वारा पीठासीन अधिकारियों को अच्छे से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा एवं वोटिंग की सभी बारीकियां बताई जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, डीडीओ गिरीश चंद्र पाठक, पीडी सीपी श्रीवास्तव व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मादक पदार्थ रखने के दोषी को सजा

**बलरामपुर।** न्यायालय ने मादक पदार्थों की बरामदगी में दोषी को सजा सुनाई है। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अभियुक्त हीरा लाल मौर्या पुत्र मानिक राम नि. वार्ड नं. 02 पुरानी बाजार थाना पचपेड़वा के पास से मादक पदार्ध की बरामदगी हुई थी। अभियुक्त हीरा लाल मौर्या के विरुद्ध थाना पचपेड़वा पर वर्ष 2022 मे एनडीपीएस एक्ट अभियोग पंजीकृत किया गया।

अभियोग की विवेचना तत्कालीन विवेचक उपनिरीक्षक शिव कैलाश द्वारा की गयी व आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। न्यायालय में दौराने विचारण विशेष लोक अभियोजक एवं थाना पचपेड़वा पुलिस के पैरोकार द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप मंगलवार को न्यायालय एएसजे/स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट बलरामपुर द्वारा अभियुक्त हीरा लाल मौर्या को 01 वर्ष 09 माह कारावास व 2000 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी। अभियुक्त को सजा दिलाए जाने में मानीटरिंग सेल प्रभारी सर्वेंद्र नाथ का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### भारतीय मुद्रा के साथ नेपाली युवक गिरफ्तार

**बलरामपुर।** भारत-नेपाल सीमा पर कोइलाबास प्रवेशद्वार के रास्ते भारत आते समय चेकिंग के दौरान सशस्त्र सीमा बल ने नेपाली नागरिक के पास से 64 हजरा रुपये भारतीय मुद्रा को बरामद किया। पकड़े गए युवक की पहचान सत्तभरिया निवासी लमही डांग नेपाल राष्ट्र के रूप में हुई है। चेकिंग में जात्या रंजन राय, दीनानाथ, भंवरलाल, प्रेमलता, कविता कुमारी, पप्पी गुर्जर अन्य एसएसबी जवान उपस्थित रहे। इस संबंध में कस्टम अधिकारी जरवा आर के यादव ने बताया कि एसएसबी द्वारा भारतीय मुद्रा के साथ नेपाली युवक को पकड़ा गया है। मामले में छानबीन कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### विद्यार्थियों को दिलाई गई समाज सेवा की शपथ

**बलरामपुर, अमृत विचार।** एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर बीएड विभाग में चल रहे पांच दिवसीय स्काउट एंड गाइड स्पेशल इंट्रोडक्टरी कोर्स मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यार्थियों को समाज सेवा की शपथ दिलाई गई प्राचार्य प्रो. जे पी पांडेय की उपस्थिति में विद्यार्थियों का दीक्षांत का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें विभाग के शिक्षकों प्रोफेसर राघवेंद्र सिंह, प्रोफेसर श्रीप्रकाश मिश्रा, डॉ. राम रहीस, श्रीमती सीमा सिन्हा एवं अविनाश मिश्रा ने विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर उन्हें मिष्ठान खिलाया तथा जीवन में सत्य के मार्ग पर चलते हुए समाज सेवा करने की शपथ दिलाई। स्काउट गाइड की ओर से जिला समन्वयक डॉक्टर एके सिंह, डी ओ सी सिराज उल हक तथा प्रशिक्षक अपर्णा ने विद्यार्थियों को स्कॉर्प पहना कर दीक्षांत समारोह की सभी औपचारिकताएं पूर्ण की। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कई तरह की प्रस्तुतियां दी। प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे ने विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने का आशीर्वचन दिया।

### सपा की राज्य कार्यकारिणी में पदाधिकारी नामित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को दूधनाथ पटेल (प्रयागराज) और आशीष कुमार मौर्य (कौशाम्बी) को सपा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव जबकि गोविन्द त्रिपाठी (कानपुर ग्रामीण), सुधाकर त्रिपाठी (औरैया) और रंगीलाल यादव (प्रयागराज) को सपा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया है। वहीं, पुष्पेन्द्र सिंह यादव निवासी उन्नाव, रिंकू यादव निवासी गोमती नगर लखनऊ, मोहसिन रज़ा निवासी बरेली और अनिल यादव निवासी जौनपुर को समाजवादी युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

## ध्वस्त होगा नपा कार्यालय बनेगा मल्टीप्लेक्स हाल

- बड़गों में दो करोड़ की लागत से बनेगा नगरपालिका कार्यालय
- चुनाव आचार संहिता समाप्त होते ही शुरू हो जाएगा निर्माण

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** नगरपालिका खलीलाबाद कार्यालय का जर्जर भवन ध्वस्त कर यहां मल्टीप्लेक्स हाल बनेगा। नगरपालिका कार्यालय के लिए खलीलाबाद के बड़गों में दो करोड़ रुपए की लागत से भब्य भवन का निर्माण कराया जाएगा।

बताते चलें कि नगर पालिका खलीलाबाद कार्यालय भवन का निर्माण लगभग पांच दशकों पूर्व कराया गया था। उस समय शहर की आबादी भी बेहद कम थी। कुल मिलाकर पांच कमरों में नगरपालिका कार्यालय संचालित होता था। बाद में नगरपालिका क्षेत्र का कई बार विस्तार हुआ और आबादी एक लाख को पार कर गई। इतनी बड़ी आबादी के हिसाब से कार्यालय बेहद छोटा पड़ने लगा। धीरे-धीरे कार्यालय भवन जर्जर भी होता गया। नगरपालिका ने एक बार फिर सीमा विस्तार के लिए प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया है। अगले विस्तार के बाद नगरपालिका की आबादी लगभग डेढ़ लाख के आसपास हो जाएगी।

ऐसे में नगरपालिका ने बड़गों में कार्यालय भवन के लिए भूमि का चयन पूरा कर लिया है। निर्माण के लिए दो करोड़ रुपए की स्वीकृति भी मिल चुकी है। निर्माण शुरू होता उससे पूर्व ही भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता लागू कर दिया है। चुनाव आचार संहिता समाप्त होते ही नगरपालिका कार्यालय का निर्माण प्रारम्भ होने के प्रबल आसार हैं।

> कार्यालय के लिए बड़गों में जमीन चिह्नित कर ली गई है। दो करोड़ की लागत से नगरपालिका कार्यालय का निर्माण कराया जाएगा। चुनाव आचार संहिता समाप्त होते ही कार्यालय भवन का निर्माण शुरू करा दिया जाएगा।
>
> -जगत जायसवाल, चेयरमैन

## मैनपुरी के अफसरों पर चुनाव आयोग कर सकता है कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी की शिकायत पर मैनपुरी में तैनात पुलिस व प्रशासन के अफसरों पर कार्रवाई होने की संभावना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सपा की ओर से दिए गए शिकायती पत्र को भारत निर्वाचन आयोग को भेज दिया है। सपा ने बीते दिन अपने शिकायती पत्र में राज्य सरकार पर मैनपुरी में चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश का आरोप लगाया था। साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष व निर्भीक चुनाव की दृष्टि से मैनपुरी से जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण, अपर जिलाधिकारी रामजी मिश्रा, उप जिलाधिकारी संध्या शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, क्षेत्राधिकारी करहल संतोष कुमार, प्रभारी निरीक्षक करहल ललित भाटी व एसएसआई थाना किशनी मैनपुरी अंकित कुमार को तत्काल जिले से बाहर स्थानांतरित करने की मांग की थी। सूत्रों के अनुसार, निर्वाचन आयोग की ओर से इस प्रकरण में जल्द कार्रवाई हो सकती है। निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों कहना है कि वर्ष 2022 में हुए लोकसभा के उप चुनाव में सपा नेता रामगोपाल यादव ने मैनपुरी के अफसरों के खिलाफ शिकायत की थी, इस पर आयोग ने संबंधित अफसरों को हटाने के निर्देश दिए थे।

## आचार संहिता लागू होते ही खेतों से निकलने लगी शराब

**धनघटा, संतकबीरनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव आचार संहिता लागू कर दिया है। बीते 16 मार्च को चुनाव आचार संहिता लागू होने के साथ ही आबकारी और पुलिस विभाग धनघटा थानाक्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी कर अवैध शराब बरामद करने में जुट गई है।

आलम यह है कि सरसों और गेहूं के खेत और सरयू नदी के रेत से भारी पैमाने पर रोज अवैध शराब बरामद हो रही है। लेकिन पांच दिनों के ताबड़तोड़ अभियान के बावजूद टीम को एक भी शराब कारोबारी नहीं मिल सका है। अवैध शराब के कारोबारी धनघटा पुलिस और आबकारी विभाग के लिए कामधेनु बन चुके हैं। हर महीने अवैध शराब के कारोबारियों से इन्हें मोटी रकम एक्जाई के रूप में मिलती है। यही वजह है कि इस कारोबार के खिलाफ कभी भी कार्रवाई शुरू होती है तो उसकी पूर्व सूचना कारोबारियों तक पहुंच जाती है। सूत्रों पर भरोसा करें तो इनके बीच ऐसी सांठगांठ स्थापित हो चुकी है कि दोनों एक दूसरे की मर्यादा का भी भरपूर ख्याल रखते हैं। कारोबारियों ने लोकसभा चुनाव और होली के त्योहार को देखते हुए हजारों लीटर अवैध शराब का उत्पादन किया है। तैयार शराब को कारोबारी पहले ही सुरक्षित ठिकानों तक पहुंचा चुके हैं। आबकारी और पुलिस विभाग की इज्जत बची रहे इसके लिए कारोबारियों ने कुछ शराब खेतों और नदी के रेत में छिपाकर रख दिए थे। उसी शराब और लहन को बरामद कर पुलिस और आबकारी टीम अपनी पीठ थपथपाने में जुटी है।

इस बारे में बात करने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी केशव नाथ ने कहा कि अवैध शराब के उत्पादन और बिक्री के खिलाफ लगातार छापेमारी कराई जा रही है। कारोबारियों को भी चिन्हित किया जा रहा है। क्षेत्र में अवैध शराब के उत्पादन और बिक्री पर पूरी तरह से लगाम लगाना प्रशासन की प्राथमिकता है। अगर किसी पुलिस कर्मी की संलिप्तता की बात सामने आती है तो सम्बन्धित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### साथी शिक्षक की हत्या के आक्रोश में मूल्यांकन कार्य ठप



बलरामपुर मे मूल्यांकन कार्य ठप कर आक्रोश जताते माध्यमिक शिक्षक।

**बलरामपुर।** मुजफ्फरनगर में बीते दिन साथी शिक्षक की पुलिसकर्मी द्वारा की गई हत्या से नाराज शिक्षकों ने यूपी बोर्ड उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कार्य पूरी तरह से ठप कर दिया है। शिक्षकों ने शिक्षा निदेशक को ज्ञापन भेज कर मामले में सभी मांगों को पूरा किए जाने की चेतावनी दी है। विदित हो कि बीते दिन वाराणसी से उत्तर पुस्तिका लेकर मुजफ्फरनगर गए शिक्षक की साथ में गए पुलिसकर्मी ने बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी थी। मामले की जानकारी होते ही जिले के माध्यमिक शिक्षक भी आक्रोशित हो गए हैं। मंगलवार को शिक्षकों ने यूपी बोर्ड उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कार्य पूरी तरह से ठप कर दिया है। शिक्षक संघ के धीरेंद्र चौधरी, रवि पटेल, अशोक कुमार पांडे, अजय कुमार चौधरी तथा सुरेश कुमार आदि ने शिक्षा निदेशक को जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में शिक्षकों ने मांग की है मृत शिक्षक के पाल्य को राज्य सरकार राजपत्रित अधिकारी की नौकरी दे। शिक्षक के परिजनों को 10 करोड़ रुपए की आर्थिक मदद दी जाए। आरोपी पुलिसकर्मी को तत्काल बर्खास्त कर उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए सजा दी जाए। भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा ना हो इसके लिए शिक्षकों को उत्तर पुस्तिका पहुंचाने की ड्यूटी से मुक्त किया जाए। इन लोगों ने यह चेतावनी भी दी है कि उनकी मांगों पर यदि गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो वह लोग उग्र आंदोलन के लिए बात होंगे।

### भ्रूण हत्या व लैंगिक भेदभाव के प्रति किया जागरूक



बलरामपुर के रंजीतपुर में सर्वे करते छात्र। अमृत विचार

**बलरामपुर।** महारानी लाल कुंवरि स्नाकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रंजीतपुर गांव में चल रहे शिविर के तीसरे दिन मंगलवार को प्रथम सत्र में स्वयं सेवक व सेविकाओं ने गांवों में जाकर परिवारों के बारे में सामाजिक, शैक्षिक व आर्थिक जानकारी ली व सर्वे रिपोर्ट तैयार किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में बनाई गई रिपोर्ट पेश की गई और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ आलोक शुक्ल ने बताया की मंगलवार को महमदपुर, टिकुईया, डिहवा सहित चार गांवो में छात्र छात्राओं ने जाकर आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण किया है। ग्रामीणों से उनके आय के स्रोत, खर्चों और बचत, शिक्षा पर खर्च, चिकित्सा पर खर्च, लाइफ स्टाइल आदि के बारे में जानकारियां जुटाई गई हैं। सरोजिनी नायडू टोली के लीडर अम्बुज भार्गव ने बताया की आज गांवो में डोर-टू-डोर सर्वे कर महिलाओं और बुजुर्गों से चर्चा की गई है और समाज में हो रहे लिंग भेदभाव जानकारी प्राप्त कर महिला उत्थान के लिए सरकारी प्रयासों की भी जानकारी दी गई है। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ रमेश कुमार शुक्ल, डॉ जितेन्द्र भट्ट, कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनामिका सिंह, शिवानंद पांडेय, डॉ संतोष यादव सहित स्वयंसेविकाएं और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## ग्राहकों से प्रत्याशियों के पक्ष में चर्चा करना न भूलें : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में सपा प्रमुख अखिलेश यादव का माला पहनाकर स्वागत करते समाजवादी व्यापार सभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में व्यापारी वर्ग अपनी दुकानदारी करते हुए भी बाजार में ग्राहकों से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में चर्चा करना न भूलें।

अखिलेश यादव मंगलवार को पार्टी मुख्यालय के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में समाजवादी व्यापार सभा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में एकमत से बूथस्तर तक अपनी भूमिका तय करते हुए लोकसभा चुनाव 2024 में संकल्प लिया गया कि पीडीए की विचारधारा पर आधारित इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को विजयी बनाने में व्यापारी कसर नहीं छोड़ेंगे। अखिलेश यादव ने दानदाता भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। बैठक की अध्यक्षता व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने की और कार्यक्रम का संचालन अभिमन्यु गुप्ता ने किया। अजय सूद, वोट सिंह यादव, विजय जायसवाल, यासिर सिद्दीकी, हरदीप सिंह राखड़ा, अजय चौरसिया, रामेश्वर दयाल गुप्त आदि की मौजूदगी रही।

## संतकबीरनगर में बनेंगे 3 दिव्यांग मैनेज्ड बूथ, 11 पिंक बूथ और 20 मॉडल बूथ

**तैयारी**

- जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आयोजित हुई बैठक

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराए जाने को लेकर तैयारी बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान निर्वाचन कार्य में सभी स्तरों पर ड्यूटी में लगाए गए निर्वाचन कार्मिकों, मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण, मतदान कार्मिकों को रेण्डमाइजेशन सहित मतदान बूथों आदि के संबंध में गहन समीक्षा की गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश और मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक संत कुमार भी मौजूद रहे।

जिला मजिस्ट्रेट ने 62-संत कबीर नगर संसदीय लोकसभा क्षेत्र में लोकसभा निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत विभिन्न स्तरों पर अबतक की गई निर्वाचन तैयारियों के संबंध में सम्बंधित नोडल अधिकारियों से आंकड़ेवार जानकारी के आधार पर समीक्षा करते हुए आवश्यकतानुसार मार्ग दर्शन दिया।

जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि जनपद के तीनों तहसील मुख्यालयों पर एक-एक पीडब्लूडी/दिव्यांग मैनेज्ड बूथ बनाया जाना है। सभी विकास खण्डों में एक-एक मॉडल बूथ, नगर पालिका/नगर पंचायतों में एक पिंक और एक मॉडल बूथ बनाया जाना है। उन्होंने सभी बूथों को बनाने और बूथों पर आवश्यक व्यवस्थाओं व सुविधाओं को सुनिश्चित कराने हेतु प्रत्येक बूथ हेतु नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी व अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को इस कार्य हेतु नोडल बनाये जाने का भी निर्देश दिया।

जिला मजिस्ट्रेट ने निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी से मतदान कार्मिकों का विस्तृत विवरण जानते हुए उनके रेण्डमाइजेशन, प्रशिक्षण आदि के बारे में भी तैयारियों पर चर्चा किया।

**हर्षोल्लास** | बच्चों को लुभा रहीं तरह-तरह की पिचकारियां

## चहुंओर सज गए बाजार, आया होली का त्योहार

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** होली का त्योहार नजदीक आते ही बाजार सज गए हैं। बाजारों में दुकानों पर रंग, गुलाल और पिचकारी के साथ अन्य सामानों की खरीदारी के लिए भीड़ लगी है। इस बार व्यापारी होली पर अच्छे कारोबार की उम्मीद जता रहे हैं।

जिले में होली का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। होली के रंग में बाजार भी रंगे हुए नजर आने लगे हैं। बाजार में रंग बिरंगे गुलाल और पिचकारी के अलावा गुझिया और मेवा से दुकानें सजी हुई हैं। बच्चे अभी से होली के मूड में आ गए हैं इसके चलते बाजार में चहल-पहल बनी हुई है गुलाल, रंग और पिचकारी के विक्रेता सोनू ने बताया कि पिछली बार होली पर कारोबार काफी मंदा रहा। इस बार बढ़ने की उम्मीद है। कई तरह रंगों और पिचकारी की वैरायटी बाजार में उपलब्ध हैं। विवेक बंसल ने बताया कि इस बार बाजार में अलग-अलग तरह की पिचकारी गुब्बारे और अन्य आकर्षक आइटम आए हैं। प्रेशर वाली पिचकारी 100 रुपये से 350 रुपये तक की उपलब्ध है। टैंक के रूप में पिचकारी 100 रुपये से लेकर 400 रुपये तक में उपलब्ध है। इसके अलावा फैंसी पाइप की भी बाजार में धूम मची है। बच्चे स्पाइडर मैन, छोटा भीम आदि को खूब पसंद कर रहे हैं।

### 519 स्थानों पर जलेगी होलिका

जिले में आगामी 24 मार्च को 519 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। होली और उससे अगले दिन धुलंदी के पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस तैयारी कर रही है। पैदल मार्च निकाले जा रहे हैं और थानों में शांति समिति की बैठक की जा रही है।



बलरामपुर में होली के त्योहार पर सजी रंग व अबीर-गुलाल की दुकान। अमृत विचार

### होली के मद्देनजर हुई छापामार कार्रवाई

नगर में राम मिष्ठान एवं राम सुरेश बड़ा पुल श्रीपत राम एवं कृपाराम बड़ा पुल बलरामपुर से दूध का नमूना संग्रह किया गया। प्रेमनाथ कांदभारी श्रीदत्त गंज से रंगीन कचरी चौधरी मिष्ठान भंडार श्री दत्त गंज से छेना मिठाई अमन जनरल स्टोर रफी नगर से नमकीन शिवकुमार बरदही बाजार उतरौला से मल्टी सोर्स से तिलहन उमाशंकर बरदही बाजार उतरौला से सौंफ जायसवाल मिष्ठान भंडार गलिबपुर से छेना मिठाई कार्तिक प्रोविजन स्टोर गांधीनगर उतरौला से नमकीन दालमोट एवं मजरूद्दीन सुभाष नगर उतरौला से फ्रूट ड्रिंक्स का नमूना संग्रह कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया।

## 1.16 अरब भुगतान, किसानों की संख्या का अभी तक पता नहीं

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सख्ती के बाद भी कंपनियों की मनमानी जारी है। इस वजह से योजना में पारदर्शिता नहीं आ रही है।

कंपनियों ने अधिकांश जिलों में बीमित खरीफ (2023-24) फसल धान, तिल, मक्का, बाजरा, उड़द, ज्वार आदि का 1.16 अरब रुपये किसानों को भुगतान किया है। यह क्षतिपूर्ति क्रॉप कटिंग यानी कटाई के दौरान आकलन कर दी गई है। लेकिन, क्षतिपूर्ति कितने किसानों को मिली उनकी संख्या योजना के संबंधित कृषि विभाग को नहीं दी है। इससे विभाग के लिए यह बताना मुश्किल है कि कितने जिलों में कितने किसानों को कितना भुगतान हुआ।

हवाला यह भी कंपनियों द्वारा दिया गया कि दूसरे चरण में और भुगतान करेंगे। हालांकि कृषि निदेशालय ने कंपनियों से नुकसान, क्लेम और पहले व बाद में किए जाने भुगतान की विधिवत रिपोर्ट मांगी है। उप निदेशक उमाशंकर सिंह ने बताया कि एक सप्ताह पहले भुगतान किया गया है। इसकी कंपनियों से रिपोर्ट मांगी है।

**रबी की कटाई में खरीफ का क्लेम :** खरीफ 2023-24 की फसलें अप्रैल से जुलाई तब बीमित की गईं थीं और कटाई नवंबर से दिसंबर तक हुई थी। कटाई के दौरान क्षतिपूर्ति का आकलन किया गया था। जिसका भुगतान इस रबी फसल की कटाई के दौरान किया गया है। भुगतान में भी देरी हुई।

### खरीफ फसल 2023-24 में बीमा की स्थिति

| | |
|---|---|
| किसान | 23.54 लाख |
| बीमित क्षेत्रफल | 16.09 लाख हेक्टेयर |
| बीमित राशि | 9056.64 करोड़ |
| कृषक प्रीमियम | 181.13 करोड़ |
| राज्य अनुदान | 209.91 करोड़ |
| केंद्र अनुदान | 209.91 करोड़ |
| कुल प्रीमियम | 600.95 करोड़ |

## संविधान में नहीं है आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लेख

- आदर्श चुनाव आचार संहिता राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों के लिये बनायी गयी एकनियमावलीहै जिसका पालन चुनाव के समय आवश्यक है। चुनाव आचार संहिता चुनाव की तिथि की घोषणा से लागू होता है और यह मतदान के परिणाम आने पर समाप्त हो जाता है। इसका भारतीय संविधान में कोई उल्लेख नहीं है।
- सरकार लोक लुभावन घोषणाएँ नहीं करेगी।
- सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग की पाबंदी।
- जाति, धर्म व क्षेत्र से संबंधित मुद्दे नही उठा सकेंगे राजनीतिक दल
- चुनाव के दौरान धन-बल व बाहु-बल के प्रयोग पर रोक।
- आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद किसी भी व्यक्ति को धन का लोभ न देना।
- आचार संहिता लागू हो जाने के बाद किसी भी योजनाओ को लागू नहीं कर सकते।

मेरा पहला वोट

### विकास के मुद्दे पर करेंगे वोट

लोकतंत्र के महासमर में पहली बार मतदान को लेकर उत्साहित हूं। मुझे पहली ही बार में केंद्र की सरकार चुनने का मौका मिल रहा है। पहला वोट विकास के मुद्दे पर करुंगा। जिले में रोजगार के अवसर सृजित करने वाला सांसद और केन्द्र में शिक्षा, समानता, सुरक्षा व रोजगार दे सकने सक्षम सरकार चुनने के लिए मतदान करुंगा।


अरिन कुमार पांडेय
बझना, सदर
विधानसभा क्षेत्र
सुलतानपुर

# बसपा को लोकसभा में चमत्कार की उम्मीद

## टिमटिमा रही है दलित चेतना की लौ, बसपा की रणनीति पर टिकी राजनीतिक दलों की निगाहें

● लखनऊ कार्यालय

**अमृत विचार :** तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने जिस बहुजन समाज पार्टी के प्रदर्शन को लोकतंत्र के चमत्कार की संज्ञा दी थी। वह चमत्कार 2022 के विधानसभा चुनाव में नहीं दिखा। कारण काशीराम ने दलित चेतना की जो मशाल जलाई थी। वह अब दीपक बनकर टिमटिमा रहा है। बावजूद इसके सभी राजनीतिक दलों की निगाहें बसपा की रणनीति पर टिकी हुई हैं।

तीन बार उत्तर प्रदेश में सरकार बना चुकी बसपा 2022 के विधानसभा चुनाव में मात्र एक सीट पर सिमट गई थी। उसके समक्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में 2019 का प्रदर्शन दोहराने के लिए चमत्कार करने जैसी चुनौती होगी। आंकड़े बताते हैं कि बसपा की दलित वोट बैंक पर वह पकड़ नहीं रही जो 2009 के लोकसभा चुनाव तक थी।

2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला था। हालांकि उसे 19.43 प्रतिशत वोट हासिल हुए थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में जब उसने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन किया तो जरूर उसके सीटों की संख्या 10 तक पहुंच गई। चुनाव खत्म होते ही या गठबंधन टूट गया। जिसका खामियाजा बसपा को विधानसभा चुनाव में उठाना पड़ा। 2024 का लोकसभा चुनाव आते-आते बसपा की टिकट पर चुनाव जीतने वाले सांसद दूसरे दलों में भागने लगे। कोई भाजपा में गया तो कोई कांग्रेस में तो किसी ने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया। जो बचे हैं वह भी जाने की जुगत लगा रहे हैं। अब ऐसे सांसदों को चुनाव मैदान में शिकस्त देने के लिए बसपा चुनावी बिसात हर दांव आजमा रही है। यह चुनाव सिर्फ़ मायावती के लिए ही नहीं बल्कि उनके भतीजे जिसे उन्होंने अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है के लिए भी अग्नि परीक्षा साबित होने जा रहा है। प्रत्याशी में घोषणा में सबसे आगे रहने वाली बसपा इस चुनाव में अभी तक चंद सीटों पर ही अपना उम्मीदवार उतार सकी है।2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने अंबेडकर नगर, अमरोहा, बिजनौर, गाजीपुर, घोसी, जौनपुर लालगंज, सहारनपुर, श्रावस्ती तथा नगीना सीट जीती थी। इन सीटों पर फिर से काबिज होने के लिए बसपा की जद्दोजहद जातीय समीकरणों पर ही टिकी हुई है। बसपा इस बात के लिए पूरा प्रयास कर रही है कि जो सांसद पार्टी छोड़कर गए वह किसी तरह भी दोबारा सदन में न पहुंच सकें। फिलहाल बहुजन समाज पार्टी इस बार पूरे उत्तर प्रदेश में अकेले दम पर चुनाव लड़ने जा रही हैं। इसका मूल कारण यह है कि समाजवादी पार्टी के समर्थन से चुनाव लड़ने के दौरान उनके कई नेता और कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी के ही होकर रह गए। पार्टी एक बार फिर से नए सिरे से पूरे प्रदेश में संगठन खड़ा करना चाहती है। ताकि अगले विधानसभा चुनाव में वह पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतर सके।



**बसपा का प्रदर्शन एक नजर में**

| | | |
|---|---|---|
| 1996 | 6 सीट | 20.6 |
| 1998 | 4 सीट | 20.9 |
| 1999 | 14 सीट | 22.08 |
| 2004 | 19 सीट | 24.67 |
| 2009 | 20 सीट | 27.42 |
| 2014 | 00 सीट | 19.77 |
| 2019 | 10 सीट | 19.43 |

**2019 में बसपा से जीते सांसद**

| | |
|---|---|
| अंबेडकर नगर | रितेश पांडे |
| अमरोहा | कुंवर दानिश अली |
| बिजनौर | चौधरी बृजेंद्र सिंह |
| गाजीपुर | अफजाल अंसारी |
| घोसी | अतुल कुमार सिंह |
| जौनपुर | श्याम सिंह यादव |
| लालगंज | संगीता आजाद |
| सहारनपुर | हाजी फजलुर रहमान |
| श्रावस्ती | राम शिरोमणि |
| नगीना | गिरीश चंद्र |

## विधानसभा उपचुनाव की सभी सीटों पर लड़ेंगे सपा के प्रत्याशी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** लोकसभा के साथ प्रदेश की खाली विधानसभा सीटों पर हो रहे उप चुनाव में कांग्रेस व सपा के बीच सीटों को लेकर अभी समझौता नहीं हुआ है, पर सभी सीटों पर सपा प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारे जाने की चर्चा है। प्रदेश की लोकसभा की 80 सीटों के साथ ही विधानसभा की खाली पड़ी चार सीटों पर उप चुनाव होने हैं। खाली सीटों में राजधानी की लखनऊ पूर्व सीट के साथ ही ददरौल, बलरामपुर की गैंसड़ी और सोनभद्र की दुद्धी सेट शामिल है। ददरौल में चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा। लखनऊ पूर्वी सीट पर पांचवें चरण 20 मई को मतदान होगा। वहीं गैंसड़ी में छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा। दुद्धी सीट पर आखिरी और सातवें चरण 1 जून में मतदान होगा। विधानसभा उपचुनाव का परिणाम भी 4 जून को आएगा।



सूत्रों के अनुसार कांग्रेस व सपा के बीच विधानसभा सीटों को लेकर समझौता न होने पर सभी सीटों पर सपा के प्रत्याशियों के लड़ाई जाने की चर्चा हो रही है। हालांकि कांग्रेस के नेता चर्चाओं की बात से साफ इनकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की बैठक के बाद स्थिति साफ होगी।

# साइकिल से वोट मांगते थे रामप्रकाश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** किसी भी चुनाव में अब प्रत्याशी के साथ कारों का काफिला होता है और सैकड़ों लोग उसके आगे-पीछे होते हैं। हाईटेक प्रचार होता है तो सोशल मीडिया पर मनुहार होती है। पहले ऐसा नहीं होता था। प्रत्याशी अपने कुछ समर्थकों के साथ गांव जाते थे और पैदल घर-घर जाकर और खेत-खलिहानों में वोट मांगते थे। कन्नौज से सांसद रहे रामप्रकाश त्रिपाठी तो साइकिल से वोट मांगने जाते थे और जहां रात हो जाती थी, उसी गांव में ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाते थे।

बात 1977 के लोकसभा चुनाव की है। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से लोकदल से रामप्रकाश त्रिपाठी उम्मीदवार थे। क्षेत्र के बुजुर्ग बताते थे कि रामप्रकाश त्रिपाठी ने नामांकन करने के बाद घर का मुंह नहीं देखा था और साइकिल से ही क्षेत्र का भ्रमण करते थे। वह साइकिल से कुछ कार्यकर्ताओं के साथ सुबह निकलते थे। उस समय अधिकतर लोग खेतों और खलिहानों में रहते थे तो वोट मांगने के लिए वहां जाना पड़ता था। जिस गांव में रात हो जाती उनका डेरा वहीं जम जाता था। रात में ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर चुनावी चर्चा करते थे। यही वजह थी कि उस चुनाव में वह सबसे अधिक वोटों से जीते थे ।


पूर्व मंत्री रामप्रकाश त्रिपाठी।

### गुड़ व सत्तू साथ लेकर चलते थे

भारतीय जनसंघ के पूर्व कार्यकर्ता 88 वर्षीय मन्नीलाल द्विवेदी बताते हैं कि रामप्रकाश त्रिपाठी हमेशा अपने साथ देसी गुड़ और सत्तू लेकर चलते थे। प्रचार के दौरान भूख लगने पर किसी कुएं या रहट के पास सत्तू बनाकर खाते थे। उनके साथ कार्यकर्ता भी सत्तू खाकर अपनी भूख मिटाते थे।

### पेट्रोमेक्स की रोशनी में लगती थी चौपाल

राजकिशोर द्विवेदी बताते हैं कि पहले गांवों में बिजली नहीं थी। ऐसे में रात के समय किसी सार्वजनिक स्थान पर चौपाल लगती थी, जिसमें रोशनी के इंतजाम के लिए गांव के लोग मिट्टी के तेल से जलने वाली पेट्रोमेक्स जलाते थे, जिसमें रेशम के धागों से बना मेंटल बर्नर लगता था और पंप से हवा भरी जाती थी। गांव के मुखिया इसका इंतजाम करते थे।

### विरोधियों में दिखता था राजनीतिक शिष्टाचार

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष देवप्रकाश पालीवाल बताते हैं कि उस दौर में विरोधियों में राजनीतिक शिष्टाचार प्रबल था। लोकदल प्रत्याशी रामप्रकाश त्रिपाठी और जनता दल के प्रत्याशी छोटे सिंह यादव जब प्रचार के दौरान आमने-सामने आ जाते थे, तो छोटे सिंह उनके पैर छूकर जीत का आशीर्वाद मांगते थे और सहृदय रामप्रकाश त्रिपाठी उन्हें खुले मन से आशीर्वाद दे देते थे।

# 55 साल से मचल रही रियासत की सियासत

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचार : लोकसभा के 72 साल के चुनावी सफर में बाहर से लेकर अंदर तक के कई सूरमा आए और जीत कर इतिहास रचा, लेकिन इस 72 साल के इतिहास में 55 साल पहले मनकापुर रियासत की राजनीति में इंट्री हुई तो आज तक जारी है। पहले चार कार्यकाल मनकापुर के कुंवर आनंद सिंह फिर उनके पुत्र कीर्तिवर्धन सिंह सियासत के मैदान में उतरे। पिता के बराबर कीर्तिवर्धन सिंह भी चार बार सांसदी का चुनाव जीत चुके हैं। 1998 में राजनीतिक सफर शुरू करने वाले कीर्तिवर्धन सिंह को दो बार हार का भी सामना करना पड़ा। अब 2024 में सातवीं बार भाजपा के टिकट पर फिर मैदान में हैं। इस बार हैट्रिक लगेगी या नहीं यह मतदाताओं के मूड पर है।1951-52 में जब पहला चुनाव हुआ तो वैरिस्टर हैदर हुसैन, 1957 में दिनेश प्रताप सिंह, 1962 में रामरतन गुप्ता, 1967 में सुचेता कृपलानी ने जीत हासिल की। ये सभी लोग गोंडा जिले के बाहर के थे। लेकिन मनकापुर रियासत के राजा कुंवर आनंद सिंह का चुनाव में प्रवेश हुआ और 1971 में कांग्रेस के टिकट पर उन्होंने जीत हासिल की। आनंद सिंह भारतीय जनता दल के प्रत्याशी रहे देवेंद्र प्रताप सिंह से मात्र 631 मत से जीते और राजनीति में अपनी भागीदार तय कर दी। लेकिन 1977 में बीएलडी से प्रत्याशी रहे सत्यदेव सिंह से चुनाव हार गए। सत्यदेव सिंह ने आनंद सिंह को 71 हजार के करीब वोटों से शिकस्त दी। लेकिन राजनीति के इस उतार चढ़ाव में आनंद सिंह ने हौसला नहीं छोड़ा और 1980 में गोंडा सीट पर फिर काबिज हो गए। इस बार उन्होंने जेएनपी से कौशलेंद्र दत्त को भारी मतों से शिकस्त दी। इसके बाद 1984 तथा 1989 में भी हैट्रिक लगाकर चुनाव जीत गए। 1984 में एलकेडी से लड़ रहे दीप नरायन को चुनाव हराया और 89 में जनता दल से फजलुलबारी उर्फ बन्ने भाई को शिकस्त दी। 1991 भारतीय जनता पार्टी का पूरी तरह से उदय हो गया और राम जन्मभूमि आंदोलन में शिरकत करने वाले बृजभूषण शरण सिंह की राजनीति में इंट्री हुई। इसमें बृजभूषण शरण सिंह ने आनंद सिंह से कुर्सी छीन ली। इसके बाद कुंवर आनंद सिंह कांग्रेस छोड़ समाजवादी पार्टी में चले गए और 1996 में सपा के टिकट पर चुनाव लड़े। इस बार भी उन्हें बृजभूषण शरण सिंह की पत्नी केतकी सिंह के हाथ से शिकस्त मिली। इसे देख राजनीति के पितामह कहे जाने वाले आनंद सिंह के पुत्र कीर्तिवर्धन सिंह ने राजनीति में प्रवेश किया। और 1998 में कीर्तिवर्धन सिंह ने बृजभूषण शरण सिंह को हराकर अपने पिता की हार का बदला ले लिया। कीर्तिवर्धन सिंह ने सपा से चुनाव लड़ा था। लेकिन एक साल बाद 1999 में फिर हुए चुनाव में कीर्तिवर्धन सिंह को बृजभूषण सिंह ने फिर चुनाव हरा दिया। 2004 के आते ही भाजपा ने बृजभूषण सिंह को बलरामपुर सीट से चुनाव लड़ाया और गोंडा से घनश्याम शुक्ला भाजपा से चुनाव लड़े लेकिन इसमें कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव जीत गए। 2009 में हुए परिसीमन से गोंडा लोकसभा का परिदृश्य बदल गया। इसमें बेनी मात्र 23 हजार वोट से जीत गए। इसके बाद रियासत खानदान को बसपा रास नहीं आई और वह 2014 में पलटी मारते हुए भाजपा का दामन थाम लिया। 2014, 2019 में वह भाजपा के टिकट पर चुनाव जीते और भाजपा के टिकट पर तीसरी बार मैदान में हैं। जिनका मुकाबला इस बार इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा से होगा।

### पिता पुत्र के हाथ में रही आठ बार सांसद की कुर्सी


कुंवर आनंद सिंह।


रियासत की इमारत।


कीर्तिवर्धन सिंह।



### भगवा प्रेम में गंवानी पड़ी थी राजा को कुर्सी

2014 में समाजवादी पार्टी की सूबे में सपा की सरकार थी। इसमें कुंवर आनंद सिंह कृषि मंत्री रहे और सपा में उनकी कद्दावर नेताओं में गिनती थी। लेकिन पुत्र कीर्तिवर्धन सिंह के भगवा प्रेम के कारण आनंद सिंह को कृषि मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। इसके बाद आनंद सिंह ने राजनीति से सन्यास ही ले लिया।

| वर्ष | सांसद | दल |
|---|---|---|
| 1951 | चौधरी हैदर हुसैन | कांग्रेस |
| 1957 | दिनेश प्रताप सिंह | कांग्रेस |
| 1962 | राम रतन गुप्ता | कांग्रेस |
| 1967 | सुचेता कृपलानी | कांग्रेस |
| 1971 | आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | सत्यदेव सिंह | बीएलडी |
| 1980 | आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1991 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 1996 | केतकी सिंह | भाजपा |
| 1998 | कीर्तिवर्धन सिंह | सपा |
| 1999 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 2004 | कीर्तिवर्धन सिंह | सपा |
| 2009 | बेनी प्रसाद वर्मा | कांग्रेस |
| 2014 | कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा |
| 2019 | कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा |

# 85 साल, 17 लोकसभा चुनाव संसद पहुंची मात्र दो महिलाएं

### गंगादेवी पहली तो प्रियंका रावत चुनीं गईं थी दूसरी महिला सांसद

### आधा आबादी का प्रतिनिधित्व करने का पार्टियों में नहीं रहा विश्वास

बाराबंकी

आधी आबादी को पूरी भागीदारी का वादा भले ही सभी राजनीतिक दल कर रहे हों। लेकिन आजादी के बाद हुए सत्रह चुनाओं में सिर्फ दो बार महिलाओं को प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। उनमें भी जीतकर सदन में पहुंची महिला सांसद को दोबारा चुनाव लड़ने का अवसर ही नहीं दिया गया। प्रस्तुत है बाराबंकी से **रीतेश श्रीवास्तव की रिपोर्ट...**

**अमृत विचार:** बाराबंकी लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित है। इस समय यह सीट भारतीय जनता पार्टी के कब्जे में है। पहले इस सीट को कांग्रेस का मजबूत गढ़ माना जाता था। इस आम चुनाव में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी एल पुनिया की साख दांव पर लगी हुई है। प्रमुख दलों की बात करें तो इसमें से पांच बार कांग्रेस ने इस सीट पर विजय पताका फहरायी है। दो बार समाजवादी पार्टी ने जीत हासिल की है जबकि दो बार भारतीय जनता पार्टी को जीत मिली है। एक बार बसपा प्रत्याशी भी यहां से जीतने में कामयाब रहा है। अब तक सिर्फ दो बार महिलाएं सांसद के रुप में चुनकर संसद पहुंची हैं। बाराबंकी लोकसभा सीट पर सबसे पहले 1952 में गंगा देवी चुनाव जीत कर संसद पहुंचने वाली पहली महिला बनीं थी। 62 साल के इंतजार के बाद 2014 में भाजपा के टिकट पर प्रियंका रावत ने जीत हासिल कर इस सूखे को खत्म किया था। 1989, 1991 और 1996 में रामसागर रावत ने इस सीट पर जीत दर्ज करके जीत की हैट्रिक लगाई थी। वर्ष 1998 में पहली बार भाजपा का इस सीट पर खाता खुला था। तब बैजनाथ रावत ने भाजपा उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी। अगले चुनाव में राम सागर रावत ने सपा प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज की थी। 2004 के चुनाव में यहां से बसपा के कमला प्रसाद को जीत मिली थी लेकिन 2009 में कांग्रेस के पीएल पुनिया 25 साल बाद इस सीट से जीत दर्ज करके सांसद निर्वाचित हुए। लेकिन 2014 में भाजपा की प्रियंका रावत ने इस सीट पर कब्जा जमा लिया।

पिंक पन्ना


गंगा देवी


प्रियंका सिंह रावत

**53 लोकसभा सीट बाराबंकी से अब तक चुने गए सांसद**

| वर्ष | प्रत्याशी का नाम | पार्टी | वोट |
|---|---|---|---|
| 2019 | उपेद्र सिंह रावत | भाजपा | 5,35,917 |
| 2014 | प्रियंका सिंह रावत | भाजपा | 4,54,214 |
| 2009 | डॉ.पीएल पुनिया | कांग्रेस | 328418 |
| 2004 | कमला प्रसाद | बीएसपी | 1,96,370 |
| 1999 | राम सागर | समाजवादी | 2,10,958 |
| 1998 | बैजनाथ रावत | भाजपा | 2,28,368 |
| 1996 | राम सागर | समाजवादी | 1,80,912 |
| 1991 | राम सागर | जेपी | 1,21,803 |
| 1989 | राम सागर | जेडी | 1,99,180 |
| 1984 | कमला प्रसाद | कांग्रेस | 2,02,790 |
| 1980 | राम किंकर | जेएनपी(एस) | 1,35,481 |
| 1977 | राम किंकर | बीएलडी | 2,06,061 |
| 1971 | कुंवर रुद्र प्रताप सिंह | कांग्रेस | 1,52,477 |
| 1967 | आर एस यादव | एसएसपी | 1,18,233 |
| 1962 | राम सेवक यादव | एसओसी | 76,545 |
| 1957 | स्वामी रामानंद | कांग्रेस | 1,58,270 |
| 1952 | गंगा देवी | कांग्रेस | 1,23,427 |

# इंडिया गठबंधन का ट्रंप कार्ड बन सकते हैं वरुण

- अखिलेश यादव ने स्वामी प्रसाद मौर्य और वरुण को लोस चुनाव लड़ाने के दिए संकेत
- गांधी परिवार की परंपरागत सीट अमेठी से वरुण के पिता संजय गांधी भी चुनाव लड़ चुके हैं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी नेतृत्व से स्वामी प्रसाद मौर्य ने भले नाराजगी जताकर अपनी अलग पार्टी बना ली हो पर अखिलेश यादव उनको लेकर 'सॉफ्ट कॉर्नर' रखते हैं। यही कारण है कि अखिलेश उनको अपना लोकसभा प्रत्याशी बनाने की संभावनाओं से इंकार नहीं कर रहे। वहीं, सपा प्रमुख अगर वरुण गांधी को भी ट्रंपकार्ड बनाकर सामने ले आएं तो आश्चर्य न होगा।



दरअसल, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी पद से इस्तीफा देने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य को सपा से टिकट देने के संकेत दिए हैं। इस दौरान अखिलेश ने वरुण गांधी को भी टिकट देने से इंकार नहीं किया।

अखिलेश ने स्वामी प्रसाद को टिकट देने पर उल्टा सवाल किया किया कि, क्या स्वामी प्रसाद कभी सपा छोड़कर गए थे? वहीं, जब उनसे पूछा गया कि आपने स्वामी प्रसाद का इस्तीफा स्वीकार कर लिया तो वो बोले, हमारी कमेटी विचार कर रही होगी। मुझे इसकी जानकारी नहीं है। उधर, स्वामी प्रसाद ने भी बीते दिनों अखिलेश को लेकर नर्म रुख अपनाते हुए कहा था कि उन्हें अखिलेश से कुछ भी शिकायत नहीं है।

इस बीच दो कयास चर्चा में हैं। एक तो इंडिया गठबंधन उम्मीदवार के रूप में वरुण गांधी के अमेठी या पीलीभीत सीट से चुनाव लड़ने और दूसरा मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव के भाजपा के टिकट पर मैनपुरी से चुनावी मैदान में आने की चर्चा है। दोनों के लेकर भाजपा-सपा नेताओं से सवाल भी पूछे जा रहे हैं।

### रामपुर में मो. आजम खां की चलेगी



**लखनऊ।** संकेत मिल रहे हैं कि समाजवादी पार्टी अपने घोषित कुछ प्रत्याशियों को बदलना चाहती है। वहीं मुरादाबाद और रामपुर संसदीय सीट के लिये उम्मीदवार तय करने में जेल में कैद आजम खान की सुनी जायेगी। उनकी इच्छा से ही प्रत्याशी तय किये जायेगें। हालांकि लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन 20 मार्च यानि बुधवार से शुरू होंगे, पर अभी तक सपा ने रामपुर, मुरादाबाद और पीलीभीत के टिकट फाइनल नहीं किए हैं।

भाजपा प्रत्याशी पर टिकीं सबकी निगाहें

# हाईप्रोफाइल सीट सुलतानपुर में मेनका या फिर कोई और ...

## गठबंधन से सपा ने भीम निषाद को बनाया है उम्मीदवार, भाजपा की जारी दो सूची में मेनका गांधी का नाम न होने से मिल रही हवा

मनोज कुमार मिश्र, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी हो चुकी है। सभी राजनीतिक दलों में प्रत्याशियों के नाम पर मंथन तकरीबन अंतिम चरण में है। भाजपा की दो सूची में सांसद मेनका गांधी का नाम नहीं होने से सुलतानपुर लोकसभा सीट सर्वाधिक चर्चित सीटों में शुमार हो गई है। भाजपा के दावेदारों से लेकर अन्य दलों तक की निगाह भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के रुख पर टिकी है। सब पर पल-पल भारी पड़ रहा है। चर्चाओं का बाजार गर्म है।

पूर्व में अमेठी का जिला मुख्यालय होने के कारण गांधी-नेहरू फैमिली की आमद-रफ्त यहां होती रही है। संजय गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी से लेकर राहुल गांधी तक नामांकन के लिए यहां आते रहे हैं। अमेठी से बिल्कुल सटी होने के कारण इसका खास रुतबा रहा। रायबरेली, अमेठी के साथ ही इस सीट के प्रत्याशी पर भी गांधी नेहरू परिवार ही अंतिम मुहर लगाता था। वरुण गांधी और मेनका गांधी के यहां से चुनाव लड़ने के बाद सियासी लिहाज से यह सीट और अहम हो गयी। वर्तमान में मेनका संजय गांधी यहां से सांसद हैं, लेकिन मौजूदा चुनाव में उनकी उम्मीदवारी चर्चा का विषय बनी है। नेपथ्य में इसकी वजह उनके पुत्र वरुण गांधी को माना जा रहा है। पिछले पांच सालों में उन्होंने कई बार अपनी ही सरकार के खिलाफ बोलकर पार्टी को असहज किया है। वरुण के रुख से भाजपा में ही मेनका गांधी के विरोधियों के साथ ही नए दावेदार भी टिकट के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हैं। यहां से भाजपा प्रत्याशी के रूप में सरोजनीनगर लखनऊ के विधायक राजेश्वर सिंह, पिछली बार गठबंधन से बसपा उम्मीदवार रहे पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू, रायबरेली के ऊंचाहार सीट से विधायक मनोज पांडेय, लंभुआ के पूर्व भाजपा विधायक देवमणि द्विवेदी, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व जिले के मूल निवासी प्रेम शुक्ला, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व विधान परिषद सदस्य डा. वीणा पांडेय समेत कुछ अन्य नाम चर्चा में हैं। फिलहाल भाजपा यहां से अगर फिर जीतती है तो उसकी हैट्रिक के साथ ही एक नया रिकॉर्ड भी बनेगा।


मां मेनका गांधी के साथ वरुण गांधी।

**दो बार भाजपा ने दर्ज की जीत**

| | |
|---|---|
| **2014** | |
| वरुण फिरोज गांधी भाजपा | 4,10,348 |
| पवन पांडेय बसपा | 2,31446 |
| शकील अहमद सपा | 2,28144 |
| अमिता सिंह कांग्रेस | 41,983 |
| **2019** | |
| मेनका संजय गांधी भाजपा | 4,58,196 |
| चंद्रभद्र सिंह सोनू बसपा | 4,44,670 |
| डॉक्टर संजय सिंह कांग्रेस | 41,681 |

**कब कौन बना सांसद**

| सन | विजयी प्रत्याशी | पार्टी |
|---|---|---|
| 1952 | काजिम अली | कांग्रेस |
| 1957 | गोविंद मालवीय | कांग्रेस |
| 1961 | गनपत सहाय (उप चुनाव) | निर्दलीय |
| 1962 | कुंवर कृष्ण वर्मा | कांग्रेस |
| 1967 | गनपत सहाय | निर्दलीय |
| 1969 | श्रीपति मिश्र (उप चुनाव) | बीकेडी |
| 1971 | केदारनाथ सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | जुल्फिकार उल्ला | जनता पार्टी |
| 1980 | गिरिराज सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | राज करन सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | रामसिंह | जनता दल |
| 1991 | विश्वनाथ दास शास्त्री | भाजपा |
| 1996 | देवेंद्र बहादुर राय | भाजपा |
| 1998 | देवेन्द्र बहादुर राय | भाजपा |
| 1999 | जयभद्र सिंह | बसपा |
| 2004 | मो. ताहिर खान | बसपा |
| 2009 | संजय सिंह | कांग्रेस |
| 2014 | वरुण गांधी | भाजपा |
| 2019 | मेनका संजय गांधी | भाजपा |

### सपा ने भीम निषाद पर लगाया दांव तो बसपा कर रही इंतजार

समाजवादी पार्टी अपने पीडीए के फार्मूले के तहत सुलतानपुर लोकसभा सीट से भीम निषाद को प्रत्याशी घोषित कर इसमें सबसे आगे चल रही है। हालांकि, भीम निषाद मूलत: अंबेडकरनगर के निवासी है। यहां के लिए उनका सियासी सफर नया है। फिर भी इंडिया गठबंधन से सपा के टिकट पर निषादों का नेता माने जाने वाले भीम निषाद यहां कितना असर डाल पाएंगे, यह वक्त ही बताएगा। बहुजन समाजवादी पार्टी की निगाह भी भाजपा के प्रत्याशी पर लगी है। माना जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी की घोषणा के बाद ही बसपा अपने पत्ते खोलेगी।



# कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र: 10 में 10 जीतने का ब्लूप्रिंट तैयार

● महेश शर्मा, कानपुर

यूपी में मिशन 80 फतह के लिए भाजपा ने 2019 के चुनाव की तरह कानपुर-बुंदेलखंड की 10 लोकसभा सीटों पर एक बार फिर भगवा फहराने की तैयारी कर ली है। पिछली बार सभी 10 सीटें जीती थी। इसमें कन्नौज लोकसभा सीट भी है जहां से स्व.मुलायम सिंह यादव की बहू अखिलेश यादव की पत्नी डिम्पल यादव 2014 में सांसद चुनी गयीं थी। पर उन्हें भी 2019 में भाजपा के सुब्रत पाठक ने शिकस्त दे दी थी। डिम्पल मैनपुरी सीट से प्रत्याशी हैं। कन्नौज से अखिलेश यादव के लड़ने की चर्चा है। उनके आने का असर पड़ सकता है।

मिशन 80 को पूरा करने के लिए जहां एक तरफ भाजपा फूंक-फूंक कर कदम रख रही है तो वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन भी चुनावी रणनीति की धार पैनी कर रहा है। कानपुर सीट पर न भाजपा और न ही विपक्षी गठबंधन का प्रत्याशी अब तक घोषित किया गया है। जीत की रणनीति के तहत भाजपा ने छह महीने पहले ही 10 लोकसभा क्षेत्रों और इनमें आने वाले 52 विधानसभा क्षेत्रों में विस्तारकों की तैनाती कर दी है।

कानपुर-बुंदेलखंड की 10 लोकसभा सीटों को तीन क्लस्टर में बांटा गया है। कानपुर स्थित भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में बैठकों, कार्यशाला, संपर्क कार्यक्रम के साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल सघन दौरा कर रहे हैं। संगठन ने तीन क्लस्टर में क्षेत्र को बांटा है। बांदा क्लस्टर में हमीरपुर, बांदा और फतेहपुर लोकसभा की सीट शामिल हैं। कानपुर क्लस्टर में कानपुर महानगर, अकबरपुर, कन्नौज, फर्रुखाबाद और इटावा लोकसभा क्षेत्र को रखा गया है। झांसी क्लस्टर में झांसी व जालौन लोकसभा सीटें हैं। इनके केंद्रीय चुनाव कार्यालय जनवरी में ही खोल दिए गए थे।



भाजपा पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान में है। यूपी का मिशन 80 पूरा करने में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की सभी 10 सीटों का योगदान होगा। यहां हर सीट 5 लाख के अंतर से जीतेंगे। माहौल राममय, मोदीमय है। सरकार के कार्य जीत का प्रमुख आधार होंगे।

**प्रकाश पाल**, क्षेत्रीय अध्यक्ष




कानपुर महानगर छोड़कर बाकी नौ सीटों पर प्रत्याशी भी घोषित कर दिए गए हैं। प्रत्याशी वहीं हैं जो 2019 में जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। इन क्षेत्रों में विपक्ष के मुद्दे जैसे इलेक्टोरल बॉंड, सीएए, महंगाई, बेरोजगारी बहुत ज्यादा असर नहीं डालते हैं। लोगों के दिलो-दिमाग पर रामलला मंदिर बसा हुआ है। इसके अलावा लाभार्थी वोट बैंक बहुत ज्यादा इस चुनाव में भी प्रभावी है जो भाजपा को मजबूती दे सकता है। अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के ठाकुर, और गठबंधन के पिछड़ा प्रत्याशी के मुकाबले बसपा ने ब्राह्मण प्रत्याशी उतारकर त्रिकोणीय संघर्ष जैसी स्थिति बना दी है। हालांकि सपा-कांग्रेस गठबंधन चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद बसपा के भी विपक्षी फोल्ड में आने की उम्मीद पाले बैठा है। लेकिन इस क्षेत्र में राम मंदिर की काट आसानी से ढूंढ़ पाना विपक्ष के लिए थोड़ा मुश्किल दिखता है।

दूसरे भाजपा की तैयारियां जमीन पर हैं तो विपक्ष अभी प्रत्याशी चयन में ही उलझा हुआ है। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल पांच लाख के अंतर से सभी 10 सीटें जीतने का लक्ष्य निर्धारित कर चुके हैं। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन था तो अबकी सपा-कांग्रेस का। मीडिया प्रभारी मोहित पांडे कहते हैं कि भाजपा के प्रति वोटरों के विश्वास के चलते समाजवादियों कन्नौज इटावा जैसे गढ़ में 2019 में भगवा फहरा दिया था। 10 में 10 जीत ली थी। अबकी भी यही रिजल्ट होगा। इनती तैनाती 2019 लोस और 2022 विस चुनाव में विस्तारकों की भूमिका कारगर साबित रही। यहां की 52 विधासभा सीटों में से भाजपा ने 41 जीत ली थी। जबकि 11 सपा ने जीती। विस्तारकों की तैनाती छह महीने पहले ही सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों व इनमें आने वाली 52 विधानसभा क्षेत्रों में की जा चुकी है। यानी 62 विस्तारक भेजे जा चुके हैं। यह कार्य लखनऊ से एमएलसी विजयबहादुर पाठक और उनकी टीम करती है। विधायक, सांसद, पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारी, बूथ कमेटी, पन्ना प्रमुख का कामकाज कैसा है, विस्तारक फीडबैक लेकर इसकी रिपोर्ट बनाकर संगठन को भेजते हैं। क्षेत्र के नौ लोकसभा क्षेत्रों में सांसदों को ही टिकट देने का फैसला विस्तारकों की रिपोर्ट के आधार पर लिया बताया जाता है। फिलहाल अखिलेश यादव के कन्नौज से लड़ने की चर्चा भाजपा के लिए थोड़ा परेशानी का सबब है।

### कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की लोकसभा सीटों नतीजा 2014

| लोकसभात्र | विजयी प्रत्याशी | प्राप्त मत | पराजित प्रत्याशी | प्राप्तमत |
|---|---|---|---|---|
| फर्रुखाबाद | मुकेश राजपूत( भाजपा) | 4,06,195 | रामेश्वर यादव( सपा) | 2,55,693 |
| इटावा ( सु) | अशोक दोहरे ( भाजपा) | 4,31,646 | प्रेमदास कठेरिया( सपा) | 2,66,700 |
| कन्नौज | डिंपल यादव ( सपा) | 4,89,164 | सुब्रत पाठक ( भाजपा) | 4,69,258 |
| कानपुर | एमएम जोशी ( भाजपा) | 4,74,712 | एसपी जायसवाल( कांग्रेस) | 2,51,766 |
| अकबरपुर | देवेंद्रसिंह भोले( भाजपा) | 4,81,584 | अनिलशुक्ल वारसी( बसपा) | 2,02,587 |
| जालौन( सु) | भानुप्रताप वर्मा( भाजपा) | 5,48,631 | ब्रजलाल खाबरी ( बसपा) | 2,61,429 |
| झांसी | उमा भारती ( भाजपा) | 5,75,889 | चंद्रपाल यादव ( सपा) | 3,85,422 |
| हमीरपुर | पुष्पेंद्र चंदेल ( भाजपा) | 4,53,884 | विश्वंभर निषाद ( सपा) | 1,87,095 |
| बांदा | भैरोप्रसाद मिश्र( भाजपा) | 3,42,066 | आरके पटेल ( बसपा) | 2,26,278 |
| फतेहपुर | निरंजनज्योति ( भाजपा) | 4,85,954 | अफजाल ( बसपा) | 2,98,778 |
| मिश्रिख( आंशिक) | अंजूबाला( भाजपा) | 4,12,575 | अशोक रावत( बसपा) | 3,25,212 |

### कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की लोकसभा सीटों नतीजा 2019

| लोकसभात्र | विजयी प्रत्याशी | प्राप्त मत | पराजित प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|---|---|
| फर्रुखाबाद | मुकेश राजपूत( भाजपा) | 5,69,880 | मनोजअग्रवाल( बसपा) | 3,48,178 |
| इटावा ( सु) | आरएसकठेरिया ( भाजपा) | 5,22,119 | कमलेश कठेरिया( सपा) | 4,57,682 |
| कन्नौज | सुब्रतपाठक ( भाजपा) | 5,63,087 | डिंपलयादव( सपा) | 5,50,734 |
| कानपुर | सत्यदेव पचौरी ( भाजपा) | 4,68,937 | एसपी जायसवाल( कांग्रेस) | 3,13,003 |
| अकबरपुर | देवेंद्रसिंह भोले( भाजपा) | 5,81,282 | निशा सचान ( बसपा) | 3,06,140 |
| जालौन( सु) | भानुप्रताप वर्मा( भाजपा) | 5,81,763 | अजयसिंह पंकज( बसपा) | 4,23,386 |
| झांसी | अनुराग शर्मा( भाजपा) | 8,09,272 | श्यामसुंदर यादव ( सपा) | 4,43,589 |
| हमीरपुर | पुष्पेंद्र चंदेल ( भाजपा) | 5,75,122 | दिलीप सिंह ( बसपा) | 3,36,470 |
| बांदा | आरके सिंह पटेल भाजपा) | 4,77,996 | श्यामचरण गुप्ता ( सपा) | 2,26,278 |
| फतेहपुर | निरंजनज्योति ( भाजपा) | 5,66,040 | सुखदेव वर्मा ( बसपा) | 3,67,835 |
| मिश्रिख( आंशिक) | अशोक रावत( भाजपा) | 5,34,429 | नीलू सत्यार्थी( बसपा) | 4,33,757 |

## चुनाव कमाल का...

- 1951-52 में हुए पहले आम चुनाव से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के दौर तक कोई भी पार्टी कांग्रेस को कड़ी टक्कर नहीं दे सकी थी।
- 1962 का आम चुनाव पंडित जवाहर लाल नेहरू और लाल बहादुर शास्त्री के देहांत से लेकर इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री बनने का गवाह रहा। कांग्रेस ने 494 सीटों में से 361 सीटें जीतीं।
- 1984 में हुए आम चुनावों में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कीर्तिमान स्थापित कर दिया था। इस चुनाव में 415 सीटों पर जीत हासिल कर कांग्रेस इतिहास में रिकॉर्ड दर्ज कर चुकी है।

## चुनावी तीर



यह विडंबना है कि वायनाड में राहुल गांधी की उम्मीदवारी के बारे में शिकायत करने वाली भाकपा तिरुवनंतपुरम में भाजपा की तरफ से खेल रही है। पिछले सप्ताह भाकपा महासचिव डी राजा ने कहा था कि राहुल गांधी को केरल के वायनाड से चुनावी मैदान में उतारना कांग्रेस का विशेषाधिकार है, लेकिन जनता की राय है कि उनके कद के नेता को ऐसी सीट से चुनाव लड़ना चाहिए था, जहां वह सीधे तौर पर भाजपा को चुनौती दे सकें।

**- शशि थरूर**, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता



भाजपा को लगता है कि जिस समन को वह बार-बार भेज रही थी वह अदालत में विचाराधीन है इसलिए एक नए केस में नया समन भेजा गया। भाजपा के पास अदालत के फैसले का इंतजार करने का भी समय नहीं बचा है क्योंकि चुनावी बॉन्ड के जरिए भाजपा की चंदा चोरी की सच्चाई सामने आ चुकी है। आज पूरे देश में तानाशाही का राज चल रहा है, जिसको जब मर्जी जैसे भी उठा लो। भाजपा को अशोक चौहान की फाइल भी निकालवानी चाहिए।

**-गोपाल राय**, प्रदेश संयोजक, आप



इस बार का लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री मोदी बनाम संपूर्ण भारत होगा। विपक्षी गठबंधन इंडिया को केंद्र में सरकार बनाने के लिए स्पष्ट बहुमत मिलेगा, कांग्रेस को छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से आधी से ज्यादा पर जीत मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी 400 के पार जाने का दावा खोखला है।

**- भूपेश बघेल**, पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# मतदाताओं की बेरूखी बढ़ा रही सियासी दलों की बेचैनी

● बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

**अमृत विचार।** कुमाऊं मंडल के हिमालयी रीजन की अल्मोड़ा सीट पर पिछले 67 सालों के इतिहास में हुए 18 लोकसभा चुनावों में मतदाताओं की मतदान को लेकर बेरूखी सियासी दलों के रणनीतिकारों की पेशानी पर हमेशा से बल डालती आई है। इस सीट पर सिर्फ एक बार के मिथक को छोड़ दें तो कभी भी सांसद चुनने के लिए कुल पंजीकृत मतदाताओं में से पचास प्रतिशत मतदाताओं तक ने अपने मत का प्रयोग नहीं किया। मतदाताओं की यह बेरूखी कई बार दोनों मुख्य दलों की उम्मीदों पर पानी भी फेर चुकी है।

आजादी के बाद की बात करें तो अल्मोड़ा सीट पर पहली बार 1952 में सांसद चुनने के लिए पहली बार चुनाव कराए गए और इस चुनाव में महज 27 फीसद मतदान हुआ। मतदान के प्रतिशत को देखते हुए वर्ष 1957 में हुए स्वतंत्र मतदान में प्रतिशत बढ़ाने के लिए तमाम प्रयास किए गए। लेकिन परिणाम बेहतर आने के बजाय निराशाजनक साबित हुए और इस बार मतदान का प्रतिशत केवल 19 फीसद रहा। उसके बाद 1962 में 27.30 प्रतिशत, 1967 में 28 प्रतिशत, 1971 में 29 प्रतिशत, 1977 में 44 प्रतिशत, 1980 में 38 प्रतिशत, 1984 में 45 प्रतिशत, 1989 में 44 प्रतिशत, 1996 में 43.38 प्रतिशत, 1998 में 46.45 प्रतिशत और 1999 में केवल 41.82 प्रतिशत लोगों ने लोकसभा चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

वर्ष 2000 में पृथक उत्तराखंड राज्य बनने के बाद यहां वर्ष 2004 में लोकसभा चुनाव हुए। राज्य के इस पहले चुनाव में 49.89 प्रतिशत मतदाताओं ने बूथों तक पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया। फिर 2009 में हुए दूसरे चुनाव में यह आंकड़ा घटकर 46.75 प्रतिशत पर रह गया। आखिरकार वर्ष 2014 के चुनावों में आधे कम मतदान का मिथक टूट और इस बार रिकार्ड 53.22 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। लेकिन नवोदित राज्य के चौथे चुनाव में यह आंकड़ा आगे बढ़ने के बजाय फिर पीछे खिसक गया और 2019 के चुनावों में फिर 48.78 प्रतिशत मतदाता ही मतदान के लिए अपने घरों से बाहर निकले। लोकसभा चुनावों के प्रति मतदाताओं की यह बेरूखी इस बार भी सियासी दलों के गले की हड्डी बनी हुई है।

**2014** में टूटा मिथक तो पहली बार 53 .22 प्रतिशत लोगों ने डाले वोट

### सांसदों की अनदेखी बनी खलल

लोकसभा चुनावों में मतदान कम होने का एक कारण मतदाताओं के प्रति सांसदों की बेरूखी भी है। चुनाव के वक्त भले ही प्रत्याशी सड़क मार्गों वाले गांव कस्बों तक पहुंच जाते हों। लेकिन चुनाव जीतने के बाद वह दोबारा वहां जाना भी मुनासिब नहीं समझते। बात अल्मोड़ा लोकसभा के दुर्गम क्षेत्रों में बसे गांवों में रहने वाले मतदाताओं की करें तो आज भी अनेक ऐसे मतदाता होंगे। जिन्होंने अपने सांसद को सिर्फ तस्वीरों में ही देखा होगा।




**67** सालों में सिर्फ एक बार टूटा आधी से कम आबादी का मिथक

**1957** में सबसे कम 19 फीसद हुआ मतदान

### चक्रव्यूह भेदने से कम नहीं होगा 75 प्रतिशत का लक्ष्य

लोकसभा चुनाव में प्रत्येक सीट पर मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए राजनीतिक दल ही नही बल्कि निर्वाचन आयोग भी पूरी मशक्कत में जुटा हुआ है। लेकिन निर्वाचन के पुराने आंकड़ों पर गौर करें तो यह काम किसी चक्रव्यूह को भेदने से कम नहीं है। निर्वाचन विभाग ने इस बार लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड की पांचों सीटों पर 75 प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य रखा है। नए और युवा मतदाताओं को रिझाने के लिए स्वीप के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन कराया जा रहा है। वहीं मतदाताओं को शपथ दिलाकर मतदान के प्रति संकल्पबद्ध करने के प्रयास भी हो रहे हैं। पूर्व में केंद्र और राज्य सरकार भी मतदाताओं के रिझाने के लिए कई मोहरे चल चुकी है। ऐसे में अब यह देखना है कि इस चुनाव में सांसद चुनने के लिए आधे से अधिक आबादी अपनी दहलीज से बाहर कदम रखती है या नहीं।

# बदायूं में आधी आबादी ने निभाई पूरी जिम्मेदारी

- पिछले लोकसभा चुनाव में पुरुषों के बराबर महिलाओं ने किया था मतदान
- हर विधानसभा में 57 से 58 फीसदी महिलाओं ने किया था मताधिकार का प्रयोग

● प्रदीप सक्सेना, बदायूं

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर कभी भी डुगडुगी पिट सकती है। प्रशासन से लेकर राजनैतिक पार्टियां तैयारी में जुट गई हैं। हर बार की तरह इस बार भी बदायूं लोकसभा सीट पर चुनाव रोचक होने वाला है। जिसमें महिलाओं की भूमिका अग्रणी रहेगी। पिछली बार महिलाओं ने पुरुषों के कंधों से कंधा मिलाकर मतदान किया था। इस बार भी सभी दलों के प्रत्याशी जीत के लिए महिलाओं को रिझाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। जो चुनावी राजनीति में महिलाओं के बढ़ते दबदबे का संकेत है।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित किए जा रहे आयोजनों से साफ जाहिर है कि महिला मतदाताओं की तरफ राजनीतिक दलों का इतना ध्यान पहले कभी नहीं रहा। महिला मतदाताओं की संख्या और मतदान में उनकी हिस्सेदारी भी लगातार बढ़ी है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक इस बार का चुनाव खास होगा। लोकसभा चुनाव में जातीय समीकरण के साथ-साथ महिला वोटरों की भूमिका अहम होगी। लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों के इस्तेमाल के मामले में महिला वोटरों में जागरूकता बढ़ी है। पहले मतदान को लेकर महिलाओं में बहुत उत्साह नहीं होता था। लेकिन अब महिलाएं खुलकर मतदान में भाग ले रही हैं।

### 8 लाख 64 हजार 244 महिलाएं पहुंची बूथ तक

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या 23 लाख 79 हजार 17 थी। उस समय कुल मतदान 57 .15 प्रतिशत हुआ था। जिसमें 8 लाख 64 हजार 244 महिलाओं ने अपने मत का प्रयोग किया था।

**24,01,020** कुल मतदाता

**12,87,880** पुरुष मतदाता

**11,12,024** महिला मतदाता

**116** थर्ड जेंडर हैं बदायूं लोकसभा में

### 2019 में 56 से 58 प्रतिशत महिलाओं ने किया था मतदान

वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में पुरुषों ने 55 से लेकर 58 फीसद तक मतदान किया था। वहीं महिलाओं का वोट प्रतिशत भी कम नहीं था। बिसौली विधानसभा क्षेत्र में पुरुषों ने 58 .84 फीसद मतदान किया था। वहीं 58 .71 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी तरह सहसवान में 57 .40 प्रतिशत पुरुष, 56 .15 प्रतिशत महिलाओं, बिल्सी में 55 .28 प्रतिशत पुरुष और 55 .50 प्रतिशत महिलाएं तथा बदायूं विधानसभा क्षेत्र में 57 .77 फीसद पुरुष और 56 .95 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मत का प्रयोग किया था।

# हर दल के प्रत्याशी को भेजा संसद पर बसपा के हाथ खाली

● सलमान खान, मुरादाबाद

- आजादी के बाद से 17 लोकसभा चुनाव में से 11 बार जीते मुस्लिम प्रत्याशी
- भाजपा के सामने पाने और सपा को सीट बचाने की चुनौती, बसपा ने उतारा है मुस्लिम प्रत्याशी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा जल्द होनी है। इसे लेकर पार्टियां पूरी ताकत के साथ तैयारियों में जुटी हैं। मुरादाबाद लोकसभा सीट से आजादी के बाद से आज तक जनता ने सभी दलों के प्रत्याशियों को जीत दिलाकर संसद भेजा, लेकिन बसपा पर मेहरबानी नहीं की। बहुजन समाज पार्टी को आज भी जीत का इंतजार है। 2014 में जीत का खाता खोलने वाली भाजपा इस बार फिर से यह सीट वापस पाने में जुटी हैं। लेकिन बसपा को छोड़कर किसी पार्टी ने अपना प्रत्याशी अभी घोषित नहीं किया है।

पीतल नगरी से पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाने वाला जिगर का शहर चुनाव की सियासत में भी अपनी खास पहचान रखता है। यहां से भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अजहरूद्दीन भी 2009 में सांसद रह चुके है। लोकसभा चुनाव में पक्ष या हो विपक्ष दोनों को वोटों का ध्रुवीकरण सुहाता है। यहां की जनता बसपा को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख दलों के चेहरों को चुनकर संसद भेज चुकी है। जनपद में अल्पसंख्यकों की आबादी लगभग 45 प्रतिशत है। नतीजों पर भी इसका साफ असर नजर आता है। अब तक हुए 17 चुनावों में 11 बार मुस्लिम चेहरों ने यहां की नुमाइंदगी की है। अंग्रेजों की गुलामी से आजाद होने के बाद हुए पहले दो चुनाव पर इसका रंग भी था।

कांग्रेस के रामसरन को लगातार दो बार जीत मिली। लेकिन 1962 में यहां पहला बदलाव हुआ और सैयद मुजफ्फर हुसैन को जनता ने निर्दलीय चुनकर संसद भेजा। जनता का फिर मन बदला और 67 और 71 में जनसंघ के प्रत्याशी को जीत दिलाकर सांसद बनाया। 77 में जनता पार्टी की आंधी में मुरादाबाद भी बहा और जनता पार्टी के गुलाम मोहम्मद खान सांसद बने। अगले चुनाव में भी जनता ने उन्हें ही मौका दिया।

### 1984 में कांग्रेस ने फिर जीती बाजी

13 अगस्त 1980 को ईद के दिन फैली एक अफवाह ने पीतल नगरी को दंगों की आग में झोंक दिया था। दंगे की वजह और जिम्मेदार जो भी रहे हों, लेकिन इसने यहां का मिजाज बदल दिया। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के सुर सियासी फिजा में मुखर होने लगे। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 में हुए चुनाव में जीत तो कांग्रेस के हाफिज मोहम्मद ने हासिल की, लेकिन चार साल पहले अस्तित्व में आई भाजपा तीसरे नंबर पर पहुंच गई और उसे 83 हजार से अधिक वोट मिले। 1989 और 91 में जनता दल के टिकट पर मुरादाबाद से गुलाम मोहम्मद खान को फिर मौका मिला लेकिन 91 के बाद यहां भाजपा स्थायी प्रतिद्वंद्वी हो गई। अब भाजपा फिर से इस सीट पर कमल खिलाने की जुगत में है।

### भाजपा और सपा के बीच सिमटी लड़ाई

90 के दशक में मंडल और कमंडल के प्रयोग के बीच राजनीति में नए खिलाड़ी उभरे। अगले तीन दशक की लड़ाई एकाध मौकों को छोड़कर इनकी नुमाइंदगी करने वाले पार्टियों के बीच ही सिमट गई। मुस्लिम-यादव वोटों की जमीन पर खड़ी हुई मुलायम सिंह यादव की समाजवादी पार्टी के लिए मुरादाबाद की गणित माकूल थी। 96 में सपा के टिकट पर शफीकुर्रहमान बर्क ने जीत हासिल कर इसे साबित कर दिया, लेकिन उनकी जीत का अंतर महज दो हजार वोटों का ही था। इसके पीछे बड़ी वजह बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार को भी 1.12 लाख वोट मिलना था। 1998 में फिर सपा और भाजपा में मुकाबला हुआ और इस बार भी शफीकुर्रहमान बर्क 36 हजार वोटों से जीते थे। साल 1999 में भाजपा ने इस सीट पर नया प्रयोग किया और अपना उम्मीदवार खड़ा न कर अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस के चंद्रविजय सिंह को समर्थन दिया था। जिससे सपा के बर्क को 1.53 लाख वोट मिले और बसपा के मोहम्मद अकील को 1.23 लाख वोट। बहुसंख्यक वोटों का एका चंद्रविजय के पक्ष में गया और 2.53 लाख वोट से वह चुनाव जीते।

### 2009 में क्रिकेटर अजहर ने की बैटिंग

बल्लेबाजी के लिए चर्चित भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को कांग्रेस ने 2009 में मुरादाबाद की पिच पर उतारा था। अजहरुद्दीन को यहां की जनता का भरपूर सहयोग मिला था और 25 साल बाद यहां कांग्रेस ने फिर जीत हासिल की। भाजपा दूसरे और बसपा तीसरे नंबर पर खिसक गई। सपा प्रत्याशी महज दो प्रतिशत वोट हासिल जमानत भी गंवा बैठे।

### मोदी लहर से 2014 में खिला कमल



2014 में भाजपा की जीत का इंतजार मोदी लहर में खत्म हुआ। चुनाव में मोदी लहर और मुजफ्फरनगर दंगों से बदली हवा के बीच वोटों के जबरदस्त ध्रुवीकरण ने भाजपा के सर्वेश सिंह को लगभग 88 हजार वोटों से जीत दिलाकर पीतलनगरी में कमल खिला दिया। सपा के डॉ. एसटी हसन 3.97 लाख वोट पाकर भी हार गए।

### 2019 में सपा-बसपा गठबंधन को मिली जीत

2019 में 2014 में हुए बिखराव को रोकने के लिए सपा-बसपा ने मिलकर चुनाव लड़ा था और डॉ. एसटी हसन को प्रत्या शी बनाकर मैदान में उतारा था। सपा को यहां चौथी बार जीत मिली और भाजपा 98 हजार वोटों से पिछड़ गई। जबकि कांग्रेस के इमरान प्रतापगढ़ी की जमानत जब्त हो गई थी। 96 से हर चुनाव में बसपा ने उम्मीदवार खड़े किए वह तीसरे नंबर पर रही, लेकिन पहला नंबर तय होने में उसके प्रदर्शन की भूमिका अहम रही।

### इस बार सपा के लिए सीट बचाने की लड़ाई

सपा के सामने सीट बचाने और भाजपा के सामने दूसरी बार कमल खिलाने की लड़ाई है। मुरादाबाद से सपा ने अब तक उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। मौजूदा सांसद डॉ. एसटी हसन की मजबूत दावेदारी है। भाजपा से पिछली बार सर्वेश सिंह लड़े थे। सर्वेश सिंह इस बार भी मजबूती से टिकट की लाइन में लगे हैं। लेकिन भाजपा प्रत्याशी चयन में कोई रिस्क नहीं लेना चाहती है। वह हर हाल में इस सीट को अपनी झोली में डालना चाहती है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी को उतार कर दूसरों के लिए चुनौती पेश की है।

# अमेठी के गांव में उठा नारा... 'रोड नहीं तो वोट नहीं' मतदान का किया बहिष्कार

**अमेठी (उप्र)।** अमेठी जिले के गौरीगंज तहसील स्थित एक गांव में सड़क का निर्माण नहीं होने से नाराज स्थानीय लोगों ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार का ऐलान किया है। अर्से से वीवीआईपी जिला माने जाने वाले अमेठी की तहसील गौरीगंज के जामो विकासखंड में पूरे अल्पी तिवारी ग्रामसभा स्थित सरमें पुरवा के निवासियों ने गांव के बाहर एक बैनर लगाया है, जिसमें 'रोड नहीं तो वोट नहीं' के नारे के साथ 'नेताओं, शर्म करो। आजादी के बाद से हम लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं लिखा है।

सरमें पुरवा गांव के निवासी ओमप्रकाश ओझा, राम अभिलाष ने मंगलवार को बताया कि गांव में जाने-आने का पक्का रास्ता न होने के कारण बहुत मुश्किल होती है और बारिश के मौसम में स्थिति बदतर हो जाती है। हालात यह है कि गांव के लोगों को अपने बच्चों की शादी का आयोजन मजबूरन किसी दूसरी जगह करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पीने के पानी का भी सही बंदोबस्त नहीं है। यह गांव उस अमेठी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है जो कई दशकों तक केन्द्र की सत्ता में दबदबा रखने वाले नेहरू-गांधी परिवार का सियासी गढ़ रहा और पिछले पांच साल से केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी यहां से सांसद हैं। लगातार उपेक्षा से तंग आकर अब ग्रामीणों ने पूरी तरह से मन बना लिया है कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता है तब तक आगामी लोकसभा चुनाव का पूरी तरह से बहिष्कार किया जाएगा। गौरीगंज के उप जिलाधिकारी दिग्विजय सिंह ने इस बारे में पूछे जाने पर बताया कि उन्हें प्रकरण की जानकारी मिली है तथा मामले की जांच कराई जा रही है।

# एक दशक बाद कमेंट्री बॉक्स में वापसी करेंगे सिद्धू

नई दिल्ली, एजेंसी



● इस लीग से भारत ही नहीं अन्य देशों को भी टी-20 विश्व कप टीम के चयन में मिलेगी मदद

आईपीएल के जरिए एक दशक बाद कमेंट्री बॉक्स में वापसी के लिए तैयार पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि इस लीग से केवल भारत ही नहीं बल्कि अन्य देशों को भी अपनी टी-20 विश्व कप टीम के चयन में मदद मिलेगी। कमेंट्री बॉक्स में वापसी से तीन दिन पहले हमेशा की तरह उत्साहित सिद्धू ने कहा कि क्रिकेट मेरा पहला प्यार है। अगर आपका शौक आपका पेशा बन जाए तो इससे बेहतर कुछ नहीं। एक वक्त का बच्चा कभी तैरना नहीं भूलेगा, मैं कमेंट्री में उसी तरह उतरूंगा जैसे मछली पानी में उतरती है।

सिद्धू ने कमेंट्री में खास पहचान बनाई थी लेकिन इसके बाद वह राजनीति में व्यस्त हो गए थे। अब वह आईपीएल के साथ अपनी पुरानी पारी शुरू करने को तैयार हैं। आईपीएल के तुरंत बाद जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप खेला जाएगा। सिद्धू ने कहा कि आईपीएल विश्व कप के लिए माहौल तैयार करेगा। इस दौरान कोई अन्य क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं होगा। दुनिया की नजरें आईपीएल पर टिकी रहेंगी। इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने पर केवल भारत ही नहीं बल्कि विदेशी खिलाड़ी भी टी-20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में जगह बना सकते हैं।

सिद्धू ने भारतीय टीम के पिछले वनडे विश्व कप में प्रदर्शन के बारे में कहा कि विश्व कप में वे बहुत अच्छा खेले। केवल एक मैच उनके अनुकूल नहीं रहा। एक खराब मैच से टीम का भविष्य तय नहीं हो सकता है। भारतीय टीम लंबे समय तक राज करेगी क्योंकि क्रिकेटरों को तैयार करने की प्रणाली बहुत अच्छी और अनुकूल है। हमारे समय में खराब फॉर्म के बावजूद खिलाड़ी को टीम में रखा जाता था क्योंकि कोई नया खिलाड़ी तैयार नहीं रहता था। अब हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस में कप्तान के रूप में भारतीय कप्तान की जगह ले रहा है क्योंकि उसने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

### रोहित और विराट के टी-20 भारतीय टीम में चुने जाने की पैरवी की

रोहित शर्मा और विराट कोहली ने पिछले टी-20 विश्व कप के बाद इस प्रारूप में बहुत अधिक मैच नहीं खेले हैं, लेकिन उनकी आगामी विश्व कप के लिए भारतीय टीम में चुने जाने की संभावना है। सिद्धू ने इन दोनों का टीम में चयन का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों की वहां जरूरत पड़ेगी। वह क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी हैं। फॉर्म सुबह की ओस की तरह होती है जो कुछ समय के लिए रहती है, लेकिन कौशल हमेशा बना रहता है। मैं कोहली को भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों की सूची में शामिल करूंगा और इसका एकमात्र कारण उनकी फिटनेस है। उम्र बढ़ने के साथ वह अधिक फिट होते जा रहे हैं। तकनीकी तौर पर वह शानदार बल्लेबाज हैं तथा तीनों प्रारूप में खुद को ढालने की उनकी क्षमता अद्भुत है। यही बात रोहित पर भी लागू होती है।

# कोहली ने भारत के लिए जो हासिल किया है वह उल्लेखनीय हैः मंधाना

नई दिल्ली, एजेंसी



आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना का मानना है कि उनकी टीम डब्ल्यूपीएल में खिताबी जीत के संदर्भ में विराट कोहली की बेंगलुरु फ्रेंचाइजी के लिए हासिल की गई उपलब्धियों को कम करके आंकना गलत होगा। मंधाना की अगुवाई में आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र में ही चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया जबकि उसकी पुरुष टीम 16 वर्षों में आईपीएल का खिताब जीतने में नाकाम रही। इस दौरान एक दशक तक कोहली टीम के कप्तान रहे।

मंधाना ने कहा कि खिताब अलग चीज है, लेकिन कोहली ने देश के लिए जो हासिल किया है वह उल्लेखनीय है। इसलिए मैं अभी करियर के जिस मोड़ पर हूं और उन्होंने जो कुछ हासिल किया है, उसे देखते हुए मुझे नहीं लगता की तुलना करना सही है। मैं तुलना करना इसलिए सही नहीं मानती क्योंकि उन्होंने जो हासिल किया है उसका कोई सानी नहीं है। वह प्रेरणादायी हैं। एक खिताब कई चीजों को परिभाषित नहीं करता है। हम सभी उनका सम्मान करते हैं। मंधाना और कोहली दोनों 18 नंबर की जर्सी पहनते हैं। उन्होंने कहा कि इस आधार पर दोनों के बीच तुलना करना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं इसे 18 नंबर की जर्सी की तुलना नहीं कहूंगी। जर्सी नंबर केवल व्यक्तिगत पसंद होती है। मेरे जन्मदिन की तारीख 18 है और मेरा जर्सी नंबर 18 है। इससे इस बात का पता नहीं चलता है कि वह कैसे खेलते हैं और मैं कैसे खेलती हूं।

## खेल डायरी

### काउंटी चैंपियनशिप में फिर ससेक्स से खेलेंगे उनादकट



**होव, एजेंसी।** भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट इस साल काउंटी चैंपियनशिप में इंग्लैंड के क्लब ससेक्स से अंतिम पांच मैचों में खेलेंगे। भारत की तरफ से चार टेस्ट खेलने वाले उनादकट ने पिछले सत्र में ससेक्स से काउंटी चैंपियनशिप में चार मैच में 11 विकेट लिए थे। उनकी टीम तब डिवीजन दो में तीसरे स्थान पर रही थी। उनादकट ने भारत की तरफ से आखिरी मैच पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट के रूप में खेला था। सौराष्ट्र ने 2019-20 में उनादकट की अगुवाई में रणजी का खिताब जीता था। पिछले सत्र में उनादकट ने लीस्टरशर के खिलाफ दूसरी पारी में 6 विकेट लेकर टीम को 15 रन से जीत दिलाने में भूमिका निभाई थी और वह फिर से यह प्रदर्शन दोहराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### अंतिम क्वालीफाइंग के लिए चुनी 12 सदस्यीय टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह, मेराज अहमद खान और विश्व कप विजेता गनेमत सेखों को ओलंपिक के लिए दोहा में 19 से 29 अप्रैल तक होने वाले अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए मंगलवार को 12 सदस्यीय शॉटगन टीम में चुना गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने जुलाई अगस्त में होने वाले कई अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए टीम की घोषणा की। इसमें चार कोटा दांव पर लगे होंगे, जिसमें पुरुष और महिला टीम के लिए ट्रैप एवं स्कीट में एक एक कोटा होगे। तीन टीम में पुरुष ट्रैप में पृथ्वीराज टोंडाईमान और विवान कपूर जबकि महिला ट्रैप के लिए श्रेयसी और मनीषा कीर तथा मेराज और शीराज शेख पुरुष स्कीट और महेश्वरी चौहान महिला स्कीट में शामिल होने वाले निशानेबाज हैं।

### चोट से अमेरिका में मैत्री मैच नहीं खेल पाएंगे मेसी

**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी दाहिने पांव की मांसपेशियों में खिंचाव से अमेरिका में इस महीने होने वाले दो मैत्री मैचों में नहीं खेल पाएंगे। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने यह जानकारी दी। मेसी पिछले सप्ताह इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए चोटिल हो गए थे। अर्जेंटीना को शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में अल साल्वाडोर के खिलाफ मैच खेलना है जबकि इसके चार दिन बाद वह लॉस एंजिलिस में कोस्टारिका का सामना करेगा। छत्तीस वर्षीय मेसी इन दोनों मैच में नहीं खेल पाएंगे। अर्जेंटीना इस साल जून जुलाई में अमेरिका में होने वाले कोपा अमेरिका की तैयारियों के सिलसिले यह मैच खेल रहा है। अर्जेंटीना के स्ट्राइकर पाउलो डायबाला और मिडफील्डर एक्सक्विल पलासियोस भी चोटिल होने के कारण इन मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

### ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला की रद

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान में महिलाओं की खराब स्थिति का हवाला देते हुए इस साल अगस्त में अफगानिस्तान की पुरुष टीम के खिलाफ होने वाली तीन टी-20 मैच की घरेलू श्रृंखला रद कर दी है। तालिबान ने अफगानिस्तान में सत्ता में लौटने के बाद लड़कियों के स्कूल और कॉलेज जाने पर रोक लगा दी। यही नहीं उसने महिला सहायता कर्मचारियों को काम करने से रोक दिया। ऑस्ट्रेलिया का आगामी श्रृंखला स्थगित करने का मतलब है कि उसने अफगानिस्तान को लेकर अपना कड़ा रवैया जारी रखा है। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले नवंबर 2021 में होबार्ट में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच को भी रद कर दिया था। इसके बाद उसने संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली तीन मैच की वनडे श्रृंखला भी स्थगित कर दी थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि पिछले 12 महीनों में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान की स्थिति को लेकर ऑस्ट्रेलिया की सरकार के साथ परामर्श जारी रखा था। सरकार ने सलाह दी है कि अफगानिस्तान में महिलाओं की स्थिति बदतर होती जा रही है। इस कारण हमने अपनी पूर्व की स्थिति को बरकरार रखा है और अफगानिस्तान के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला स्थगित कर देंगे। अफगानिस्तान आईसीसी का एकमात्र पूर्णकालिक सदस्य देश है, जिसने दक्षिण अफ्रीका में खेले गए अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में अपनी टीम नहीं भेजी थी क्योंकि देश ने महिलाओं पर क्रिकेट खेलने से रोक लगा दी है।

# रोहित ने हार्दिक और बुमराह का समर्थन किया: पटेल

## पार्थिव ने रोहित के नेतृत्व कौशल की तुलना चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से की

मुंबई, एजेंसी





पूर्व भारतीय क्रिकेटर पार्थिव पटेल ने मंगलवार को कहा की हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह जब आईपीएल में मुंबई इंडियंस की तरफ से संघर्ष कर रहे थे तब रोहित शर्मा ने उनका पूरा समर्थन किया था। पार्थिव ने रोहित के नेतृत्व कौशल की तुलना चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से की और कहा कि मुंबई के क्रिकेटर ने कभी कोई गलती नहीं की जबकि चेन्नई के कप्तान ने आईपीएल में अपने लंबे करियर के दौरान कुछ गलतियां की।

पार्थिव ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि रोहित ने हमेशा अपने खिलाड़ियों का समर्थन किया। इसका सबसे अच्छा उदाहरण हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह हैं। बुमराह 2014 में मुंबई इंडियंस से जुड़े और 2015 तक उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं था। उन्होंने कहा कि वे यहां तक की आधे सत्र के बाद उन्हें वापस भेजने पर विचार कर रहे थे, लेकिन रोहित शर्मा को उनकी योग्यता पर भरोसा था और 2016 के बाद उनका प्रदर्शन बेहतरीन रहा। पार्थिव ने कहा कि ऐसा ही हार्दिक पंड्या के साथ हुआ। वह 2015 में आया और लोकप्रिय बन गया। 2016 में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था लेकिन मुंबई इंडियंस ने उन पर भरोसा बनाए रखा। इस पूर्व विकेटकीपर ने रोहित शर्मा की कप्तानी की प्रशंसा भी की।

उन्होंने कहा कि मैच में जब तनावपूर्ण पल होते हैं तो कुछ गलत फैसले या गलतियां हो सकती हैं लेकिन रोहित शर्मा की कप्तानी की विशेषता यह है कि पिछले 10 वर्ष में उन्होंने कोई गलती नहीं की। यहां तक की धोनी ने भी गलतियां की, लेकिन आपने रोहित शर्मा को कभी गलती करते हुए नहीं देखा होगा।

### हैदराबाद के पहले तीन आईपीएल मैच नहीं खेलेंगे हसारंगा



**कोलंबो, एजेंसी।** आल राउंडर वानिंदु हसारंगा को 22 मार्च से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू हो रही दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए श्रीलंकाई टीम में शामिल किया गया है, जिससे वह सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल के कम से कम पहले तीन मैच नहीं खेल पाएंगे। हसारंगा श्रीलंका के लिए चार टेस्ट मैच खेल चुके हैं और उन्होंने पिछले साल अगस्त में सफेद गेंद के क्रिकेट पर ध्यान लगाने के लिए लंबे प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी थी, लेकिन मंगलवार को इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को श्रीलंका की 17 सदस्यीय टीम में चुना गया। पहला टेस्ट 22 से 26 मार्च तक सिलहट में और दूसरा टेस्ट 30 मार्च से तीन अप्रैल तक चटगांव में खेला जाएगा। सनराइजर्स हैदराबाद ने हसारंगा को 1.5 करोड़ रुपये में उनके आधार मूल्य में खरीदा था। आईपीएल का अभी दो हफ्तों का ही कार्यक्रम घोषित हुआ है, जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद का सामना 23 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा जबकि 27 मार्च को उसे हैदराबाद में मुंबई इंडियंस से खेलना है। फिर 31 मार्च को उसका सामना गुजरात टाइटन्स से होगा। देखना होगा कि यह स्पिनर पांच अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ उपलब्ध होगा या नहीं।

## दिल्ली के लिए पंत के साथ मैच में जीत पाना कुशाग्र का लक्ष्य

विशाखापत्तनम, एजेंसी



दिल्ली कैपिटल्स के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए आईपीएल अनुबंध मिलना ही सपना साकार होना था और अब वह ऋषभ पंत के साथ खेलने को बेताब हैं क्योंकि वह उन जैसे स्टार खिलाड़ियों को खेलते हुए देखकर ही बड़े हुए हैं। झारखंड के बोकारो के कुशाग्र ने 19 प्रथम श्रेणी मैच में 1245 रन बनाए हैं और इस समय वह टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में ट्रेनिंग कर रहे हैं। उन्हें फ्रेंचाइजी ने 7.2 करोड़ में खरीदा था। कुशाग्र के साथ आल राउंडर सुमित कुमार और रिकी भुई टीम के नए खिलाड़ियों में शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि मैं पहली बार आईपीएल का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं। मुझे अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिलेगा। मेरा उद्देश्य टीम के लिए मैच जीतना होगा। मैंने पहली बार ऋषभ पंत के साथ बल्लेबाजी की और उन्होंने मेरे खेल के लिए काफी कुछ गुर दिए। वह एक हाथ से शॉट लगा रहे थे और छक्के जड़ रहे थे। वह गेंद अच्छी तरह हिट कर रहे थे, उम्मीद है कि हम दोनों मिलकर दिल्ली के लिए मैच जीतेंगे। सुमित को तीन साल के इंतजार के बाद आईपीएल अनुबंध मिला और इस खिलाड़ी ने 2019 में हरियाणा में प्रथम श्रेणी पदार्पण किया था। वहीं भुई को लगता है कि वह सही समय पर लय में आ रहे हैं जो पहले हैदराबाद के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि घरेलू मैदान में मुझे आईपीएल खेलने को मिलेगा। मैं यहां की परिस्थितियों से वाकिफ हूं। अपने परिवार और दोस्तों के सामने खेलना शानदार होगा। मैं टीम के लिए ज्यादा से ज्यादा मैच जीतना चाहूंगा। दिल्ली कैपिटल्स अपना पहला मैच 23 मार्च को चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलेगी।

# मियामी ओपन में जीते नागल

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मियामी ओपन में अपने पदार्पण मैच में कनाडा के गैब्रियल डायलो को हराकर शानदार शुरुआत की। इस खिलाड़ी ने क्वालीफायर के पहले दौर में डायलो को 7-6(3) 6-2 से पराजित किया।

पिछले महीने चेन्नई ओपन की जीत के बाद विश्व के शीर्ष 100 खिलाड़ियों में जगह बनाने वाले नागल अगले दौर में कोलमैन वोंग का सामना करेंगे। नागल ने पहले सेट को टाई ब्रेकर में जीतने के बाद दूसरे सेट में दबदबा बनाए रखा। उन्होंने इस सेट के पहले और सातवें गेम में डायलो की सर्विस तोड़ी। इस जीत से नागल सर्वश्रेष्ठ 92वीं रैंकिंग पर पहुंच सकते हैं। नागल ने राफेल नडाल के हटने से अपने पिछले टूर्नामेंट इंडियन वेल्स के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी लेकिन तब वह पहले दौर में मिलोस राओनिच से हार गए थे। इस खिलाड़ी ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में भी जगह बनाई थी।

# विनेश-साक्षी का पीएम से बृजभूषण को बाहर करने का आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी



विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बृजभूषण शरण सिंह जैसे लोगों को खेलों से बाहर करने का आग्रह करते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को प्रशासनिक अधिकार सौंपने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की निंदा की।

इन दोनों ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कड़े शब्दों का उपयोग किया है तथा प्रधानमंत्री से इस हस्तक्षेप की अपील की है। ये दोनों उन प्रदर्शनकारी पहलवानों में थीं जिन्होंने बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। अगले महीने 50 किग्रा भार वर्ग में ओलंपिक क्वालीफायर्स में भाग लेने की तैयारी में जुटी फोगाट ने पोस्ट किया कि प्रधानमंत्री जी स्पिन मास्टर हैं, अपने प्रतिद्विंदियों के भाषणों का जवाब देने के लिए 'महिला शक्ति' का नाम लेकर बात को घुमाना जानते हैं। नरेंद्र मोदी जी, हम महिला शक्ति की असल सच्चाई भी जान लीजिए। महिला पहलवानों का शोषण करने वाला बृजभूषण फिर से कुश्ती पर काबिज हो गया है। उम्मीद है कि आप महिलाओं को ढाल बनाकर इस्तेमाल नहीं करेंगे, बल्कि खेल संस्थाओं से ऐसे अत्याचारियों को बाहर करने के लिए कुछ करेंगे। साक्षी मलिक ने कहा कि महासंघ के पदाधिकारी ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जैसे वे कानून से ऊपर हैं। इतिहास गवाह है कि इस देश के ताकतवर लोगों ने महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ किया है, लेकिन संपन्न दुराचारी इतना ताकतवर है कि वो सरकार, संविधान और न्यायपालिका सबसे ऊपर है। सरकार द्वारा कुश्ती संघ को निलंबित करने के बाद बृजभूषण व संजय सिंह ये बयान देते रहे कि यह निलंबन सिर्फ़ दिखावा है, कुछ दिन बाद हम बहाल हो जाएंगे और हमारा ही कुश्ती संघ पर क़ब्ज़ा रहेगा। साक्षी ने कहा कि ये बात सच साबित हुई और संघ के पत्र ने इस पर मुहर लगाया कि इस नये भारत में भी नारियों के अपमान की पुरानी परंपरा क़ायम रहेगी। इन पहलवान की यह कड़ी प्रतिक्रिया भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा देश में कुश्ती का संचालन करने वाली तदर्थ समिति को भंग करने और बृजभूषण के करीबी सहयोगी संजय सिंह के नेतृत्व में डब्ल्यूएफआई को बागडोर सौंपने के एक दिन बाद आई है।





बॉलीवुड हलचल

# कुणाल ने लिखा फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का गाना हम यहीं...



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का गाना हम यहीं रिलीज हो गया है। कुणाल मडगांव एक्सप्रेस के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का गाना हम यहीं रिलीज हो गया है।गाना के साथ कुणाल ने गायन-गीत लेखन के क्षेत्र में डेब्यू किया है। हम यहीं गाना कुणाल द्वारा सह-संगीतबद्ध, गाया और लिखा गया है। गाना हम यहीं दोस्तों के अनमोल यादों को याद दिलाता है, जिसमें साझेदारी और खुशी का एहसास है। गाने का संगीत अंकुर तिवारी कंपोज किया है। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी मडगांव एक्सप्रेस एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी। फिल्म में तीन बचपन के दोस्त गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, बीच रास्ते में उनके साथ क्या-क्या गुजरती है इसे हलकी-फुलकी कॉमेडी के रूप में इस फिल्म में पेश किया गया है। मडगांव एक्सप्रेस 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी।

# फिल्म बड़की माई में नजर आएंगी मणि और रक्षा



**मुंबई, एजेंसी।** जी बायोस्कोप प्रस्तुत फिल्म बड़की माई में जय यादव के साथ बंगाली ब्यूटी मणि भट्टाचार्य और रक्षा गुप्ता मुख्य किरदार में नजर आएगी। फिल्म के निर्माता दीपक शाह जबकि निर्देशक सुजीत वर्मा हैं। निर्माता दीपक शाह ने कहा कि बड़की माई शानदार फिल्म है और इसमें जय यादव की भूमिका महत्वपूर्ण है। जय यादव इंडस्ट्री के बेहतरीन कलाकारों में से है और उनकी फिल्म को दर्शकों से खूब सराहना मिलती है। उम्मीद हैं कि वे फिल्म में भी अपनी अदाकारी से सबों का दिल जीत लेंगे। निर्देशक सुजीत वर्मा ने कहा कि फिल्म की पटकथा दर्शकों को लुभाने वाली है। जय जैसे कलाकार के होने से फिल्म बेहद अच्छी बन रही है। जय का अभिनय इन दिनों दर्शकों में बेहद लोकप्रिय है और उनके साथ सेट पर काम करने वाले लोग भी बेहद सहज हैं। इसलिए हमें लगता है कि हम सब मिलकर बेहतरीन फिल्म लेकर आने वाले हैं जो भोजपुरी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएगी। वहीं, जय ने बताया कि बड़की माई की कहानी सामाजिक सरोकारों से जुड़ी है और यह दर्शकों के दिलों दिमाग पर छा जाने वाली है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में हर किरदार जरूरी है और जिसका एक दूसरे के साथ सामान्य से भी बेजोड़ देखने को मिलेगा। निर्देशक सुजीत वर्मा के साथ काम करने का अनुभव बेहद खास होने वाला है। वह इससे पहले कई हिट फिल्में दे चुके हैं और अब हम लोग एक बड़े प्रोजेक्ट पर पूरे की जान से लगे हैं। उम्मीद करते हैं कि जब यह फिल्म सिनेमाघर में रिलीज होगी। फिल्म बड़की माई में विमल पांडे, माया यादव, राजेश तोमर और नीलम पांडे की भी अहम भूमिका है।

### सुमन राज और काजल त्रिपाठी का नया गीत रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका सुमन राज और अभिनेत्री काजल त्रिपाठी का नया होली गीत 'रंग डलले बा ईयरवा' रिलीज हो गया है। होली गीत वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर है। इस गाने को सुमन राज ने गाया है जबकि काजल त्रिपाठी पर फिल्माया गया है। वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'रंग डलले बा ईयरवा' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को शुभदयाल सोहरा एवं कृष्णा संगम ने लिखा है, जबकि संगीतकार विक्की वॉक्स हैं। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स एवं मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है।

# हिंदुस्तान के साथ अमेरिका में 29 को रिलीज होगी महादेव का गोरखपुर



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी, हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषा में बनी भोजपुरी सिनेमा के मेगा स्टार रवि किशन की मल्टीलैंग्वेज फिल्म महादेव का गोरखपुर हिंदुस्तान के साथ अमेरिका में भी 29 मार्च को रिलीज होगी। रवि किशन अभिनीत फिल्म महादेव का गोरखपुर 29 मार्च से एक-साथ देश-विदेश में प्रदर्शन के लिए तैयार है। फिलहाल इस फिल्म को बिहार में 72, उत्तरप्रदेश में 52, पश्चिम बंगाल और आसाम के 23 थियेटर में सिनेपोलिस द्वारा रिलीज किया जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनावों में महादेव भक्त रवि किशन इस बार पुनः गोरखपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं। रवि किशन ने बताया कि गोरखपुर वास्तव में शिव जी की ही नगरी है और फिल्म महादेव का गोरखपुर में महादेव प्रभु की जिस तरह से भक्ति स्तुति की गई है, वह अवर्णनीय है। पूरी शूटिंग गोरखपुर और आसपास के लोकेशन पर ही की गई है, जिसमें महादेव की गोरखपुर के प्रति आस्था भी बखूबी दिखाई गई है। महादेव का गोरखपुर एक बेहद ही शानदार फिल्म है और इसमें दर्शकों को भरपूर आनंद भी मिलेगा। रवि किशन के होम प्रोडक्शन रवि किशन प्रोडक्शन्स और वाया फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म के लेखक साई नारायण हैं, फिल्म का निर्देशन दक्षिण भारतीय फिल्मों के मशहूर निर्देशक राजेश मोहनन ने किया है। महादेव का गोरखपुर के निर्माता प्रितेश शाह और सलिल शंकरन, वहीं फिल्म के सह निर्माता अरविंद सिंह, अमरजीत दहिया ,एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर शंकर नारायण, सिनेमेटोग्राफर अरविंद सिंह हैं। संगीत निर्देशन अगम अग्रवाल और रंजिम राज ने किया है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# दो दशक बाद पूर्व पुलिसकर्मी को उम्रकैद

**फर्जी मुठभेड़ मामला**

- बॉम्बे हाईकोर्ट ने बरकरार रखा निचली अदालत का फैसला, 13 पुलिसकर्मी समेत 22 पर था आरोप

मुंबई, एजेंसी

बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2006 में गैंगस्टर छोटा राजन के करीबी सहयोगी रामनारायण गुप्ता की फर्जी मुठभेड़ के मामले में मंगलवार को पूर्व पुलिसकर्मी प्रदीप शर्मा को दोषी ठहराया व उम्रकैद की सजा सुनाई है।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति गौरी गोडसे की खंडपीठ ने शर्मा को बरी करने के सत्र न्यायालय के 2013 के फैसले को गलत और अस्थिर करार देते हुए रद कर दिया। दो दशक बाद अदालत ने कहा, ट्रायल कोर्ट ने शर्मा के खिलाफ उपलब्ध भारी सबूतों को नजरअंदाज कर दिया था। सबूतों की सामान्य श्रृंखला मामले में उनकी संलिप्तता को स्पष्ट रूप से साबित करती है। पीठ ने शर्मा को तीन सप्ताह में संबंधित सत्र अदालत के समक्ष सरेंडर करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने पुलिसकर्मियों सहित 13 व्यक्तियों को निचली अदालत द्वारा दी गई दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा को भी बरकरार रखा और छह अन्य आरोपियों की दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा को रद कर दिया और उन्हें बरी कर दिया है। हत्या के लिए 13 पुलिसकर्मियों सहित बाईस लोगों पर आरोप लगाया गया था। 2013 में सत्र न्यायालय ने सबूतों के अभाव में प्रदीप शर्मा को बरी कर दिया और 21 आरोपियों को दोषी ठहराया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। 21 आरोपियों में से दो की हिरासत में मौत हो गई। जहां अभियुक्तों ने अपनी दोषसिद्धि को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में अपील दायर की, वहीं अभियोजन पक्ष और मृतक के भाई रामप्रसाद गुप्ता ने प्रदीप शर्मा को बरी करने के फैसले के खिलाफ अपील दायर की। मीडिया के मुताबिक, विशेष लोक अभियोजक राजीव चव्हाण ने तर्क दिया था कि वर्तमान मामले में, जो अधिकारी कानून और व्यवस्था के संरक्षक थे, वे स्वयं एक चरणबद्ध निर्मम हत्या में शामिल थे। मामले में शर्मा को दोषी ठहराने की मांग करने वाले अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया था कि पूर्व पुलिसकर्मी अपहरण और हत्या के पूरे ऑपरेशन का मुख्य साजिशकर्ता और प्रमुख था। 11 नवंबर, 2006 को लखन भैया का फर्जी एनकाउंटर हुआ था। 33 साल के वसई मुंबई के रहने वाले लखन भैया पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज था, उसे 11 नवंबर, 2006 को मुंबई पुलिस की एक टीम ने छोटा राजन गैंग के संदिग्ध सदस्य के रूप में हिरासत में लिया था उसी दिन शाम को मुंबई में लखन भैया का एनकाउंटर हो गया था।

# प्रशासनिक बैठक में शामिल होने पर विवादों में घिरे नवाज

**इस्लामाबाद।** आम चुनाव के बाद से गायब पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो नवाज शरीफ ने पंजाब सरकार की तीन प्रशासनिक बैठकों की अध्यक्षता की। बैठक में उनकी उपस्थिति ने कई लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। दरअसल, नवाज के पास मौजूदा समय में कोई आधिकारिक पद नहीं है।

तीन बार के पूर्व मुख्यमंत्री नवाज शरीफ ने सोमवार को अपनी बेटी मरियम शरीफ के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की प्रशासनिक बैठकों की अध्यक्षता की। इस बैठक के बाद एक हैंडआउट जारी किया गया, जिसमें बताया गया कि नवाज ने अधिकारियों को परियोजनाओं के लिए निर्देश जारी किए। ऐसे में उनका बैठक की अध्यक्षता करना कई सवाल खड़े करता है।

# निष्क्रिय डीमैट अकाउंट क्लोज कराएं नहीं तो देनी होगी फीस

*अगर आप अपने डीमैट खाते का लगातार इस्तेमाल नहीं करते हैं तो ऐसे में आपका अकाउंट इनएक्टिव हो सकता है या फिर आपको अकाउंट के लिए मेंटेनेंस फीस चुकानी पड़ सकती है। इस तरह के अनावश्यक खर्चों से बचने के लिए बेहतर है कि इसे बंद करा दें।*

### कब निष्क्रिय होता है खाता

एनएसई के नियम के मुताबिक, यदि किसी ट्रेडिंग अकाउंट में 12 महीने से कोई लेनदेन नहीं होता तो स्टॉक ब्रोकर को उस ट्रेडिंग और डीमैट अकाउंट को निष्क्रिय के रूप में वर्गीकृत करना होगा। एनएसई द्वारा जारी सर्कुलर अन्य स्टॉक एक्सचेंजों पर भी लागू होता है।



### कैसे बंद करें डीमैट खाता



पहले अपने सभी शेयर बेचें या दूसरे डीमैट खाते में ट्रांसफर करें। कोई चार्ज या फीस बकाया है तो उसका सेटलमेंट करें। इसके बाद अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) डीपी से क्लोजर फॉर्म लेकर भरें। पैन कार्ड की कॉपी, एड्रेस प्रूफ और आइडेंटिटी प्रूफ जैसे डॉक्यूमेंट अटैच करें। वेरिफिकेशन के बाद क्लोजिंग प्रोसेस शुरू हो जाएगी

### खाता फिर से कैसे करें सक्रिय

डीमैट खाता फिर चालू करना यदि ट्रेडिंग/डीमैट अकाउंट 12 से 24 महीने तक निष्क्रिय रहा है तो अपने स्टॉक ब्रोकर को कॉल करके या ईमेल के जरिए अनुरोध करके उसे फिर से शुरू करवाया जा सकता है। इसमें ओटीपी के जरिए वेरिफिकेशन होती है। यदि निष्क्रियता 24 महीने से ज्यादा है तो री-केवाईसी और इन-पर्सन वेरिफिकेशन प्रोसेस की जरूरत पड़ सकती है। यह प्रक्रिया लगभग नए अकाउंट खोलने जितनी ही जटिल और लंबी हो सकती है। बता दें, डीमैट खाता को बंद करने की रिक्वेस्ट करने के बाद आपका खाता कुल 10 दिन के भीतर बंद कर दिया जाएगा। ध्यान देने वाली बात ये है कि इस खाते को बंद करने में आपको किसी तरह का चार्ज नहीं देना होगा। वहीं अगर आपके खाते में कुछ पैसे बकाया है तो उस शुल्क को देने के बाद ही आप अकाउंट को बंद कर सकते हैं।

## एक नजर

### अल-शिफा अस्पताल पर हमले में आईडीएफ सैनिक की मौत

**गाजा।** गाजा शहर में अल-शिफा अस्पताल परिसर पर सोमवार तड़के इजराइली सेना की। छापेमारी के दौरान एक इजराईली सैनिक की मौत हो गई, जबकि हमले में कई गाजावासी भी मारे गए हैं। आईडीएफ के अनुसार, इजराइली लोगों की मौतों की कुल संख्या 593 हो गई है। वहीं हमास ने कहा- अल-शिफा अस्पताल में घुसपैठ कर रहे इजराइली बलों के साथ झड़पों में कई लड़ाकों की मौत हुई है। हमास ने कहा- सैन्य वाहनों को निशाना बनाया जिससे मौतें हुईं। बता दें, आईडीएफ सैनिक गाजा के सबसे बड़े अस्पताल में ऑपरेशन कर रहे हैं। सेना ने 80 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### बलूचिस्तान प्रांत में आया 5.4 तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को 5.4 तीव्रता का मध्यम भूकंप आया। इस दौरान और किसी के हताहत होने की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इस घटना की सूचना अधिकारियों ने दी। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा, भूकंप का केंद्र क्वेटा से 150 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में 35 किलोमीटर की गहराई में था। विवरण के अनुसार, भूकंप के झटके राजधानी क्वेटा, नोशकी, चागी, चमन, किला अब्दुल्ला, दलबादीन, पिशिन और प्रांत के कुछ अन्य इलाकों में महसूस किए गए। पाकिस्तान मौसम कार्यालय ने कहा कि भूकंप के झटके पाकिस्तान-ईरान सीमा क्षेत्रों में भी महसूस किए गए।

### भारतीय-अमेरिकी पेशेवरों ने मोदी की जीत के लिए किया हवन

**वाशिंगटन।** सिलिकॉन वैली के भारतीय-अमेरिकी तकनीकी पेशेवरों ने भारत में लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीत के लिए एक मंदिर में हवन-पूजन कराया। ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) और यूएसए सैन फ्रांसिस्को बे एरिया चैप्टर द्वारा आयोजित हवन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मीडिया के अनुसार, यह केवल एक अनुष्ठान नहीं था बल्कि अधिकांश भारतीयों और प्रवासी भारतीयों की इच्छाओं की पूर्ति के लिए एक सामूहिक आह्वान था।

### सर्जरी के बाद पहली बार केट व प्रिंस विलियम सार्वजनिक रूप से दिखे

**लंदन।** प्रिंस विलियम और उनकी पत्नी कैथरीन का उनके विंडसर स्थित घर के पास एक दुकान का वीडियो सामने आया है, जो दो महीने पहले केट की पेट की सर्जरी के बाद उनका यह पहला फुटेज है। मीडिया की खबर के मुताबिक बताया गया है कि लंदन के पश्चिम में विंडसर में यह वीडियो शनिवार को बनाया गया। सोमवार को एक छोटा क्लिप जारी किया जिसमें विलियम और केट को मुस्कराते हुए, हाथ में खरीदे गए सामान के थैले लेकर चलते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में केट खुश दिख रही हैं। हालांकि, दोनों के केनसिंगटन पैलेस स्थित कार्यालय ने इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं की है।

# अरुणाचल पर निराधार तर्क दोहराने से दावों पर वैधता नहीं मिलती: भारत

## विरोध के बावजूद नहीं रुका चीन, रणधीर बोले-भारत का अविभाज्य हिस्सा

नई दिल्ली, एजेंसी

अरुणाचल प्रदेश पर चीन के 'बेतुके दावों' को विदेश मंत्रालय ने खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि 'बार-बार इस संबंध में निराधार तर्क दोहराने से ऐसे दावों को कोई वैधता नहीं मिलती है।' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहेगा।

जयसवाल का बयान चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल झांग शियाओगांग की टिप्पणियों पर मीडिया के सवालों के जवाब में आया है। दरसअल, चीनी प्रवक्ता ने अरुणाचल प्रदेश पर बीजिंग के दावे को दोहराया और इस क्षेत्र को चीन के क्षेत्र का स्वाभाविक हिस्सा बताया था। जब झांग से अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग के माध्यम से भारत की सैन्य तैयारी बढ़ाने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि जिजांग का दक्षिणी भाग (तिब्बत का चीनी नाम) चीन के क्षेत्र का एक अंतर्निहित हिस्सा है और बीजिंग इसे 'कभी स्वीकार नहीं करता और दृढ़ता से विरोध नहीं करता। बता दें कि भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के क्षेत्रीय दावों को बार-बार खारिज किया है और कहा है कि राज्य देश का अभिन्न अंग है। नई दिल्ली ने क्षेत्र को 'मनगढ़ंत' नाम देने के बीजिंग के कदम को भी खारिज कर दिया है और कहा है कि इससे वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आया है।

### प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के बाद चीन नहीं सोया चैन की नींद



9 मार्च को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया था। यह रणनीतिक रूप से स्थित तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और सीमांत क्षेत्र में सैनिकों की बेहतर आवाजाही सुनिश्चित करने की उम्मीद है। चीन, अरुणाचल प्रदेश को नियमित रूप से भारतीय नेताओं के राज्य के दौरों पर आपत्ति जताता है। यहां तक की बीजिंग ने इस क्षेत्र का नाम भी जांगनान रखा है।

### क्या है विवाद

- दोनों देशों में 3488 किलोमीटर लंबी एलएसी (लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल) को लेकर विवाद है। हालांकि, चीन अरुणाचल प्रदेश वाले हिस्से को भी विवादित मानता है।
- अरुणाचल प्रदेश की 1126 किलोमीटर लंबी सीमा चीन के साथ और 520 किलोमीटर लंबी सीमा के साथ मिलती है।
- चीन का दावा है कि अरुणाचल पारंपरिक तौर पर दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा है, वहीं भारत अक्साई चिन इलाके को अपना बताता है।
- 1962 के युद्ध में चीन ने अक्साई चिन वाले हिस्से पर कब्जा कर लिया था।

### चीन ने अरुणाचल के स्थानों के नाम बदले

इससे पहले चीन ने अप्रैल 2023 में अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदल दिए थे। चीन ने पिछले 5 साल में तीसरी बार ऐसा किया है। इसके पहले 2021 में चीन ने 15 जगहों और 2017 में 6 जगहों के नाम बदले थे। भारत चीन की इस हरकत पर पलटवार करता रहा है।

# मुर्मू ने तेलंगाना की राज्यपाल सौंदरराजन का इस्तीफा स्वीकारा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहीं तमिलिसाई सौंदरराजन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया।

अब उनकी जगह झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को तेलंगाना के गवर्नर और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी रिलीज के मुताबिक, राधाकृष्णन तेलंगाना-पुडुचेरी में नियमित नियुक्तियां होने तक प्रभार संभालेंगे। गौरतलब है कि तमिलिसाई ने राज्यपाल और उपराज्यपाल पद से इस्तीफे के बाद कहा था कि उनके ऊपर ऐसा करने का कोई दबाव नहीं था। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के रूप में उन्होंने अपने कार्यकाल का आनंद लिया है। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि उनका अगला कदम क्या होगा और क्या वह आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगी? इस पर उन्होंने कहा कि वह अपनी योजनाओं के बारे में बाद में बताएंगी।

# हनुमान चालीसा बजाने पर दुकानदार को पीटा, हंगामा

- बेंगलुरु में व्यापारी पर हमले के खिलाफ भाजपा का विरोध प्रदर्शन सांसद समेत पांच लोग गिरफ्तार

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु के नगरथपेटे में मंगलवार को तनाव काफी बढ़ गया है। दरअसल, रविवार को अजान के दौरान अपनी दुकान में हनुमान चालीसा बजाने को लेकर कुछ लोगों ने एक व्यापारी को बेहरमी से पीटा था, इसको लेकर भाजपा ने विरोध में प्रदर्शन किया। इस घटना के सिलसिले में अब तक पांच लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे और भाजपा विधायक एस सुरेश कुमार उन लोगों में शामिल थे, जिन्हें पुलिस ने एहतियातन हिरासत में ले लिया। पुलिस ने कहा कि घटना के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से दो को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया है। भाजपा ने पीड़ित मुकेश की दुकान से शांतिपूर्ण जुलूस निकालने का आह्वान किया था, जिसमें लोगों ने 'हनुमान चालीसा' का जाप किया गया था। दरअसल, कुछ युवाओं ने रविवार को जुमा मस्जिद रोड पर अपनी दुकान में 'अजान' के दौरान लाउडस्पीकर पर मुकेश द्वारा 'हनुमान चालीसा' बजाने पर आपत्ति जताई और इसके बाद उसके साथ मारपीट की। सुरेश कुमार ने आरोप लगाया, "हनुमान चालीसा बजाने वाले व्यापारी पर इस तरह का हमला होते देखना बेहद दर्दनाक है। समाज में शांति भंग करने की कोशिश की जा रही है।

दरअसल, बेंगलुरु में भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करने के लिए हल्का बल प्रयोग भी किया।



बेंगलुरु में मंगलवार को सड़कों पर उतरे भाजपा कार्यकर्ता।

### वायुसेना बनी दूत...



लेह: खराब मौसम के कारण लेह में फंसे नागरिकों को बचाने के लिए अब भारतीय वायु सेना आगे आई है। भारतीय वायु सेना के एएन-32 विमान से हताहतों को एयरलिफ्ट किया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि इस विमान की मदद से घायलों को लेह से चंडीगढ़ पहुंचाया गया है। बता दें, बर्फ और खराब मौसम के कारण सड़कें बंद हो गई। इस वजह से भारतीय वायु सेना लद्दाख और उसके आसपास के दूरदराज के क्षेत्रों में फंसे हमारे नागरिकों के लिए एकमात्र जीवन रेखा बनी हुई है।

# पिता की छोड़ी सीट से आसिफा ने भरा नामांकन



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की छोटी बेटी आसिफा अली जरदारी ने पाकिस्तान की राजनीति में कदम रखा है। उन्होंने सिंध प्रांत की नेशनल असेंबली सीट पर उपचुनाव लड़ने के लिए अपनी उम्मीदवारी दाखिल की।

उन्होंने अपनी पिता की छोड़ी सीट से नामांकन दाखिल किया है। 31 वर्षीय आसिफा पिछले कुछ समय से राजनीति में काफी सक्रिय है, लेकिन उनके पिता और पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने उन्हें अबतक संसदीय राजनीति से दूर रखा था। आसिफा ने रविवार को सिंध प्रांत के शहीद बेंजीराबाद जिले के एनए 207 निर्वाचन क्षेत्र से उपचुनाव के लिए अपना नामांकन भरा। बता दें कि आसिफ अली जरदारी ने यहां से चुनाव जीता था, लेकिन राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने यह सीट खाली कर दी।

# अवैध निर्माण ढहाने के आदेश में हाईकोर्ट का दखल देने से इनकार

- कोर्ट ने कहा-अनाधिकृत ढांचों पर रोक वाली याचिका पर सामान्य प्रक्रिया से ही होगी सुनवाई

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को अवैध इमारतों ढहाने के आदेश में दखल देने से इनकार किया। अदालत ने कहा कि वह याचिका पर तत्काल सुनवाई नहीं करेगी। याचिका में अनाधिकृत ढांचों को ढहाने के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई है। बता दें कि एक दिन पहले कोलकाता में एक निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत ढहने से नौ लोगों की मौत हो गई।

जबकि कई लोग घायल हो गए। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने विभिन्न नगर निकायों में कथित अवैध इमारतों को गिराने के आदेश में दखल देने से इनकार किया। याचिकाकर्ताओं की ओर से तीन वकील अदालत में पेश हुए। उन्होंने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की। उच्च न्यायालय ने कहा कि वह ऐसे मामलों की सुनवाई सामान्य प्रक्रिया से ही करेगा। जब एक वकील ने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की तो अदालत ने कहा कि वह अभी विध्वंस के किसी भी मामले में सुनवाई की अनुमति नहीं दे रही है। वकील ने दावा किया कि विध्वंस की तारीख 20 मार्च है और अगर मामला बाद में सुनवाई के लिए आता है तो यह पूरी तरह कवायद व्यर्थ हो जाएगी। इस पर न्यायमूर्ति सिन्हा ने कहा, इसे व्यर्थ ही रहने दें, पहले इंसानों का जीवन बचाया जाए। अदालत दखल नहीं दे रही है। न्यायमूर्ति सिन्हा ने इसी तरह की परिस्थितियों का दावा करने वाली एक अन्य याचिका पर कहा, विध्वंस जारी रहने दिया जाए। अदालत दखल देने नहीं जा रही है।

# ट्रंप मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा : उप राष्ट्रपति हैरिस

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव होना है। इस चुनावी दौड़ में राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच टक्कर होती दिख रही है। ऐसे में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। अब ट्रंप पर अमेरिकी उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने निशाना साधा है।

उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति को लोकतंत्र और मौलिक स्वतंत्रता के लिए 'खतरा' बताया और रो बनाम वेड को बहाल करने, मतदान के अधिकारों की रक्षा करने और बंदूक हिंसा के मुद्दों को हल करने का संकल्प लिया। एक्स पर हैरिस ने कहा, 'डोनाल्ड ट्रंप हमारे लोकतंत्र और मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा हैं। राष्ट्रपति जो बाइडन और मैं फिर से रो को बहाल करेंगे, मतदान अधिकारों की रक्षा करेंगे और अंत में बंदूक हिंसा मुद्दे पर बात करेंगे। इस पर आखिर विरोध क्यों हो रहा है यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के अभियान प्रवक्ता जेम्स सिंगर ने कहा था कि ट्रंप छह जनवरी की घटना फिर दोहराना चाहते हैं। क्योंकि पूर्व राष्ट्रपति ने कहा था, 'अगर अब मैं चुना नहीं जाता हूं तो यहां खून-खराबा होगा। कम से कम यह होगा ही। खून-खराबा देश के लिए होने जा रहा है। साल 2021 में जब ट्रंप चुनाव में हार गए थे, तब लोगों की भीड़ छह जनवरी 2021 में कैपिटल हिल में जबरन घुस आई थी।

**विज्ञान** लाल ग्रह की धरती पर पैदल चलने को लेकर नासा के वैज्ञानिकों ने शुरू की तैयारी

# मंगल पर 3.1 मील प्रति घंटे का सफर तय कर पाएगा इंसान

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** लाल ग्रह मंगल की धरती पर पैदल चलने को लेकर वैज्ञानिकों ने तैयारी शुरू कर दी है। मंगल की धरती पर इंसान कितने किमी चल पाएगा। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार मंगल पर इंसान शुरुआत में 3.1 मील प्रति घंटे का सफर तय कर पाएगा। मंगल बियावान रेत का जंगल है।

जहां पृथ्वी की तरह ऊंचे पर्वत और मैदान हैं। विशाल रेगिस्तान हैं और गड्ढे भी हमारी धरती की तरह ही हैं, लेकिन नही है तो हरियाली है। साथ ही नीले महासागरों का नितांत अभाव है। इसी क्रम में वहा का वातावरण भी हमसे कुछ हद तक जुदा है। जिस कारण मंगल का शुरुवाती चरण बेहद चुनौतीभरा रहने वाला है। मगर शुरुआत तो करनी ही होगी। इस मार्ग पर आने वाली कठिनाइयों को लेकर पूर्व में जानकारी जरूरी होने के कारण वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाना शुरू कर दिया है।

इस कड़ी में वैज्ञानिकों का पहला सर्वे मंगल ग्रह के चारों ओर पैदल घूमने में समय का पता लगाना है। जॉर्ज मेसन विश्वविद्यालय के खगोल वैज्ञानिक प्रो एर्डल यिगिट के अनुसार इस दिशा में अनिवार्य रूप से दो मापदंडों पर ध्यान देने की सर्वाधिक जरूरत होगी। जिसमें अंतरिक्ष यात्री की गति और दिशा के साथ और दूरी को शामिल किया गया है। मंगल ग्रह के भूमध्य रेखा के चारों ओर घूमने के लिए लगभग 21400 किलोमीटर चलना होगा। इतनी लंबी यात्रा के लिए कितनी गति से मानव को चलना होगा। किस गति से चलना होगा। वहा की परिस्थितियों पर निर्भर करता है। ऐसे पड़ाव भी आएंगे, जहां ठंड से गुजरना होगा। पहले अनुमान में यह तय किया गया कि सिर्फ लगभग 3.1 मील प्रति घंटे का सफर तय कर पाएगा।



मंगल ग्रह पर इंसान का प्रतिकात्मक चित्र।

### मंगल ग्रह पर ऑक्सीजन साथ लेकर ही जा सकते हैं

मंगल पर न कोई सड़क होगी न पानी भोजन या वाहन की कोई व्यवस्था होगी। साथ ही ऑक्सीजन की अलग समस्या होगी। लिहाजा इंसान को पर्याप्त ऑक्सीजन, पानी और भोजन साथ लेकर चलना होगा। यह चुनौती उसी प्रकार की होगी, जैसा कि आदि काल में मानव को झेलनी पड़ी थी। लिहाजा उन परिस्थितियों को ध्यान में रखना होगा, जो पृथ्वी पर आदिकाल मे रही थी।

# एच-1बी वीजा पंजीकरण की घोषणा, जारी की गाइडलाइन

वाशिंगटन, एजेंसी




भारतीय आइटी पेशेवरों में लोकप्रिय अमेरिकी एच-1बी वीजा की वित्तीय वर्ष 2025 के लिए प्रारंभिक पंजीकरण की तिथि 22 मार्च को खत्म हो रही है। अमेरिकी संघीय एजेंसी ने बताया कि यह सुविधा यूएससीआईएस की साइट पर ऑनलाइन उपलब्ध है।

अमेरिकी तकनीकी कंपनियां हर वर्ष भारत और चीन जैसे देशों के हजारों एच-1बी वीजा धारक कर्मचारियों की भर्ती करती हैं। अमेरिकी नागरिकता व आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने सोमवार को बताया कि तय तिथि तक संभावित आवेदकों और कानूनी प्रतिनिधियों को चयन प्रक्रिया के लिए हर लाभार्थी का पंजीकरण करने और पंजीकरण शुल्क भुगतान करने के लिए दिए गए ऑनलाइन अकाउंट का उपयोग करना होगा। एच-1बी वीजा एक गैर-आप्रवासी वीजा है, जो अमेरिकी तकनीकी कंपनियों को विदेशी कामगारों की एक निश्चित अवधि के लिए नियुक्ति करने की अनुमति देता है। मीडिया को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि गैर-आप्रवासी कर्मचारियों के लिए फार्म आइ-129 और प्रीमियम प्रोसेसिंग सेवा के लिए आइ-907 फार्म यूएससीआईएस पर आनलाइन उपलब्ध है। यूएससीआईएस ने बताया कि एक अप्रैल से एच-1बी कैप आवेदनों के लिए फार्म की ऑनलाइन आवेदन स्वीकार शुरू कर दिया जाएगा।